तवारीख कहती है कि उक्त रोहल-साहब नम्बर दो, गद्दीनशीन होने के पूर्व टालपुर-खैरपुर की राज्य-नौकरी करते थे। तवारीख के अनुसार उस समय टालपुर-खैरपुर रियासत का शासक मीर अलीमुराद था। जब हम 'सिंध का इतिहास' पढ़ते हैं, तब पता लगता है कि कल्होड़ा शासक सरफराज ने बलोच बेहरामखान व उसके पुत्र मीर सूबेदारखान को मरवा दिया था। इस मीर सूबेदारखान के चार पुत्र थे, मीर फतेहखान, मीर करमअलीखान, मीर गुलामअलीखान और मीर मुरादअलीखान।

मीर फतेहखान ने ही कल्होड़ा-शासन का अंत किया और 'सिंध का विजेता' खिताब प्राप्त किया। फतेहखान ने जीते हुए देश को सात भागों में बाँटा। चार भाग चारों भाइयों के लिये रखे। दो भाग सहयोगी मीर सोराब को दिये तथा एक भाग मीर ताहरखान को दिया। फतेहखान ने अपनी राजधानी हैदराबाद को बनाई। सोराबखान ने खैरपुर को तथा ताहरखान ने मीरपुर खास को अपनी राजधानी बनाई। यद्यपि ये सभी स्वतंत्र थे तथापि बाहरी आक्रमण के समय एक होकर लड़ने-भिड़ने के लिये वचनबद्ध थे। देखें–'सिंध का इतिहास' : मोहन गियानी, पृष्ठ-118, 119।

हस्तलिखित तवारीख मीर मुरादअली को टालपुर-खैरपुर का शासक बताती है जबकि इतिहास खैरपुर का शासक सोराबखान को बताता है। यह इतिहास का विषय है। हमारे पास जितनी जानकारी है, हमने पाठकों को उपलब्ध करवाई है।

तवारीख में लिखा है, उक्त मुरादअलीखान का दरवेशों की ओर विशेष झुकाव था और वह फकीरों, दरवेशों की कद्र व इज्जत करता था।

ख्यात=तवारीख लिखने वाला लिखता है कि मेरे पिता ने रोहल-साहब नम्बर दो की बहुत वर्षों तक सोहबत (सत्संग) की थी, वे साथ-साथ रहे थे। उसको उसके पिता ने

बताया कि रोहल-साहब नम्बर दो कद्दावर वदन, कद काठी बड़ी, जिस्मानी ताकत वाले तथा शक्ल-सूरत से सोहने-सुन्दर लगने वाले इंसान थे। उनका चलना-फिरना, रहन-सहन अमीरों जैसा था। उनके बाल घुंघराले थे, इस कारण उनके सफेद बाल कभी भी दिखने में नहीं आये। लेखक को उसके पिता ने बताया कि रोहल-साहब नम्बर दो जैसा शक्ल का शानदार, खूबसूरत और सोहना आदमी उसने उसकी जिन्दगी में नहीं देखा। इन रोहल-साहब दूसरे के गुरु गुलामअली साहब ही थे।

इन रोहल-साहब दूसरे के तीन मित्र थे जिनमें से एक का नाम कादरबख्श अपर नाम बैदल फकीर था। कहते हैं- चारों ने एक ही समय, एक ही तारीख को, एक ही रात्रि में प्राणों को त्यागा।

प्राण त्यागने का जब समय नज़दीक आया, तब उक्त रोहल-साहब नम्बर दो के पुत्र मोहम्मदहसन साँई ने आकर कहा कि बाबूजी! आपका बेड़ा जाने को कोठी के बाहर तैयार खड़ा है। तब रोहल-साहब दो ने कहा, मैं कमर कसे तैयार खड़ा हूँ किन्तु उक्त कादरबख्श साहब ने कुछ समय लगा दिया है। इसलिए रुका हुआ हूँ। इन्होंने हिज़री सन् 1289 में देह त्यागी। 1289 हिजरी सन् का क्रिश्चियन वर्ष 1872 आता है। महिना ग्यारहवाँ व तारीख सोहलहवीं थी (विकीपीडिया साइट पर सन् 1873 है।) रोहल-साहब दूसरे के दो चाचा थे–खुदाबख्शखान-साहब व दूल्हदरियाखान-साहब। खुदाबख्शखान साहब सन् 1847 से 1850 के बीच कभी मृत्यु को प्राप्त हुए किन्तु दूल्हदरियाखान-साहब सन् 1872, जब रोहल-साहब दूसरे मरे, तब तक जीवित थे। इन रोहल-साहब द्वितीय के छोटे भाई नवाबखान-साहब अपने सबसे छोटे चाचा दूल्हदरियाखान-साहब के शिष्य थे।

इन रोहल-साहब द्वितीय के केवल एक पुत्र थे। जैसा पूर्व में कहा गया है,उनका नाम मोहम्मदहसन साँई था। रोहलसाहब द्वितीय ने अपनी गद्दी इन्हीं मोहम्मदहसन साँई को सौंपी।

रोहल-साहब द्वितीय पूर्णतः सबूरी (शान्त आत्मा वाले) थे। बहुत कम बोलते थे। उनको फारसी, उर्दू, हिन्दी तीनों भाषाएँ अच्छी तरह आती थीं। इन्होंने अपनी रचनाएँ रोहल के नाम से रचीं। जब इन्होंने अपनी व रोहल-साहब नम्बर एक की रचनाओं को मिलाया तो दोनों करीब-करीब एक जैसी निकलीं। अतः इन्होंने अपनी समस्त रचनाओं को अग्नि में डालकर स्वाहा कर दीं। इस कारण इनकी अब कोई रचनाएँ नहीं मिलतीं।

अगले गद्दीनशीन मोहम्मदहसन साँई अपने सोऽहं स्वभाव में मस्त रहते थे। इनके कोई संतान नहीं हुई। अतः इन्होंने अपने चाचा के पुत्र गुलामअली साँई को गद्दी सौंपी। उस समय गुलामअली साँई की उम्र बारह वर्ष की थी।

यह जीवनी GBI दिसम्बर 1932 तक की लिखी गई है।

गुलामअली साहब ने सन् 1955 में प्याला पिया अर्थात् गादीनशीन हुए।

इनके पश्चात् मिट्ठलसाँई गद्दीनशीन हुए और उनका नाम रोहल-साहब तीसरा रखा गया। ये सन् 1956 में गद्दीनशीन हुए और सन् 1989 अगस्त 7 को, चार मोहर्रम, सोमवार दिन, शाम साढे... बजे मृत्यु को प्राप्त हुए। इनके बाद 20/10/ 1989 को इनके पुत्र गुलामरसूल फकीर को गद्दीनशीन किया गया जो अभी मौजूद हैं।

4.(12). रोहल-साहब की समाधि (मज़ार) पर प्रतिवर्ष उर्स का आयोजन होता है जिसमें थार, रहीमयारखान, बहावलपुर तथा आस-पास के रोहल-अनुयायी आते हैं। रोहल-साहब व इनके परवर्तियों के भजन श्रद्धा से गाते हैं। गद्दीनशीन गद्दी पर बैठते हैं। यात्री नमस्कार करते हैं। भोजन शाकाहारी परोसा जाता है, उर्स में। वैसे, वहाँ के वातावरण के अनुसार वर्तमानकालीन लोग अब निरामिष-भोजी नहीं रह गये बताये।

4.(13). मृत्यु : जैसा पूर्व में लिख आये हैं, तवारीख लिखने वाले ने रोहल-साहब की मृत्यु का कोई निश्चित, सन्, महीना, तारीख व दिन नहीं लिखा है। केवल इतना ही लिखा है कि सन् 1806 से पूर्व मृत्यु का प्राप्त हुए।

विकीपीडिया की साइट, मृत्यु सन् 1804 बताती है। अतः जब तक कोई विपरीत प्रमाण या पुख्ता जानकारी नहीं मिलती, तब तक सन् 1804 को ही रोहल-साहब का परमधाम-गमन का वर्ष मान सकते हैं।

4.(14). इस पुस्तक में हम कुल पाँच रचनाकारों की रचनाएँ दे रहे हैं। जितनी जानकारी इनके बारे में तवारीख व अन्यान्य प्रामाणिक स्रोतों से हमको मिलीं, उतनी हमने यहाँ लिख दी हैं। हो सकता है, इनके बारे में और भी जानकारी हों किन्तु वे हमारे पास नहीं हैं, ऐसी दशा में हम विवश हैं।

4.(15). विचार : रोहल-साहब की रचनाएँ हमने सानुवाद प्रस्तुत की हैं। अतः उनके विचारों को समझना मुश्किल नहीं। फिर भी भूमिका में लिखते समय लेखक तुलनात्मक रूप में स्वतंत्रतापूर्वक लिखता है जिससे पाठक के जहन में विषय स्पष्टता के साथ शीघ्रतापूर्वक प्रवेश पा लेता है। फिर भी हम विचारधारा को यहाँ नहीं लिख रहे हैं।

4.(16). भारत में रोहल-साहब के अखाड़े के महंत व पुजारी श्रीअचलरामजी से वार्तालाप में ज्ञात हुआ है कि रोहल-साहब 'सोऽहं' गुरु-मंत्र अपने शिष्यों को सुनाया करते थे। अब भी ये अनुयायी सम्बोधन व परस्पर मिलने पर 'हरिओम' बोलकर अभिवादन करते

हैं। रोहल-साहब की गद्दी के साँई अथवा सूफी कौनसा सम्बोधन या अभिवादन-शब्द प्रयुक्त करते हैं, पता नहीं किन्तु भारत के अनुयायियों द्वारा प्रयुक्त 'हरिओम' शब्द व गुरुमंत्र 'सोऽहं' का प्रयोग निश्चिततः रोहल-साहब को हिन्दुओं के अत्यधिक निकट ही नहीं, हिन्दू ही सिद्ध करते हैं। तवारीख में भी बार-बार इस बात पर जोर दिया गया है कि पूरे सिन्ध में ऐसा कोई भी सूफियों का फिरका नहीं, जिसने हिन्दुस्तानी-भाषा में इतना बडा साहित्य रचा हो। रोहल-साहब व इनके परवर्तियों ने लगातार सिंधी-भाषा सहित हिन्दुस्तानी-भाषा में भी साहित्य की रचना की है।

4. आभार :

भारत में रोहलसाहब के अखाड़े के महंत श्रीअचलरामजी व श्रीप्रभुरामजी 'दासावत' ने मेरे से निवेदन किया कि मैं रोहलसाहब व उनके अनुवर्तियों की वाणी, जो अरेबिक-सिंधी-लिपि में लिखित हैं तथा जिनको उन्होंने श्रीमती कमलेशजी से नागरीलिपि में लिखवा ली है, का सम्पादन कर दूँ। मैंने अपनी योग्यतानुसार रोहलसाहब की वाणी सानुवाद व उनके चारों पुत्रों की मूल वाणी का सम्पादन कर दिया। रोहलसाहब व इनके सभी अनुवर्तियों ने तत्कालीन हिन्दी प्रदेशों के निर्गुणी-संतों ने जिस भाँति की भाषा प्रयुक्त की है, वैसी ही भाषा में इन्होंने अपनी अधिकांश वाणियों की रचना की है। कुछ वाणी सिंधी-भाषा में भी रची हैं। सिंधी-भाषायी-वाणियों को सही व शुद्ध रूप में सम्पादित करने के लिये मैंने सिंधी-भाषा-विज्ञों से, जो मेरे परिचित हैं सहयोग करने का निवेदन किया किन्तु किसी ने भी सहयोग का आश्वासन देकर, सहयोग नहीं किया। केवल श्रीसाहिब-बिजाणीजी, आदिपुर (कच्छ), गुजरात ने रोहलसाहब के आठ-दस काफी-रेखतों के शुद्ध रूप के आडियो मेरे पास भेजे।

जब पुस्तक मेरी ओर से पूर्णतः तैयार हो गयी, तब मैंने पुणे के प्रो. (डॉ.) लछमण परसराम हर्दवाणी साहब को पूरी पाण्डुलिपि टेलीग्राम पर भेजी। उन्होंने पूरी पाण्डुलिपि का अवलोकन कर आवश्यक सुधार करने के सुझाव दिये और अपनी मूल्यवान सम्मति लिखकर भेजी। मैं, उक्त सभी महानुभावों सहित अन्यान्य ज्ञाताज्ञातों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। जिनकी पुस्तकों को मैंने उद्धृत की हैं, उनके प्रति भी आभार।

—ब्रजेन्द्रकुमार सिंहल
सम्पादक : श्रीरामस्नेही-संदेश
60/60, रजत-पथ, मानसरोवर, जयपुर 20
चर-भाष : 09351503555
क्षिप्र-संदेश : bksinghal57@gmail.com

रोहल साहब की वाणी

शास्त्र मन-प्रबोध मन-चित्त का सम्वाद

दोहा

सतगुरु पाँइ पड़ंत हूँ, जिन सँग उपज्यो ग्यान।
दया भई दय्याल की, तब जीत्यो गढ अभिमान ॥1॥

सद्गुरु के पैरों में नमस्कार करता हूँ जिनकी संगति में ज्ञानोदय हुआ। जब सद्गुरु दयालु की कृपा मेरे ऊपर हुई तब मैंने अभिमान के गढ़ को जीत लिया ॥1॥

गढ जीतण आसान है, मुसकिल वैसण माहिं।
बिना जोत जगदीस की, अँधियारा ठहरत नाहिं ॥2॥

पाठांतर : अंधा सूझत नाहिं

अभिमान-गढ़ को जीतना आसान है किन्तु उसमें निवास कर पाना मुश्किल है। बिना जगदीश्वर की ज्योति के अज्ञानी रूपी अंधा उसमें ठहर नहीं पाता ॥2॥

जो चाहौ प्रभ आपनौ, ऐ हँस काया सोध।
रोहल राज रत कहत है, मन को मन परबोध ॥3॥

ऐ हंस! यदि तू अपने प्रभु को पाना चाहता है तो अपनी काया का शोधन कर। राज-रत = आत्म-तत्त्व के रहस्य का मर्मी रोहल मन को प्रबोधित करने को 'मन-प्रबोध' कहता है ॥3॥

एक कमल दो फूलड़ा, जड़ चेतन है नाम।
जड़ तजि चेतन जद गहै, तव पावै विसराम ॥4॥

एक कमल के दो फूल हैं। एक का नाम जड़ व दूसरे का नाम चेतन है। साधक जब जड़ को त्यागकर चेतन-तत्त्व का ग्रहण करता है, तब ही वह विश्राम प्राप्त करता है ॥4॥

जड़ चेतन समझे बिना, सरै न एकौ काज।
जान सकै तो जान मन, अवसर बीत्यो आज ॥5॥

जड़ एवम् चेतन का भेद समझे बिना एक भी कार्य सिद्ध नहीं होता। हे मन! इस रहस्य को जानना चाहे तो भली प्रकार जान ले, अन्यथा अवसर समाप्त हुआ जा रहा है ॥5॥

जड़ चेतन दोनों बसै, काया नगरी गाम।
आपौ अपनी भावना, आपौ अपना ठाम ॥6॥

काया-नगर रूपी ग्राम में जड़ एवम् चेतन दोनों निवास करते हैं। उनकी अपनी-अपनी भावनाएँ व अपने-अपने स्थान हैं ॥6॥

आपौ अपने ठाम में, करते भोग विलास।
जगत भूल संसै पड़्यो, को समझै बिरला दास ॥7॥

अपने-अपने स्थानों में ही अपने-अपने भोग-विलास करते हैं। जागतिक-लोग जड़-चेतन का भेद न समझ-कर संशयग्रस्त हो जाते हैं कि कौन-सा तत्त्व नित्य व कौन-सा अनित्य है। चिज्जड़ का यथार्थ भेद कोई बिरला ही जानता है ॥7॥

जड़ चेतन समझे बिना, पचि पचि मरना आग।
समझैगा को संतजन, जिनके मस्तक भाग ॥8॥

जड़ व चेतन तत्त्व को समझे बिना संसारी जीव जन्म-मरण रूपी अग्नि में पच-पच कर जल मरता है। जिनके मस्तक पर अच्छा भाग्य लिखा है, वे ही संतजन चिज्जड़ के यथार्थ भेद को समझते हैं ॥8॥

चेतन एक अखंड है, सब घट रह्यो समाइ।
माया सूँ मिल जड़ भयो, सुद्ध सरूप न पाइ ॥9॥

चेतन-तत्त्व एक व अखंड है जो समस्त शरीरधारियों में समाया हुआ है। माया से मिल जाने के कारण जड़ तत्त्व हो जाता है; फलतः शुद्ध स्वरूप आत्मतत्त्व = चेतन-तत्त्व को प्राप्त नहीं कर पाता ॥9॥

माया सूँ मिल जड़ भयो, जड़ सँग होया जीउ।
नीच करम नीचौ भयो, ओहि जीउ ओहि सीउ ॥10॥

माया को अंगीकार करने से जड़ हो जाता है और जड़ के संग से जीव संज्ञा हो जाती है। नीच कर्म करने से नीचा हो जाता है। माया के संग से यही चेतन-तत्त्व जीव हो जाता है जबकि माया का संग त्याग देने से यही चेतन-तत्त्व परमात्मा है ॥10॥

जीउ समावै सीउ में, सीउ मिलै ब्रह्म पास।
ए तीनों भव जब मिट गए, केवल एक प्रकास ॥11॥

जीव, शिव में समाहित होता है। शिव, ब्रह्म में समाहित होता है। जब जीव, शिव व ब्रह्म नामक तीनों भाव मिट जाते हैं, तब एक कैवल्य का प्रकाश होता है ॥11॥

इन्द्रिन स्वादन लग रह्यो, रात दिवस विष खात।
सुधी बुधी सब भुल गई, अब कछू न आवै हाथ ॥12॥

जीव, इन्द्रियों के भोगों में दिन-रात्रि लगा रहकर विषय-भोग रूपी विष (जहर) खाता है जिस कारण सारी सुधि-बुधी (बुद्धि-विवेक) नष्ट हो जाती है और तत्त्व रूपी कुछ भी प्राप्त नहीं होता ॥12॥

कथता वकता तू सदा, और न दूजा कोइ।
मैं मूरख मतिहीन हूँ, सरण पड़्यो अब तोइ ॥13॥

हे परमात्मन्! तू ही कथन करने वाला व बोलने वाला है। तेरे अतिरिक्त और कोई दूसरा तत्त्व नहीं है। मैं मूर्ख व बुद्धिहीन हूँ। तेरी शरण में आकर पड़ गया हूँ ॥13॥

तू दातार जगतगुरु, मांगूँ दान जुगास।
रोहल कूँ अब राखलो, चरण कमल के पास ॥14॥

हे जगद्गुरु! तू दानी है। मैं जिज्ञासु बनकर तेरे से मांग रहा हूँ। अब रोहल को अपने चरण-कमलों की संनिधि में रख ले ॥14॥

तू सागर मैं डेडरी, बेहद अगम अगाध।
तुमै भरोसा मैं किया, मन चित का संवाध ॥15॥

तू निस्सीम, अगम्य व अगाध सागर है, मैं मेंढक के समान हूँ। मैंने तेरा ही विश्वास किया है और इस मन व चित्त के संवाद को मूर्तरूप दिया है ॥15॥

तेरी अगम अगाध गति, जिसका आर न पार।
आदि अंति तहाँ मधि नहीं, रह्यो नाम निरधार ॥16॥

तेरी गति अगम्य व निस्सीम है जिसका कोई ओर-छोर नहीं है। तेरी गति का आदि, अंत व मध्य कुछ भी नहीं है। तू व तेरा नाम ही निरधार = सनातन है ॥16॥

तुम बिन अवर न दूसरा, क्या मुख सूँ करिए बात।
ज्यूँ गूंगा सपना लहै, सिमर सिमर पछतात ॥17॥

तेरे अलावा दूसरा कोई तत्त्व ही नहीं है। मुख से तेरे बारे में उसी प्रकार इदमित्थं कुछ भी कह पाना शक्य नहीं, जिस प्रकार स्वप्न में गूंगा कुछ प्राप्त करे और जागने पर उसका स्मरण तो करे किन्तु कह कुछ नहीं सके, कहने के लिए पश्चाताप ही करता रह जाए ॥17॥

कथनी कथै अनेक विधि, जोगी जती संन्यास।
रोहल रहणी रहति बिन, पड़ी काल की फाँस ॥18॥

योगी, यती, संन्यासी अनेक तरह से कथन तो करते हैं किन्तु कथनानुसार आचरण व रहनी के अभाव में ऐसे कथन करने वालों पर काल की चोट पड़ती है ॥18॥

रहति हमारा देव है, अर रहति हमारा ग्यान।
रोहल रहणी रहति में, फूल्यो बिरख विग्यान ॥19॥

रहति = सदाचारी-जीवन ही हमारा देव है, वही हमारा ज्ञान है। रहनी रूप रहति में विज्ञान = विशेष ज्ञान = आत्मसाक्षात्कार रूपी वृक्षोदय होता है ॥19॥

वृख विग्यान जब फूलियो, अर वाणी फूटी वास।
ऊँच नीच घट एक ब्रह्म, सो हूँ पद अविनास ॥20॥

जब विज्ञानी रूपी वृक्ष का उदय जगत में होता है और उसमें सुवास रूपी वाणी का प्रस्फुटन होता है; तब-ऊँच-नीच सभी प्राणियों में एक ही ब्रह्म व्याप्त होता है। वही अविनाशी ब्रह्म मैं हूँ ॥20॥

ओऽहं सोऽहं भी थका, अजपा जाप प्रकास।
अंतर धुनि लगि आतमा, निहचै भयो विसास ॥21॥

ओऽहं व सोऽहं दोनों थक गये। अजपा-जाप का प्रकाश हो गया। आत्मा में अंदर ही ध्वनि लग गई। निश्चित ही विश्वास हो गया कि मैं ही ब्रह्म हूँ। (ब्रह्माकर-वृत्ति होने पर अहमाकार-वृत्ति (ओऽहं)व अन्याकारवृत्ति (सोऽहं) दोनों विलीन हो गईं और 'अहं-ब्रह्मास्मि' नामक चिंतन अपने आप होने लग गया। ब्रह्माकार-वृत्ति की ध्वनि अंतर में अनवरत होने लगी है। ऐसा होने से यह निश्चित् विश्वास हो गया कि मैं ही ब्रह्म हूँ, 'अहम्-ब्रह्मास्मि') ॥21॥

कीर्तन

मिलना है तो मिल लेवौ संतौ, ए मिलने की बेरा।
मनख जनम फिर हाथ न आवै, चौरासी लख फेरा ॥रहाउ॥
शाम घट्या सिर सेत भया है, अजहू न आवै लाजा।

जे नर तरिया से करनी सूँ तरिया, पूरण ताका काजा ॥1॥
ग्यान कथै नर रहणि न रहता, बिन करणी कैसा ग्याना।
मन परबोध सकै नहिं अपना, औराँ झगड़ा साना ॥2॥
हँसला होवै जो हंस गति चालै, छीलर पाँव न मेलै।
साध जो जाके घट उजवाला, अकळ कळा मूँ खेलै ॥3॥
सीस उतार धर्या गुरु आगै, अब कुछ संसा नाहीं।
पाँचौं उलट एक घर आणै, अनुभव आतम माहीं ॥4॥
भई कृपा तब सौदा बणिया, भगति भेद नहिं हाँसी।
रोहल रतन अमोलक मिलिया, सिर साँटै अविनासी ॥5॥22॥

हे संतो! यदि मिलना है तो मिल लो; मिलने का यही समय है। चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करते रहने तक मनुष्य-जन्म फिर मिलने वाला नहीं ॥रहाउ॥ मस्तक के काले केश कम होकर सफेद हो गये हैं, फिर भी तुझे लज्जा नहीं आती। जो भी प्राणी संसार-सागर से पार हुए हैं, वे सदाचरण व साधना के बल से पार हुए हैं और उनका कार्य पूरा हुआ है ॥1॥ प्राणी कथनी तो कथते हैं किन्तु तदनुसार रहनी नहीं रहते। बिना करनी (रहनी) के ज्ञान किस मूल्य का? स्वयं के मन को तो प्रबोधित कर नहीं पाते जबकि अन्यों के मन को प्रबोधित करने का उद्यम करते हैं ॥2॥ जो हंस (क्षीर-नीर-विवेकी) होते हैं, वे हंस की गति चलते हैं, छोटी-मोटी ताल-तलैया (क्षुद्र देवादि की उपासना नहीं करते) में पैर तक नहीं डालते। साधु वह है, जिसके अंतर में आत्मा का प्रकाश हो जाता है और अकल (कला विभाग रहित) की कला में विलास करते हैं ॥3॥ साधक जब शीश=अभिमान का परित्याग करके गुरु के शरणागत हो जाता है, तब किंचित् भी संशय शेष नहीं रहता। पाँचों ज्ञानेन्द्रियों को संसार की ओर से मोड़कर एक परब्रह्म-परमात्मा की ओर लगा देता है। फलस्वरूप अन्तर में ही आत्मानुभव करता है ॥4॥ जब सद्गुरु महाराज की कृपा हो जाती है, तब आत्मा-साक्षात्कार रूपी कार्य हो जाता है। भक्ति-तत्त्व गुह्य-तत्त्व है, यह कोई हँसी-खेल नहीं है। शीश समर्पित करने पर अविनाशी परब्रह्म-परमात्मा रूप अनमोल रत्न मिल गया ॥5॥22॥

अथ उत्पति के अंग का दृष्टांत

बारह पंथ हिन्दू सकल, बहतर मूसलमान।
जहिं जिस पद पिय पाइयो, सो ताकी करै बखान ॥23॥

हिन्दुओं के समस्त पंथ बारह माने जाते हैं जबकि मुसलमानों के बहतर। जिसने जिस मार्ग से प्रियतम को प्राप्त किया, वह उसी का वर्णन करता है ॥23॥

केवल गहर गँभीर है, जो कहण सुणण सूँ पार।
रोहल अटल अडोल है, निरदावै निरधार ॥24॥

परमात्म-तत्त्व केवल, गहरा और गंभीर है जो कहने व सुनने की सीमा से परे है। वह परमात्म-तत्त्व अटल, अडोल, निरदावा व निराधार है ॥24॥

ताका अंस परमातमा, इच्छा रूपी नाम।
औंकार ताते प्रगट, सो हउँ आतमराम ॥25॥

उस परम-तत्त्व का अंश ही परमात्मा है जिसका नाम इच्छा है। इससे ओमकार का प्राकट्य होता है। वही मैं आत्माराम हूँ ॥25॥

परमातम सुत आतमा, आतम सुत मन चित्त।
माया को अँस मन भयो, भगती को अँस नित्त ॥26॥

आत्मा, परमात्मा का पुत्र है। आत्मा के पुत्र, मन व चित हैं। माया का अंश मन है। भक्ति का अंश नित्य है ॥26॥

चौरासी लख जूण में, वस्तु विराजै एक।
जगत भूल संसै पड़्यो, बिना विचार विवेक ॥27॥

चौरासी लाख योनियों के जीवों में वस्तु रूप परमतत्त्व एक ही विराजता है। बिना विचार व विवेक के जगत् के प्राणी भ्रमित होकर संशय-ग्रस्त हो जाते हैं ॥27॥

पिंड ब्रह्मँड रचना रची, पाँच तत्त्व का मेल।
समझैगा को संत जन, ये अकळ कळा को खेल ॥28॥

पाँच तत्त्वों को मिलाकर पिंड व ब्रह्मांड की रचना रची। इसका रहस्य वही संत समझेगा जो अकल परमात्मा की कला के खेल को जानता है ॥28॥

अथ मन को कुटुम्ब

ममता माता मंन की, कुबुध्या दुरमति भैन।
तृष्णा राणी सूँ सदा, रिलमिल करता चैन ॥29॥

ममता, मन की माता है। कुबुद्धि व दुर्मति, बहिन हैं। तृष्णा उसकी रानी =पत्नी है जिससे सदा रमण करता हुआ आनन्दोपभोग करता है ॥29॥

काम क्रोध बलवान है, अर लोभ मोह अभिमान।
मन राजा के मंतरी, पाँय भए परधान ॥30॥

मन रूपी राजा के काम, क्रोध, लोभ, मोह, अभिमान बलवान मंत्री हैं और पाँव प्रधान हैं ॥30॥

पाप पुंन दरवान है, लालच मोह फरास।
हर्ष सोग दोइ खिदमती, अहनिस रहते पास ॥31॥

पाप व पुण्य द्वारपाल हैं। लालच व मोह, कर्मचारी हैं। हर्ष व शोक दोनों सेवाधारी हैं जो रात्रि-दिवस साथ में रहते हैं ॥31॥

अग्यान घोड़े पर चढ्यो, विसर्‌यो नाम अरूप।
रोहल रहणी रहति बिन, पड़्यो काल के कूप ॥32॥

मन, अज्ञान रूपी घोड़े पर आरूढ़ होकर अरूप-निराकार परमात्मा का नाम भूल जाता है। रोहल कहते हैं- आचरण व रहति के बिना जीव काल के कुएँ में गिरता है ॥32॥

करमन के मन बस पड़्यो, नाना रस के भोग।
सुधी बुधी सभ भुल गई, दिन दिन उपजै रोग ॥33॥

नाना विषय-रसों को भोगने के कारण मन कर्मों के अधीन हो जाता है। फलतः समस्त प्रकार की सुधि-बुधि भूल जाता है और दिनानुदिन नाना रोग (जन्म मरण रूपी रोग) बारंबार होते रहते हैं ॥33॥

जाके संगी ए सदा, सो मन अंध निरंध।
आप न चीन्है आप को, पड़्यो माया के फंध ॥34॥

जिसके संगी-साथी उक्त नाना विषय-रस-भोग हैं, वह मन निरंध=पूरा अंधा अर्थात् ज्ञान-हीन है। माया के फंदे में जकड़ हुआ है, वह अपने आपको को नहीं जानता ॥34॥

राम रतन धन छोडि कर, मूरख मेलै माल।
अँधला सौदा हारिया, कौडी बदले लाल ॥35॥

मूर्ख, राम जैसे रत्न रूपी धन का छोडकर माया रूपी माल का संचय करता है। अंधा, लाल के बदले में कौड़ी लेकर सौदा हारता है ॥35॥

अथ चित्त को कुटुम्ब

चित की माता बुद्धि है, रहणी करणी भैन।
सुरति सुहागण सूँ सदा, रिलमिल करता चैन ॥36॥

बुद्धि, चित्त की माता है। रहनी और करनी बहिन हैं। सुरति रूपी सौभाग्यवती से हिल-मिल-कर आनन्दोपभोग करता है ॥36॥

सील सँतोष र प्रेम सुधि, और विवेक विचार।
जाँके एह प्रधान है, सो कबहुँ न आवै हार ॥37॥

जिसके यहाँ शील, संतोष, प्रेम, बुद्धि, विवेक और विचार रूपी प्रधान मंत्री हैं, उसके राज्य को कभी भी हार का सामना नहीं करना पड़ता ॥37॥

दया धरम दरवान है, जप तप दोइ फरास।
भाव भगति दोइ खिजमती, निस दिन रहते पास ॥38॥

दया और धर्म द्वारपाल हैं। जप व तप दोनों कर्मचारी हैं। भाव व भक्ति दोनों खिदमत करने वाले हैं। ये सभी रात्रि-दिवस सन्निकट रहने वाले हैं ॥38॥

ग्यान घोड़े पर चढ्यो, सुरति निरति है पास।
अपरम पद के कारणै, अह निस फिरै उदास॥ 39॥

चित्त, ज्ञान रूपी घोड़े पर सवार है। सुरति व निरति दोनों उसके पास हैं। अपरम=अपरम्पार रूपी पद=परमात्मा को पाने के लिए रात्रि-दिवस संसार से उदासीन हुआ यत्र-तत्र-सर्वत्र भ्रमण करता है ॥39॥

जाके सँग में ये सदा, सो कहिए बड भाग।
रोहल ताकौं ना लगै, मन ममता को दाग ॥40॥

जिसके संग में उक्त सदैव रहते हैं, उसको महान् भाग्यशाली कहा जाता है। रोहल कहता है- इन भाग्यशालियों के ऊपर मन व ममता का दाग नहीं लगता ॥40॥

जामें राजा दो भया, काया नगरी एक।
सुख के रंजक ना रहै, पावै दुक्ख अनेक ॥41॥

जिस काया रूपी एक नगर में मन व चित्त रूपी दो राजा हो जाते हैं, उस नगर में रंचमात्र भी सुख का निवास नहीं रहता। उस नगर के वासी अनेक दुःख पाते हैं ॥41॥

अपनी सँवारत खैंचते, कोइ न मानें हार।
रोहल झगड़ा किम मिटै, दो पुरुषा इक नार॥ 42॥

अपने स्वार्थ की पूर्ति करने में दोनों में से कोई एक भी हार नहीं मानता। रोहल कहता है, वहाँ झगड़ा कैसे मिट सकता है जहाँ काया-पत्नी रूपी नगर एक हो जबकि उसके मन व चित्त रूपी दो पुरुष=पति हों ॥42॥

अथ कीर्तन

मानसरोवर मोती मुकता, गुरु गम बिन नहिं पावै।
पूरण पदवी प्रापत परखी, फिर नहिं गोता खावै ॥रहाउ॥
काया बाड़ी एकै तरवर, ऊगा तहाँ अमर फल लागा।
सिर साँटे को सूरा चाखै, कायर सुन सुन भागा ॥1॥
भँवर गुफा इक मन भरमेला, जोत जुगत की जागी।
पाँच सखा मिल साखी गावै, तत्त ताल धुनि लागी ॥2॥
जल भीतर एक अगनि जलत है, उजवाला बिन दीवै।
अंमृत धारा इमै पड़त है, को मन बिरला पीवै ॥3॥
प्रेम प्यास लागी उर अंतर, और कछू नहिं भावै।
देही भीतर अलख विराजै, जो खोजै सो पावै ॥4॥
अमरापुर में आसन कीना, दुरजन मार हटाया।
रोहल रात गई दिन पाया, मंछा मंगल गाया ॥5॥43॥

मानसरोवर में मोती रूपी मुक्ति है किन्तु बिना गुरु के मार्गदर्शन के उसको प्राप्त नहीं किया जा सकता किन्तु जो साधक पूर्ण-पद=पूर्ण परब्रह्म-परमात्मा का अपरोक्ष प्राप्त कर लेते हैं, वे जन्म-मरण रूपी संसार में गोता नहीं खाते, संसार-सागर में पुनः नहीं आते ॥रहाउ॥ काया रूपी बगीचे में एक वृक्ष उत्पन्न हुआ जिसमें अमरता रूपी फल लगा। कोई शूरवीर साधक ही सर्वात्म-समर्पण रूपी शिर समर्पण करके उस अमर फल को चाख पाता है जबकि कायर साधक सर्वात्म-समर्पण की कठिनता व दुस्साध्यता को सुन-कर ही दूर हट जाता है ॥1॥ अनन्य-मन (इक-मन) वाला साधक भँवरगुफा=ब्रह्मरंध्र में योग की युक्ति को जगाकर

भ्रमण करता है। पाँच मित्र मिलकर इसकी साक्षी कहकर बताते हैं व तत्ता-थेई ताल की ध्वनि लग जाती है ॥2॥ जल के अंदर अग्नि जलती है। बिना दीपक के ही उजाला होता है। इस प्रकार अमृत की धारा प्रवाहित होती है जिसको कोई बिरला साधक-मन ही पीता है ॥3॥ हृदय में प्रेम की प्यास जाग जाती है जिस कारण इसके अतिरिक्त अन्य कुछ भी अच्छा नहीं लगता। देह के भीतर ही अलख परमात्मा विराजता है। उसको जो खोजता है, वही उसको पाता है ॥4॥ अब अमरपुर में आसन स्थिर कर लिया है। समस्त दुर्जनों को मार कर भगा दिया है। रोहल कहता है- अज्ञान रूपी रात्रि चली गई, आत्म-साक्षात्कार रूपी दिवस का उदय हो गया। मन की वृत्ति (मंशा) मंगल गाने लगी ॥5॥43॥

चित को कह्यो न मन करै, मन को कह्यो न चित्त।
काया नगरी गाम महिं, दोनों झगड़त नित्त ॥44॥

चित्त के आदेश का पालन मन नहीं करता। मन का कहना चित्त नहीं मानता। काया नगर रूपी ग्राम में दोनों नित्य ही झगड़ते हैं ॥44॥

चित्त चुपाता हो रह्या, देखिया मन में जोर।
ताका बल लागै नहीं, ओ बहुता भरिया जोर ॥45॥

मन के बल को देखकर चित्त चुप हो गया। चित्त का जोर चलता नहीं क्योंकि मन में बहुत भारी बल भरा हुआ है ॥45॥

चित पूछत है बुधी सूँ, सुन माता एक बात।
मेरौ कह्यो न मन करै, ए काहे की कुसलात ॥46॥

चित्त, बुद्धि से पूछता है। हे माता! मेरी एक बात सुन कि मन मेरा कहना नहीं मानता है। ऐसी स्थिति में मेरी कुशलता कैसे संभव है ॥46॥

तब बुद्धि कह्यो चित्त कूँ, जे तुम पूछो मोहि।
बिना सतगुरु ना मिटै, जो दुख लागो तोहि ॥47॥

तब बुद्धि ने चित्त से कहा- तुमने मेरे से जो पूछा है, उसका उत्तर सुन। तुझे जो दुःख सता रहा है, वह बिना सद्गुरु के मार्गदर्शन के मिटना संभव नहीं ॥47॥

तब चित कहियो बुद्धि कूँ, तुम हो मेरी मात।
बहुत दिनाँ को मैं दुखी, आगै करी न बात ॥48॥

तब चित्त ने बुद्धि से कहा- तुम मेरी माता हो। मैं बहुत दिनों से दुखी था किन्तु फिर भी मैंने दुःख भरी बात को पूर्ववर्ती समय में प्रकट नहीं की ॥48॥

तब बुद्धी कह्यो चित्त कूँ, मैं हूँ तुमरी मात।
तू हम सूँ अंतर किया, आगै पूछि न बात ॥49॥

तब बुद्धि ने चित्त से कहा- मैं तेरी माता हूँ। तुमने मेरे से मन का भेद छिपाया और भूतकाल में मेरे से तुमने अपने मन की बात का समाधान नहीं पूछा ॥49॥

तब चित कह्यो बुद्धि कूँ, अब मैं पूछूँ तोहि।
जाके परस्याँ दुख मिटै, सो गुरू बतावौ मोहि ॥50॥

तब चित्त ने बुद्धि से कहा- मैं तेरे से अब उपाय पूछ रहा हूँ। जिस गुरु के दर्श-स्पर्श से दुःख का समूल नाश हो जाए, ऐसा गुरु कौन है, उसको मुझे बता ॥50॥

बुद्धि-वाच

तुरियातीत ऊपर बसै, अमरापुर को गाम।
तहाँ विराजै देवता, साखी ताको नाम ॥51॥

अमरापुरा नामक ग्राम तुरियातीतावस्था के ऊपर बसता है। वहाँ एक देवता विराजता है जिसका नाम साखी=साक्षी है ॥51॥

जाग्रत स्वप्न सुखोपती, ताका साखी एक।
जाके भेट्याँ सुख मिलै, भाजै दुक्ख अनेक ॥52॥

जाग्रतावस्था, स्वप्नावस्था व सुषुप्तावस्था इन तीनों का एक ही साक्षी है। साक्षी से भेंट होने पर सुख मिलता है व अनेक दुःख नष्ट हो जाते हैं ॥52॥

तब बुधि चित दोनों चल्या, साखी गुरु के पास।
एही निहचै जानिया, तजि औराँ की आस ॥53॥

तब बुद्धि और चित्त दोनों साक्षी नामक गुरु के पास जाने को उद्यत हुए। अन्यों की आशा छोड़कर इन दोनों ने साक्षी के पास जाना ही निर्णीत तथ्य जाना ॥53॥

तबै चित्त साखी अगै, जाई करी पुकार।
तुमरी किरपा सूँ मिटै, मन ममता की मार ॥54॥

तब चित्त ने साक्षी के समक्ष जाकर निवेदन किया- हे साक्षी! आपकी कृपा से ही मन व ममता की मार मिटेगी ॥54॥

साखी-वाच

तब साखी कह्यो चित्त कूँ, जे तुमरे भाग लिलाट।
भजन करौ भगवान का, ताते खुलै कपाट ॥55॥

तब साक्षी ने चित्त से कहा- यदि तेरे मस्तक पर अच्छा भाग्य लिखा है तो तू भगवान् का भजन कर जिससे तेरे ज्ञान के किंवाड़ खुल जाएँ ॥55॥

चित-वाच

तब चित कह्यो गुरु आगै, सो भजन किस विधि होइ।
मस्तक ऊपर हाथ धरि, सो पंथ बतावौ मोइ ॥56॥

तब चित्त ने गुरु के समक्ष कहा- भजन कौनसी विधि से होता है? मेरे मस्तक पर हस्तकमल रखकर मुझको वह विधि बता दो ॥56॥

साखी-वाच

मस्तक ऊपर हाथ धरि, गुरु दीनी चित सीख।
मन मारे पीछै मिलै, नाम निरंजण भीख ॥57॥

साक्षी रूपी गुरु ने मस्तक के ऊपर हाथ रखकर चित्त को शिक्षा दी। मन को वशीकृत कर लेने के पश्चात् ही निरंजन परमात्मा के नाम की भीख=शिक्षा=विधि मिलती है ॥57॥

पहले मन कूँ वस करौ, पीछे वाँकौ संग।
काया नगरी गाम में, कोइ न लागै डंग ॥58॥

सर्वप्रथम मन को वश में करो। तत्पश्चात् उसका संग करो। ऐसा करने से काया नगर रूपी गाँव में कोई डंग=दोष नहीं लगता ॥58॥

चित-वाच

मेरौ कह्यौ न को मनै, मन को मनै अनेक।
कारज मेरौ किम सरै, ऊ बहुता में एक ॥59॥

चित्त कहता है- मेरे आदेश को कोई नहीं मानता जबकि मन के आदेशों को मानने वाले बहुत हैं। वे बहुत हैं, मैं एक हूँ। मेरा कार्य कैसे सिद्ध हो सकता है?॥59॥

मेरे बेली बहुत थे, पड़े मंन के वस।
जब एकौ एक मैं रह्या, उहाँ सूँ भागौ नस ॥60॥

मेरे सहायक, साथी अनेक थे किन्तु वे सभी मन के वशवर्ती हो गये हैं। जब मैं अकेला रह गया, तब मैं वहाँ से भागने में भी समर्थ न रह सका ॥60॥

साखी-वाच

मन के संगी कौन हैं, एक एक कह मोहि।
ताका औषध कीजिए, विघ्न न लागै तोहि ॥61॥

साक्षी पूछता है- मन के संगी-साथी कौन-कौन हैं, एक-एक करके मुझको बता ताकि उनको वश में करने का उपाय किया जाए और तुझको कोई विघ्न भी न व्यापे ॥61॥

चित-वाच

काम क्रोध परधान है, लोभ मोह अहँकार।
पाँच ठगौं के बस पड़्यो, अहनिसि मारउ मार ॥62॥

काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार ये पाँच प्रधान हैं। मन इन पाँच ठगों के वश में पड़ा हुआ है जो रात-दिन मार मारते हैं ॥62॥

अग्यान घोड़े पर चढे, करम करै बहु भात।
ऐसी रहणी मंन की, सुनौ गुरूजी बात ॥62॥

मन अज्ञान रूपी घोड़े पर सवारी करता हुआ नाना प्रकार के कर्मों को करता है। हे गुरुजी! मेरी बात सुनो, मन की उक्त प्रकार की रहनी है ॥63॥

कीर्तन

समझ चलौ मन माहला, ले पूरण परतीत।
काया का कसमल हरौ, ए संतन की रीत ॥रहाउ॥
धन धन साधू सूरमा, जाँके ब्रह्म अग्नि घट माहिं।
सीस उतार दिया परब्रह्म नू, बिन दीने कुछ नाहिं ॥1॥
दिल दरियाह में पैसिकै, नाम नीर अँग धोइ।
ग्यान अँजन जाके नेत्र में, ताकुँ कबहूँ न दरसै दोइ ॥2॥
अचरज खेल अरूप है, अकळ कळ्यो नहिं जाइ।
सुर नर मुनि जन थक रह्या, विन प्रापत नहिं पाइ ॥3॥

चित चेतन सूँ जाइ लगा, अब कुछ बिछड़ै नाहिं।
रोहल सरणै आइ पड़ौ, जिम बूंद मिलै जल माहिं ॥4॥64॥

हे मेरे अन्तः करण रूपी मन! परब्रह्म-परमात्मा का पूर्ण विश्वास धारण करके विवेकपूर्ण आचरण कर। संतों का उपदेश है कि देह के समस्त पापों को नाश कर ॥रहाउ॥ वे शूरवीर साधु धन्य-धन्य हैं जिनके हृदय में ब्रह्म रूपी अग्नि विद्यमान है। जिन्होंने अपना मस्तक=अहंकार काटकर परब्रह्म-परमात्मा को समर्पित कर दिया है। वस्तुतः बिना सर्वात्म-समर्पण के कुछ भी सिद्ध नहीं होता ॥1॥ दिल रूपी समुद्र में प्रविष्ट होकर भगवन्नाम रूपी जल से समस्त अंगों को धो डाल। जिसके नेत्रों में ज्ञान रूपी काजल लगा है, उसको कभी भी द्वैत-भाव का दर्शन नहीं होता अर्थात् वह सर्वत्र अद्वैत रूप स्वात्म-तत्त्व का ही दर्शन करता है ॥2॥ यह आश्चर्यमय खेल नीरूप है, अकल है जो कभी भी कलता नहीं है। सुर, नर, मुनिजन उसको प्राप्त करने को, प्रयत्न करते-करते थक गये किन्तु वे उसको प्राप्त नहीं कर सके ॥3॥ (वेदान्तशास्त्र मानता है कि स्वात्मा सभी को सदैव प्राप्त है किन्तु भ्रम के कारण जीव, सदैव प्राप्त आत्मा को अप्राप्त मानता है। बोधानन्तर भ्रम का बाध हो जाने पर पूर्व से ही प्राप्त वस्तु प्राप्त रूप आत्मा हुई अनुभूत होने लगती है। यही प्राप्त का प्राप्त होना है।) अब चित्त, चेतन आत्मा से जाकर मिल गया, फलतः अब उसका कुछ बिगड़ने वाला नहीं। रोहल कहता है, चित्त उसी प्रकार आकर शरण में पड़ गया, जैसे बूंद जल में गिरकर जल में मिल जाती है ॥4॥64॥

रे चित भूला मत फिरौ, तू ही है चेतंन।
जाइ मिलौ परिवार सूँ, क्याह करैगा मंन ॥65॥

साक्षी रूपी गुरु कहता है- हे चित्त! अपने वास्तविक स्वरूप सच्चिदानंद को भूलकर इधर-उधर मत भ्रम। वस्तुतः तू ही चेतन=सच्चिदानंद रूप है। अपने परिवार में जा मिल। मन तेरा क्या कर करेगा?॥65॥

चित-वाच

करि किरपा मूँ पै कहौ, मिलन किसी विधि होइ।
बहुत दिनन को मैं दुखी, सरण पड़्यो अब तोइ ॥66॥

चित्त कहता है, आप मेरे ऊपर कृपा करके, सच्चिदानन्द रूप परब्रह्म-परमात्मा की प्राप्ति कैसे होती है, कहो। मैं बहुत दिनों=जन्मों-जन्मों से दुखी हूँ, अब मैं तेरी शरण में आ पड़ा हूँ ॥66॥

पाँच तत्त गुण तीन मँह, सभ जग भूल्यो जाइ।
जिस पँथ मूँ प्रभ पाइए, सो पँथ मोहि बताइ ॥67॥

सारा ही जगत् पाँच तत्त्व व तीन गुणों में भूला पड़ा है। जिस पंथ से मैं परमप्रभु को पा सकूँ, वह पंथ मुझे बताइये ॥67॥

गुरु-वाच

निराकार आकार नहिं, किस विधि भाखूँ वैन।
जे तुमरे भाग लिलाट है, ताँ समझ लेवेगा सैन ॥68॥

गुरु कहते हैं- वह परमात्मा आकार-हीन निराकार है। उसका वर्णन किस प्रकार कौन-से शब्दों से करूँ। यदि तेरे कपाल पर सौभाग्य लिखा है तो तू संकेत को समझ लेगा ॥68॥

रोहल रमै जहाज जल, तीर न दरसै ताहिं।
चार खूँट में फिरत है, दृष्टी दिखह माहिं ॥69॥

रोहल कहता है- जब जहाज जल पर चलता है, तब उसको तीर नहीं दिखता है। चारों कोनों में वह चलता है फिर भी उसकी दृष्टि उस समय दिखह=ध्रुवतारे की ओर होती है ॥69॥

जाकी दृष्टी दिखह में, ताका पैंडा सुद्ध।
जाके हिरदै आतमा, ताकी निरमल बुद्ध ॥70॥

जिसकी दृष्टि ध्रुवतारे की ओर होती है, उसका पंथ सही होता है। जिसकी बुद्धि निर्मल होती है, उसके ही हृदय-देश में आत्मा होती है ॥70॥

चित-वाच

किस विधि भेटूँ आतमा, भाखौ अमिरत वैन।
सभ घट आतम राम है, किस विधि समझूँ सैन ॥71॥

चित्त कहता है- अमृत वचन कहकर बताइए कि मैं किस प्रकार आत्मा का साक्षात्कार कर सकता हूँ। यद्यपि समस्त प्राणधारियों में आत्माराम विद्यमान है तथापि उसका संकेत=अनुभव किस विधि से करूँ, बताइए ॥71॥

करि किरपा मूँपै कहौ, मिलण अणांगा होइ।
कहौ तैसी होवै जिसी, बात बतावौ मोइ ॥72॥

कृपा करके मुझे बताइये क्योंकि मिलने=साक्षात्कार करने के मार्ग में अनेक अणांगा=अडंगे=विघ्न-बाधाएँ होती हैं। जैसी स्थिति हो, वैसी कहो। मुझे यह बात=विधि, रहस्य बताइये ॥72॥

गुरु-वाच

आतम भेष अनेक है, सभ घट एकौ नाम।
जो तेरे दिल में बसै, सो जप आतम राम ॥73॥

साक्षी गुरु कहते हैं- आत्मा के शरीर अनेक हैं किन्तु सभी शरीरों में एक ही नाम वाला तत्त्व है जिसका नाम आत्मा है। तेरे मन में=भीतर जो आत्मा रूप रामजी निवास कर रहा है, उसका जप कर ॥73॥

और देव सभ छाड दे, पहलै सुमरौ आप।
पाँच तत्त गुण तीन की, तब मिट जाइ सँताप ॥74॥

अन्य समस्त देवों को त्याग दे। सर्वप्रथम अपने भीतर विद्यमान आत्मदेव का स्मरण कर। तब पाँच तत्त्वों व तीन गुणों का संताप मिट जाएगा ॥74॥

पाँच तत्त गुण तीन में, जब लग तुमरे दौर।
तब लग संसा ना मिटै, कबहु न पावै ठौर ॥75॥

जब तक पाँच तत्त्व व तीन गुणों में तुम्हारी दौड़ रहेगी, (जब तक पाँच तत्त्व व तीन गुणात्मक देह में अपनत्व रहेगा) तब तक संशय का नाश नहीं होगा और निज ठौर=स्वात्मा का साक्षात्कार कभी भी नहीं होगा ॥75॥

जब लग आतम ना मिलै, तब लग सरै न काज।
चलौ त भेटौ आतमा, अवसर बीत्यो आज ॥76॥

जब तक आत्म-साक्षात्कार नहीं होता, तब तक काज=मनुष्य-जन्म प्राप्त होना व आत्म-साक्षात्कार रूप कार्य सिद्ध होना नहीं माना जाता। यदि तुम मेरे बताये रास्ते पर चलोगे तो तुम्हारी भेंट आत्मा रूप परमात्मा से हो जायेगी। अवसर बीता जा रहा है, जल्दी करो ॥76॥

सिष-वाच

आतम को मिलनौ कठिन है, हम सूँ होवै न बात।
तुम साखी सर्व जीव का, सभ कुछ तुमरे हाथ ॥77॥

चित्त रूपी शिष्य कहता है- आत्मा का प्राप्त होना कठिन है, अतः मुझसे यह कठिन कार्य होना संभव नहीं। आप तो सर्व जीवों के साक्षी हैं। सब कुछ आपके हाथ में है ॥77॥

हम कँगाल आ गिर पड़्यो, तुम सतगुरु के द्वार।
हम कीटी कुछ बल नहीं, तुम साखी रूप सँवार ॥78॥

आप सद्‌गुरु के द्वार पर मैं कंगाल शरणागत आकर गिर पड़ा हूँ। मैं कीड़े के समान सर्वथा निर्बल हूँ। आप साक्षी सर्वसमर्थ रूप हैं ॥78॥

सुनौ सिष्य तुम कूँ कहूँ, षट चक्कर की बात।
बिना जोग पावै नहीं, अकळ कळ्यो नहिं जात ॥79॥

हे शिष्य! षड्‌चक्र की बात सुनो। मैं तुमसे इनके बारे में कहता हूँ। बिना योग साधे षड्‌चक्रों का भेदन होकर परब्रह्म-परमात्मा का साक्षात्कार प्राप्त नहीं होता और अकल परमात्मा को कला नहीं जा सकता। (वस्तुतः अकल अर्थात् कला विभाग रहित एक निर्गुण-निराकार ब्रह्म ही होता है। अवतारी तो कला अंशधारी होते हैं। कोई षोडस-कला पूर्ण, कोई द्वादश-कला पूर्ण आदि-आदि) ॥79॥

षट चक्कर षट देव हैं, रहते आपो आप।
बिन पूजा छाडै नहीं, मांगै अजपा जाप ॥80॥

षड्‌चक्रों के षड्‌देव हैं। वे अपने-अपने नियत स्थान पर रहते हैं। वे बिना पूजा लिये छोड़ते नहीं। अजपा-जाप मांगते हैं ॥80॥

तब साखी चित कूँ ले गयो, आतम पुर के देस।
जहाँ निरंजन आतमा, सुर नर मुनी नरेस ॥81॥

तब साक्षी रूपी गुरु, चित्त रूपी शिष्य को आत्मा के पुर व देश में ले गया जहाँ सुर, नर, मुनियों का राजा निरंजन आत्मा है ॥81॥

चित-वाच

सीस धर्‌यो सतगुरु अगै, और न जानूँ कोइ।
जो तुम कहौ सो हम करूँ, जो होनी सा होइ ॥82॥

चित्त ने सद्‌गुरु के समक्ष अपना मस्तक नँवाया और कहा- मैं और कुछ नहीं जानता। आप जो कहेंगे, मैं वही करूँगा। जो होनी होगी, वह होगी ॥82॥

ना कुछ करनी कर सकूँ, हम सूँ होइ न जोग।
करि किरपा सभ सुख दियो, अमिरत रस के भोग ॥83॥

मैं कुछ भी करनी=साधना नहीं कर सकता। न मेरे से योग की साधना ही होना संभव है। आपने कृपा करके अमृत-रस-भोग के समस्त सुख दिये हैं ॥83॥

तुम जैसो गुरु भेटियो, बडौ हमारौ भाग।
जैसे पारस लोह कूँ, तुरत मिटावै दाग ॥84॥

मेरा भाग्य महान् है कि मैंने आपका जैसा गुरु प्राप्त किया है। जैसे पारस मिलते ही लोहे के सारे दोष=लोहत्व को मिटा देता है, ऐसे ही आपने मेरा जीवत्व मिटाकर मुझे अमृतत्त्व का लाभ प्रदान किया है ॥84॥

अथ कीर्तन

बेलीड़ा अहिड़ौ संग सचोड़ौ, आज कै छडियाँ ॥रहाउ॥
आज मुँहिंजो जीउ जोगी भयो, नाम को नेम लियो।

ब्रह्म ग्यान की गूदड़ी, प्रेम को पतर पियो ॥1॥
विरह भभूत लगायी, सत सेल्ही कीनी।
रहणी करणी आप की, कान पै मुद्रा दीनी ॥2॥
सील सँतोष दोनों ई तूंबड़ा, अमिरत रस भरिया।
जनम मरण का दुक्खड़ा, सहजे ई परहरिया ॥3॥
काया नगरी के अंतरे, निज अलख जगायो।
दिल दरिया में ढूंढ कै, हरि हीरा पायो ॥4॥
अगम अगोचर नीर में, जाइ तीरथ न्हायो।
सुख सागर के सीर में, रोहल सुख पायो ॥5॥85॥

हे साथी! ऐसा यह संग सच्चा है। आज इसको कैसे छोड़ा जा सकता है ॥रहाउ॥ आज मेरा मन योगी बन गया है और भगवन्नाम-जप करने का नियम धारण कर लिया है। मैंने ब्रह्म-ज्ञान की गूदड़ी धारण की है। प्रेम का पात्र हाथ में ले लिया है ॥1॥ विरह रूपी विभूति लगाई है। सत की सेली धारण की है। निजत्व रूपी रहनी च करनी की दो मुद्राएँ कान में पहन ली हैं ॥2॥ शील व संतोष दोनों तूम्बे हैं जिनमें अमृत-रस भरा है। जन्म व मरण का दुःख सहज ही में छूट गया है ॥3॥ काया रूपी नगरी के अंदर निज=निरंजन परमात्मा का अलख जगाया है और दिल रूपी समुद्र में ढूंढकर हरि रूपी हीरा प्राप्त कर लिया है ॥4॥ अगम्य व अगोचर परमात्मा रूपी तीर्थ के जल में जाकर मैंने स्नान किया है।

सुख-सागर के साझे में (सीरस्रोत में) रोहल ने सुख प्राप्त किया है ॥5॥85॥

अथ षट-चक्र

षट चक्कर षट देव हैं, एक एक करि जान।
ताकी महिमा कहत हूँ, उलटी सुलटी आन ॥86॥

षड्चक्रों के षड्देव हैं। एक चक्र का एक देव है। उनकी महिमा को उल्टे व सीधे दोनों प्रकारों से वर्णन करता हूँ ॥86॥

मूल अगोचर के तलै, चढियो उलटी बाट।
चौकी तहाँ गणेस की, अकल कला के घाट ॥87॥

मूलाधार-चक्र अगोचर नीचे है। वहीं से उल्टे रास्ते होकर ऊपर चढ़ा जाता है, अकल की कला के घाट को पाने के लिये। मूलाधार-चक्र में गणेश का राज्य है ॥87॥

मूक चक्र के अंत्र में, बसियो देव दुवार।
ताही सूँ सन्मुख मिलौ, पीछै उतरौ पार ॥88॥

मूलाधार-चक्र के अंतर में देव-द्वार है। उसी से जाकर सामने-सामने मिलो, तत्पश्चात् पार उतरो ॥88॥

साखी चित कूँ ले गयो, सुर नर मुनी नरेस।
चार पाँखड़ी को कमल, वासा तहाँ गणेस ॥89॥

साक्षी रूपी गुरु चित्त रूपी शिष्य को वहाँ ले गया जहाँ सुर, नर व मुनियों का नरेश है। यहाँ चार पंखुडियों का कमल है और गणेश का निवास स्थान है ॥89॥

साखी चित्त गणेस कूँ, कीनों नमो नराण।
अंमर पद किमि पाइए, ताका करौ बखाण ॥90॥

साक्षी व चित्त ने जाकर गणेश को नमो-नारायण कहकर नमस्कार किया और निवेदन किया, अमर-पद किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है, इसका वर्णन करो ॥90॥

अंमर पद तो कठिन है, पहुँचै बिरला कोइ।
एकोतर सौ परे रहै, जो हम जैसा होइ ॥91॥

अमर-पद प्राप्त होना कठिन है। अमर-पद तक कोई बिरला ही पहुँचता है। वह एक सौ एक से दूर रहता है, वह हमारा जैसा है ॥91॥

इतनी हमरी पहुँच है, और न दूजी होइ।
पीछै फेरा ना मिटै, साँच कहत हूँ तोइ ॥92॥

गणेश ने कहा- मेरी इतनी ही, यहीं तक गति है। इसके आगे मेरी गति नहीं। इतने से आवागमन का चक्र मिटता नहीं। मैं तुझसे यह सच्ची बात कहता हूँ ॥92॥

साखी-वाच

साखी कहियो चित्त कूँ, यहाँ सुँ एक गुन लेह।
आसन दृढ़ धरणी धर्‍या, ताते बधै सनेह ॥93॥

तब साक्षी ने चित्त से कहा- यहाँ से एक गुण ले लो; वह है, पृथ्वी पर दृढ़ासन लगाने का। इससे स्नेह-भाव बढ़ता रहेगा ॥93॥

दो कर जोड़ गणेस कूँ, करै चित्त अरदास।
आसन दृढ़ कर दीजिये, हम तेरा हूँ दास ॥94॥

गणेश के प्रति दोनों हाथ जोड़कर चित्त प्रार्थना करता है। मैं आपका दास हूँ, आप मेरा आसन दृढ़ कर दीजिये ॥94॥

मस्तक ऊपर हाथ धरि, कह्यो गणेस चित लाइ।
आसन कबहू ना डिगै, ऊलट आप समाइ ॥95॥

मस्तक पर हाथ रखकर गणेश ने चित्त को एकाग्र करके कहा- तेरा आसन कभी भी डिगेगा नहीं, बाह्य-वृत्तियाँ उलट-कर स्वयं में भीतर समाहित हो जाएंगी ॥95॥

नमस्कार कर देव कूँ, चलिया साखी चित्त।
ब्रह्मपुरी के देस कूँ, जहाँ भांज घड़त है नित्त ॥96॥

गणेश देव को नमस्कार करके साक्षी व चित्त दोनों वहाँ से ब्रह्मा के लोक को चले जहाँ नित्य ही नष्ट करने व बनाने की क्रिया चलती रहती है ॥96॥

साखी चित दोनों चल्या, लिंग दुवारे ठाम।
षष्ट पाँखड़ी को कमल, ब्रह्मा को विसराम ॥97॥

लिंग-स्थान के लिए साक्षी व चित्त दोनों चल दिये। जहाँ षड् पङ्खुड़ी का कमल व ब्रह्मा का निवास है ॥97॥

नमस्कार करि ब्रह्म कूँ, कहियो साखी चित्त।
करि किरपा मूँ पै कहौ, जीउँ अमर कह नित्त ॥98॥

ब्रह्मा को नमस्कार करके साक्षी व चित्त ने कहा- मुझे कृपा करके वह तत्त्व, उपदेश बताइये जिससे कि मैं नित्य अमर रहूँ ॥98॥

ब्रह्मा-वाच

सुनौ सिष्य ब्रह्मा कहै, जब लग हमरी देह।
तब लगि कबहू ना मरै, जो हमरी सीख लेह ॥99॥

ब्रह्मा ने कहा- हे शिष्य! सुनो; जब तक मेरी देह रहेगी, तब तक तू कभी नहीं मरेगा, यदि तू मेरी शिक्षा को मान लेगा ॥99॥

जेते जीव जहान में, चौरासी लख जात।
उपत खपत कुल की सकल, सा सभ हमरे हात ॥100॥

चौरासी लाख जाति के जितने भी प्राणी ब्रह्मांड में हैं, उन सभी की उत्पत्ति व उनका विनाश, वह सब कुछ मेरे हाथ में है ॥100॥

जे तुम चाहौ जनम सुख, तो कहौ अब मोहि।
जैसी तेरी भावना, तैसा बखसूँ तोहि ॥101॥

यदि तुम जन्म-सुख चाहते हो तो, अभी मुझसे कहो। तेरी जैसी इच्छा है, मैं वैसी ही बक्षीश तूझे दूंगा ॥101॥

चित-वाच

आत्म जनम को क्या करूँ, जो पीछै मरि जाइ।
कर किरपा सो जनम दो, जाकूँ काल न खाइ ॥102॥

चित्त कहता है- आत्मा के पुनर्जन्म को प्राप्त करके मैं क्या करूँ? क्योंकि जन्मने के पश्चात्, समय पूरा होने पर मरना पड़ता है। कृपा करके ऐसा जन्म दो जिसको काल न खा सके ॥102॥

जो जो जनमे सो मरे, ताकूँ कीजत काहि।
जो जनम मरण सूँ रहित है, सो पद मोहि बताहि ॥103॥

जो-जो जनमे, वे-वे मरे हैं। उनको लेकर मैं क्या करूँ? जो पद स्वरूप परमात्मानुभूति जन्म मरणातीत है, उसको मुझे बताओ ॥103॥

ब्रह्म-वाच

अमर पद के पहुँच की, हमरी समरथ नाहिं।
बार बार क्या पूछते, समझि रहौ मन माहिं ॥104॥

ब्रह्मा ने कहा- अमर-पद तक पहुँचाने की सामर्थ्य मुझ में नहीं है। बार-बार क्यों पूछते हो। मन में इस सत्य को समझ लो ॥104॥

अथ कीर्तन

दिल वापारी मोरा वीरा, भूलि जनम मति हारौ ॥रहाउ॥
माँगु लेउ प्रभु सभ कुछ देइ, भूल भटक मति धारौ।
ये अवसर फिर हाथ न आवै, तुम समझौ आप उधारौ ॥1॥
ग्यान करि घोड़ा प्रतीत पलाणी, सुरति सवारी कीजे।
भँवर गुफा एक अंमृत बेरी, तहाँ अमी रस पीजे ॥2॥
पाँचौं मेरा भाइड़ा उलट समाओ, प्रभ चरनै चित राखौ।
दे टुबकी घट सूझ निहारौ, फल अमिरत का चाखौ ॥3॥
रहति बिना कोइ पार न पावै, मोह अगनि नहिं बूझै।
सहसै भानु उगै सिर ऊपरि, अंधले कूँ नहिं सूझै ॥4॥
चित करि चंदन फूल भाव का, सेहरा सहज गुँथावौ।
काया भीतर अलख विराजै, आतम पूज चढावौ ॥5॥
हिन्दू तुरक सभी मैं देख्या, बडा बडा भेषधारी।
प्रभ तेरी माया सूँ कोइक छूटा, रोहल सरन तुमारी ॥6॥105॥

हे भाई! मेरा मन व्यापारी है। भूल-कर भी मनुष्य-जन्म के अवसर को खोओ मत॥ रहाउ॥ प्रभु से मांग लो, वह सब कुछ देता है। भ्रम के कारण भटकन का आश्रय मत लो। मनुष्य-जन्म जैसा अपूर्व अवसर पुनः मिलने वाला नहीं; अतः तू विवेकवान बन-कर अपना उद्धार कर ॥1॥ ज्ञान को घोड़ा व विश्वास को (चारजामा-जीन) बनाकर नियंत्रित सुरति=चित्त-वृत्ति की सवारी कर। सहस्रार में अमृत का एक कुआ है, वहाँ अमृत-रस का पान कर ॥2॥ पाँचौं=पाँचों ज्ञानेन्द्रिय रूपी भाइयों! संसाराभिमुखता से हटकर प्रभु के चरणों में चित-वृत्ति के संयोजित करो। ब्रह्मरन्ध्र के कुएँ में डुबकी लगाकर विवेक का आश्रय लो। फलतः साक्षात्कार रूपी अमृत-फल का पान करो ॥3॥ बिना सदाचरण के कोई भी भव-सागर से पार नहीं हो सकता और मोह रूपी अग्नि भी बुझती नहीं है। उसी प्रकार जिस प्रकार अंधे के सिर पर हजारों सूर्य उदय हों, फिर भी उसको कुछ दिखता नहीं ॥4॥ चित्त का चन्दन, भाव का फूल और सहज का हार गुँथावो। देह के भीतर ही अलक्ष्य परमात्मा

विराजता है, उस आत्मा के समक्ष पूजा चढ़ावो ॥5॥ बड़े-बड़े वेश-धारी हिन्दू व मुसलमान दोनों को मैंने देखा है। हे प्रभु! तेरी माया से इनमें से कोई-कोई ही छूट सका है। अतः रोहल तो तेरा शरणागत बन गया है ॥6॥105॥

साखी-वाच

सुनौ सिष्य साखी कहै, ब्रह्मा सूँ इक गुन लेह।
अहनिसि रहणि विचारमै, भांज घड़त को भेह ॥106॥

साक्षी ने चित्त रूपी शिष्य से कहा- ब्रह्मा से भी एक गुण ग्रहण करो। निशि-दिन विचारमय रहनी रहो और नाश तथा सृजन के रहस्य को जानो ॥106॥

चित-वाच

कौन भाउ तुम कहत हो, कर किरपा कह मोहि।
जो तुम कहौ सो हउ करूँ, अब मैं पूछूँ तोहि ॥107॥

चित्त कहता है- हे गुरुदेव! आप कौनसा भाव बता रहे हो, कृपा करके मुझसे कहो। आप जो कहेंगे, मैं वही करूँगा। अब मैं आपके समक्ष जिज्ञासा प्रस्तुत कर रहा हूँ ॥107॥

साखी-वाच

येहि भाउ तुम सीख ले, सतसँग करौ विचार।
कर्म विकार जो दुष्ट हैं, ताकूँ भांज विडार ॥108॥

साक्षी ने कहा- सत्संग में बैठकर विचार-चिंतन करो, इसी भाव को तुम अंगीकार कर लो। कर्म व कर्मजन्य विकार रूपी दुष्टों को नष्ट-करके बाहर निकाल फेंको ॥108॥

नमस्कार करि ब्रह्म कूँ, चलिया साखी चित्त।
नाभि कमल के देस कूँ, जहाँ स्वांत बसत है नित्त ॥109॥

ब्रह्मा को नमस्कार करके साक्षी व चित्त दोनों नाभि-कमल देश, जहाँ नित्त ही शांति विराजती है की ओर चल दिये ॥109॥

लिंग चक्र कूँ छाडि करि, चलिया नाभि समान।
जहाँ अष्ट पाँखड़ी को कमल, नीर वर्ण रँग जान ॥110॥

लिंग-चक्र को छोड़कर नाभि-चक्र की ओर चले। जहाँ आठ पंखुड़ी का कमल होता है और जिसका रंग जल जैसा नीला होता है ॥110॥

सब्द उठै तहाँ नाभि सूँ, जैसी मनसा होइ।
चौकी देवै विष्नु तहाँ, पहुँचौ बिरला कोइ ॥111॥

वहाँ मनसा = मन की वृत्ति के अनुसार नाभि (मणिपुर-चक्र) से शब्द की ध्वनि होती है। वहाँ विष्णु चौकीदारी करते हैं। वहाँ कोई बिरला ही पहुँचता है ॥111॥

बंकनाल धमधम धमै, पलटै पवन अपार।
तासूँ बिछयाली चलै, तीन साठ सौ नार ॥112॥

बंकनाल=सुषुम्ना-नाड़ी में धम-धम की ध्वनि, अपरिमित पवन के पलटने के कारण होती है। इससे बिछियों जैसी छल्लेदार सुषुम्ना-नाड़ी सहित अन्यान्य तीन सौ साठ नाड़ियाँ जाग्रत हो उठती हैं ॥112॥

रोम रोम रस लेत है, पवन पुरुष को वास।
काया बाड़ी तब हरी, हाड चाम अर माँस ॥113॥

रोम-रोम अमृत-रस का पान करती है। पवन पुरुष का यहाँ निवास होता है। तब काया रूपी बगीची की हाड़, चाम, मांस रूपी समस्त वनस्पति हरी-भरी हो जाती है ॥113॥

साखी चित तहँ विष्णु को, जाइ कियो परनाम।
जासूँ जीउ अमर रहै, सो भाखौ निज नाम ॥114॥

साक्षी और चित्त ने वहाँ विद्यमान विष्णु के समक्ष जाकर प्रणाम किया। निवेदन किया, जिससे मेरा जीव अमर हो जाए,ऐसे निज नाम का व्याख्यान करो ॥114॥

विष्णु-वाच

अमर नाम प्रभ आप है, वे सभ परलै जाइ।
अमर नाम के कारनै, किते रहे बल लाइ ॥115॥

विष्णु ने कहा- स्वयम् प्रभु का नाम अमर है। अन्यान्य सभी नष्ट होते हैं। अमर नाम के कारण कितने ही प्रभु-नाम के बल पर आश्रित है ॥115॥

साखी-वाच

तब साखी कह्यो चित्त कूँ, तुम एक प्रश्न पूछ लेह।

चित-वाच

करि किरपा तब चित कहै, गुरु बतावौ भेह ॥116॥

तब साक्षी ने चित्त से कहा- तुम एक प्रश्न पूछ लो। तब चित्त ने कहा- हे गुरु! कृपा करके मुझे भेद=रहस्य बताओ ॥116॥

साखी-वाच

तब साखी कह चित्त कूँ, तुम सांति गुन सुख जानि।
जिसके घट में सांति है, वाकूँ कैसी हानि ॥117॥

तब साक्षी ने चित्त से कहा- तुम शांति गुण को ही सुख जानो। जिसके हृदय में शांति निवास करती है, उसको किसी भी प्रकार की हानि उठानी नहीं पड़ती ॥117॥

दो कर जोड़े विषनू आगै, करी वीनती चित्त।
माथे ऊपरि हाथि धरि, सांती देवौ नित्त ॥118॥

विष्णु के समक्ष चित्त ने दोनों हाथ जोड़-कर विनती की; प्रभो! मेरे मस्तक पर हाथ रख-कर मुझे नित्य-शांति प्रदान करिये ॥118॥

विष्णु-वाच

सुनौ चित्त विषनू कहै, सांति उसी के हाथ।
बिना रहति पावै नहीं, जब कृपा करै निज नाथ ॥119॥

विष्णु ने कहा- हे चित्त! सुनो, शांति उसको मिलती है जिसके ऊपर निज नाथ विष्णु कृपा करते हैं। साथ ही शांति, बिना रहति=सदाचरण के नहीं मिलती ॥119॥

जाके घटि में रहति है, तिस लागै निज प्रेम।
ओही मानै सांति सुख, सदा कुसल अर खेम ॥120॥

जिसके घट में सदाचरण है, उसके हृदय में परमात्मा के प्रति अनन्य-प्रेम उदय होता है, वही शांति को सुख मानता है; सदैव कुशलता व कल्याण भी मानता है ॥120॥

नमस्कार करि विष्णु कूँ, चलिया दिल के देस।
द्वादस पँखड़ी को कमल, वासा तहाँ महेस ॥121॥

विष्णु के प्रति नमस्कार करके हृदय के देश की ओर चले। वहाँ बारह पंखुड़ी का कमल है तथा महेश का निवास है ॥121॥

दिल दरिया सूभर भर्‍या, हीरा माणिक माहिं।
प्राप्त होवै तो पाइए, बिन प्राप्त कुछ नाहिं ॥122॥

दिल रूपी समुद्र अथाह भरा है जिसके भीतर हीरा, माणिक्यादि रत्न हैं। यदि ढूंढने पर हीरा, माणिक्यादि मिल जाएँ तो प्राप्त करिए। प्राप्त नहीं हों तो समझिए, कुछ नहीं है ॥122॥

दिल दरिया में देखिया, तीन लोक नव खंड।
दह दिसि दरसै आतमा, महा पिंड ब्रह्मंड ॥123॥

दिल रूपी समुद्र में तीनों लोकों व नवों खंडों को देखा। पिंड, ब्रह्मांड, दसों दिशाओं में आत्मा के ही दर्शन होते हैं ॥123॥

दिल दरिया में बहुत सुख, जे को देखै माहिं।
जिन देख्य सो बिलमिया, निकसन की गम नाहिं ॥124॥

यदि कोई दिल रूपी दरियाव के भीतर देखे तो उसमें अखंडानन्द है। जिन्होंने देख लिया,वे उसी में अटक गए और उनके वापिस वहाँ से निकलने का कोई ठिकाना नहीं ॥124॥

अथ कीर्तन

पिया हिक प्रेम पियाला।
अन्तरजामी भर दिया, घट भया उजवाला ॥रहाउ॥
अधिक अमीरस चाखिया, तृष्ना सब भागी।
सुरति समाई सुन्य में, अनहद धुनि लागी ॥1॥
जैसी चाह चकोर की, चँद विसरत नाहीं।
तैसा मेरे मंन का, चित चेतन माहीं ॥2॥
ग्यान कुंडे में पाइ करि, तत अमिरत तोल्या।
सेझड़िया सुख पाइया, पिय अंतर खोल्या ॥3॥
अणभै आतम औलखिया, भ्रमना विसराई।
प्रीति लगी उनमंन सूँ, नाम की निधि पाई ॥4॥
दिल दरिया मँह ढूँढ करि, हरि हीरा लाधो।
रोहल रतन अमोल है, ग्रहि ने गाँठि बाँधो ॥5॥125॥

प्रेम रूपी एक प्याला पिया। अन्तर्यामी परमात्मा ने उसको भरा जिससे हृदय में प्रकाश हो गया ॥रहाउ॥ अत्यधिक (उत्तम) अमृत-रस का पान किया जिससे समस्त तृष्णाएँ नष्ट हो गईं। सुरति=चित की वृत्ति शून्य स्वरूप सहस्रार-चक्र में समाहित हो गई। अनहद-ध्वनि होने लगी ॥1॥ जिस प्रकार चकोर के मन में चन्द्रमा की उत्कट चाह होती है, वह एक क्षण के लिए भी उसको विस्मृत नहीं करता, उसी प्रकार मेरे मन की चित्त-वृत्ति चेतन=परब्रह्म-परमात्मा में एकरस लगी हुई है ॥2॥ मैंने ज्ञान रूपी तराजू में रखकर परमात्मा

रूपी अमृत-तत्त्व को तौला। शैया पर प्रियतम के साथ अखंडानन्द सुख पाया और प्रियतम ने अपना अन्तर=सब कुछ मेरे सामने खोल कर रख दिया ॥3॥ आत्मा का अणभै औलखिया=अपरोक्षानुभव किया। समस्त भ्रम नष्ट हो गये। उन्मनी-अवस्था= निःमनावस्था=परमात्मा से एकान्तिकी-प्रीति लग गई व भगवन्नाम-निधि को प्राप्त किया ॥4॥ दिल रूपी दरियाव में खोज की जिसमें हरि रूपी हीरे की प्राप्ति हुई। रोहल कहता है- हरि रूपी हीरा अमूल्य हीरा है; इसको प्राप्त करके गाँठ में बाँध लो ॥5॥125॥

साखी चित्त महेस कूँ, जाइ कियो परणाम।
करि किरपा मूँ पै कहौ, जींउ अमर विसराम ॥126॥

साक्षी और चित्त ने जाकर महेश को प्रणाम किया। जिस प्रकार अमरता में अखंड विश्राम हो सके, कृपा करके वह मुझसे कहो ॥126॥

महादेव-वाच

महादेव तब बोलिया, सुनिहो साखी चित्त।
अमर पद तब पाइए, जब जीवत मरना नित्त ॥127॥

तब महादेव ने कहा- हे साक्षी व चित्त! सुनो। अमर-पद तब मिलेगा, जब जीते-जी नित्य-प्रति मरना आ जायेगा ॥127॥

चित्त-वाच

किस विधि जीवत मरन है, करि किरपा कह मोहि।
तुम जैसा कोइ देवता, और न दूसर कोहि ॥128॥

चित्त ने कहा- जीते-जी मरना किस विधि से संभव है, कृपा करके मुझसे कहो। आप जैसा देवता और कोइ दूसरा नहीं है ॥128॥

महादेव-वाच

अमर पंथ हम कहत हूँ, सुन तू साखी चित्त।
ओऽहं सोऽहं समझ ले, पीछै नित्त अनित्त ॥129॥

पाठांतर : आनँद नित्त

महादेव ने कहा- मैं अमर-पंथ का वर्णन करता हूँ, हे साक्षी व चित्त! तुम सुनो। सर्व प्रथम ओऽहं व सोऽहं को समझ-लो, तत्पश्चात् नित्य व अनित्य को॥ 129॥

चित्त-वाच

ओऽहं सोऽहं तब लगै, जब लगि जिंउ घटि माहिं।
देह पड़ी पवना थका, पीछै सिमरूँ काहिं ॥130॥

चित्त ने कहा- जब तक शरीर में प्राण है, तब तक ही ओऽहं व सोऽहं संभव है। जब देह नष्ट हो जाती है, प्राण निकल जाते हैं, तब किससे किसका स्मरण करूँ ॥130॥

महादेव-वाच

जितनी हमरी पहुँच थी, सकल कही अब तोहि।
अमर सदा प्रभु आप है, जे तुम पूछौ मोहि ॥131॥

महादेव ने कहा- मेरी जितनी जानकारी थी, वह सारी की सारी मैंने कह दी है। यदि तुम मेरे से पूछते हो तो मैं बताना चाहूँगा कि अमर तो एक सनातन परमप्रभु-परमात्मा स्वयं ही है ॥131॥

साखी-वाच

इहाँ सूँ इक गुन सीख ले, सिव सकती वीचार।
जनम मरण का भेद यह, कह साखी निज सार ॥132॥

साक्षी ने परम सार-स्वरूप कहा- यहाँ से शिव व शक्ति के ऐक्य के विचार का एक गुण सीख ले। जन्म-मरण का रहस्य यही है ॥132॥

चित-वाच

तब चित कह्यो महेस कूँ, सिव सकती वीचार।
करि किरपा मूँ पै कहौ, जाते उतरौं पार ॥133॥

तब चित्त ने महेश से कहा- आप कृपा करके शिव-शक्ति का तत्त्व रूप विचार मुझसे कहो जिससे कि मैं भव-सागर से पार उतर जाऊँ ॥133॥

महादेव-वाच

तब सिव कहियो चित्त कूँ, ये सक्ती बनी अनेक।
सोही कर ले आरसी, जा महिं दरसै एक ॥134॥

तब महादेव ने कहा चित्त से कहा- यह शक्ति ही अनेक रूपा बनती है। उसी शक्तिरूपी दर्पण को हाथ में ले। जिसमें एक अद्वैत परब्रह्म-परमात्मा का दर्शन होगा ॥134॥

करि परनाम महेस कूँ, चलिया साखी चित्त।
कंठ चक्र वाँकूँ कहै, जासूँ वाणी उचरत नित्त ॥135॥

महेश को प्रणाम करके साक्षी और चित्त यहाँ से, जिसको कंठ-चक्र कहते हैं, की ओर चले जिससे नित्य=हमेशा वाणी का उच्चारण होता है ॥135॥

तीन षट पाँखड़ी को कमल, कंठ चक्र है नाम।
सब्द उहाँ सूँ नीसरै, सरस्वती को ठाम ॥136॥

वहाँ अठारह पंखुड़ी का कमल है, उसका नाम कंठ-चक्र है। वहाँ से शब्दों का निर्गमन होता है, वह सरस्वती का स्थान है ॥136॥

भाँति भाँति की वाच है, अर भाँति भाँति के राग।
कब ही उठ वाणी करै, कब ही जोग विराग ॥137॥

वहाँ अलग-अलग तरह की वाणी हैं और अलग-अलग तरह की रागें हैं। कभी तो कंठ वाणी का उच्चारण करता है और कभी योग तथा वियोग की बात करता है ॥137॥

साखी चित सरस्वती कूँ, कह्यो मात सुन बात।
जीउ अमरपद ना लहै, काहे की कुसलात ॥138॥

साक्षी और चित्त ने सरस्वती से कहा- हे माता! हमारी बात सुन। हमारी आत्मा अमर-पद प्राप्त नहीं कर पा रही है, हमारी कुशलता किस प्रकार हो सकती है ॥138॥

साखी-चित-वाच

अंमर पद में बहुत दुख, जब लगि मिलै न आप।
तब लगि संसा ना मिटै, अहनिसि रहै सँताप ॥139॥

जब तक अमर-पद रूपी परब्रह्म-परमात्मा नहीं मिलता, तब तक उसको प्राप्त करने में अत्यधिक कष्ट प्राप्त होते हैं और तब तक उभय-कोट्यात्मक संशय भी नष्ट नहीं होता जिस कारण अहर्निशि संताप=दुःख रहता है ॥139॥

अंमर पद जन आ मिलै, पीछै बहुत अनंद।
टूटै फासी काल की, पड़ै न माया फंद ॥140॥

जब साधक-जन अमर-पद प्राप्त कर लेते हैं, उसके पश्चात् उनको अखंडानंद प्राप्त हो जाता है। काल की फाँसी टूट जाती है और वे माया के फँदे में फँसते नहीं हैं ॥140॥

सरस्वती-वाच

जे तुम चाहौ नित सिधी, अर जे चाहौ रस भोग।
ए सभै तुमको मैं दिऊँ, जे छोडौ तुम जोग ॥141॥

सरस्वती ने कहा- यदि तुम नित्य-सिद्धि चाहते हो और रसानन्द का भोग चाहते हो तो तुम योग को छोड़ दो; मैं तुमको ये सब कुछ दे दूंगी ॥141॥

चित-वाच

जोग हमारा जीउ है, सो किमि छोड्यो जाइ।
जामें संतन सुख लियो, सहजे रह्यो समाइ ॥142॥

चित्त ने कहा- योग तो मेरा जीव=प्राण है। उसको कैसे छोड़ा जा सकता है। जिस योग से संतों ने सुख प्राप्त किया; उसमें मैं सहज रूप से समाहित हूँ ॥142॥

साखी-वाच

इयाँ सूँ इक गुन सीख ले, सकल वाणी को भेद।
गावौ गुण गोविन्द का, कबहू पड़ै न खेद ॥143॥

साक्षी ने कहा- यहाँ से एक गुण की शिक्षा ले लो, वाणी के समस्त भेदों को जानने की। गोविन्द के गुणों का गान करो जिससे कि कभी दुःख न भोगने पड़ें ॥143॥

कह्यो चित्त सरस्वती कूँ, दे वाणी को भेद।
अह निसि सुमरूँ आतमा, दिन दिन बधै सनेह ॥144॥

चित्त ने सरस्वती से कहा- मुझको वाणी के भेद को बता दो जिससे कि मैं अहर्निशि आत्मा रूप परमात्मा का स्मरण कर सकूँ और दिनानुदिन स्मरण के प्रति स्नेह बढ़ता रहे ॥144॥

एक गुण ले सरसती सूँ, चलिया त्रिकुटी तीर।
भँवर गुफा के घाट में, जहाँ बरसै अंमृत नीर ॥145॥

सरस्वती से एक गुण लेकर त्रिकूटी-तीर की ओर चले जो भँवरगुफा= सहस्रार-चक्र के रास्ते में है और जहाँ अमृत-नीर की वर्षा होती है ॥145॥

अथ कीर्तन

अच्छी नीकी धुन सुनी, गगन मँडल मधि,
बाजों की झकोर लगी, जैसे घोर घन की।

प्रेम पिचकारी मारी, भीनी पिया संग प्यारी,
कबहु न होवै न्यारी, ऐसी प्रीति जन की॥
ग्यान को उड्यो गुलाल, होली खेलै मेरौ लाल,
सुनकै अनोखे ख्याल, सुधि भूली तन की।
रस को बाजै मृदंग, कबहु न पड़ै भंग,
रोहल कूँ लागो रंग, आसा पूरी मन की ॥1॥146॥

गगन-मंडल = सहस्रार-चक्र में अच्छी व सुमधुर ध्वनि सुनी। वहाँ नाना नाद युक्त बाजों की टंकार (ध्वनि) वैसी ही होती है जैसे बादलों के गर्जने की घोर गर्जना होती है। प्रियतम ने प्रेम रूपी पिचकारी से रंग उँड़ेला जिससे प्रियतमा प्रिय के संग सराबोर हो गई। वे कभी भी न्यारे नहीं होते। भक्त की भगवान् के प्रति प्रीति ऐसी ही होती है। वहाँ ज्ञान रूपी गुलाल उड़ती है। मेरा प्रियतम होली खेलता है। अद्भुत ख्यालों को देख व सुनकर प्रियतमा शरीर की सुधि-बुधि तक भूल गई। रस का मृदंग बजता है जिसका बजना कभी भी भंग नहीं होता। रोहल को इसका रंग लग गया है जिसने मन की आशा को पूरी कर दी है ॥1॥146॥

सहस पाँखड़ी को कमल, तहाँ परमहंस को वास।
पहुँचैगा को संत जन, आवागमन निवार ॥147॥

सहस्रार-चक्र में सहस्र पंखुड़ी का कमल है जहाँ परमहंस का निवास है। वहाँ कोई संतजन ही आवागमन के चक्र से छुटकारा पाकर पहुँचते हैं ॥147॥

गंगा जमुना सरसती, बहै त्रिवेणी तीर।
हे मन! सावधान हो जा। सावधान होकर चल। साँई से इश्क की राह अटपटी व मुश्किलों से भरी है। साँई से मिलने को जाने के लिये तिल को तिल भर जगह मिले, पैर टेकने को, वहाँ इतनी सी ही जगह है। झूठी काया यदि तुझे दी है परमात्मा ने तो, उससे उस लाल के दीदार कर और उस साँई के प्रति झूठी काया देने के लिये तनिक भी आह मत निकाल। रोहल कहता है- प्रभु की आज्ञा से प्रत्येक दम व कदम रख, वह दिलवर बेपरवाह परमात्मा तेरे से मिलने को खड़ा है ॥29॥ ओखी=अटपटी। अड़ाँगे=मुश्किल, अटपटी, विघ्नों से भरी। उथाँ= वहाँ। कूड़ी=झूठी। दीदे=दीदार, दर्शन। कढ़ी मत=निकाल मत। रजाइते=आज्ञा।

जिन्हाँ इश्क की चासनी चक्ख दिढी, पीती प्रेम पियाली से जाणदे नी।
नेही नेह सजन्न दे राति दिहाँ, जेहि दे तांघ तिथाँ दिल ताणदे नी ॥

जिन्हाँ दिल अंदर दीदार कीता, नाल यार सदा सुख माणदे नी।
रोहल रंग गूढे रच लाल थई, वञु मिलइ असल जिहँ खाणदे नी ॥30॥

जिन्होंने इश्क की मिष्ठता को चाखकर देखा और उस प्रेम की पियाली को पी वे ही उसका स्वाद जानते हैं। प्रेमी प्रियतम के प्रेम में रात-दिन अनुरक्त रहते हैं। जिसके वे प्रेम हैं अपने दिल को उसी प्रियतम में एकमेक कर देते हैं। जिन्होंने दिल के अंदर ही दर्शन किये हैं, वे प्रियतम के साथ सदा सुख मानते हैं। रोहल गूढ़ रंग में रच-वश कर लाल हो गई। वही असल आस्वाद मिला जिसको खाने की चाहत थी ॥30॥

इस दार दरूनी दे अँदर मिंया, अजीब खेल दिठा यार आपणे दा।
सब घट में घूंघट कर चले खाली, थान नहीं कोइ थापणे दा ॥
देखौ हद बेहद की आरसी है, बिना हद बेहद न जाणणे दा।
रोहल रंग लगा गुरु ग्यान दियाँ, सोहूँ सबद है राह सुणीपणे दा ॥31॥

हे मिंया! इस दुष्ट दुनिया के ही अन्दर अपने प्रियतम की अजीब (अद्‌भुत) लीलाएँ देखने को मिलीं। वह प्रियतम सभी शरीरों में घूंघट=पर्दे में रहता है। उसको स्थापित करने के लिए कोई भी स्थान खाली नहीं है। ससीम व निस्सीम को देखने का दर्पण हृदय है।

बिना हृदय के ससीम व निस्सीम परमात्मा को जानना संभव नहीं। रोहल कहता है- गुरु ने ज्ञान दिया, उसका रंग लगा। सोऽहं शब्द परमात्मा तक पहुँचने का मार्ग हैं किम्वा परमात्मा को सुनने (जानने) का मार्ग है ॥31॥

दिल तख्त हजारे दा राँझौ मेंडा, माहीं जाल मोहब्बत अटकी है।
छोडूँ छुटै नहीं मन मीठी लगै, पाइ पेच चोखी चित चटकी है ॥
दे गलबाँह मैं सुती सुख सेज इतै, छाती नाल पियारे लग लटकी है।
रोहल रात हिजर दी हट गई, जागी जोत दिठी महाँ घटकी है ॥32॥

हे प्रेमियों! मेरा हृदय हजारे का तख्त है। उसी के प्रति मेरी मोहब्बत अटक गई है। छोड़ता हूँ, किन्तु छूटती नहीं क्योंकि मीठी लगती है। दोनों के मध्य अच्छा पेच=जोड़ बन गया है और वह मोहब्बत चित्त में अच्छी तरह चटक=खिल गयी है। गलबाहीं देकर मैं सुख-सेज पर सोई हूँ। प्रियतम की छाती पर लगकर मैं लटक (छाती से लगकर सो रही हूँ) रही हूँ। रोहल कहता है- हिजर=पर्दे की रात्रि मिट गई है और हृदय में ही प्रियतम की महती ज्योति जाग गई है॥ 32॥

प्रश्न, दोहा

सिष्य कह्यो गुरु आपने, मैं हूँ अती अजान।
आतम कूँ किमि जाणिए, किस विधि पड़ै पिछान ॥33॥

शिष्य ने अपने गुरु से कहा- मैं अति अज्ञानी हूँ। आत्म-तत्त्व को कैसे जाना जा सकता है; तथा उसका साक्षात्कार कैसे होता है (कहिये) ॥33॥

गुरु-वाच, चौपाई

सुन तू सिष यह बात हमारी। आपै जानत मिलै मुरारी ॥
आप जानिए बिन नहिं मोख। ताते मिटै न संसा सोक ॥34॥

गुरु-महाराज ने कहा- मेरी बात सुन। स्वयं को जानते ही परब्रह्म-परमात्मा मिल जाता है। स्वयं को जाने बिना मोक्ष नहीं होती और संशय व शोक भी मिटते नहीं हैं ॥34॥

सिष-वाच, दोहा

किस विधि जानूँ आपकूँ, कर किरपा कहौ मोहि।
होवै जिसी कहौ तिसी, सरण पड़्यो अब तोहि ॥35॥

शिष्य ने निवेदन किया-कृपा करके मुझसे कहो कि मैं अपने आपको किस प्रकार जानूँ? बात जैसी हो, वैसी कहो। अब मैं आपका शरणागत हूँ ॥35॥

गुरु-वाच, चौपाई

पूरन ब्रह्म कहै तू सोई। तुझ बिन दूसर नाहीं कोई ॥
काहे कूँ तू भरम भुलाना। देह जोग से आप न जाना ॥36॥

गुरु ने उत्तर दिया- जिसको पूर्ण ब्रह्म कहा जाता है, वही तू है। तेरे अलावा दूसरा कोई ब्रह्म-तत्त्व नहीं है। क्यों तू भ्रमों में भूला पड़ा है। देह को आत्मा से सम्बद्ध कर देने के कारण तूने अपने आपको नहीं जाना ॥36॥

सिष-वाच, दोहा

जिंह समझ्या सो कौन है, अर ना समझ्या सो कौन।
मोकूँ तो अचरज भया, ताते पकड़ी मौन ॥37॥

शिष्य का निवेदन, जो समझ गये हैं, वे कौन हैं तथा जो नहीं समझे, वे कौन हैं? मुझे आश्चर्य हो रहा है, इसलिए मैंने मौन धारण कर लिया है ॥37॥

गुरु-वाच, सवैया

बकवाद करै भावै मौन गहै तत, चीने बिना सुख पावै न भोरा।
आप कूँ खोज संताप फिटाकर, है तुझ पास लखै नहिं दोरा ॥
हाथी की देह में हाथी सो दीसत, घोड़े की देह में दीसत घोड़ा।
रोहल रूप किए सभ आतम, बहुत में बहुता थोरे में थोरा ॥38॥

गुरुजी का उत्तर- हे भोले शिष्य! चाहे खूब बातचीत करो, चाहे मौन रहो; बिना तत्त्व स्वरूप ब्रह्म को जाने, सुख मिलता नहीं। संताप को मिटाकर स्वयं को खोज। तेरा स्वरूप, स्वरूपानन्द तेरे ही पास है, तू दौड़-कर=तत्काल प्रयत्न करके देखता क्यों नहीं। स्वयं का स्वरूपभूत ब्रह्म, हाथी की देह में हाथी जैसा व घोड़े की देह में घोड़ा जैसा दीखता है। सारे रूप आत्मा के बनाये हुए हैं, थोड़े में थोड़ा रूप व ज्यादा में ज्यादा रूपवान है वह ॥38॥

ब्रह्म चख्यूँ सो तो ब्रह्म ही देखत, माया चख्यू सो तो देखत माया।
साधु को संग सो पार लगावत, दुष्ट के संग सूँ पार न पाया ॥
आतम ग्यान बिना सभ मूँझत, भेष बनाइ सँवारत काया।
रोहल राम बसै सब ही घट, ताहि को देख सो नेह लगाया ॥39॥

जिसके पास ब्रह्म-चक्षु हैं, वह सर्वत्र ब्रह्म का ही दर्शन करता है। जिसके माया के चक्षु हैं, वे माया का ही दर्शन करते हैं। साधु की संगति भव-सागर से पार करवा देती है जबकि दुष्ट की संगति से भव-सागर पार नहीं किया जा सकता है। आत्मज्ञान बिना सभी ठगे जाते हैं। शरीर के ऊपर वेश बनाकर शरीर को सुंदर बनाते हैं। रोहल कहता है- रामजी सभी प्राणधारियों में बसता है, उसको प्रेम के द्वारा प्राप्त करो ॥39॥

सिष-वाच, चौपाई

वेद को मत्त भलौ की जोग। जासूँ सब जग करता भोग।
मेरे तुझ बिन और न कोई। जो तुम कहौ करूँ मैं सोई ॥40॥

शिष्य निवेदन करता है, वेद का मार्ग अच्छा है या योग का; जिनके बताये मार्ग से समस्त जगत भोग भोगता है। मेरा आपके बिना और कोई दूसरा नहीं है। आप जो कहेंगे, मैं वही करूँगा ॥40॥

गुरु-वाच, चौपाई

वेदों के मत जगत भुलाया। जोग साधना छीजत काया ॥
अनुभव भगति बिना नहिं मोख। ओ बिन मिटै न संसै सोग ॥41॥

गुरुजी उत्तर देते हैं, वेद-मार्ग में जगत् भूला पड़ा है, योग साधना करने से शरीर क्षीण होता है। बिना भक्ति व आत्मानुभव के मोक्ष नहीं होती और इनके बिना संशय और शोक भी नष्ट नहीं होते ॥41॥

सुन रे चेला बात हमारी। जे चाहौ तुम मिले मुरारी ॥
आप कूँ जान और कूँ त्याग। आत्म राम के चरणौं लाग ॥42॥

हे शिष्य! मेरी बात सुन, यदि तू परब्रह्म-परमात्मा से मिलना चाहता है तो स्वस्वरूप को जान; तदतिरिक्त को त्याग। आत्माराम के चरण-शरणापन्न हो जा ॥42॥

सिष-वाच, दोहा

आतम का अस्थान कहाँ, जहाँ विराजै आप।
मुझ कूँ सूझी ना पड़ै, किस विधि मिटै सँताप ॥43॥

शिष्य ने पूछा- आत्मा का स्थान कहाँ है, जहाँ वह विराजमान रहता है। मुझे कुछ भी समझ नहीं आ रहा है। बताइये, मेरे संताप किस प्रकार मिटेंगे ॥43॥

गुरु-वाच, झूलना

ओ जो सब के नैनाँ सूँ देखता है, बिन आतम देखै सो कौन है जी।
ओ जो सबके मुख सूँ बोलता है, बिन आतम बोलै सो कौन है जी ॥
ओ जो सबके पाँवौ सूँ चालता है, बिन आतम चालै सो कौन है जी।
सब घट में हँसता खेलता है, बिन आतम खेलै सो कौन है जी ॥44॥

यह जो समस्त प्राणियों के नेत्रों के द्वारा देखता है, वह बिना आत्मा के देखने वाला और कौन है? यह जो समस्त प्राणियों के मुँह से बोलता है, वह बिना आत्मा के बोलने वाला और कौन है। यह जो समस्त प्राणियों के पैरों से चलता है, वह बिना आत्मा के, चलने वाला और कौन है? समस्त शरीरों में जो हँसता-खेलता है, बिना आत्मा के जो खेलता है, वह और कौन है?॥44॥

गुरु-वाच, दोहा

सभ घट आतम राम है, अंधिया सूझत नाहिं।
रोहल सूझी तब पड़ै, जब सतगुरु पकड़ै बाँहिं ॥45॥

समस्त शरीरों में (सचराचर में) आत्माराम विराजमान है किन्तु अज्ञान रूपी अंधों को अनुभव होता नहीं है। परमात्मा का ज्ञान तब होता है, जब सद्गुरु महाराज हाथ पकड़ते हैं (ज्ञानाश्रय प्रदान करते हैं) ॥45॥

सतगुरु काया फेरि करि, घड़्या घाट कछु और।
चंचल मन निहचल भयो, अब चल न सकै बेठौर ॥46॥

सद्गुरु महाराज ने काया-कल्प करके नया ही शरीर निर्मित कर दिया अर्थात् ज्ञानोपदेश द्वारा संसारी से अध्यात्म-मार्गी बना दिया। चंचल मन निश्चल हो गया। अब मन बेठौर=बुरी जगह अर्थात् संसार की ओर आकर्षित हो नहीं सकता ॥46॥

चौपाई

जा घट अणभै उपजै आइ। ताकूँ करम न लागै काँइ ॥
जा घट अणभै परगट होइ। ता समान और नहिं कोइ ॥47॥

जिसके अंतर्हदय में आत्मानुभव उदय हो जाता है, उसको कर्मों का बंधन बाँधता नहीं है। जिसके भीतर आत्मानुभव का प्राकट्य हो जाता है, उसके समान और कोई दूसरा नहीं ॥47॥

जा घट अणभै सो बडभागी। आतम बाझ और सभ त्यागी ॥
सब घट देखै आतम राम। मन में मगन सफल भए काम ॥48॥

जिसके घट में आत्मानुभव है, वह बड़ा ही सौभाग्यशाली है। आत्मा के अलावा और सभी का त्यागी है। समस्त प्राणधारियों किंवा सचराचर में आत्माराम को देखता है। मन में ही आनंदित रहता है क्योंकि उसकी समस्त मनोकामनाएँ सफल हो गई होती हैं (आप्तकाम हो गया होता है) ॥48॥

जा घट अणभै पूरन सोइ। ताहि समान और नहिं कोइ ॥
जा घट अणभै सो बादशाह। रोहल सो साहन को साह ॥49॥

जिसको अंतर्हृदय में आत्मानुभव हो गया, वही पूर्ण पुरुष है। उसके समान और कोई दूसरा नहीं है। जिसके अंतर में आत्मानुभव है, वह बादशाह है। रोहल कहता है- वह शाहों का शाह है ॥49॥

आत्म-दर्शी को अंग

चौपाई

आतम दरसै आतम देखै। वा बिन और न कोई पेखै ॥
सभ मँह देखै अपना रूप। ताके मत है अनत अनूप ॥50॥

आत्मदर्शी आत्मा का ही दर्शन करता है। आत्मा के अलावा अन्य को नहीं देखता। समस्त सचराचर में अपना ही रूप देखता है। उस आत्मदर्शी का मत अनंत व अनुपम है ॥50॥

दोहा

ग्यानी देखै आतमा, देखै नहिं अस्थूल।
सब पाकन में पाक सो, जिंह निज कर पकड़्या मूल ॥51॥

ज्ञानी आत्म-तत्त्व का विचार करता है, स्थूल-शरीर का विचार नहीं करता। समस्त पवित्रों में वही पवित्र है। उसने मूल आत्मतत्त्व को हस्तामलकवत् कर लिया है ॥51॥

सवैया

आतम ग्यान भयो जिन कूँ घट, वा बिन और न देखत दूजा।
आप में आप हि लीन भयो पुनि, आपनि सेवा हि आपनि पूजा ॥
काहु कूँ राग न दोष करै पुनि, आप में अलख निरंजन सूझा।
रोहल राम बसै जिनके दिल, ताहि सूँ नेह करै नित तूजा ॥52॥

जिनके घट में आत्म-ज्ञान हो गया है, वे आत्म-दर्शन के अलावा अन्य किसी और का दर्शन नहीं करते। स्वयं, स्वयं में ही तल्लीन रहते हैं। स्वात्मतत्त्व की ही सेवा व उसी की

पूजा करते हैं। न किसी से राग करते हैं न किसी से द्वेष करते हैं। स्वयं में ही अलख निरंजन ब्रह्म सूझता=अनुभव होता है उन्हें। रोहल कहता है- जिनके दिल में रामजी बसते हैं, उसी से आत्मदर्शी नित्य ही ताजा प्रेम करता है ॥52॥

चौपई

आतमदरसी आपहि आप। मिट गई ममता तीनों ताप ॥
छोड्या जप तप सेवा पूजा। आतम बाझि न जानें पूजा ॥53॥

आत्मदर्शी सर्वत्र आप ही आप है। उसकी ममता और तीनों ताप मिट गये होते हैं। आत्मदर्शी जप, तप, सेवा, पूजा छोड़ देता है। आत्मा के अलावा अन्य सेवा-पूजा वह नहीं जानता ॥53॥

ऊँच नीच में आतम देखै। आपहि आप और नहिं लेखै ॥
आपै ठाकुर आपै चेला। ना सो बिछड़्या ना सो मेला ॥54॥

ऊँच-नीच सभी में आत्मा का दर्शन करते हैं। आप, आप में ही रमण करता है। दूसरे, किसी को नहीं देखता। स्वयं ही ठाकुर व स्वयं ही चेला है। न वह किसी से बिछुड़ता है और न किसी से मिलता है ॥54॥

सिख-वाच, कुंडलिया

आतम जानन कठिन है बिरला लखै जो कोइ।
सेवा मत जानूँ नहीं सरण पड़्यो अब तोइ ॥
सरन पड़्यो अब तोहि मेरा कुछ नाहीं दूजा।
मैं हूँ अती अजान करूँ किनकी अब पूजा ॥
होवै जिसी कहौ तिसी जा होवै सा होइ।
आतम जानन कठिन है बिरला लखै जो कोइ ॥55॥

आत्मतत्त्व का जानना किम्वा अनुभव करना कठिन है। जो कोई बिरला होता है, वही आत्मा का दर्शन करता है। सेवा के सिद्धान्त व पद्धतियों को मैं जानता नहीं। अतः मैं आपकी शरण में आ पड़ा हूँ। मेरा दूसरा कोई आश्रय नहीं है। मैं अतीव अज्ञानी हूँ। मैं अब किसकी सेवा-पूजा करूँ। जैसी हो, वैसी मेरे से कहो। जो होनी होगी, वही होगी ॥55॥

गुरु-वाच, सवैया

क्या कहिए कथते न बनें अब, कैसे कहूँ तुम सूँ मुख बातें।
जाहि कूँ चाहत हो तुम सो पुनि, औरों को संग तजौ दिन रातें ॥

है तुझ पास तू जान सकै नहिं, आप कूँ खोज मिले पुनि जाहीं।
रोहल राम बसै उर अन्तर, ताही कूँ जान तजौ और ताहीं ॥56॥

मैं क्या कहूँ, कहते बनता नहीं है। अब कैसे कहूँ तुमसे मुख के द्वारा बातों को। जिसको तुम चाहते हो, वह तुम ही हो। तदतिरिक्त अन्यों की संगति को रात दिन= हमेशा के लिये छोड़ दो। ब्रह्म-तत्त्व तेरे पास ही है किन्तु तू उसको जान नहीं पा रहा। तू अपने आप को खोज, जिससे कि वह ब्रह्म-तत्त्व तुझ स्वयं में ही मिल जाये। रोहल कहता है- रामजी हृदय-अंतर में बसता है, उसी को जानों और अन्यों को त्याग दो ॥56॥

आपके जाने बिना नहिं सूझत, आप कूँ जान सदा सुख पावै।
आप विचार करै नहिं मूरख, और के संग सदा दिल लावै ॥
कौन सी मत्ति भई तुम कूँ अब, आप सूँ आप न नेह लगावै।
रोहल राम दुहाई कहै सत, आतम बाझि तू मोख न पावै ॥57॥

स्वयं को जाने बिना स्वयं का अपरोक्षानुभव नहीं होता। आप स्वयं को जानने पर ही सदा-सर्वदा आनंद प्राप्त होता रहता है। मूर्ख अपने आपका चिंतन, मनन व निदिध्यासन करता नहीं प्रत्युत् अन्यों के साथ मन को संयोजित करता है। ऐसी कौन-सी बुद्धि का आश्रय तूने ले लिया है कि तू स्वयं ही स्वयं से प्रेम नहीं करता। रोहल रामजी की सौगंध खाकर कहता है कि सत्य केवल आत्माराम नामक तत्त्व है। अन्य तत्त्वों से तू मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकता ॥57॥

सिख-वाच, चौपाई

आतम को अब कैसे जानूँ। देखे बिन सो कैसे मानूँ ॥
करि किरपा अब भाखौ वैन। आतम मिल पाऊँ सुख चैन ॥58॥

शिष्य पूछता है- आत्मा को मैं अब कैसे जानूँ। बिना उसको देखे, उसको कैसे मानूँ कि आत्मतत्त्व भी जानने योग्य कुछ है। कृपा करके अब अपने वचन कहो जिससे कि आत्मा के मिलने से सुख-शांति प्राप्त करूँ ॥58॥

सतगुरु सो सत भाव बतावै। सिष्य समझ अपरम पद पावै ॥
मैं मूरख हूँ अती अजान। करि किरपा समझावौ स्यान ॥59॥

सद्गुरु वह है जो सत्य-भाव का उपदेश देता है। शिष्य उसको समझकर अपरम=परमोच्च पद को पाता है। मैं मूर्ख व अति अज्ञानी हूँ। कृपा करके सयान=सयानापन (ज्ञानोपदेश) का उपदेश करो ॥59॥

गुरु-वाच, दोहा

जिस पद में जप तप नहीं, अरु नहीं हार नहिं जीत।
सो पद पूरण तब मिलै, जब ले पूर्ण परतीत ॥60॥

जिस परमपद में न कोई जप, न कोई तप है और कोई न हार अथवा जीत है। वह पूर्ण परमपद तब मिलता है जब पूर्ण प्रतीति=पूर्ण विश्वास होता है ॥60॥

चौपाई

सुन रे चेला अकथ कहानी। पूरण पद कहूँ ब्रह्म वाणी ॥
हित चित सूँ सुन अंतर खोल। सिर देवौ तन मन सूँ तोल ॥61॥

गुरु कहते हैं- हे शिष्य! परमपद=ब्रह्म-पद की अकथ कहानी सुन। पूर्णपद ब्रह्मवाणी है। अन्तर्हृदय को खोलकर श्रद्धा सहित सुन कि यह उपदेश मेरे लिए हितकारी है। तन-मन सहित अपना सिर भी=सर्वस्व समर्पण कर ॥61॥

सिष-वाच, दोहा

किस विधि तन मन दीजिए, अर किस विधि दीजे सीस।
कर किरपा सरणै पड़्यो, नाम करौ बख्सीस ॥62॥

शिष्य ने पूछा- किस प्रकार तन व मन तथा किस प्रकार मस्तक समर्पित करूँ। कृपा करो। मैं शरण में आ पड़ा हूँ। मुझे भगवन्नाम बक्षीश करो ॥62॥

गुरु-वाच, कवित

बार बार कहूँ तोहि, सावधान क्यूँ न होइ,
झूठे परपंच मँह, काहे दिल बांधी है।
आप कूँ पिछाण देखि, कैसी तो है जात तेरी,
अग्यानि होकै फाँसि पड़्यो, संसै बुद्धि खाधी है ॥
समझ कै विचारि देखि, जीवन के चारि दिन,
सोई पहुँचौ सत कहूँ, मुक्ति गुन लाधी है।
आतमा के जाने बिना, अनेकहूँ फाँसी पड़ी,
जाके कटे बंध सो तो, रोहल घर हादी है ॥63॥

पाठांतर : मुए पीछै सत्य कहूँ मुक्ति कौन लाधी है।

गुरुजी चेताते हुए कहते हैं- तेरे से बार-बार कहता हूँ, क्यों सावधान होता नहीं।

झूठे प्रपंच से दिल को क्यों बाँध रखा है? अपने आपको पहचान कर देख कि तेरी जाति कौनसी है (आत्मा है, अथवा देह है)। तू अज्ञानी होकर फाँसी में फँस गया है क्योंकि तुझको संशयात्मक बुद्धि ने खा रखा है। तू समझकर विचार और देख कि जगत् में जीवन सीमित समय के लिए है। सत्य कहता हूँ, मरने के पश्चात् वही परब्रह्म-परमात्मा तक पहुँचता है जिसको मुक्ति रूपी गुण प्राप्त हो गया है। बिना आत्मानुभव के अनेक प्रकार के फाँसी के फँदे हैं। जिसके बंधन कट गये हैं, वही रोहल के घर का पथ-प्रदर्शक है ॥63॥

सिष-वाच, दोहा

किस विधि ए बंधन कटै, फाँसी टूटै किमि।
मैं तो अति अग्यान हूँ, तुम कह समझावौ हमि ॥64॥

शिष्य ने प्रश्न किया, यह बंधन किस प्रकार कट सकता है? फाँसी किस प्रकार कट सकती है? मैं अतीव अज्ञानी हूँ। अतः आप मुझको समझाकर कहो ॥64॥

गुरु-वाच, सवैया

केते प्रकार कह्यो तुम कूँ, समझाइ रह्यो समझै नहिं भोरा।
आतम तत्त बसै उर अंतर, ताहि पिछान सकै नहिं ढोरा ॥
कौन सी बुद्धि भई तुमरी अब, आप न जानैं करै नित झोरा।
आतम ग्यान बिना नहिं सूझत, रोहल भागि रहै अति कोरा ॥65॥

हे भोले! मैंने तुमको कितने ही प्रकार से कहा है, समझाता रहा हूँ किन्तु तुम समझते ही नहीं हो। आत्म-तत्त्व हृदय के अन्दर ही बसता है किन्तु ढोर=पशु तुल्य मूर्ख! तुम इस आत्म-तत्त्व को पहचान नहीं पाते हो। अब तुम्हारी बुद्धि किस प्रकार की हो गई है कि स्वयं के स्वरूप को तो पहचानते नहीं, ऊपर से नित्य ही प्रपंच करते हो। बिना ज्ञान के आत्मा का अनुभव होता नहीं और अन्त समय में बिना ज्ञान के कोरा का कोरा गमन करता है ॥65॥

उपदेस किये कितने तुम कूँ सुन मूरख तू खिन भी नहिं जान्यो।
मेरौ कह्यो तुम कान सुन्यो नहिं, झूठों की बात सेती मन मान्यो ॥
और उपाइ तजौ सभ ही तुम, आतम ग्यान जानौं उर आन्यो।
रोहल राम बसै तिनके घट, जिन निज आतम तत्त पिछान्यो ॥66॥

हे मूर्ख! सुन, तेरे को मैंने कितने ही उपदेश सुनाये किन्तु तू ने लेशमात्र ज्ञान भी नहीं सीखा। मेरे उपदेश को तू ने कान लगाकर सुना नहीं जबकि जो झूठे तत्त्व के उपदेशक थे उनकी बातों को मन से मानी। तुम अन्य सभी उपायों को त्याग दो और हृदय में ज्ञान को

धारण करके आत्मज्ञान को जानो। जिन्होंने निज-आत्मतत्त्व को जान लिया है, रोहल कहता है- रामजी उनके ही घट में बसता है ॥66॥

सिष-वाच, सवैया

और उपाइ तजे सब ही अर, तेरौ कह्यो सिर ऊपर मानूँ।
और को संग तजूँ अब ही सब, तेरौ कह्यो उर अंतर आनूँ ॥
तुम हो दयाल करौ किरपा मुझ, अंतर आतम तत्त पिछानूँ।
अब काट के सीस धरूँ चरणों पर, रोहल और कछू नहिं जानूँ ॥67॥

शिष्य ने निवेदन किया- मैंने अन्यान्य सभी उपायों को त्याग दिया है और आपके उपदेश को सिर-माथे पर ले लिया है। अब अन्यों की सभी संगति को त्याग-कर आपका उपदेश हृदय में धारण करता हूँ। आप दयालु हैं, मेरे ऊपर कृपा करो ताकि अन्तर में विराजित आत्म-तत्त्व को जान सकूँ। अब अपना मस्तक काट-कर आपके चरणों में धरता हूँ अर्थात् सर्वात्म-समर्पण करता हूँ। रोहल कहता है- इसके अलावा और कुछ भी मैं नहीं जानता ॥67॥

गुरु-वाच, कवित्त

आतमा कूँ जान भावै, बैठ भावै रटन कर,
निर्भय को ग्यान जानै, ताकूँ कैसी हानी है।
आप ही कूँ आप जान, और की तू बात छाडि,
आप कूँ विचारि देखि, तेरौ सब जानी है ॥
छाडि दे अनर्थ अब, अर्थ कूँ पिछानौ तुम,
तोहि माहीं ठाकुर अर, तोही माहीं ग्यानी है।
काहे कूँ तू मूझ पर्‌यो, आप कूँ विचार रोहल,
तेरौ निरबंध रूप, खानन की खान है ॥68॥

आत्मा-तत्त्व के बोधानन्तर चाहो तो बैठ जाओ, चाहो तो आत्म-तत्त्व का मुहुर्मुहु रटन=चिंतन-मनन करो। जो निर्भय तत्त्व आत्म-ज्ञान को जानता है, (बोध सम्पन्न है) उसको किसी प्रकार की कोई हानि नहीं है। तू स्वयं को ही स्वयं जान। अन्यों की बात=चिंता को छोड दे। अपने आपका विचार करके देख, सब कुछ तेरी ही जानी जान=निज-आत्मा है। अब अनर्थों को त्याग दे। अर्थ को पहचान। तेरे भीतर ही ठाकुर है और तेरे अंदर ही ज्ञानी है। तू क्यों मूझ=भ्रम में फँसा पड़ा है। अपने आप का विचार कर। तेरा स्वरूप तो निर्बंध है जो खानों की खान=भंडार है ॥68॥

सिष-वाच, चौपाई

जो गुरु कह्यो सगल सो मान्यो। ब्रह्म स्रूप मैं सब घट जान्यो ॥
मम मति तजि चेतन मति आई। किस विधि सभ में रहूँ समाई ॥69॥

आप गुरु ने जो कुछ कहा- उस समस्त को मान लिया। 'समस्त प्राणियों में ब्रह्म है', मैंने इसको जान लिया। 'मैं कार' बुद्धि को त्यागकर चैतन्य='आत्माकार-मति' धारण कर ली है। और यह भी अनुभव परिपक्व हो गया कि ब्रह्म रूप मैं किस प्रकार समस्त सचराचर में समाया हुआ हूँ ॥69॥

गुरु-वाच, कवित्त

आतम ही तेरौ बाप, काहे कूँ तू करत जाप,
ब्रह्म ही सरूप तेरौ, काहे कूँ भुलानौ है।
आप ही यह बाजी रची, ताही कूँ तू जान कची,
आपै पुरुष आपै नारी, आप सूँ खिलानौ है ॥
आपने कियोड़े काम, तामें परफूल पड़्यो,
जानबूझ भयो जड़, भूल को बहानौ है।
समझ कै विचारि देखि, भूल ते यह मंड मांड,
रोहल सो जानै भेद, जो ग्यान में झुलानौ है ॥70॥

गुरु ने कहा- आत्मा ही तेरा पिता है। क्यों तू जाप करता है। तेरा असली स्वरूप ब्रह्म है। तू क्यों अपने असली स्वरूप को भूला पड़ा है। यह संसार रूपी बाजी तू ने ही रची है फिर भी तू इसको मिथ्या ही जान। तू स्वयं ही पुरुष तथा स्वयं ही नारी है और तू स्वयं ही इस जगत् में व्यवहार करता है। अपने किये हुए कर्मों में ही तू प्रफुल्लित हुआ पड़ा है। जान-बूझकर मूर्ख बना हुआ है और बहाना भूल का बनाता है। समझ व विचार कर देख। भूल के कारण ही इस ब्रह्मांड का मंडान दिखता है। रोहल कहता है- जो इस रहस्य को जानता है, वह ज्ञान रूपी झूले में झूलता है ॥70॥

सिष-वाच, चौपाई

सुनौ गुरुजी मेरी बात। तुझ बिन मेरा तात न मात ॥
जो तुम कह्यो सो निहचौ आयो। जिसको ढूंढत सो फल पायो ॥71॥

शिष्य ने कहा- गुरुजी! मेरी बात सुनो। आपके अलावा मेरे और कोई माता-पिता नहीं है। आपने जो कुछ कहा है, उसका निश्चय मेरे मन में स्थिर हो गया है। जिसको मैं ढूंढता था, वह फल मुझको मिल गया है ॥71॥

बडौ हमारो भाग सो तबही। तुम जैसो गुरु भेट्यो जबही ॥
अब कुछ संक रही मन माँह। सगल मिटाओ पकड़ौ बाँह ॥72॥

हमारा बडा भाग्योदय तब हुआ, जब आप जैसे गुरु से भेंट हुई। अब भी मन में जो शंकाएँ रह गई हैं, उन सभी को मिटाकर मेरी बाँह पकड़ लो, अर्थात् मुझे शरणाश्रय प्रदान करो ॥72॥

गुरु-वाच, सवैया

जो कुछ संक रही तुम कूँ अब, कह समझाउँ सुनौ अब कैसी।
ताका सो औषध बेग करूँ सुन, जैसी है बात बताउँगा तैसी ॥
काहे कूँ सोक करै अब मूरख, आपनि जात पिछानहु जैसी।
जे तुम ब्रह्म मिल्यौ अब चाहत, रोहल राम मिलै दिल वैसी ॥73॥

गुरु उत्तर देते हुए कहते हैं- तुम्हारे मन में अब भी जिस प्रकार की जो भी शंका रह गई है, उसको अब कहकर समझा देता हूँ; सुनो उसका उपाय (औषध) मैं शीघ्रतापूर्वक करूँगा। सुन, तेरी जैसी शंका है, तदनुकूल ही उत्तर दूंगा। हे मूर्ख! अब भी शोक क्यों कर रहा है। तू अपनी जाति=वास्तविक स्वरूप को वैसा ही पहचान, जैसा वह है। यदि तू अब ब्रह्म से मिलना चाहता है तो दिल में वैसा ही राम मिल जायेगा ॥73॥

सिष-वाच, दोहा

सभ को कह ब्रह्म एक है, मोकूँ कहि समझाइ।
एक ऊँच इक नीच है, सगल बराबर नाँइ ॥74॥

शिष्य पूछता है, सभी कहते हैं, ब्रह्म एक है। यह मुझ को कहकर समझा दो। कोई ऊँचा है, कोई नीचा है, सभी बराबर नहीं है॥ (फिर, एक ब्रह्म कैसे सिद्ध होता है) ॥74॥

गुरु-वाच, दोहा

ना कुछ ऊँच न नीच है, सम करि जानैं एक।
रोहल सूझी तब पड़ै, जब खुलै विचार विवेक ॥75॥

न कोई ऊँच है, न नीच है। सभी को समान जानकर एक मानो। रोहल कहता है- तब ही जानने में आता है कि ब्रह्म एक है जब विवेक तथा विचार का उदय होता है ॥75॥

सिष-वाच, चौपाई

इक कहिए जोरू इक कहिए मात। सम करि जाने बनैं न बात ॥
इसी बात में संसा जानूँ। कह सतगुरु मैं कैसे जानूँ ॥76॥

शिष्य प्रश्न करता है, एक स्त्री पत्नी कहलाती है, दूसरी माता कहलाती है। यदि दोनों को एक करके मानूँ तो बात बनती नहीं, उनसे पृथक्-पृथक् व्यवहार होना संभव नहीं। इसी तरह की बातों को लेकर मन में संशय है। हे सद्गुरु महराज! कहो, मैं कैसे इस तत्त्व को जानूँ ॥76॥

गुरु-वाच, कवित्त

हद में तो कहिए भाई भैन, ताकूँ मानै लोक सभ,
बेहदी में जोरू मात, एक ब्रह्म जानिए।
ग्यानी सो जो ग्यान के, प्रकास ते विचार देखै,
हद की जो बात सो तो, हद में ही मानिए ॥
भैन कूँ तो भैन जानै, मात कूँ तो मात मानै,
जोरू सूँ तो करत भोग, संत सो बखानिए।
ग्यानी के अनेक लोचन, भली बुरी सभ जानै,
रोहल यह रमज समझ, हिरदै माँह आनिए ॥77॥

हद=संसार में तो भाई-बहिन कहलाते हैं, समस्त लोक व्यवहारतः ऐसा ही मानता है, किन्तु बेहद=परमार्थ में पत्नी व माता में विद्यमान आत्म-तत्त्व तो एक ब्रह्म ही है। ज्ञानी, ज्ञान के प्रकाश में विचार करके देखते हैं। हद=व्यावहारिक जगत् में व्यावहारिक बातें ही मानी जाती हैं। (केवलाद्वैत-सिद्धांत में पारमार्थिक, व्यावहारिक व प्रातिभासिक तीन सत्ताएँ मानी गई हैं। यहाँ हद को व्यावहारिक व बेहद को पारमार्थिक सत्ताएँ मानी गई हैं।) व्यवहार में बहिन को बहिन, माता को माता माना जाता है। पत्नी को पत्नी मानकर भोग भोगा जाता है, वह संत=सज्जन=ज्ञानी कहलाता है। ज्ञानी के पास एक नहीं, अनेक दृष्टियाँ= अन्तर्दृष्टि होती हैं जिनसे भली-बुरी सभी को भली-प्रकार जानता है। रोहल कहता है- इस रहस्य को जानकर हृदय में स्थापित कर लीजिये ॥77॥

सिख-वाच, दोहा

जो उत्तर सतगुरु दियो, सो फल प्रगट्यो आइ।
जैसा था तैसा भया, अब कछु कह्यो न जाइ ॥78॥

सद्गुरु ने जो उत्तर दिया, वह फल अब आकर प्रकट हो गया। जैसा था, वैसा ही आत्मस्वरूप हो गया। अब कुछ कहते बनता नहीं ॥78॥

क्या कहिए कासूँ कहूँ, मुख सूँ बनै न बात।
जहाँ देखूँ तहाँ आतमा, सभ साहब की जात ॥79॥

क्या कहूँ, किससे कहूँ, मुँह से बात कहते बनती नहीं। जहाँ देखता हूँ, वहाँ आत्मा ही आत्मा का दर्शन होता है, सब ही परब्रह्म-परमात्मा के अंश या स्वरूपभूत हैं। (इस्लाम में अल्लाह की जात का तात्पर्य, केवलाद्वैत-सिद्धान्त में 'ब्रह्म का ही स्वरूपभूत' होता है ॥79॥

चौपाई

जो गुरु कह्यो सो निश्चै आयो। आप आप को दरसन पायो ॥
जहाँ देखूँ तहाँ निरमल नूर। सर्व वियापी है भरपूर ॥80॥

गुरु महाराज ने जो कुछ कहा, वह मेरे मन में निश्चय हो गया। मैं स्वयं ने मेरा अपरोक्षानुभव स्वयं के रूप में कर लिया। जहाँ देखता हूँ, वहाँ निर्मल नूर ही दिखता है। वह सर्व व्यापक है, सचराचर में भरपूर है ॥80॥

गुरु-वाच, दोहा

गुरू कह्यो सिष धन्य तू, भली समझ तुम कीन।
आतम सूँ ऐसे मिल्यो, ज्यूँ जल मध्ये मीन ॥81॥

गुरुजी ने कहा- हे शिष्य! तू धन्य है। तू ने भलीप्रकार ज्ञान का अनुभव कर लिया है। आत्मतत्त्व से मिलकर तू उसी प्रकार एकाकार हो गया, जैसे जल में मीन मिली रहती है ॥81॥

सिष-वाच, सवैया

जा दिन ते गुरु सर्ण पर्यो तब, ता दिन ते ममता मति भागी।
मस्तक ऊपरि हाथ धर्यो जब, केती प्रकार भली बुधि जागी ॥

ज्यूँ रोगी प्रगटे सुनि जात, उपाव किये हरि सूँ लिव लागी।
रोहल राम रह्यो उर अंतर, औराँ के संग की बात है त्यागी ॥82॥

शिष्य कहता है- जिस दिन से मैं गुरु की शरण में आया हूँ उस दिन से ममता-मयी बुद्धि नष्ट हो गई। जबसे मस्तक पर हाथ रखा, तबसे कितनी ही प्रकार की भली बुद्धि जागृत हो गई। जिस प्रकार रोग के होने व उपाय करने से उसका शमन हो जाता है, ऐसे ही राम-नाम-स्मरण रूपी उपाय से हरि के प्रति चित्त-वृत्ति लग जाती है। रोहल कहता है- मेरे हृदय में रामजी विराजमान हो गया है। अतः मैंने औरों के संग की बात को त्याग दी है ॥82॥

गुरु-वाच, दोहा

जाकूँ कहता और तू, सो तो तेरौ रूप।
ग्यान कँडे में तोलिए, तू एक हि अलख अनूप ॥83॥

गुरुजी कहते हैंहे शिष्य! जिसको तू अन्य कहता है, वह तत रूप ब्रह्म ही त्वम् रूप तेरा वास्तविक स्वरूप है। यदि ज्ञान रूपी तराजू में तोला जाए तो तू ही एक, अलख अनुपम ब्रह्म है ॥83॥

झूलना

एक अलख्य अनेक किया रँग, केते प्रकार के रूप धरे हैं।
चोर बन्या कहुँ साधु बन्या कहुँ, डूबत है कहुँ पार परे हैं ॥
जाँ पै कृपाल भयो गुरु पूरन, आप सूँ आप में जात जरे हैं।
रोहल रूप अरूप धर्‍या बहु, किन जानिया के मुज्झ खरे हैं ॥84॥

एक अलक्ष्य ब्रह्म ने ही अनेक रंग उत्पन्न किये और कितने ही प्रकार के रूप धारण किये हैं। कहीं चोर बना है। कहीं साधु बना है। कहीं डूबता है। कहीं दूसरी ओर पार होता है। जिसके ऊपर गुरु पूर्णरूपेण कृपालु है। वे स्वयं में स्वयं जर (जर=जरणा का लघु रूप। जरणा सहनशीलता, क्षमा, एकरसता, एकरूपता आदि कई अर्थों में प्रयुक्त होने वाला शब्द है। संत साहित्य का सुपरिचित शब्द है।) जाते हैं=स्वयं में स्वयं समरस=एकाकार हो जाते हैं। रोहल कहता है- अरूप ब्रह्म ने अनेक रूप धारण किये। किसी ने तत्त्व से जान लिया, कोई निरा मूर्ख का मूर्ख ही बना हुआ है ॥84॥

सिख-वाच, सवैया

जो उपदेस कियो गुरु पूरण, सो अपने दिल लागि रह्यो है।
जैसे चकोर के चाँद बसै मन, और की प्रीति कूँ त्यागि रह्यो है ॥

ग्यान को दीप प्रगास भयो जब, अग्यान अँधेरौ सो भाग रह्यो है।
रोहल राम बसै जिनके घट, दोइ की नींद सूँ जाग रह्यो है ॥85॥

पूर्ण गुरु ने जो उपदेश दिया, वह अपने दिल में वैसे ही धारण कर लिया है जैसे चकोर के मन में चन्द्रमा बसता है। चकोर चन्द्रमा के अलावा अन्यों के प्रति प्रीति को त्याग देता है। जब ज्ञान रूपी दीपक का प्रकाश हो गया, तब अज्ञान रूपी अँधेरा भाग जाता है। रोहल कहता है- जिसके हृदय में रामजी बसता है, वे द्वैत रूपी रात्रि से जाग जाते ॥85॥

गुरु-वाच, दोहा

एक कहाँ ते दो दिसै, अर दो कहाँ तो झूठ।
इन दोनों के बीच में, उलटी समझ अपूठ ॥86॥

यदि एक कहता हूँ तो दो ही दिखते हैं और दो कहता हूँ तो वह झूठ है। इन दोनों के मध्यम में विवेक उलटकर वापिस आ गया ॥86॥

उलटी आँटी फेर करि, जिन जान्यो निज नाम।
रोहल ताके चरन वँद, सफल होत सभ काम ॥87॥

ग्रंथी को उल्टी घुमाकर जिन्होंने निज नाम-तत्त्व को जाना, उनके चरणों की वन्दना करने से सारे कार्य सफल होते हैं ॥87॥

कुंडलिया

रोहल अदभुत ग्रंथ में उलटे वचन अनेक।
समझैगा को संतजन जाँ घट खुल्यो विवेक ॥
जाँ घट खुल्यो विवेक सुनौ वाँकी गति न्यारी।
पिया पियाला प्रेम चढ्या तहि इश्क खुमारी ॥
ग्यान कला में उलट सुलट जाइ मिल्यो रब एक।
रोहल अदभुत ग्रंथ में उलटे वचन अनेक ॥88॥

रोहल कहता है- अद्‍भुत ग्रंथ में अनेक वचन उलटे हैं। इनको कोई संत-जन ही समझेगा जिसके घट में विवेक जागृत हो गया है। जिसके घट में विवेक जागृत हो गया है, उसकी चाल-चलगत विलक्षण होती है। उन्होंने प्रेम का प्याला पी लिया होता है जिससे उन पर इश्क का नशा चढ़ जाता है। ज्ञान-कला में उलट-पलट होकर एक परमात्मा में जाकर समरस हो जाता है ॥88॥

दोहा

आतम दरसी आतमा, सहजे रह्यो समाइ।
रोहल रँग लागो तहाँ, बाहर पैर न पाइ ॥89॥

आत्मदर्शी आत्मा सहज-भाव में समाहित रहती है। वहीं का रंग उसको लगा हुआ है जिस कारण वह अपना पैर बाहर तक नहीं रखती ॥89॥

बाहर अंतर एक है, पिंड ब्रह्मँड के पास।
सर्व वियापी आतमा, ज्यूँ घट माहिं अकास ॥90॥

बाहर, भीतर सर्वत्र पिंड, ब्रह्मांड में एक ही तत्त्व है। आत्मा उसी प्रकार सर्वव्यापी है जैसे घड़े में आकाश समाहित हुआ रहता है ॥90॥

झूलना

मिल्या आप सूँ आप तज्यो जप जाप न, पुण्य न पाप जो सोहं विचारी।
आदि अरूप धर्यो अब रूप, सँसै पड़ कूप भया ब्रह्मचारी ॥
आगै अलेख किये अब भेष, सही ब्रह्म एक हुआ घट धारी।
अब रोहल काँह सही ब्रह्म माँह सो, दूसरौ नाहिं पड़ी सुध सारी ॥91॥

अब स्वयं में स्वयं मिल गया। जप-जाप को त्याग दिया। न पुण्य, न पाप ही शेष रहे। केवल सोऽहं का विचार=चिंतन-मनन शेष रहा। आदि अरूप ब्रह्म ने रूप धारण किया। संशय के कूप में गिरा भी किन्तु अब ब्रह्मचारी=ब्रह्मरूप हो गया है। पहले अलक्ष्य था। अब शरीर धारण करके प्रत्यक्ष हो गया। एक ब्रह्म ही शरीरधारी हो गया। अब रोहल कहाँ है? वस्तुतः ब्रह्म-मय है। ब्रह्म से भिन्न, दूसरा नहीं। अब समस्त ज्ञान=अद्वैत रूप होने का पूर्ण ज्ञान हो गया ॥91॥

दोहा

रोहल रसना राम की, खुलिया अनुभव अर्थ।
अपने मुख सूँ आप ही, रचियो अदभुत ग्रंथ ॥92॥

रोहल की रसना पर रामजी के अनुभव का अर्थ प्रकट हो गया। अपने स्वयं के मुख से स्वयं ने ही अद्‌भुत ग्रंथ की रचना की ॥92॥

रहि ध्याता दुइ इति किया, पोथी है निज सार।
रोहल रसना क्या कहै, जो थागे सकल विचार ॥93॥

ध्याता व ध्येय के रूप में रहने वाले द्वैत को नष्ट कर डाला। यह ग्रंथ उसी ज्ञान का सार तत्त्व है। रोहल अब जिह्वा से क्या कहे क्योंकि ब्रह्मानुभूति के पश्चात् समस्त विचारों का प्रवाह रुक गया ॥93॥

रोहल रसना क्या कहै, आतम रस की बात।
बिन जिभ्या कैसे कहै, ज्यूँ गूंगे गुड़ की बात ॥94॥

आत्म-रस की बातें रसना कैसे व क्या क्या कहे। गूंगा गुड़ का स्वाद बिना जिह्वा के कैसे कह सकता है?॥94॥

॥ इति शास्त्र अद्‌भुत ग्रंथ संपूर्ण समाप्त ॥

छन्द विगत : सवैया-इंदव 19 ॥ चौपाई 21 ॥ दोहा 29 ॥ कवित्त-मनहर 6 ॥ कुंडलिया 5 ॥ झूलना 14 ॥ सर्व छंद 94 ॥

शास्त्र सर्वज्ञान निज-मूल ग्रन्थ

दोहा

सब का साहब हम हूँ साधौ, रोहल नाम धराया।
हुता विदेह देह नहिं धारी, जल में वंस पठाया ॥1॥

हे साधो! मैं ही सब का साहिब हूँ। मेरा नाम रोहल है। मैं विदेह था, देहधारी नहीं था। मैंने ही जल में वंश को भेजा ॥1॥

अविगत धाम बना जाइ बैठा, हुकम रचना का दीना।
ओही है सो वंस हमारा, जिस विसतारा कीना ॥2॥

अविगत-धाम बना-कर जा बैठा। सृष्टि रचने का आदेश दिया। वही हमारा वंश है, जिसने समस्त रचना का विस्तार किया ॥2॥

अखै महल बनिया चौबारा, सेत सेज गढ़ भारा।
झिलमिल जोति अखंडी जागी, उचर्‌या सब्द ओंकारा ॥3॥

अक्षय नामक महल पर चौबारा बना है। श्वेत शैया व विशाल गढ है। वहाँ अखंडित झिलमिल ज्योति प्रकाशित हो रही है और ओमकार शब्द का उच्चारण होता है ॥3॥

चौपाई

सोइ मेरा वंस नाम अविनासी। होइ रह्या ॐ गंगा वासी ॥
अविनासी मुँ निरंजन काल। काल माहिं परकृति बरहाल ॥4॥

जिसका नाम अविनाशी है, वही मेरा वंश है। वह ॐ गंगा-वासी है। उस अविनाशी से निरंजन काल व काल में से प्रकृति का प्राकट्य हुआ ॥4॥

परकीरति मूँ महतत कीया। महतत मूँ तामस थीया ॥
तामस मूँ सकती होई। सकती मूँ अकास तत सोई ॥5॥

प्रकृति में से महतत्त्व किया। महतत्त्व (बुद्धि) में से तामस को किया। तामस में से शक्ति होती है। शक्ति में से आकाश तत्त्व होता है ॥5॥

आकास मूँ सपरस परकास्या। सपरस मूँ पवन उपास्या ॥
पवन मूँ जोती प्रगटानी। जोत मूँ भइ तेज निसानी ॥6॥

आकाश से स्पर्श तत्त्व का प्रकाश हुआ। स्पर्श में से पवन उत्पन्न हुआ। पवन में से ज्योति का प्राकट्य हुआ। ज्योति में से तेज उत्पन्न हुआ ॥6॥

तेज मूँ सुखम रस उपाया। सुखम रस मूँ जल तत ठहाया ॥
जल मूँ होई पैदा गंध। गंध मूँ भूमी तत्त बनंत ॥7॥

तेज में से सूक्ष्म रस उत्पन्न हुआ। सूक्ष्म रस में से जल-तत्त्व उत्पन्न हुआ। जल में से गंध पैदा हुई। गंध में से पृथिवी-तत्त्व बना ॥7॥

भूमी तत मूँ ईश्वर होया। ईश्वर मूँ जड़ चेतन उपजोया ॥
इन दोनाँ ते तीन गुण कीना। तीन गुण मूँ पाप छोत लीना ॥8॥

भूमि से ईश्वर तत्त्व हुआ। ईश्वर में से जड़ व चेतन उत्पन्न हुए। इन दोनों से तीन गुणों को बनाया। तीन गुणों में से पाप व स्पर्शास्पर्श विचार उत्पन्न हुआ ॥8॥

सुखम नव तत का भया सरीरा। जिस मूँ इंद्रिय रंग धीरा ॥
तमो सतो रजो मूँ मन राजा। इन स्रब ही मिल कीना अंड समाजा ॥9॥

नव-तत्त्वों का सूक्ष्म शरीर बना। जिसमें से इंद्रियादि के रंग=प्रकार निर्धारित हुए। सत्त्व, रज व तम गुण में राजा मन है। इन सभी ने मिलकर अंड (शरीर) निर्मित किया ॥9॥

अंड माहिं निज अंस समाया। उन्हा आदी पुरुष उपाया ॥
उपज्या आदि पुरुष मूँ पदम। जिस मूँ सगल भवन को सदम ॥10॥

अंडे में मैंने अपना अंश समाहित किया। उसने फिर आदि-पुरुष को बनाया। आदि-पुरुष में से पद्म की उत्पत्ति हुई जिसमें से समस्त ब्रह्मांड का सदम हुआ ॥10॥

सदम मूँ ब्रह्मा देह धारी। ब्रह्मा मूँ सिव ब्रह्मचारी ॥
सिव मूँ विष्णु 'सदा तप कीनी'। अन्तर सर्व अगम धर लीनी ॥11॥

पाठांतर : जिस उतपति कीनी

सदम से ब्रह्मा ने देह धारण की। ब्रह्मा में से ब्रह्म में रमण करने वाले शिव उत्पन्न हुए। शिव में से विष्णु की उत्पत्ति हुई जो सदा तप करने वाले हैं और जिसने अंतर में सर्व अगम्य को धर लिया ॥11॥

राजस मूँ भई आदी माया। आदि माया सूँ सर्व बीज उपजाया ॥
तीन भव लोक तीन का कीना। स्वर्ग लोक देवता कूँ दीना ॥12॥

राजस में से आदि माया हुई। आदि माया से समस्त बीज उत्पन्न हुए। तीन अलग-अलग के लिये तीन लोक बनाये। स्वर्ग-लोक देवताओं को दिया ॥12॥

अंत दिग लोक भूतन कौं सौंप्या। भूमि लोक माहिं मानवै जौंप्या ॥
असुर लोक दूजी भूमि माहिं राख्या। महरलोक मँह जन चोखे बाख्या ॥13॥

अंतिम दिक्लोक भूतों को दिया। भूलोक मानवों को दिया। असुरों का लोक अन्य भूमि में रखा। महर्लोक में अच्छे लोगों को रखा ॥13॥

सतलोक मँह तप करने वारा। वैकुंठ लोक मँह भगती करने वारा ॥
सुर असुर जोगी संन्यासी तपसी। रिखीसर जती सिद्ध खट दरसी ॥14॥

सतलोक में तप करने वालो को व वैकुंठ-लोक में भक्ति करने वालों को रखा। सुर, असुर, योगी, संन्यासी, तपसी, ऋषीश्वर, यती, सिद्ध, षड्दर्शनी (इन सभी को वैकुंठ में रखा)॥14॥

छतीस पाखंड महिं बरतै लोक। बारह बहतर पंथ हिन्दू तुरक ॥
ए सर्व लोक चारों लोक माहीं वासा है। ए काल का एक गिरासा है ॥15॥

लोक में छत्तीस पाखंड प्रवर्तमान हैं। हिन्दुओं के बारह व तुर्कों के बहत्तर पंथ हैं। इन सभी लोगों का निवास चारों लोकों में है और ये सभी काल के एक ग्रास के बराबर हैं ॥15॥

जे कोई अवतार लोक है। सोई सर्व काल सरूप है ॥
आकार जे कोई है। नाम रूपी बंधन है ॥16॥

जो भी कोई अवतार लोक हैं, वे भी सभी काल के ग्रास हैं। जो भी कोई आकारवान हैं, वे नाम व रूप धारी सभी बन्धन में ही हैं ॥16॥

इकीस ब्रह्मांड है। ए तो जम काल विणासी है ॥
जे कोई पुरुष लोक है। संत फकीर बसत है ॥17॥

इकीस ब्रह्मांड कहे जाते हैं। ये समस्त विनाशी यम-काल के खाद्य हैं। जो कोई भी पुरुष लोक हैं, उनमें संत, फकीर निवास करते हैं ॥17॥

हमारा रूही तो जम काल सूँ जोरावर है।
इनके चोदह लोकाँ सूँ धाम न्यारा है ॥18॥

मेरी आत्मा वाले तो यमकाल से भी बलिष्ठ हैं। मेरी आत्मा वालों का धाम चौदहों लोकों से विलक्षण है ॥18॥

ओहू साहब हम हैं साधू, रोहल नाम हमारा।
अदबुद अजर पियाला प्याऊँ, कोइ होवै हंस पियारा ॥19॥

वे साहिब हैं। हम उसके साधु हैं। हमारा नाम रोहल है। मैं अद्‌भुत अजर प्याला पिलाता हूँ जिसको पीकर कोई-कोई प्यारा हंस होता है ॥19॥

अगम लोक की बात सुनाऊँ, सबका मेटूँ भरम अंधेरा।
जावै अग्यान सुध ग्यान पावै, कूड़ साँच का करूँ निवेरा ॥20॥

मैं अगम-लोक की वार्ता सुनाता हूँ और सभी के भ्रम रूपी अंधेरे को मिटाता हूँ। सुनने वालों का अज्ञान नष्ट होता है। शुद्ध ज्ञान प्राप्त होता है। झूठ व सच का निर्णय करता हूँ ॥20॥

अनुभव राह इण भूमि निरभय का, समझ देवूँ बताइ।
बेतलबाँ वहाँ पहुँचे नाहीं, तलब धरै सो पाइ ॥21॥

इस निर्भय-भूमि तक पहुँचने का रास्ता अनुभव है। इसको समझने की विधि मैं बताता हूँ। बिना ख्वाहिश वाले वहाँ नहीं पहुँचते किन्तु जिनमें वहाँ पहुँचने की चाहत है, वे उसको पाते हैं ॥21॥

वेद कतेब की काण न राखूँ, नहिं जाणूँ जगत मरजाता।
सर्व जगत का हम हूँ साहब, सर्व सकल का दाता ॥22॥

मैं वेद व कुरान की मर्यादा नहीं मानता। जगत् की मर्यादा=विधि-निषेध को नहीं जानता। समस्त जगत् का मैं साहिब हूँ। समस्त सचराचर को देने वाला दाता हूँ ॥22॥

उलटा राह हमारा साधौ, किसकूँ हाथ न आया।
कथनी कर ग्यान ध्यान करि थाके, भटकत फिरत अजकाया ॥23॥

हे साधो! मेरा राह उल्टा है। मैं अथवा मेरा राह किसी के भी हाथ नहीं आता अर्थात् मैं किसी के भी अधीन नहीं हूँ। अनेक ज्ञान कह-कह कर, व ध्यान कर-करके थक गये। अशांत हुए भटकते फिरते हैं ॥23॥

किन्हीं एक मेरा महरम जानिया, भई उलूझण भारी।
असंख जुगाँ के पचि पचि मरि गए, नहिं किन्हीं लाधी धाम हमारी ॥24॥

किसी एकाध ने मेरा मर्म जाना है। अन्यथा अन्यों को तो बड़ी भारी उलझनें हुई हैं। असंख्य युगों के अनेक पच-पच कर मर गए किन्तु किसी ने भी मेरी धाम को नहीं पाया ॥24॥

अविगत का अविनासी भूला, जम भूला काल कसाई।
भूला अवतार चौबीस जगत का, सवा लख पैगंबर खबर न पाई ॥25॥

अविगत-देश का अविनाशी भूल गया। यम-काल रूपी कसाई भी भूल गया। जगत् में अवतरित होने वाले चौबीस अवतार भूल गये। सवा लाख पैगम्बरों ने भी मेरी खबर तक नहीं पाई ॥25॥

तेतीस करोड़ देवता भूला, स्वर्ग लोक में वासा कीया।
कितना बार कोटि कोटि मर गया, पयाणा तीन लोक महिं दीया ॥26॥

तेतीस करोड़ देवता भूल गये जिन्होंने स्वर्गलोक में निवास किया। कितनी ही बार कोटि-कोटि मर गये, तीनों लोकों में प्रयाण कर-करके ॥26॥

सैसर नाम धरा के भूला, काल पकड़ ले जावै।
घरमराइ कर अदालत भूला, भूठी अदल हलावै ॥27॥

सहस्रनाम धारण कराकर भूल गये, अंत में काल पकड़कर ले जाता है। धर्मराज अदालत की कार्यवाही कर-करके भूल गया। वह झूठी न्याय-प्रणाली चलाता है ॥27॥

भूला इन्द्र तामें गाजै, करता पवन असवारी।
छपन करोड़ मेघ बस कीया, तो भी नहिं निज वस्तु विचारी ॥28॥

इन्द्र भी भूला हुआ है। स्वर्ग-लोक में अमर होने की बात की गर्जना करता है। पवन पर बैठकर सवारी करता है। छप्पन कोटि मेघों को वश में कर रखा है। फिर भी निज वस्तु रूप ब्रह्म का विचार=चिंतन-मनन नहीं किया ॥28॥

अनंत कोटि आदि पुरुष होइ भूला, जल में जोति जगाई।
बुझ गई जोति सूक गया पाणी, मिट गई आदि पुरुषाई ॥29॥

अनन्तानन्त कोटि आदिपुरुष होकर भूल गये जिन्होंने ज्योति को जल में उत्पन्न की। ज्योति बुझ गई, जल सूक गया। फलतः आदि-पुरुषत्व मिट गया ॥29॥

अनंत कोटि ब्रह्मा होइ भूला, बक बक वेद सुनाया।
अनंत कोटि वेद कथ मूवा, फिर फिर जनम धराया ॥30॥

अनंत कोटि ब्रह्मा बनकर भूल गये जिन्होंने बोल-बोलकर वेदों को सुनाया। अनंत कोटि वेदों का कथन कर-करके मर गये और बार-बार जन्म धारण किया ॥30॥

अनंत कोटि संभू सिव भूला, जटा जुगति नहिं आई।
असल बात की खबर न पाई, झूठी नकल हलाई ॥31॥

अनन्त कोटि शंभु व शिव भी भूल में पड़ गये। माथे पर जटा बनाई किन्तु जटा बनाने की युक्ति नहीं जानी। असली तत्त्व की जानकारी तो हासिल की नहीं, उल्टे नकली तत्त्वों में ही अपने आपको उलझा-कर रखा ॥31॥

अनंत कोटि विष्णू होइ भूला, अणहोती उतपत कीनी।
असंख बार गया परलय भीड़ा, मेरा धाम न चीनी ॥32॥

विष्णु बनकर अनन्तानंत कोटि बार भ्रमित हुआ और न हो सकने योग्य की भी उत्पत्ति की। असंख्य दफा प्रलय को प्राप्त हुआ; फिर भी मेरे असली धाम की पहचान नहीं कर सका ॥32॥

अनंत कोटि आदि माया होइ भूला, कीना बीज पसारा।
षट दरसन छतीस पाखंड, माया छल छल मारा ॥33॥

अनन्त कोटि बार आदि माया होकर भ्रमित हुए जिसने बीज बनकर सारे ब्रह्मांड का प्रसार किया। षड्दर्शनी बनकर छत्तीस प्रकार के पाखंडों व माया जन्य छल-बल के द्वारा मारा ॥33॥

अनंत कोटि कूरम होइ भूला, मिट गया दस दिग्पाल का फेरा।
अनंत कोटि सीस अर्ध होइ भूला, लूटि लिया दे जम घेरा ॥34॥

अनंत कोटि बार कूर्म बनकर भूल में पड़ा। दसों दिग्पालों का फेरा मिट गया। अनंत कोटि बार सिर नीचे करके भूल में पड़ गया। यम ने घेरा डालकर लूट लिया ॥34॥

अनंत कोटि ईश्वर होइ आया, ईस थाप करि थाका।
असंख बार मेदनी होई पलटी, चल्या सभ पर जम का साका ॥35॥

अनंत कोटि ईश्वर के रूप में भूतल पर आये। ईश्वर स्थापना=पालन करता-करता थक गया। अनंत बार मेदनी बनकर पलटे। यमराज का मारने का सिक्का इन सभी पर चला ॥35॥

अनंत कोटि कासब होइ चलिया, अनंत भोग मुवराणी।
अनंत कोटि चंद सूर तारा, अनंत बार होइ सृष्टि रचाणी ॥36॥

अनंत कोटि बार कासव = सूर्य बनकर अहर्निश गतिमान रहे, जिससे अनंत कोटि भोग प्रकाशित हुए। अनंत बार अनंत कोटि चन्द्रमा, सूर्य व तारागण होकर सृष्टि की रचना की ॥36॥

ध्रुव प्रहलाद हरीचन्द राजा भूल्या, पांडव भूल्या बड राजा।
तीन लोक की पदवी पाई, सब औलिया कमतर राजा ॥37॥

ध्रुव, प्रहलाद, हरिश्चंद्र राजा भूल में पड़े। बड़े राजा पांडव भी भूल में पड़े। तीनों लोकों में उच्च स्थान प्राप्त किया। फिर भी ये अवलिया-राज समस्त क्षुद्रों में क्षुद्र थे ॥37॥

अनंत बार भए मेरु सुमेरा, अनंत बार भए कुबेर मुनी।
अनंत बार असंख्य बड़ ऊगा, अनंत बार ले प्रलै कीनी ॥38॥

अनंत बार मेरु व सुमेरु बने। अनंत बार कुबेर मुनि हुए। अनंत बार अक्षय बट के रूप में उत्पन्न हुए फिर भी अनंत बार प्रलय प्राप्त की ॥38॥

अनंत बार ले उतपति कीनी, अनंत बार होइ खर मति जाई।
अनंत जुग भया प्रलय भेड़ा, अनंत बार फिर सृष्टि रचाई ॥39॥

अनंत बार उत्पत्ति की। अनंत बार गधे जैसी बुद्धि धारण की। अनंत युग प्रलय में नष्ट हुए। फिर अनंत बार सृष्टि की रचना की ॥39॥

अनंत कोटि रिषि तपसी भूला, तप कर रह गया ऊणा।
असल ठिकाणा हाथ न आया, आधा रह्या अलूणा ॥40॥

अनंत कोटि ऋषि, तपस्वी भूल में पड़े। तप करके भी अपूर्ण रह गये। असली ठिकाना=परमपद प्राप्त न हो सका। महत्वहीन व आधे ही रह गये ॥40॥

अनंत कोटि पीर औलिया भूला, करामाति कर दिखलावै।
असल अरूप अपना नहिं जान्या, होइ मगरूर अर आप बुडावै ॥41॥

करामात दिखा-दिखाकर अनंत कोटि पीर, औलिया भूल में पड़ गये। अपने असली नीरूपत्व को नहीं जाना। घमंडी बनकर अपने आप को भव-सागर में डुबोते रहे ॥41॥

जोगी जती अनंत कोटि भूला, स्वामी सिद्ध संन्यासी।
माद पात खटपट मँह भूला, आखिर पाई अंत चौरासी ॥42॥

अनंत कोटि योगी, यती, स्वामी, सिद्ध, संन्यासी भूल में पड़ गये। दुनियादारी की खान-पान व खट-पट=उठा-पटक में ही भूले पड़े रहे जिस कारण अंत में चौरासी लाख योनी प्राप्त की ॥42॥

अनंत कोटि नाथ बन भूला, जंगम सेवड़ा खाके।
कर्मकांड में सभ जग बांधा, विषनू लागे विख के फाके ॥43॥

अनंत कोटि नाथ-योगी बन-कर भूल में पड़ गये। जंगम, सेवड़ा (जैन मुनि), खाकी भी भूल में पड़ गये। सारा जगत् कर्मकांड में अटका पड़ा है। विषय-भोग रूपी विष खाकर व्यसनों में लग गये ॥43॥

अनंत कोटि वैरागी भूला, झूठी घंटी सेवा बजाई।
सीताराम का नाम कह भूला, असल नाम बिन परलै जाई ॥44॥

अनंत कोटि वैरागी भूल में पड़ गये। उन्होंने झूठी घंटी सेवा करते समय बजाई। सीताराम का नाम कह-कह-कर वे भूले रहे। वस्तुतः असली नाम के बिना मरते हैं ॥44॥

रामापंथी अर रामसनेही, सुद्ध सनेह न राख्या।
राम राम कह उहाँ नहिं पहुँचे, एही ओली बाख्या ॥45॥

रामदासजी (खेड़ापा वाले) के पंथ वाले और रामस्नेहियों ने रामजी से शुद्ध स्नेह नहीं किया। राम-राम कहने मात्र से रामजी तक नहीं पहुँच सके। यह उनकी सब उल्टी व्याख्या है ॥45॥

रोहल उलटा नाम हमारा, जे कोइ उलट विचारै।
पिंड ब्रह्मंड सूँ होइंगे न्यारा, पूगै नगर हमारै ॥46॥

हमारा रोहल नाम उल्टा है, यदि कोई उल्टा विचार करे तो ऐसे विचार करने वाले पिंड=शरीर व ब्रह्मांड दोनों से न्यारे हो जायेंगे और हमारे नगर में पहुँच जायेंगे ॥46॥

और लोग सब ऊरा रह गया, हिन्दू तुरक भुलाणा।
असंख जुगाँ का बिछड़्या रहिया, तीन लोक मँह दिया पयाणा ॥47॥

और सब लोग यहीं के यहीं रह गये, हिन्दू और तुर्क भी भूल में पड़कर असंख्य युगों से अपने अंशी रूपी ब्रह्म से बिछुड़े हुए हैं। तीनों लोकों में आवागमन होता रहा ॥47॥

बारह पँथ हिन्दू का झूठा, उलटे औली इष्ट विलूधा।
धाम हमारी पूगा नाहीं, जम के फंद अलूधा ॥48॥

हिन्दुओं के बारह पंथ झूठे हैं। उल्टे सांसारिक इष्टों (तुच्छ देवी-देवताओं की सेवा-पूजा) में उलझे रहते हैं। हमारी धाम तक पहुँचते नहीं। अंततः यम के फंदे में फँदते हैं ॥48॥

बहतर पंथ तुरकाँ का झूठा, न्यारा न्यारा राह बनाया।
असल वचन बिन बिच में टूटा, काल पकड़ जर खाया ॥49॥

तुर्कों के बहत्तर पंथ झूठे हैं जिन्होंने अलग-अलग रास्ते निर्मित कर रखे हैं। असली वचनों के बिना, बीच में ही टूट गये और काल ने पकड़कर जड़ सहित खा लिया ॥49॥

अणअच्छर ही सबद हमारा, अनासुरति की डोर लगावै।
असल नकल की करै पारखा, छिन में पूग नगर उस जावै ॥50॥

हमारा शब्द=वचन अन-अक्षर (अक्षरातीत) है। उस अक्षरातीत शब्द में यदि अनन्य सुरति=व्यभिचार-रहित चित्तवृत्ति को लगावे तो असली व नकली की परीक्षा हो जाये तथा एक क्षण में ही उस नगर=हमारे नगर ये पहुँच जाये ॥50॥

और सबद सभ रड़वा जैसा, पच पच रटि मरि जाई।
अण अच्छर तो सार सबद है, दोइ अच्छर है बाई ॥51॥

अन-अक्षर ही सार शब्द है, इसके अलावा और सब शब्द निरर्थक हैं (अन्य शब्द रड़वा=रटने जैसे हैं)। उनका रटन करके पच-पच कर मर जाते हैं। अन-अक्षर ही सार शब्द है जो दो अक्षर 'सोऽहं' है। (रोहलसाहब का गुरु मंत्र 'सोऽहं' है जो उनको उनके गुरु साँईनाथजी से मिला था। वे इसी मंत्र का उपदेश दिया करते थे, ऐसा मुझे महंत अचलरामजी ने वार्तालाप के मध्य बताया।)॥51॥

अणअच्छर तो सबद नियारा, अनासुरति के डोरी।
जो कोइ हालै नगर हमारे, मौज पकड़ ले मेरी ॥52॥

अन-अक्षर=अक्षरातीत शब्द सर्वथा विलक्षण है। उसमें अनन्य चित्तवृत्ति की लय को लगाकर जो कोई भी हमारे नगर की ओर चलता है तो वह मेरी जैसी मौज=मेरी जैसी आनन्दावस्था प्राप्त कर लेता है ॥52॥

सब कोइ लेसी नाम हमारा, और सब नाम बिगूता।
बिन सत नाम कोइ दूजा सब्द बतावै, उसकूँ मारूँ जूता ॥53॥

सभी मेरा ही नाम जपेंगे, अन्य सब नाम विनष्ट होने वाले हैं। सत्य नाम के अलावा यदि कोई दूसरा शब्द बताता है तो मैं उसको जूतों से मार मारूँगा ॥53॥

अनुभव कथै ग्यान बहु भाखै, झूठा जगत रिझावै।
बग ज्युँ ध्यान दुनिया में राखै, जे कोइ दाम चढावै ॥54॥

पाखंडियों का आचरण बताते हैं, अनुभव का कथन करते हैं, नाना तरह का ज्ञान कहते हैं और जागतिक लोगों को झूठ के द्वारा प्रसन्न करते हैं। बगुला जैसा ध्यान जगत् में बैठकर लगाते हैं, उनके सामने, जो उनकी सेवा में धन भेंट करते हैं ॥54॥

दामाँ की सब करत मजूरी, गुरु सूँ बेमुख जाई।
करम जाल के माहिं अलूधा, किस विधि करै कमाई ॥55॥

सभी धन-रुपयों की मजदूरी करते हैं, गुरवाम्नाय से विमुख आचरण करके। कर्मों के फंदे में उलझे रहते हैं। ऐसे लोग कैसे साधना रूपी कमाई कर सकते हैं ॥55॥

मेरा राह कमाण का साधौ, बिन कमाण नहिं सूझै।
बिना कमाण कुलछ नहिं पलटै, बिन बुधि नाहीं बूझै ॥56॥

हे साधो! मेरा मार्ग कमाण=कमाई=साधना करने का है और बिना साधना के परमात्म-दर्शन नहीं होते। बिना साधना के कुलक्षण, सुलक्षण में परिवर्तित नहीं होते और बिना विवेक के ज्ञान नहीं होता ॥56॥

कान सूँ सुणै जिभ्या सूँ सीखै, सुण्या सीख्या सब झूठा।
दुख गह तोड़ै तिनका नहिं तूटै, चौका आरती क्या कढ त्रूटा ॥57॥

कानों से सुनते हैं, जिह्वा से सीखते हैं। ऐसा सीखा व सुना हुआ सब झूठा है। दुःख अंगीकार करके तोड़ना चाहते हैं किन्तु एक तिनका भी टूटता नहीं है। चौका व आरती करके कौनसा कूड़ा निकाला जा सकता है। (कबीर-पंथ की धर्मदासी-शाखा में चौका-आरती का भारी महत्व है। रोहल-साहब का कहना है, चौका-आरती के द्वारा कौन से कूड़े रूपी पापों को बाहर निकाला जा सकता है?) ॥57॥

मँडप माँड करि सेत अधराती, अविगत का उनमान बतावै।
कर दीपक आटे की मूरति पुजोवै, जमग्रास बरतावै ॥58॥

मंडप बनाकर अर्ध-रात्रि में सेवा करते हैं और अविगत का अनुमान बताते हैं। आटे का दीपक बनाकर मूर्ति-पूजा करते हैं और यम-ग्रास वितरित करते हैं ॥58॥

ऐसा लटका करै हुल कोइ लाखै, तोइ अविगत नहिं जासी।
बिना कमाण कोइ पहुँचै नाहीं, काल पकड़ ले खासी ॥59॥

चाहे कोई ऐसे लाखों लटके-झटके करता है, तब भी अविगत की प्राप्ति नहीं कर पाता। वस्तुतः बिना साधना के कोई भी परमपद में पहुँचता नहीं। ऐसों को काल पकड़ कर खा जाता है ॥59॥

सब्द प्रवाणा काल कद मानै, कद मानै आन बडाई।
डंडा मार बांध ले जासी, धर्मराइ के द्वारै भाई ॥60॥

शब्द के परवाने को काल कब मानता है और कब अन्यों की मर्यादा को मानता है। काल डंडा मारकर बांध-कर यमद्वारे ले जाता है ॥60॥

बिना कमाइ पैंडा नहिं खूटै, मन जाण्या कद हूवा।
जे जानै धनवंते होसाँ, नाम बिन निर्धन होइ मूवा ॥61॥

बिना साधना के मेरे धाम में आने का रास्ता खुलता नहीं। मनःसंकल्पित पूरा कब होता है? यदि कोई यह माने कि हम धनवान होंगे तो बिना भगवन्नाम के वह निर्धन के रूप में मरता है ॥61॥

नाम हमारा तो निज धन है, भाग बडा जिस पाया।
अनासुरति की डोर लगाकर, धाम अदीठ अरूप समाया ॥62॥

हमारा तो निज नाम ही धन है। जिसका बड़ा भाग्य है, उसने वह नाम प्राप्त किया है। अनन्य-चित्तवृत्ति की लय लगाकर ही अदृष्ट व अरूप धाम में समाहित होता है ॥62॥

एका बीह लख सुन है बेली, इक इक न्यारी न्यारी।
बयासी लख सुन अभै पद कहिए, इत उत भारी भारी ॥63॥

(यहाँ से अदीठ व अरूप धाम, कहाँ है, का वर्णन करते हैं) इकीस लाख शून्य वेली हैं जो एक-एक अलग-अलग हैं। बयासी लाख शून्य अभय पद हैं जो इधर-उधर भारी-भारी हैं ॥63॥

चौबिस लख सुन सेत वरन है, चौदह लख रवि सूरा।
दस लख सुन ओ इनके ऊपर, रंकार सब्द धुन तूरा ॥64॥

चौबीस लाख शून्य श्वेतवर्ण वाली हैं। चौदह लाख शूरवीर रवि हैं। दस लाख शून्य इनके ऊपर हैं जहाँ ररंकार शब्द की ध्वनि तुरही जैसी होती है ॥64॥

अविगत के ऊपर है अविनासी, अविगत का गढ़धारी।
अटल कोट की थाणेदारी, इसकी है कामदारी ॥65॥

अविगत से ऊपर अविनाशी है जो अविगत के गढ़ का धारणकर्त्ता है। अटल किले की थानेदारी करता है और जहाँ इसकी कामदारी है ॥65॥

ऊहाँ मानसरोवर हंसा, मुझ मूँ बीछुड़ आया।
इस अभ्यासी के फरमाणे, मानव देह समाया ॥66॥

वहाँ मानसरोवर के हंस हैं जो मुझसे वियुक्त होकर इस अभ्यासी के आदेशानुसार मानव देह में अवतरित हुए हैं ॥66॥

कोइ इक साध फकीर विरागी, अविगत कूँ ले ध्यावै।
मेरा स्रूप अरूप है न्यारा, उसकी खबर न पावै ॥67॥

कोई-एक साधु, फकीर, वैरागी अविगत की साधना करता है किन्तु मेरा स्वरूप तो अरूप है, विलक्षण है, उस अरूप का बोध प्राप्त नहीं कर पाते ॥67॥

ररंकार अटल कोटि बसै औलिया, अविगत का अविनासी ओला।
जिस घर सूँ बिछुड़ के आया, उस घर का पड़ गया झोला ॥68॥

अटल किले में ररंकार अवलिया बसता है जहाँ अविगत का अविनाशी पर्दा है। जिस घर से वियुक्त होकर यहाँ आया, अब उस घर से दूरी हो गई है ॥68॥

सब्द प्रवाणा पहुँचे नाहीं, सुरति निरति थक जासी।
अगला देह सुभाव न जावै, गर्क पड़्या माहिं चौरासी ॥69॥

शब्द का परवाना वहाँ पहुँचता नहीं। सुरति व निरति भी थक जाती हैं। पिछले जन्म के स्वभाव=संस्कार नष्ट नहीं होते। चौरासी-लाख योनियों में आकंठ डूब जाता है ॥69॥

अविगत सूँ पैंडा है ओखा, उसका किस कूँ नाहिं विचारा।
जो कोइ होवै हंस हमारा, खोज कहूँ मैं सारा ॥70॥

अविगत से आगे का रास्ता दुर्गम है। उसका किसी को भी बोध नहीं है। जो भी कोई हमारा हंस=मुक्तात्मा है, उसको मैं, उसका पूरा खोज=बोध करा देता हूँ ॥70॥

अविगत की सेत सुंन सूँ, चार करोड़ सुन आगै।
बिना आवाज न आवाज होवत है, लोप जावै नर पागै ॥71॥

अविगत की श्वेत शून्य से चार करोड़ शून्य आगे, बिना आवाज, जहाँ आवाज नहीं होती है और नर के पैर (चिह्न) लुप्त हो जाते हैं ॥71॥

फिर उसके आगै चार करोड़ गूंगी सुन है, गूंगा होइ गम जानै।
अचरज खेल अचंभा परसै, ऐसा देस पिछानै ॥72॥

उसके आगे चार करोड़ मूक शून्य का देश है जिसका मर्म गूंगा होकर ही पाया जा सकता है। वहाँ आश्चर्य-मय अचंभित करने वाले खेल का दर्शन होता है; उसको ऐसा देश जानो ॥72॥

फिर उसके आगै चार करोड़ सुंन है, अदीठ की दीठ बिना ऊ देखै।
ध्यानन ग्यान विग्यान सूँ लोपै, प्रेम डोर सूँ पेखै ॥73॥

उसके आगे चार करोड़ शून्य हैं। अदृष्टि की दृष्टि बिना ही वह देख जाता है। वह ध्यान, ज्ञान, विज्ञान से लुप्त हो जाता है किन्तु प्रेम की डोर से देखने में आता है ॥73॥

फिर उसके आगै चार करोड़ सुंन है, अंमृत की चढी हंस खुमारी।
मगन होइ मस्ती सूँ लोपी, बेखुद बेअखत्यारी ॥74॥

उसके आगे चार करोड़ शून्य हैं। वहाँ अमृत की खुमारी (नशा) हंस पर चढ़ती है। मस्ती में मग्न होकर बेखुद=अहंकार-हीनता व बेअखत्यारी अधिकार-हीनता में निमग्न हो जाता है ॥74॥

फिर उसके आगे चार करोड़ सुंन है सुगंध अरूपी बिना नासिका लपट आवै।
लपट लोप घन घेर सब अघाए, नर को लँघ जावै ॥75॥

इसके आगे चार करोड़ शून्य हैं। वहाँ अरूपी सुगंध की बिना नासिका के गंध आती है। उस घनघोर गंध में निमग्न होकर सब तृप्त होते हैं, कोई-कोई साधक ही इनको पार करता है ॥75॥

फिर उस आगै पाँच करोड़ सुन है, उनमन सहजे लोपै सूरा।
कोइ ऐसा होवै हंस हमारा, पूरव देस का पूरा ॥76॥

पुनः उसके आगे पाँच करोड़ शून्य हैं। वहाँ शूरवीर सहज उन्मन में लुप्त होते हैं। कोई-कोई पूर्व देश का हमारा ऐसा पूर्ण हंस होता है ॥76॥

फिर उसके आगै पाँच करोड़ सुन अचरंगी, एक अचरंगी सूँ चालै।
हिमत बांध कै हंस हजूरी, पैंडे कूँ पुण सालै ॥77॥

पुनः उसके आगे पाँच करोड़ अचरंगी शून्य हैं। एक अचरंगी से चलते हैं। हिम्मत के साथ हजूरी हंस लक्ष्य की ओर चलता है, लक्ष्य को पाता है ॥77॥

फिर उसके आगै पाँच करोड़ सुन है, मौजी मौज माहीं जाई।
ह्याँ सूँ निकल हुवा जब न्यारा, सोइ हंस बलवंता भाई ॥78॥

पुनः इसके आगे पाँच करोड़ शून्य हैं। मौज करने वाला मौज (आनंद) में निमग्न होता है। वहाँ से निकल-कर जब हंस न्यारा हो जाता है, वही हंस बलवान है ॥78॥

फिर उसके आगै पाँच करोड़ सुन, प्रतिबिंब कोई लोपै हंस निरधारा।
उसके आगै देस चांदणा, पाँच करोड़ सुन भारा ॥79॥

फिर उसके आगे पाँच करोड़ प्रतिबिंब शून्य हैं, कोई निराधार हंस ही लुपता है। उसके आगे प्रकाश-युक्त देश है वहाँ विशाल पाँच करोड़ शून्य हैं ॥79॥

फिर उसके आगै पाँच करोड़ सुन पर, महा चांदणा जिसका छेह न आवै।
उस उजवारे के मध्य माहीं, निज अरूप हमारा पावै ॥80॥

फिर उसके आगे पाँच करोड़ शून्य पर महा-प्रकाश है जिसका कहीं अन्तिम बिन्दु नहीं है। उस प्रकाश के मध्य ही मेरा निज स्वरूप अरूप प्राप्त होता है ॥80॥

भेष भी उरला भजन भी उरला, अजपा उरला थक जावै।
अर्ध नाम उरला चेतन ब्रह्म उरला, आतम कला भुलाए ॥81॥

वेश भी उरला=ससीम, भजन भी समीम और अजपाजाप भी ससीम (हद में) है, जो थकते हैं (जिनका अंत आता है)। अर्धनाम ससीम है। चेतन ब्रह्म भी ससीम में है जो आत्म-कला में भूले पड़े हैं ॥81॥

रंग बेरंग उरला हद बेहद सूँ न्यारा, आपो हि आप अकेला।
सोई पूगा मेरा हंस सनेही, उसका हम सूँ होवै मेला ॥82॥

रंग, बेरंग ससीम हैं। जो हद, बेहद से न्यारा है, वह स्वयं ही स्वयं अकेला है, अद्वैत है। वही मेरा स्नेही हंस हम तक पहुँचता है और उसी का हमसे मिलन होता है ॥82॥

मिल्या मिल्याँ होवै नहिं न्यारा, लागी डोर बांधा पतियारा।
तारों तार गई मिल ताते, इथ उथ भया इकसारा ॥83॥

एक बार मिलने पर, मिले हुए ही रहते हैं, पृथक् नहीं होते। लय लग गई, विश्वास जम गया। तारों-तार=महीन से महीन भाग भी आपस में मिल गये, सर्वांश में मिल गये। इधर-उधर सर्वत्र मिलकर एक हो गये ॥83॥

छूटी बंदूक भयो ठकाऊ, पाछै कला समाणी।
आवण जावण का संसा मिट गया, पाया पद निरवाणी ॥84॥

अनहद-नाद की बंदूक छूटने पर ठौकारा (टंकारा अर्थात् बंदूक की गर्जनात्मक ध्वनि) हुआ। तत्पश्चात् कला समा गई। आने-जाने का संशय मिट गया क्योंकि निर्वाण पद की प्राप्ति हो गई ॥84॥

साहब मिलकर साहब हूवा, कौन कहै फिर वंदा।
असंख जुगाँ सूँ अगम अगोचर, आदि जुगादी हंता ॥85॥

साहब से मिलकर साहब हो गया। अब कौन उसको सेवक कहे। असंख्य युगों से अगम्य, अगोचर आदि युगादि जो साहब था, वह साहब हो गया ॥85॥

और जगत झूठा नहिं जानै, क्या बाना क्या घर बारी।
धरमराव सर्व का राजा, क्या पुरखा क्या नारी ॥86॥

और चाहे वह वेशधारी हैं, चाहे गृहस्थ हैं जगत को झूठा नहीं जानते; चाहे स्त्री हो, चाहे पुरुष हो, धर्मराज तो सभी का राजा है ॥86॥

काल पकड़ बांध ले जासी, इक इक न्यारा न्यारा।
दूत भूत दानव गण गंध्रव, कूटणवाला सारा ॥87॥

काल सभी को एक-एक न्यारे-न्यारे करके बांधकर पकड़ ले जायेगा। दैत्य, भूत, दानव, गंधर्वगण सभी मार खाते हैं ॥87॥

नरक भुगत चौरासी पावै, गया सभ परलै माहीं।
असंख जुगाँ का जीव बीछड़्या, मुकती लाधी नाहीं ॥88॥

नरकों के दुःख भोगकर पुनः चौरासी लाख योनियों में आते हैं। सभी प्रलय=नाश को प्राप्त होते हैं। असंख्य युगों से बिछुड़े हुए जीव को मुक्ति की प्राप्ति नहीं हुई ॥88॥

रोहल साहब नाम कहाया, देह धार कर आया।
आदमखोर : आदमी को या उसके मांस को खाने वाला; नर-भक्षी। 8. सामी : स्वामी। दशनामी संन्यासी से तात्पर्य है। वैसे 'सामी' शब्द निहंग साधु-संतों, संन्यासियों, सभी को कहा जाता है। कभी-कभी खल्वाट माथे वाले साधु-संतों को भी सामी कहते हैं। 9. रहति : 'रहति' शब्द का प्रयोग सिख-धर्म सहित सभी निर्गुणी संत-सम्प्रदायों के साहित्य में अत्यधिक मात्रा में किया गया मिलता है। रोहलसाहब ने इस शब्द का प्रयोग उसी अर्थ में किया है जिसमें सिख-धर्म-गुरुओं सहित अनेक निर्गुण-संतों ने किया है। स्वामी रामचरणजी की अनुभववाणी में भी रहति शब्द का प्रयोग मिलता है। मूलतः 'रहति' 'आचरण' का समानार्थक है किन्तु मैंने सर्वत्र इसको सदाचरण का समानार्थक माना है। संतों का उपदेश सदाचरण अपनाने के लिये होता है। किसी भी तरह के कोई से भी आचरण को आचरित करने का परामर्श संत नहीं देते हैं। अतः मैं रहति को सदाचरण का ही समानार्थक मानता हूँ। 10. फकीर, पीर पैगंबर : त्यागी महात्मा, निर्धन या कंगाल व्यक्ति, भीख मांगकर निर्वाह करने वाला व्यक्ति फकीर कहलाता है। मुसलमानों के धर्मगुरु को पीर कहा जाता है। इस्माल-धर्म, ईसाई-धर्म, मूसाई-धर्म आदि में पैगंबर उसको कहा जाता है जो ईश्वर का संदेश सुनाता है। प्रायः यह नये धर्म का प्रवर्तक भी होता है। अंग्रेजी में पैगंबर को 'प्राफेट' कहते हैं। 11. कुद : खुद, स्वयं। 12. परवान : परवाना, पतंगा। 13. चीस=चीत्कार। 14. नाह=तीर के सिरे पर लगा जाल या फंदा। 15. सरवान : यहाँ नुकीला लोहा, प्रायः झंडा, तंबू आदि को भी सरवान कहा जाता है। 16. कूड़ : झूठ। 17. अवतार : रोहलसाहब अवतार धारण करके आये, यह कहने से रोहलसाहब के वैचारिक रूप से हिन्दू होने में कोई शंका नहीं। 18. एकठाँह : एक स्थान पर। यहाँ किसी निश्चित मुकाम तक भक्ति को पहुँचाने से मतलब है। इस निर्णय से यह भी सिद्ध होता है कि रोहलसाहब योगाभ्यासी होने पर भी भक्तिमार्गी थे। 19. हलाई=चलाई। 20. इकठाँह=निर्विवाद, निष्पक्ष, सभी को समान रूप से स्वीकार्य। 21. और कहते हैं। 22. जीवात्मा। 23. किस प्रकार। 24. चमकार तजला=चमकदार प्रकाश। 25. चिणगाँ=चिनगारियाँ। 26. सफीलाँ=कोटि, श्रेणी (शब्दकोशानुसार दीवार, भींत, ताक आदि)। 27. कुदरत=शक्ति। 28. नह नह='एकोऽहं बहुस्याम', 'मैं एक हूँ, बहुत हो जाऊँ', इस्लाम-धर्मानुसार 'कुन', 'कुन' शब्द के द्वारा अल्लाह सृष्ट्यारंभ करता है। 29. सालम=? 30. अलील=अनील, जल का रंग नीला माना गया है। यहाँ 'नील' में 'अ' का आगम निरर्थक है। 31. पोली=खोखली। 32. बड़्या=घुसे, प्रविष्ट हुए। 33. धक=अग्नि-जन्य धुवाँ प्रकटी। 34. पुराणानुसार समस्त पृथ्वी 49 कोटि योजन है। बोलने में कभी-कभी पचास कोटि योजन भी बोल देते हैं। 35. पुराणानुसार पूर्व के इन्द्र, अग्निकोण के अग्नि, दक्षिण के यम, नैर्ऋत के निर्ऋति, पश्चिम के वरुण, वायुकोण के मारुत, उत्तर के कुबेर, ईशानकोण के ईश, उर्ध्वदिशा के ब्रह्मा, अधोदिशा के अनंत। 36. चिणगाँ=चिनगारी, हिस्से, अंश। 37. अक्षय बट। 38. पटक-कर। 39. बेचून=बेचैन, अशांत। 40. पुराणों में

ब्रह्मा के प्रजापति अनेक पुत्रों का उल्लेख मिलता है। इनका काम सृष्ट्योत्पत्ति करना था। भागवत् के अनुसार मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, प्रचेता, वशिष्ठ, भृगु और नारद दस प्रजापति हैं। कहीं-कहीं इनकी संख्या 21 भी मिलती है ब्रह्मा, सूर्य, मनु, दक्ष, भृगु, धर्मराज, यमराज, मरीचि, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, वशिष्ठ, परमेष्ठी, विवस्वान, सोम, कर्दम, क्रोध, अर्वाक् और क्रीत। 41. पीवरदत या पीवदत का सही नाम ऊपर की सूची के अनुसार पुलह होना चाहिए। उत्तानपाद, पुलह के पुत्र न होकर स्वायंभुवमनु के पुत्र तथा ध्रुव के पिता थे। विष्णुपुराण के अनुसार प्रियव्रत इनका छोटा भाई था। 42. 'गोरथ दांगल दवा' का तात्पर्य पता नहीं है। यह किस संस्कृत शब्द का अपभ्रंश है, मैं समझ नहीं सका। 43. बशीअरसर्वा=विश्रवा, जो रावणादि के पिता थे। 44. मरीचि के कश्यप-ऋषि पुत्र थे किन्तु कश्यप के पुत्र कुंभकर्ण पुराणों में पढ़ने में नहीं आये। 45. तेरह पत्नियाँ कश्यप की थीं, न कि कुंभकर्ण की। या तो मूल सिंधी-अरबी के लिपिकार से या सिंधी-अरबी से नागरी में लिप्यंतरित करते समय कुछ भूल हुई है जिसके कारण कश्यप के पुत्र कुंभकर्ण को बताकर उसकी तेरह रानियाँ बताई गई हैं जबकि तेरह रानियाँ स्वयं कश्यप की हैं। इन्हीं से दैत्य व देवताओं की उत्पत्ति हुई है। मार्कण्डेयपुराण तथा हरिवंशपुराण के अनुसार इनकी तेरह पत्नियों के नाम हैं- दिति, अदिति, दनु, विनता, खसा, कद्रू, मुनि, क्रोधा, अरिष्टा, इरा, ताम्रा, इला और प्रधा। भागवत्, वायुपुराण, मत्स्यपुराण आदि के अनुसार अदिति, दिति, दनु, काष्ठा, अरिष्ठा, सुरसा, इला, मुनि, क्रोधवशा, ताम्रा, सुरभि, सरमा, तिमि नाम हैं। दिति से दैत्य, अदिति से देवता, विनता से पक्षी, कद्रू से सर्प, सुरभि से गौ, सरमा से कुक्करादि, दनु से दानव पैदा हुए। (ब्रह्मवैवर्तपुराण) 46. नाग कद्रू की सन्तानें हैं। ये कमर से ऊपर मनुष्याकार व नीचे सर्पाकार कहे गये हैं। अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक और अपराजित नामक नवकुली नागों के प्रधान हैं। अन्य मतानुसार अनंत, तक्षक, महापद्म, शंख, कुलिक, कंबल, अश्वतर, धृतराष्ट्र और बलाहक। 47. पर्वत की पुराणों के अनुसार उत्पत्ति वाराहावतार के समय की बताई है। ये कश्यप की संतानें हैं, ऐसा लेख मुझको नहीं मिला। 48. कलियुग में कल्कि भगवान् का अवतार होना माना जाता है। कई पंथों में मान्यता है कि उनके पंथ-प्रवर्तक ही कल्कि के अवतार हैं। जैसे विष्णोईपंथ, जसनाथी-पंथ, मावजी का पंथ आदि। 49. विष्णु, पद्म, ब्रह्म, शिव, भागवत, नारदीय, मार्कण्डेय, अग्नि, ब्रह्मवैवर्त, लिंग, वाराह, स्कंद, वामन, कूर्म, मत्स्य, गरुड़, ब्रह्मांड, भविष्य। 50. पद्म, महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील व खर्व। 51. ऐन्द्र, चान्द्र, कातंत्र, सारस्वत, हैम, पाणिनी, शाकटायन, सरस्वती-कंठाभरण, जैनेन्द्र, 52. कुरान। 53. अंडज, स्वेदज, उद्भिज व जरायुज। जलजन्तु 9 नौ लाख, स्थावर 20 बीस लाख, कृमि 11 ग्यारह लाख, पक्षी दस लाख, पशु तीस लाख व मनुष्य 4 चार लाख। 54. मोटा=बड़ा। 55. तकरार=बहस, सम्वाद। 56. गूँटा=गूदा, गाढ़ा, लोथ=निर्जीव शरीर। 57. खण्ड 58.

मूल=मूलाधारचक्र। 59. बंकनाल=सुषुम्नामार्ग। 60. तिल-तिल सूँ=अत्यन्त बारीकी से एक-एक तथ्य को स्पष्ट करते हुए। 61. भारतवर्ष, किंपुरुषवर्ष, हरिवर्ष, रम्यकवर्ष, हिरण्मयवर्ष, उत्तरकुरु, इलावृत्त, भद्राश्व और केतुमाल ॥ जम्बूद्वीप, प्लक्षद्वीप, शाल्मलिद्वीप, कुशद्वीप, क्रौंचद्वीप, शाकद्वीप, पुष्करद्वीप (ब्रह्म॰ 3.72.71)। 62. सात लोक ऊपर, सात नीचे। अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल, पाताल, नीचे के लोक। भू, भुव, स्व, मह, जन, तप, सत्य लोक ऊपर के। 63. बोध, ज्ञान। 64. पाड़न वाला = दुखी, पतित करने वाले। 65. डुगडुगी=डमरु। 66. रंडोढा=मोटा रस्सा, जो फंदा लगाने में काम आता है। 67. रांढो=घेरा-बंदी, फंदे। 68. जल की पाँच प्रकृतियाँ हैं–शुक्र (विन्दु, वीर्य), शोणित (रुधिर), जिसको रोहलसाहब ने लीद कहा है, (लार जिसको यहाँ लाल कहा गया है), मूत्र (मूत), स्वेद (पसेव)। 69. क्रिया सही न होकर कांति है। 70. आकाश की प्रकृतियाँ हैं काम, क्रोध, शोक, मोह, और भय। 71. वायु की पाँच प्रकृतियाँ हैं, चलन, बलन (बल करना), धावन, प्रसरण, आकुंचन। 72. मड़द सचारा=सच्चा मर्द। 73. साँच माथै=सच के ऊपर। 74. कूड़=झूठ। 75. आवश्यक है। 76. भीड़=विपत्ति। 77. सीस पर हाथ धरो=आशीर्वाद दो। 78. अचरंग=आश्चर्य (?)। 79. पासे=ओर। 80. भेड़ा=जोधपुर से बालोतरा (जिला बाड़मेर, राजस्थान) तक साथ आये। 81. सीख=विदा लेकर। 82. बहीर=प्रस्थान किया।

महाराजा विजयसिंह सम्वत् 1809 में जोधपुर की गद्दी पर बैठे और सम्वत् 1850 तक जीवित रहे। ये अपनी उपपत्नी गुलाब के कारण वल्लभ-सम्प्रदायानुगत परम वैष्णव राजा था। इन्होंने व इनके पिता बख्तसिंह ने मस्जिदों से बांग देना तक बन्द करा दिया। गौ-वध सर्वथा बंद करवा दिया। कसाइयों का व्यवसाय बदलवा-कर उनको अन्य कार्यों में लगा दिया। पोकरण सहित दो और बागी सामंतों के साथ आत्माराम निरंजनी साधु को इन महाराजा ने मरवा दिया। वार्ता के अनुसार महाराजा विजयसिंह व उनके अनेक सामंत रोहलसाहब के अनुगत हुए किंतु यह बात ऐतिहासिक दस्तावेजों से प्रमाणित नहीं होती। यह तो पूरी तरह संभव है कि विजयसिंहजी ने रोहलसाहब का एक महिने सात दिन तक गुलाब-सागर-महल में सत्संग किया हो किन्तु वे रोहलसाहब की दरगाह के अनुगत हो गये, ऐसा उल्लेख ऐतिहासिक ग्रंथों में मुझको अभी तक नहीं मिल सका है। गुलाब को महाराजा ने सम्वत् 1822 में महलों में चढ़ाया। यह गुलाब गोकुलिया गोस्वामियों की कंठीबद्ध सेविका थी और इसीके कारण यह महाराजा वल्लभकुली परम वैष्णव हो गया। इसी महाराजा ने उक्त गोस्वामियों को चौपासनी गाँव भेंट-कर वहाँ बसाया था। महाराजा, सामंत, सरदार, सेठ, साहूकार अनेक संतों का सत्संग करते थे। कभी-कभी संतों को दंडित भी करते थे। इसी महाराजा द्वारा नागौर के प्रसिद्ध रामनामी श्रीहरकारामजी (दरियावसाहब मारवाड़ वालों के शिष्य) व उनके चारों भाइयों को देश निकाला दिया गया जो मेवाड़ के मांडल में जाकर रहे। इसी महाराजा द्वारा खेड़ापा के श्रीरामदासजी महाराज को जिनके पंथ के संतों को इस

अगमवार्ता में 'रामापंथी' कहा है; देश निकाला दिया गया जो लौटकर जोधपुर राज्य में 1849 वि॰सं॰ में वापिस आये। संवत् 1849 में महाराज विजयसिंह को इसी के पौत्र ने इसको भी गढ से बेदखल कर दिया था किन्तु बाद में यह गढ़ में दाखिल हो गया। इसका उत्तराधिकारी महाराजा भीमसिंह हुआ जो 1860 वि॰सं॰ तक गद्दी पर रहा।

अथ सबद

हम हूँ साहब सकल कूँ पालूँ। मैं अविनासी उपावणहारौ ॥थल॥
गिरवर पर पहलाज गड़कायो। हाथ देइ मैं आप बचायो ॥
अगनी माहीं बाग बनायो। तोड़ नाखून से हरनाकुस मार्‌यो ॥1॥
हरिचँद नू वैराग मैं दीनौ। तख्त छडाय कै वैरागी कीनौ ॥
तारा कूँ पकड़ हाथ मैं लीयो। एहड़ौ साँच उबार्‌यो ॥2॥
कौरवन पांडवन का खेल रचायो। द्रोपदि कूँ मैं चीर पहरायो ॥
कर उदमाद मैं बिच में लड़ायो। महा हिमालय युधिष्ठिर तार्‌यो ॥3॥
कलजुग में बलि का सत व्याप्यो। मेरे सत पर अपना तन आप्यो ॥
सत के कारण मैं यह जग थाप्यो। ले कै विमान उहिं स्वर्ग पधार्‌यो ॥4॥
नामदेव की मैं छान छवाई। कर्माबाई की खिचड़ी मैं खाई ॥
नाई होकै मैं कोढ मिटायो। सैन भगत को मैं काज सवार्‌यो ॥5॥
धने भगत का मैं होवा हाली। बांध खेदारा में कीनी नाली ॥
प्रेमि भीलनी सों प्रीत मैं पाल्यो। बेर लिया हाथ सहस पसार्‌यो ॥6॥
साध कबीरा मैं हूवा कासी। मिल पंडिताँ सूँ कीनी हाँसी ॥
एक पल में कबीर भया उदास्यो। देवल में मैं बाळद उतार्‌यो ॥7॥
विष मीराँ को हम है पीयो। असँख संताँ को कारज है कीयो ॥
जिंह जिंह मेरौ सरनौ लीयो। उनकूँ कदे मैं नाहिं विसार्‌यो ॥8॥
सकल सूँ न्यारा सकल के माहीं। भर्‌या भरपूर में जाहीं काहीं ॥
कहत रोहल मैं रोहल भी नाहीं। सोही हौं साहिब जिहिं खेल रचाहीं ॥9॥1॥

मैं साहब हूँ। सभी का पालन करता हूँ। मैं अविनाशी हूँ। सभी को उत्पन्न करने वाला हूँ ॥थल॥ पर्वत से प्रह्लाद को गुड़काया। मैंने हाथ लगा-कर स्वयं उसको बचाया। जब प्रह्लाद को अग्नि में जलाया गया, तब वहाँ मैंने बाग बनाकर शीतलता प्रदान की और

नाखूनों से विदीर्ण करके हिरण्यकशपु को मारा ॥1॥ हरिश्चन्द्र का तख्त छुड़ाकर उसको वैराग्य देकर मैंने ही उसको वैरागी बनाया। बिना कर दिये, पुत्र को जलाने को हुई उद्यत तारामती को मैंने रोका, हाथ में पहले कर लिया, इस प्रकार मैंने सत्य को प्रकट किया ॥2॥ कौरवों व पांडवों के बीच जुवाँ खेलने का खेल रचा और पाण्डवों द्वारा द्रौपदी के हार जाने पर मैंने उसको साड़ी पहनायी। दोनों के मध्य उन्माद फैलाकर दोनों को लड़वाया और अंत में युधिष्ठिर को हिमालय पर भेजकर उसका उद्धार किया ॥3॥ कलियुग में बलिराजा का सत विस्तारित किया। उसने मेरे सत्य पर अपने शरीर को भी मुझको अर्पित कर दिया। सत्य के कारण ही मैंने उसको जगत् में स्थापित किया और उसको लेकर मैं स्वर्ग में आ गया ॥4॥ नामदेव की मैंने छान छवाई। कर्माबाई की मैंने खिचड़ी खाई। नाई बनकर मैंने राजा का कुष्ठ-रोग मिटाया। इसी प्रकार मैंने सेन भक्त का कार्य सिद्ध किया ॥5॥ धन्ना भक्त का मैं हाली (हल चलाने) वाला बना। खेदारा=क्यारी बनाई और उसमें नाली बनाकर पानी चलाया। प्रेमी भक्ता शबरी से मैंने प्रीति की। सहर्ष हाथ पसार-कर उसके बेर खाए ॥6॥ काशी में मैं भक्त-साधु कबीर के रूप में प्रकट हुआ और पंडितों से मिलकर मैंने कबीर की हँसी उडाई। एक ही पल में हँसी उड जाने के कारण कबीर उदास होकर जंगल में जा बैठा। तब मैंने उसके देवल (मकान) में जाकर बालद उतारी जिससे ब्राह्मणों का भोजन सम्पन्न हुआ। कबीर की महिमा बढ़ी ॥7॥ मीरांबाई को दिया गया, विष मैंने ही पान किया। असंख्य संतों के कार्यों को मैंने किया, सँवारा। जिन-जिन ने भी मेरा शरणाश्रय लिया, मैंने उन-उनको कभी भी विस्मृत नहीं किया ॥8॥ मैं सबसे अलग हूँ, तो सभी में व्याप्त भी हूँ। मैं जहाँ-तहाँ अर्थात् सचराचर में भरपूर हूँ। रोहल कहते हैं, मैं रोहल भी नहीं हूँ। मैं वही साहब हूँ जिसने ब्रह्मांड रूपी यह सारा खेल रचा है ॥9॥1॥

भाइ रे तज दे कुसंग, साँचौ संग ले गुराँ को, वंदा झूठ जगत सब जान ॥थल॥
इस जगत में जनम ले आयो, करके निवास बहुत सुख पायो।
सुख माहीं ए तुम कलंक लगायो, अहिड़े सुख में है हान ॥1॥
बालातन तैं रम रम हार्‌यो, पूर्व जनम को बोल विसार्‌यो।
अगलौ कह्यो तैं अग्नि महिं होम्यो, पाछे नाहीं रखी पछान ॥2॥
मात पिता तैं प्रीति लगाई, कुटुँब कबीलौ भावहि भाई।
सँग नहिं चालै लड़का लुगाई, अंधा प्राणी अजाण ॥3॥
मेरे मंदिर महल झरोखा, नाम बिना फीका सब लूखा।
तृष्णा न भागी फिरै उ भूखा, सोइ है स्वान समान ॥4॥
काल पकड़ जब तेरी साँस ताणै, तेलि तेल पीड़ै ज्यूँ घाणी।
दौरो होसी पल में प्राणी, ले पूरौ पूरौ गुरु सनमान ॥5॥
सहज सुभाइ साहिबजी का सूरा, ओ नर कहिए सदा ही संत पूरा।

आयो है दाव बण्यो है जहूरा, जान सकै तो जान ॥6॥
साँचे गुरु सूँ कोइ हेत लगावै, आवागँवन में कबहु न आवै।
कहत रोहल उ अमरलोक जावै, अलख पुरुष की आन ॥7॥2॥

हे भाई! कुसंग का त्याग कर। गुरुदेव का सच्चा संग स्वीकार कर। हे वंदे! सारे जगत् को झूठा जान ॥थल॥ इस जगत में जन्म लेकर आया। इसमें निवास करके तूने खूब सुख प्राप्त किया किन्तु इस सुख में तूने कलंक लगा दिया क्योंकि इस सांसारिक-सुख को सुख मानने में हानि है ॥1॥ बाल्यावस्था तूने खेदकूद में व्यतीत कर दी। पूर्वजन्म का कौल-करार तू भूल गया। अंगलौ=पूर्व में तूने जो कहा था, उसको अग्नि में होम दिया और पाछै=आगे के लिए कोई पहचान शेष नहीं रखी ॥2॥ हे अंधे अज्ञानी प्राणी! तूने माता, पिता, कुटुम्ब कबीला, भाई, भाभी, लड़का, पत्नी से मोह बांध लिया, ये एक भी साथ जाने वाले नहीं ॥3॥ कहता है, मंदिर, महल, झरोखे मेरे हैं किन्तु बिना भगवन्नाम के ये सभी आनंद-हीन व रस-हीन हैं। तू भूखा ही घूमता-फिरता है, तेरी तृष्णा संतुष्ट नहीं हुई। ऐसा तू श्वान के समान है ॥4॥ काल जब पकड़कर तेरा प्राण निकालेगा तब वही स्थिति होगी, जैसे तेली द्वारा तिलों को पेरने पर तिलों की होती है। पल भर में तू दुःखी हो जायेग। अतः पूरे गुरु का पूरा सम्मान कर ॥5॥ जो स्वाभाविकतः सहज व साहिब के शूरवीर हैं, वे ही मनुष्य सदैव पूर्ण संत कहलाते हैं। अवसर प्रत्यक्षतः बनकर सामने आ गया है। इसके महत्व को जान सकता है तो जान ले ॥6॥ जो सच्चे गुरु से प्रेम करता है, वह आवागमन में कभी भी नहीं आता। रोहल कहता है, मैं अलख पुरुष की सौगंध खाकर कहता हूँ कि ऐसा प्रेमी अमरलोक को प्राप्त करता है ॥7॥2॥

अगम पंथ की गुरु महिमा भारी, कबहु न उतरै प्रेम खुमारी ॥थल॥
ग्यानी न ध्यानी जोग न साधना, समझ्या की मति जीत न हारी।
साखी न सब्द न ओऽहं सोऽहं, वेद कतेब सकल सूँ न्यारी ॥1॥
हिन्दु न तुरक जोगी न संन्यासी, रहत अडोल नहीं भेषधारी।
अंतरजामी अंतर खोल्या, ममता मन की सहजे मारी ॥2॥
उनमुन पुरुष मिल्यो घट माहीं, वाँकी प्रीति लगी अति प्यारी।
सूरा होवै सन्मुख जूझै, भीत भरम की गेर बिडारी ॥3॥
जहाँ कुछ नाहीं तहाँ कुछ पाया, सतगुरु साहिब मैं बलिहारी।
रोहल रैन गई दिन पाया, अरस परस सँग मिल्यो मुरारी ॥4॥3॥

गुरु द्वारा उपदिष्ट अगम-पंथ की महिमा बडी भारी है। उस अगम-पंथ के प्रेम का नशा कभी भी उतरता नहीं है॥ थल॥ वहाँ न ज्ञानी है, न ध्यानी है, न योग-साधना है। समझदारों की बुद्धि वहाँ न हारती और न जीतती है। वहाँ साखी व पद नहीं है, सोऽहं,

ओऽहं वहाँ नहीं है। उस प्रेम-नशे व अगम-पंथ की महिमा वेद व कुरान सभी की सीमा के परे है ॥1॥ वहाँ न कोई हिन्दू-तुर्क है, न योगी-संन्यासी है। वहाँ परब्रह्म-परमात्मा अविचल रहता है, वह वेशधारी न होकर अशरीरी है। वह अन्तर्यामी व अन्तर को प्रकाशित करने वाला है। मन की ममता को सहज में ही मारता है ॥2॥ वह उन्मन (निःमन) पुरुष शरीर में ही मिल गया। उसके प्रति प्रीति अत्यंत प्यारी लगती है। जो शूरवीर होता है, वह सन्मुख होकर भ्रम रूपी भींत (परदे) से लड़ता है और उसको नष्ट कर डालता है ॥3॥ जहाँ कुछ नहीं, वहीं कुछ प्राप्त कर लिया। मैं सद्गुरु-साहब पर न्यौछावर होता हूँ। रोहल कहते हैं- भ्रम रूपी रात्रि व्यतीत हो गई, ज्ञान रूपी दिन उदय हो गया और मैं श्रीमुरारी से अर्श-स्पर्श=एकाकार हो गया ॥4॥3॥

बिलावल

मेरा मन मोह लिया जादूगर ने ॥थल॥
ना जाणाँ कहा चेटक लाया, नींद पड़ी नू आइ जगाया।
नजर असाँवल धरने, मन मोह लिया जादूगर ने ॥1॥
विरह बाण अंदर सूँ छूटै, ममता मटकी सिर पर फूटै।
मैं गइ होती जल भरने, मन मोह लिया जादूगर ने ॥2॥
ग्यान गली में दरसन दीया, पाइ दौरी अपना करि लीया।
चित्त लगा जा चरने, मन मोह लिया जादूगर ने ॥3॥
एहि दान मांगै ए जन तेरा, रोहल कूँ कर राखौ चेरा।
आ पड़ा तेरे सरने, मन मोह लिया जादूगर ने ॥4॥4॥

जादूगर ने मेरा मन मोहित कर लिया ॥थल॥ पता नहीं, उसने कौन-सा जादू किया है। मुझ नींद में सोती हुई को आकर जगा लिया। अपनी असाँवल=प्रेम-मयी दृष्टि स्थापित करने के लिए उस जादूगर ने मेरा मन मोहित कर लिया है ॥1॥ विरह रूपी बाण जो अंदर से ही संधान होता है, अन्तर्हृदय रूपी मस्तक पर रखी ममता की मटकी को फोड़ डालता है। मैं जल भरने को गई थी, वहाँ ही जादूगर ने मेरा मन मोहित कर लिया ॥2॥ ज्ञान रूपी गली में जादूगर ने दर्शन दिये। दर्शन पाकर मैं दौड़ी और उसको अपना बना लिया। मेरा मन उसके चरणों में जा लगा। जादूगर ने मेरा मन मोहित कर लिया ॥3॥ रोहल तेरा भक्त यही दान मांगता है कि आप मुझको अपने चरणों का सेवक बना लो। मैं तेरे शरण में आन पड़ा हूँ। जादूगर ने मेरा मन मोहित कर लिया है ॥4॥4॥

कान्हरौ

जेड्यूँ मुंहिंजो जीअड़ो रीझ रह्यो है,

पिया के वदन पर अचानक दृष्टि परी ॥थल॥
किहिं से कहुँ इन सुख की बतियाँ, आसा सगल सरी।
ब्रह्म अग्नि की जब धूणि धुकाई, मन की ममत जरी ॥1॥
रोहल रात गई दिन पाया, लागी प्रीति खरी।
पिया के वदन पर अचानक दृष्टि परी ॥2॥5॥

जेड्यूँ=सखी। मुंहिंजो=मेरा। जीअड़ौ=मन। खरी=सच्ची। वदन=मुख। रीझना=मुग्ध होना।

सखी! मेरा मन प्रियतम के मुख पर, जिस पर मेरी दृष्टि अचानक पड़ी आसक्त हो गया है ॥थल॥ इस सुख की बातें किससे कहूँ अथवा किस प्रकार कहूँ? मेरी समस्त मनोऽभिलाषाएँ सिद्ध हो गयी हैं। जब ब्रह्माग्नि की धूनी को धधकाया, तब उस मन में बसी ममता जल-भुन कर खाक हो गयी ॥1॥ रोहल कहते हैं- अज्ञान रात्रि व्यतीत हो गयी, ज्ञान-दिवस का उदय हो गया और फिर प्रियतम से सच्ची प्रीति लग गयी। हे सखी! प्रियतम के मुख पर अचानक दृष्टि पड़ी ॥2॥5॥

मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥थल॥
ना जाणाँ कहा चेटक लाया, आप कनूचा आप मिलाया।
पाया प्रेम की डोरी, मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥1॥
सुरति निरति की धुनी लगाई, बिन जिभ्या के बात बताई।
खींस लिया दिल जोरी, मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥2॥
अनहद वाणी अखँड धुनि लागी, भया चित चेतन कुबध्या भागी।
त्रोड़ लागी तोरी, मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥3॥
पाँच सखी मिल मंगल गाया, रोहल रात गई दिन पाया।
मिलिया स्याम किसोरी, मोहन सूँ प्रीति लगी है मोरी ॥4॥6॥

मेरी मोहन के प्रति प्रीति लग गयी है ॥थल॥ नहीं जानती, उसने कौनसा जादू किया है, स्वयं कनुचा (कन्हैया) ही आकर मेरे से मिला है। उसने मेरे ऊपर प्रेम की डोरी डाली है। मेरी मोहन से प्रीति लग गयी है ॥1॥ मैंने सुरति व निरति की ध्वनि लगाकर बिना जिह्वा के ही आत्मसाक्षात्कार की बातें बतायीं। जबरदस्ती करके मोहन ने मेरा मन आकर्षित कर लिया है। मेरी मोहन से प्रीति लग गयी है ॥2॥ अनहद वाणी की अखंड ध्वनि शुरू हो गयी। कुबुद्धि नष्ट हो जाने से चित्त चेतन हो गया। हे मोहन! तेरी लगन लग गयी है। मेरी मोहन के प्रति प्रीति लग गयी है ॥3॥ रोहल कहते हैं- पाँच सखियों (पंच ज्ञानेन्द्रियों) ने मिलकर मंगल गान किया। अब अज्ञान-रात्रि व्यतीत हो गयी तथा ज्ञान-दिन का उदय हो गया। मोहन व किशोरीजी मिल गये। मेरी मोहन से प्रीति लग गयी है ॥4॥6॥

कनूचा=कन्हैया। संभव है, इसका अर्थ 'चा' = उठाकर, कनू=स्वयं हो, किन्तु पदांश में 'आप' शब्द की तीन बार आवृत्ति होने व अर्थ की संगति न बैठने से हमने कनूचा=कृष्ण का वाचक माना है। पाया=डाला (पंजाबी प्रयोग)। सुरति=चित की वृत्ति। निरति=नेत्रों के द्वार से बाह्य विषयों को विषय करने वाली वृत्ति। चेतन=आत्माराम होना। त्रोड़=लगन, गाढ़ी तृष्णा, राग।

वसंत धमाल

मेरे हिरदै फूल्यो विरह बाग। मिल स्याम सुंदरी खेलै फाग ॥थाल॥
सुभर सुराही राम रस पाया। पीवत प्रेम विसर गई काया।
अंमर प्याला पीया छाणा। कबहु न लागै जम को बाण ॥1॥
तत्त ताल धुन अनहद बाजा। पाँच सखी मिलि नाचन लागा।
उलट सुलट जब मिलिया एक। भूलि गयो सभ भरम र भेख ॥2॥
छुटी अमीरस की पिचकारी। भीज रही पिय के सँग प्यारी।
बरसत बूंद अबीर गुलाल। अंदर बाहर देख्या लाल ॥3॥
बडा पसारा एकै मूल। चौरासी लख लागा फूल।
मन भँवरा तहाँ करै गुँजार। चीन्ह लिया निज तत्त हि सार ॥4॥
ग्यान दीप घट भयो प्रकास। रैन अंधेरौ सकल सो नास।
करि कृपा ऐसो दीनो संग। रोहल अह निस रातौ रंग ॥5॥7॥

मेरे हृदय में विरह रूपी बाग फल-फूल गया है। सुंदरी (आत्मा) श्याम (परब्रह्म-परमात्मा) से मिलकर होली खेलती है ॥थल॥ राम-रस से आकंठ भरी सुराही प्राप्त की है। उसको प्रेमपूर्वक पीकर मैं देह की स्मृति तक भूल गयी। मैंने अमरता रूपी प्याले को छानकर पी लिया है। अब कभी भी यमराज के कष्ट नहीं भुगतने पड़ेंगे ॥1॥ तत्त्व रूपी ताल की ध्वनि और अनहदनाद का बाजा बजता है। पाँच ज्ञानेन्द्रिय रूपी सखियाँ मिलकर नाचने लगीं। आत्मा परमात्मा उलट-पलटकरमिलकर एक हो गये। अब द्वैतजन्य सारे भ्रमात्मक वेश (भिन्नत्व) को भूल गये ॥2॥ अमृत रस से भरी पिचकारी छूट रही है जिससे प्रियतम के साथ प्रियतमा भीग रही है। वर्षा बरस रही है। अबीर, गुलाल उड़ रही है। प्रियतम को बाहर-भीतर सर्वत्र देखा ॥3॥ ब्रह्मांड रूपी वृक्ष का फैलाव बडा है किन्तु इसमें अनुस्यूत मूल=जड़ तत्त्व एक है जिसके चौरासी लाख योनी रूपी फूल लगे हैं। मन रूपी भ्रमर वहाँ गुंजार करता है जिसने सार स्वरूप निज तत्त्व को पहचान लिया है ॥4॥ हृदय में ज्ञान रूपी दीपक का प्रकाश हो गया है और अज्ञान रूपी रात्रि का समूलतः नाश हो गया है। कृपा करके प्रियतम ने मुझको ऐसा संग प्रदान किया है जिससे रोहल रात्रि-दिवस प्रियतम के रंग में निमग्न है ॥5॥7॥

सूभर=आर-पार, हर ओर से भरा हुआ। यहाँ सुराही का आकंठ भरा हुआ होना, हर ओर से भरा होना है। भ्रम भेख=भ्रम रूप शरीर अर्थात् जीव अलग, परमात्मा अलग, द्वैत।

चलो पिया कूँ देवौ मुबारक, आनन्द दिनन की बधाई।
एह अवसर फिर हाथ न आवै, आज वसंत रित आई ॥थल॥
केता भेष किया वनवासी, स्याम सुंदरी संग।
देखत भूल गया संसारा, को हरिजन राता रंग ॥1॥
फूल चमेलि फुले फुलवारी, अर भँवरा करत गुँजार।
है कोइ प्रेमि प्रेम रस रसिया, चीन्ह लहै ततसार ॥2॥
खस चित चंदन इत्र आत्म का, केसर करनी संग।
भरि पिचकारि प्रेम की मारी, भीज रह्यो सब अंग ॥3॥
पाँच सखी मिल होरी खेलै, उड़त अबीर गुलाल।
सुरत निरत दोइ नाचन लागी, बाजै अनहद ताल ॥4॥
ग्यान गली में अखँड धुनि लागी, खेलै स्याम किसोर।
रोहल रिल मिल दरसन दीया, जैसे चाँद चकोर ॥5॥8॥

चलो, प्रियतम को शुभकामना दो। आनन्द के दिनों की बधाई दो। आज वसंत ऋतु आयी है। यह अवसर पुनः मिलने वाला नहीं, (हस्तगत नहीं होगा)॥ थल॥ वनवासी श्यामसुंदर ने राधिका सुंदरी के साथ वसंत मनाने को कितने ही वेश बनाये। उन नाना वेशों को देखकर साधक-भक्त संसार को भूल गया। कोई-कोई हरि-भक्त इस आनन्द में निमग्न है ॥1॥ चमेली के फूलों की फुलवारी फूल रही है। जहाँ भ्रमर गुंजार करता है। प्रेम-रस का रसिक कोई प्रेमी है जिसने सार-तत्त्व को पहचान लिया है ॥2॥ चित्त रूपी चंदन, खस का इत्र रूपी आत्मा (मन), केशर रूपी करणी इन तीनों से निर्मित रंग को प्रेम रूपी पिचकारी में भरकर उंडेला जिससे सारा शरीर भीग गया अर्थात् नख से शिखा तक प्रिया रूपी आत्मा प्रियतम रूपी परमात्मा से सराबोर हो गयी ॥3॥ पाँच सखियाँ मिल-कर होली खेलती हैं। अबीर और गुलाल उड़ती है। सुरति और निरति दोनों नाचने लगीं। अनहदनाद का ताल बजता है ॥4॥ ज्ञान रूपी गली में अखंड-ध्वनि होने लगी, जहाँ श्याम-किशोर खेलते हैं। रोहल कहते हैं- रिलमिल=एकाकार होकर दर्शन दिये, उसी प्रकार जिस प्रकार चन्द्रमा और चकोर में अनन्य-भाव सम्बन्ध होता है ॥5॥8॥

फकीराँ नूँ साहिब लगदा है प्यारा ॥थल॥
घट हि में गंगा घट हि में जमना, घट हि में ठाकुरद्वारा।
घट हि में ब्रह्मा घटि में विष्णू, घट हि में शिव का पसारा ॥1॥

घट हि में चन्द्र घट हि में सूरज, घट हि में नौ लख तारा।
कैहत रोहल सुनौ भइ साधौ, ढूंढ लधा घर सारा ॥2॥9॥

फकीरों को साहब प्यारा लगता है ॥थल॥ शरीर में ही गंगा, शरीर में ही यमुना व शरीर में ही ठाकुरद्वारा है। घट में ही ब्रह्मा तो घट में ही विष्णु है। घट में ही शिव का प्रसार–निवास है ॥1॥ शरीर में ही चन्द्रमा, शरीर में ही सूर्य, और शरीर में ही नौ लाख तारे हैं। रोहल कहता है- हे साधु भाई! सुनो, सारे घर=शरीर को ढूंढकर मैंने इसमें ही परमात्मा को लधा=पा लिया है ॥2॥9॥

ऐसा कोइ हंसा काया गढ जीतै, देस हमारे आवै ॥थल॥
कर्मजाल के माहिं अलूधा, किमि कर फंद कटावै।
पूरे गुरु के चरण कमल पर, अपना सीस नमावै ॥1॥
सत सब्द सत नाम का बेड़ा ले, प्रेम की फौज चढावै।
सुरति निरति का झंडा रोपै, डेरा सो अगम डोरावै ॥2॥
अर्ध उर्ध महिं करत लड़ाई, बावन जोध हटावै।
पाँच पचीस का डेरा लूटै, आगे मँजिल उठावै ॥3॥
मन कूँ मार सभ देखत लोपै, अनिल का खेल समावै।
धाम अदीठ का बाँध मकाना, निरगुण का गुण गावै ॥4॥
हद घर छोड बेहद घर चलिया, फिर पाछा नहिं आवै।
चौथे पद सूँ पद्द अगोचर, पूरा होवै तो पावै ॥5॥
रोहल नाम अनाम अनामी, निज निहनाम कहावै।
अचरज अपरम कह्यो न जावै, गैबी गैब समावै ॥6॥10॥

कर्मों के जाल में फँसा, कैसे भी करके, फंदे को काटकर कोई जीवात्मा, काया रूपी गढ़ को जीतकर हंस बनकर हमारे देश में आता है और पूर्ण गुरु के चरण-कमलों पर अपना मस्तक नमाता है ॥टेक1॥ वह सत्य रूपी उपदेश व सत्य रूपी ही भगवन्नाम का जलपोत बनाकर प्रेम रूपी फौज को उसमें बैठाता है। सुरति व निरति के झंडे को उस जलपोत पर लगता है और अगम-स्थान रूपी डेरे की ओर उसको चलाता है ॥2॥ अर्ध व उर्ध (प्राण व अपान दोनों को मिलाना) दोनों ओर लड़ाई करके बावन योद्धाओं को रणक्षेत्र से हटाता है। पाँच तत्त्व व पचीस प्रकृतियों के डेरे को लूट लेता है और आगे की मंजिल को पाने को उठ खड़ा होता है ॥3॥ सभी के देखते-देखते मन को मार देता है। अनिल=वायु=प्राणों के खेल (प्राण व अपान को एक करने के खेल) में समाता है। अदृष्टधाम का मकान बनाकर निर्गुण परमात्मा का गुणगान करता है ॥4॥ ससीम घर=देह, संसार को छोड़कर

निस्सीम=परमात्मा, सहस्रार के मार्ग पर चल पड़ता है जहाँ से लौटकर वापिस नहीं आता। चौथा पद जो अगोचर (दृष्टि में न आने योग्य) पद है को वही प्राप्त करता है जो पूर्ण होता है ॥5॥ रोहल नाम अनामी का अनाम नाम है जो कि निज निहनाम=परम अनाम कहलाता है। वह आश्चर्य-मय, अपरम्पार है जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता। वस्तुतः गुप्त आत्मा, गुप्त परमात्मा में मिल जाता है ॥6॥10॥

वसंत होरी

लाल गुलाल उडाए, होली खेलै निरंजन ॥थल॥
हाँ रे सखि मेरे काया के मंदिर, अहनिसि मंगल गावै।
हार सिंगार फूलों का सेहरा, आतम राम चढावै ॥1॥
काम किरोध मिटै जब ममता, हर चरनै चित लाए।
ग्यान गुलाल दहौं दिसि बरसै, विरहा बादल लाए ॥2॥
अन्तरजामी सूँ खेलौ होरी, रोहल रंग लगाए ॥3॥11॥

निरंजन (माया-रहित) लाल (श्रीकृष्ण) गुलाल उडाकर होली खेलता है ॥थल॥ हाँ, ए सखी! मेरी काया के भीतर होली खेलता है और रात्रि-दिवस मंगल-गान होता है। आत्मा रूपी रामजी के ऊपर शृंगार हेतु हार व फूलों को सेहरा चढ़ाता है ॥1॥ जब श्रीहरि के चरणों में चित्त को संलग्न किया जाता है तब काम, क्रोध व ममता नष्ट हो जाते हैं। ज्ञान रूपी गुलाल दसों दिशाओं में उड़ती है और विरह के बादल छा जाते हैं ॥2॥ रोहल कहते हैं- रंग लगाकर अन्तर्यामी से होली खेलो ॥3॥11॥

होरी फाग में खेलूँ मैं, अपने पिया संग प्यारी।
आउ री सखी आज सहज सिंगारे, एक एक न्यारी न्यारी ॥थाल॥
अबीर गुलाल की पोट उड़त है, प्रेम भरी पिचकारी।
जल केसर का उठत फुहारा, होइ रही गजकारी ॥1॥
अँगियो भीनौ मेरौ सालूणौ भीनौ, नख सिख रोम रोम सारी।
छुटत फटाका बाजा बाजै, एक धुनि लागी भारी ॥2॥
अमीरस मद पी छाक रही हूँ, नैना चढी है खुमारी।
रोहल सभ घट वसंत बहार्‌यो, चौकूटाँ चौधारी ॥3॥12॥

अपने प्रियतम के साथ मैं प्रियतमा फाल्गुन मास में होली खेलती हूँ। हे सखियों! सहज का शृंगार कर एक-एक करके न्यारी-न्यारी आज आओ ॥थल॥ अबीर व गुलाल की पोटलियाँ उड़ रही हैं, प्रेम रूपी जल से भरी पिचकारियाँ छूट रही हैं। केशर के जल की फुहारें उड़ रही हैं जिससे गजगीरी (कीचड़) हो रहा है ॥1॥ मेरी अंगिया (कंचुकी, चोली) व लाल

रंग की साड़ी भीग गई है। मैं नख से शिखा तक रोम-रोम, सारी की सारी भीग गई हूँ। फटाके छूटते हैं, बाजे बजते हैं और इनकी जोरदार ध्वनि लगातार लग गई है ॥2॥ अमृत-रस रूपी मद पीकर मैं उसमें मदहोश हो गई हूँ जिससे मेरे नेत्रों में नशा चढ़ गया है। रोहल कहते हैं, सारे शरीर में वसंत (आनन्द) छा (बहार्यो) गया और चारों ओर तेज धार युक्त वसंतमयावस्था व्याप्त हो गई है ॥3॥12॥

कल्याण होरी

हरि संग खेलूँ मैं होरी होरी, आज वसंत की रितु आई ॥थल॥
तेल फुलेल लगाइ सखी री, फिर अंग लाज की चोरी चोरी।
सुर्ख हिया की चौंरी सजाई, आज वसंत की रितु आई ॥1॥
अगर चँदन परमल कस्तूरी, घिस घिस भरिए कटोरी कटोरी।
तिलक मांग सिंदूर चढाई, आज वसंत की रितु आई ॥2॥
भाव दया का बूखन भरिया, नाक नथ मोतिन जोरी जोरी।
ग्यान अंजन की रेख लगाई, आज वसंत की रितु आई ॥3॥
प्रेम केसर जल भर पिचकारी, खेलै स्याम किसोर किसोरी।
विरह गुलाल लगी पोट उडाई, आज वसंत की रितु आई ॥4॥
रोहल रिल मिल स्याम सुंदरी, हरष हेत कियो री कियो री।
रसना रतिवँत फाग रचाई, आज वसंत की रितु आई ॥5॥13॥

आज वसंत-ऋतु का आगमन हो गया है, मैं श्रीहरि के साथ होली ही होली खेलती हूँ ॥थल॥ हे सखी! तेल फुलेल लगा रखा है। अंग लाज की=अंग की लज्जा से लज्जित हुई चोरी-चोरी इधर-उधर फिरती हूँ। मैंने सुर्ख हृदय की चँवरी सजाई है। आज वसंत ऋतु का आगमन हुआ है ॥1॥ अगर, चँदन, सुगंधित कस्तूरी को घिस-घिस कर कटोरियों की कटोरियों भर रखी हैं। माथे पर तिलक व मांग में सिन्दूर लगा रखा है। आज वसंत ऋतु आई है ॥2॥ दया-भाव या भाव व दया के आभूषण पहन रखे हैं। नाक में मोतियों से जड़ित नथ पहन रखी है। ज्ञानांजन की रेख लगा रखी है। आज वसंत की ऋतु आई है ॥3॥ पिचकारी में प्रेम रूपी केशर का जल भर रखा है और श्यामकिशोर व किशोरीजी खेलते हैं। विरह रूपी गुलाल पोटलियों की पोटलियों भरकर उड़ रही हैं। आज वसंत की ऋतु आई है ॥4॥ रोहल कहते हैं- हर्ष व प्रेम सहित श्याम व सुंदरी राधिका ने हिल-मिलकर होली का खेल खेला। रसना (जिह्वा) ने रतिवंत (सुंदर) फाग की रचना की। आज वसंत की ऋतु आई है ॥5॥13॥

जाणै नहिं को मरम हमारा।
हम हूँ सरब सरब के माहीं, अंत सकल सूँ न्यारा ॥थल॥
आदि भी हम हूँ अंत भी हम हूँ, मधि मेरा विसतारा।
मेरी वज्री देह अनूपी, निरंतर प्रगट किया आकारा ॥1॥
असंख जुगाँ हउँ गुपता रहिया, आप हि आप निरधारा।
पीछै हम सत सब्द किया परगट, जासूँ भया रणकारा ॥2॥
अनगढ अकल निकलँक निनामी, ज्यूँ एक वृच्छ दस डारा।
इस डार डार माहीं दस धारा, जो छिटकै जिसका पसर्‌या पसारा ॥3॥
गत के कारण अवगत धाम थापियो, अखै मंडल चौबारा।
उहाँ इक मेरा वंस रहत है, कहिए अपरम अपारा ॥4॥
आरँभ महिं इक तेज उपाया, किया वहि पवन का विस्तारा।
इछा मूँ पाँच तत्त किया पैदा, अंडाखान अपारा ॥5॥
एक अंडा फूट पड़्या जल माहीं, बीज हुआ सहस कली पर करतारा।
उसके नाभि मूँ ब्रह्मा पैदा हुवा, ब्रह्मा वेद उचारा ॥6॥
ब्रह्मंड रच्या च्यार जुग थाप्या, भया सिव सक्ति का विस्तारा।
उतपति ले बारह पंथ हलाया, ये सभ उरला व्यवहारा ॥7॥
बिछुड़्या हंस कोइ मूल कूँ पहुचै, ओही मेरा संत सचारा।
असंख भवन वाकूँ देउँ पतसाही, कहै रोहल निरधारा ॥8॥14॥

कोई भी मेरा मर्म नहीं जानता। मैं सर्व सचराचर में परिव्याप्त हूँ, सचराचर मेरे में हैं किन्तु अंततः मैं सबसे न्यारा हूँ ॥थल॥ आदि में मैं हूँ, अंत में मैं हूँ तथा मध्य में भी मेरा ही सारा विस्तार है। मेरी देह वज्र व अनुपम है जिसके माध्यम से मैंने निरंतर आकार प्रकट किया है ॥1॥ असंख्य युगों तक मैं निराधार 'आप में आप' स्थिति के रूप में गुप्त रहा। तत्पश्चात् मैंने सत्य शब्द प्रकट किया जिससे रणकार (ररंकार) की ध्वनि प्रकटी ॥2॥ यह अनगढ़, अकल, निष्कलंक व अनामी है; वैसे ही, जैसे एक वृक्ष में दस डालें होती हैं। (शरीर वृक्ष व दस द्वार ही दस डालें हैं)। इन एक-एक डाल में दस-दस धाराएँ हैं। जो छिटक जाती हैं, उन्हीं का सारा फैलाव फैलता है ॥3॥ ज्ञातव्य (गत) के कारण ही अविगत धाम स्थापित किया जहाँ चार द्वार का अक्षय मंडल है। वह मेरा एक वंश (आत्मा) रहता है जो अपरम-अपार कहा जाता है ॥4॥ सर्वारंभ में एक तेज की उत्पत्ति की, उसीने पवन का विस्तार किया। इच्छा में पाँच तत्त्वों की पैदाइश की जो अपार अंडों के खान (व्यष्टि समूह) है ॥5॥ एक अंडा फूट-कर जल में गिरा जो सहस्रदल कमल पर सृजनकर्त्ता बीज रूप हुआ उस कमल की नाभि से ब्रह्मा पैदा हुआ और ब्रह्मा ने वेद का उच्चारण किया ॥6॥ ब्रह्मा

ने ब्रह्मांड की रचना की, चार युग बनाये और शिव-शक्ति का विस्तार हुआ। उत्पत्ति करके बारहपंथ बनाये। ये सभी माया के व्यवहार हैं ॥7॥ बिछुड़े हुए हंस कोई-कोई ही मूल (अपने अंशी ब्रह्म) से मिलते हैं। जो ब्रह्म से मिलते हैं, वे ही मेरे सच्चे संत हैं। रोहल सच कहता हूँ कि मैं उनको असंख्य भवनों की बादशाहत दे देता हूँ ॥8॥14॥

कहौ तुम ईसरदास वैरागी।
लगन तुमारी किस विधि लागी, क्या देख तुम भयो है त्यागी।
बात बताओ अगम सूँ आगी, तो मैं मानूँ साँची ॥थल॥
सत साहब तुम कहौ किसी को, कैसा साहब तेरा।
नाम र ठाम जिसी का नाहीं, कहाँ उसी का डेरा ॥1॥
सुंन महामुन असुन न हुंती, रूप अरूप न धारा।
निहचिंत अचिंत कूँ चिंता न हुंती, क्योंकर पसर्‌या पसारा ॥2॥
गत अवगत ररँकार न हुंते, सरवर ना को हंसा।
अखै मँडल ना को महल झरोका, सेत सेज वाँ क्यों पंसा ॥3॥
तेज पवन आकास न हुंती, धरती ना को पानी।
पाँच तत मूल माया न हुंती, रचना किमी रचानी ॥4॥
चांद सुरज की उतपति कैसी, और नव लख तारा।
चौदह लोक इकीस ब्रह्मंड, कौन बनावनहारा ॥5॥
कौन देस सूँ अंडा फूटा, बीरज कहाँ ठहराया।
ब्रह्मा बीज पयाल सूँ लाया, पयाल में कहाँ सूँ आया ॥6॥
ग्रभ के माहीं पिंड रचाना, घट महिं घाट घड़ाना।
उस घट माहीं को अवघट आखा, कई घाट का प्राना ॥7॥
जल थल ब्रह्मा विष्णु न हुंता, ना को महेस गणेसा।
दस दिगपाल कुरंम न कासब, कहाँ धवल कहाँ सेसा ॥8॥
अगम सूँ आगै खोज बताओ, तो तेरा गुरु साँचा।
खोज बिना जोइ भेष जो पहरै, सो नटवारा नाचा ॥9॥
सूफी साफ सकल सूँ न्यारा, साहब है सरमस्ता।
कहत रोहल कोइ संत विरागी, रहत हमारा रस्ता ॥10॥15॥

हे ईश्वरदास वैरागी! बताओ कि तुम्हारी लगन किस प्रकार लगी और किसको देखकर त्यागी बने हो। यदि तुम अगम से भी आगे की बात बता सकेगो तब ही मैं सच मानूंगा ॥थल॥ तुम किसको सत्य-साहिब कहते हो और वह साहिब कैसा है? जिसका नाम व स्थान नहीं है तथा उसका रहने का ठिकाना कहाँ है? ॥1॥ शून्य, महाशून्य, अशून्य कुछ

भी नहीं थीं, अरूप परमात्मा ने रूप धारण नहीं किया था। निश्चिंत, अचिन्त्य को कोई चिन्ता नहीं थी, फिर यह पसारा-ब्रह्मांड कैसे हुआ?॥2॥ गत (ज्ञात), अविगत, ररंकार भी नहीं थे, न सरोवर था, न कोई हंस था। अक्षय मंडल, महल, झरोखा कुछ नहीं थे, फिर यह श्वेत शैया का पसारा कैसे हुआ?॥3॥ तेज, पवन, आकाश नहीं थे, भूमि व पानी भी नहीं थे। पाँच तत्त्व, मूल माया नहीं थे, तब रचना को किस प्रकार, कैसे रची?॥4॥ चन्द्रमा, सूर्य की उत्पत्ति कैसे हुई और नौ लाख तारों की भी। चौदह लोक व इकीस ब्रह्मांडों को बनाने वाला कौन है?॥5॥ कौन से देश से अंडा फूटा और उसमें का वीर्य कहाँ ठहरा। ब्रह्मा बीज पाताल से लाया किन्तु वह बीज पाताल में कहाँ से आया ॥6॥ गर्भ में पिंड की रचना होती है, शरीर में ही शरीर की रचना होती है। उस शरीर में किसको अवघट (बिना बना हुआ) कहा गया है जो अनेक घाटों का प्राण है ॥7॥ जल, स्थल, ब्रह्मा, विष्णु नहीं थे, न कोई महेश व गणेश थे। दस दिग्पाल, कूर्म व कच्छप नहीं थे। धवल=श्वेत व शेष कहाँ थे?॥8॥ यदि तू अगम से आगे की खोज का बता देगा तो मैं तेरे गुरु को सच्चा मानूंगा। खोज के बिना जो केवल वेश पहनते हैं वे केवल नट की भाँति नाचते हैं ॥9॥ सूफी साफ होता है। सभी से न्यारा होता है। साहिब के सरमस्त=उन्मत्त, (साहिब की मस्ती में मदमस्त) है। रोहल कहते हैं- कोई संत, वैरागी ही हमारे रास्ते पर चलता है ॥10॥15॥

साधौ मिथ्या मँडप मंडाना।
झूठे इष्ट बांध बैठा सभ कोई, देखत माहिं भुलाना ॥थल॥
ब्रह्मा विष्णु महेस गणेसा, मंडप माहिं बंधाना।
आपा बांधा अब किम छूटे, यह तो चार जुग माहिं अटकाना ॥1॥
कोइ कहै अलील पुरुष है साहब, जल महिं जल्ल मिलाना।
पाणी होवै साहिब तो सूक क्यों जावै, यह तो कूड़ कमाना ॥2॥
केई कहैं सिव सक्ति है साहब, जोड़ी मूँ जरखाणा।
कर कर भोग अहि भोगी मर गए, परलय माहिं समाणा ॥3॥
केई कहतु सेस है साहब, जिस पर भार उठाणा।
कूरम सेस कुंजर भी मर गए, काल की फाँस फिराणा ॥4॥
केई कहतु मंन है साहब, पवंन प्राण कहाणा।
नव तताँ सूँ है साहब न्यारा, ए तो दूसर माँह उलझाणा ॥5॥
केइ कहैं चांद सुरज है साहब, उर्द्ध नाम उलटाणा।
चांद सुरज तारा पतंग जोति का, अकल कला में खिलाणा ॥6॥
आदि भी नाहीं अंत भी नाहीं, मधि ठहरण मुरखाणा।
इकीसी ब्रह्मंड चकर काल का, जम के जर में फँसाणा ॥7॥

अरभ खरभ कोइ करोड़नि सूँ सूरा, अमरलोक पहुँचाणा।
और सर्व चौरासी का वासी, मिट्या नहिं आणा जाणा ॥8॥
ऊँच होवै नीच कोइ आज्ञा पर हालै, क्या राजा क्या राणा।
कहत रोहल कोइ कह्या मेरा मानै, तो बताऊँ असल ठिकाना ॥9॥16॥

साधुओ! मंडप=सृष्टि का मंडान (की रचना) मिथ्या है। सभी कोई झूठे इष्ट से बँधकर बैठे हैं और जो दीखता है, उसमें ही भूल रहे हैं ॥थल॥ ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गणेश सभी इसमें बंधे पड़े हैं। आपा=अहंकार में बंधे हुए हैं, अब कैसे छूट सकते हैं? ये तो चार युगों से ही अटके पड़े हैं ॥1॥ कोई कहते हैं- साहिब अलील=सागर स्वरूप है और जल में जल की भाँति उसमें मिलना संभव है। यदि साहिब जल रूप है तो वह सूक क्यों जाता है? वस्तुतः यह तो झूठी बात है ॥2॥ कोई कहते हैं- साहिब शिव व शक्ति स्वरूप हैं। इनकी जोड़ी में सोने की खान है। भोग भोग-भोगकर ये भोगी मर गये और प्रलय में समाहित हो गये ॥3॥ कोई कहते हैं- शेष ही साहिब है, जिसने सारे ब्रह्मांड का भार उठा रखा है। कूर्म, शेष, कच्छप भी मर गये, सभी काल की फाँसी में फँसते हैं ॥4॥ कोई मन को ही साहिब कहते हैं, कोई पवन प्राण को कहते हैं। साहिब नव तत्त्वों से न्यारा है। (किसी-किसी के मत में, लिंग-देह सांख्यशात्र-सम्मत सत्रह तत्त्वात्मक न होकर, नव तत्त्वात्मक है, यथाश्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण, मन, बुद्धि, चित्त व अहंकार।) ये तो द्वैत में उलझे पड़े है ॥5॥ कोई कहते हैं कि चन्द्रमा व सूर्य साहिब हैं। ये तो ऊपर लटक रहे हैं। चन्द्रमा, सूर्य, तारा तो ज्योति-स्वरूप साहिब के पतंगे समान हैं और अकल साहिब की कला के वशवर्ती होकर खेलते=प्रकाशित होते हैं ॥6॥ आदि में भी नहीं, अंत में भी नहीं, मध्य में ठहरे हुए मानना भी मूर्खता है। इक्कीस ब्रह्मांड काल के चक्र में हैं जो यमराज के जाल में फँसते है ॥7॥ करोड़ों अरब, खर्ब में कोई एक शूरवीर होता है जो अमरलोक में पहुँचता है। अन्यथा और सभी चौरासी में ही पड़े रहने वाले हैं जिनका आना-जाना नहीं मिटता ॥8॥ चाहे कोई उच्च कुल वाला हो, चाहे कोई नीच कुल वाला हो, चाहे कोई राजा-राणा हो, यदि वह मेरी आज्ञानुसार चले, मेरे कहे अनुसार अचारण करे तो मैं उसको असली ठिकाना बता देता हूँ ॥9॥16॥

रेखता

लागी लगन सजन की, किसनूँ कह्यो न जाइ।
छोडाँ तो छूटै नाहीं, लुँव लुँव में रह्यो समाइ ॥थाल॥
बेचून नमूना कहत है, जिसके हथे न पाँइ।
देखन में नहिं आवता, सो विरहै दिया बताइ ॥1॥
तिसके विरहा बिछू का, जिसकूँ जो डंक लगा।

तुझ बिन कोइ न जानै, उस दरद की दवा ॥2॥
एही रेखता रोहल का, कोइ सुनै दिल्ल लगाइ।
जिस तन लगी सो जानहै, ईसक बुरी बलाइ ॥3॥17॥

मेरे मन में प्रियतम की लगन लग गई है, यह बात किसी से भी कहने में नहीं आती। छोड़ना चाहूँ तब भी छूटती नहीं। मेरी रोम-रोम में वह समाया हुआ है ॥थल॥ वह प्रियतम बेचून=बेमिसाल=अद्वितीय नमूना है जिसके हाथ, पाँव नहीं हैं। वह देखने में नहीं आता, किन्तु विरह ने उसका साक्षात्कार करा दिया ॥1॥ उसकी विरह रूपी बिच्छू का डंक जिसके लगा है, उसके दर्द की दवा तेरे अलावा कोई नहीं जानता ॥2॥ रोहल के इस रेखते को काई मन लगाकर सुने। जिसके शरीर में इश्क रूपी डंक लग गया है, वही जानता है कि इश्क बुरी बला है ॥3॥17॥

कल्याण, आरती

आरति कीजे दाता गुरु तेरी। मिट गइ ममता दुरमति मेरी ॥थल॥
पाँच पचीसी सहजेइ मार्या। भव सागर में डूबत तार्या।
सूती हुती अब जागि सवेरी। मिट गइ ममता दुरमति मेरी ॥1॥
तुम मेरे सतगुरु प्रान अधारी। सकल का साहब पर उपगारी।
अनेक समायो थारी धाम बडेरी। मिट गइ ममता दुरमति मेरी ॥2॥
चरण कमल चित मेरौ लागो। भूल भरम दुख सहजेइ भागो।
नजर न आवै कोइ वैर न वैरी। मिट गइ ममता दुरमति मेरी ॥3॥
कैसे बखाण कराँ मैं बड़ाई। एक जीभ सूँ कह्या न जाई।
अधिक ऊपमा उतम उचेरी। मिट गइ ममता दुरमति मेरी ॥4॥
हरष हरष गुन तेरौ गायो। रोहल राह अगम को पायो।
लियो निवास कटी जम फेरी। मिट गइ ममता दुरमति मेरी ॥5॥18॥

हे दाता गुरु! तेरी आरती करते हैं। मेरी ममता व दुर्मति मिट गयी हैं ॥थल॥ पाँच-पचीस (पाँच तत्त्व और उनकी पचीस प्रकृतियों) को सहज में ही मार डाला। भव-सागर में डूबते हुए को तार लिया। अज्ञान-निद्रा में सोई थी, अब ज्ञान रूपी सवेरा होने से जाग गयी। मेरी ममता व दुर्मति मिट गयी हैं ॥1॥ मेरे सद्गुरु! आप मेरे प्राणों के आधार हैं। आप सभी के साहिब व परोपकारी हैं। आप सचराचर में व्याप्त हैं, आप का धाम बड़ा है। मेरी ममता व दुर्मति मिट गयी हैं ॥2॥ मेरा चित्त आपके चरण-कमलों में अनुरक्त हो गया है। भूल व भ्रम, दुःख सहज में ही भाग गये हैं। नजर के सामने न कोई वैरी दिखता है और न वैर ही दिखता है। मेरी ममता व दुर्मति मिट गयी हैं ॥3॥ मैं कैसे तेरी महिमा का

वर्णन करूँ। मेरे पास एक जिह्वा है जिससे वर्णन नहीं हो सकता। तेरी महिमा उत्तम और अत्यधिक बतायी गयी है। मेरी ममता व दुर्मति मिट गयी हैं ॥4॥ रोहल ने हर्षित हो-होकर तेरी महिमा का गुण गान किया है और अगम के राह को पाया है। अगम-स्थान में निवास प्राप्त कर लिया, यमराज के यहाँ जाने का फेरा मिट गया। मेरी ममता व दुर्मति मिट गयी हैं ॥5॥18॥

संझा आरति गुरु की गाऊँ। दया भाव चित अपने लाऊँ ॥थल॥
प्रथम दंडवत करौं लख बारी। ऐसे राखौं प्रीति पियारी।
लगन लगाऊँ तोड़ निभाऊँ। दया भाव चित अपने लाऊँ ॥1॥
सील सँतोष खिम्या अँग जरना। सीस नँवाए चरन पर धरना॥
अपने साहब का मुजरा पाऊँ। दया भाव चित अपने लाऊँ ॥2॥
भाव सुभाव करि राखौं भेला। सुरति निरति ले कीजे मेला।
दम दम ऐसा अचरज उमाऊँ। दया भाव चित अपने लाऊँ ॥3॥
वचने साच सदा निरवाण। पावै आदी असल टिकाण।
मृतू लोक में फिर हि न आऊँ। दया भाव चित अपने लाऊँ ॥4॥
परमानँद सुख ऐसा कहिए। रोहल रम्ज समझ थिर रहिए।
सत सबदाँ सूँ नेह लगाऊँ। दया भाव चित अपने लाऊँ ॥5॥19॥

गुरु-महाराज की सन्ध्या-आरती गाता हूँ। अपने चित्त में दया का भाव लाता हूँ ॥थल॥ सर्वप्रथम लाखों बार प्रणाम करता हूँ। इस प्रकार प्यारी प्रीति का पालन करता हूँ। लगन लगाता हूँ और तोड़=गाढ़ी तृष्णा का वरण करता हूँ। अपने चित्त में दया-भाव धारण करता हूँ ॥1॥ शील, संतोष, क्षमा, जरणा (सहनशीलता) अंगीकार करता हूँ। माथा झुकाकर चरणों में रखता हूँ। अपने साहिब के दरबार में हाजिर होकर उसके दर्शन प्राप्त करता हूँ। अपने चित्त में दया-भाव धारण करता हूँ ॥2॥ भाव व अच्छे भाव के द्वारा साहिब को साथ में मिलाकर रखता हूँ। सुरति और निरति के द्वारा मेल मिलाता हूँ। श्वास-प्रतिश्वास आश्चर्य-जनक उमंग पाता हूँ। अपने चित्त में दया-भाव धारण करता हूँ ॥3॥ वचनों में मैं सदैव सच्चा व वाण (मिथ्यात्व) रहित रहता हूँ जिससे असली आदि ठिकाणा पाता हूँ। मृत्यु लोक में अब नहीं आऊँगा। दया-भाव अपने चित्त में धारण करता हूँ ॥4॥ परमानन्द सुख कैसा है? रोहल करते हैं, वह रम्ज=रुहानी-अवस्था को समझकर उसीमें सुस्थिर रहना है। सत्य शब्दों से प्रीति लगाता हूँ, अपने चित्त में दया-भाव धारण करता हूँ ॥5॥19॥

आज मोरे संत पधार्‍या।
संत पधार्‍या हरिजन प्यारा, बलि बलि जाऊँ बलिहारा ॥थल॥
आज मोरे आंगण आया, भई है बधाई बरत्या है मंगलचारा ॥1॥

भाव भगति की मैं करूँ रसोई, आनँद करूँ अहारा।
सहज सुख की मैं सेज बिछाऊँ, पाऊँ मोख दुवारा ॥2॥
कहत रोहल संत भले पधार्‍या, पाया दरसन दीदारा ॥3॥20॥

आज मेरे संत पधारे हैं। प्यारे हरि-भक्त संत पधारे हैं। मैं उन पर बार-बार बलिहारी जाता हूँ ॥थल॥ आज मेरे आँगन में आये हैं। बधाई=उत्सव हो रहा है। मंगलाचार बरत रहा है॥ 1॥ भाव-भक्ति की भोजन सामग्री बनता हूँ और आनंदपूर्वक खाता हूँ। सहज सुख की शैया बिछाता हूँ और मोक्षमार्ग प्राप्त करता हूँ ॥2॥ रोहल कहते है- संतों का पधारना अच्छा हुआ। मैंने उनके दर्शन किये ॥3॥20॥

चेतन राजा चढ्यो युध ऊपर, जासूँ बंका गढ लेणा मेरा भाई।
हिमत हथ्यार सत सब्द गुण गुरु का, जासूँ कुद कुद करत लड़ाई ॥थल॥
विरह की फौज चढी अति भारी, जासूँ अनहद बजै नगारा।
झंडा झोली महाबल अगम का, जाँ सूँ किया मैदान में मारा ॥1॥
दोउ दल आणि खड़ा रण माहीं, जाँ सूँ खेह उडी असमाना।
सीस बिना जुध करत है सूरा, लागि रह्या घमसाना ॥2॥
सुरत की सुरँग गगन गढ तोड़्या, जाँ सूँ मँडल पगौं महिं कीया।
तृष्णा हटाइ ममता मन मारी, जाँ सूँ पकड़ जाइ गढ लीया ॥3॥
तेज की तोप छूटा दम दारू, ग्यान का गोला उडाया।
मोह भरम का बिचला बुर्ज भागा, जाँ सूँ मन का बल्ल हटाया ॥4॥
सार जीत बैठा सिंघासण, अटल पाई पतिसाही।
रोहल साहब सगल का करता, जाँ सूँ उलटी अकल चलाई ॥5॥21॥

चेतन राजा युद्ध करने को चढ़ गया है। इस युद्ध से वह बाँके गढ़ को जीतेगा। उसने हिम्मत के हथियार बनाये हैं। गुरु के सत्य शब्द को गुण=धनुष बनाया हैं। (गुण, धनुष की प्रत्यंचा को कहते हैं। यहाँ धनुष मान लिया गया है क्योंकि वर्णन हथियारों का है।) जिससे कूद-कूदकर=उत्साह सहित लड़ाई लड़ता है ॥थल॥ युद्धार्थ उग्र विरह की फौज रणांगण में चढ़ी जिससे अनहद नाद का नगारा बजता है। अगम के महाबल के झंडे-झोलियों से मैदान में मारकाट मचा दी है ॥1॥ रणांगण में दोनों दल (परमात्मभिमुखता व संसाराभिमुखता) सामने-आमने आ खड़े हुए हैं जिसके कारण संसाराभिमुखता रूपी मिट्टी आसमान में उड़ गयी। शूरवीर बिना मस्तक के (अहंकारशून्य होकर साधना करना) युद्ध करता है और घमासान युद्ध होता है ॥2॥ सुरति रूपी सुरंग से प्रवेश करके गगन रूपी गढ़ को तोड़ दिया जिससे शून्य-मंडल रूपी जीत को अपने अधीन कर ली। मन की ममता को मार डाली, तृष्णा को हटा दी और जिनसे गढ़ रूपी सहस्र-मंडल को जाकर प्राप्त कर लिया

॥3॥ तेज की बंदूक में श्वास का बारूद भर-कर ज्ञान रूपी गोले को दागा जिससे मोह व भ्रम का बिचला (बीच का) बुर्ज ढह गया। फलतः मन का बल टूट गया ॥4॥ सार=शत्रु-सेना को जीत-कर सिंहासन पर विराजमान हो गया और न टलने योग्य बादशाहत प्राप्त कर ली। रोहल कहते हैं- साहिब समस्त ब्रह्मांड का अभिन्न-निमित्तोपादान कारण है जिससे उल्टी अक्ल चली (सृष्टि की रचना हुई) ॥5॥21॥

ओ उड कोइ हंसा हमारे देस आवै, करै मानसरोवर डेरा ॥थल॥
भवसागर के काँठे है रूँखड़ा, जामें लिया है बसेरा।
डाल पात वीरा विष माहीं, अलूधा पंख मत कोइ पँखेरा ॥1॥
मृतू लोक में मर मर जासी, खासी चौरासी का फेरा।
चौदह जल थल काल का हेरा, दिया चौफेरा घेरा ॥2॥
अणहोती रैण पड़ गई बीच में, जामें भरम अंधेरा।
ओहि देस हालौ जहाँ सदाई चांदणौ, अनुभव ग्यान उजेरा ॥3॥
ए बगुलाँ को देस है हंसा को नाहीं, उड कर चलणा सवेरा।
पूरण हंस मिलै कोइ हँस कर, तो ले जावै अभेरा ॥4॥
आगै सूँ आगै अविचल नगरी, परमधाम पुर हेरा।
कहत रोहल सुनो भाई साधौ, उहाँ है आसण मेरा ॥5॥22॥

ओह! कोई हंस उड़-कर हमारे देश में आए और मानसरोवर में बसेरा करे ॥थल॥ संसार रूपी सागर के किनारों पर वृक्ष हैं जिन पर हे हंस! तूने अपना वास स्थान बना रखा है। हे भाई! इसके डाल, पत्ते सभी विषयुक्त हैं। किसी भी पक्षी को अपने पंखों को इनमें उलझाना नहीं चाहिए ॥1॥ मृत्युलोक में बार-बार मरोगे और चौरासी लाख योनियों में आते-जाते रहोगे। चौदहों लोक, जल, थल सभी काल का भक्ष्य हैं क्योंकि काल ने चारों ओर घेरा लगा रखा है ॥2॥ रास्ते में अनचाही रात्रि आन पड़ी है जिसमें भ्रम रूपी अंधेरा है। अतः उस देश की ओर प्रयाण करो जहाँ सदैव प्रकाश ही प्रकाश है और अनुभव-ज्ञान का उजाला है ॥3॥ संसार बगुलों का देश है, हंसों का नहीं है। सवेरा होते ही यहाँ से उड़कर चलना है। प्रसन्न होकर यदि कोई पूर्ण हंस मिल जायेगा तो वह अभय स्थान में ले जायेगा ॥4॥ आगे से आगे अर्थात् सबके अंत में अविचल नगरी है जो परमधाम-पुर का स्थान है। पहले कहते हैं- साधु भाइयों! सुनो, वहीं मेरा आसन है ॥5॥22॥

माया के फंद में हंस बँधाना, अमरलोक किम जासी ॥थल॥
औघट छोड़कर घाट में आयो, बण नौ पंच पचीसी।
पाँच पचीस परिवार है वाँ को, जाँ माहीं मन मेवासी ॥1॥
ओही घर अपनौ भूल गयो प्रानी, जिहिं घर को हुतो प्राणी।

हुतो तो निरबंध आइ बंधानौ, पड़्यो काल की फासी ॥2॥
मात पिता भाइ कुटुम कबीलौ, भयो कुल परिवार को प्यासी।
सुत भारजा स्वारथ के संगी, चौकस अंत चौरासी ॥3॥
लोक लाज कुल मरजाद कोइ छोडै, निरभय रहै निरासी।
लगन प्रीति की गुराँ सूँ लगावै, ते पावै पद निरवासी ॥4॥
पूरे गुरु बिन पार न पावै, गंगा न्हावै चाहै कासी।
सिर साँटै कोइ साहब पावै, हंस नहीं कोइ हासी ॥5॥
लगै छाप जब सिर सतगुरु की, मन चित भयो विसासी।
कहत रोहल तब सहजे पावै, निरभय नगर विलासी ॥6॥23॥

हंस (जीव) माया के फंदे में बंध गया है, वह अमरलोक में कैसे जा सकता है ॥थल॥ औघट=घट-रहित परमात्मा को छोड़-कर आत्मा घट=शरीर से प्रविष्ट हुई। यह घट, लिंग-शरीर नौ तत्त्वों का तथा स्थूल-शरीर पाँच महाभूत व पचीस उनकी प्रकृतियों का बना है। इसका परिवार पाँच व पचीस का है जिनमें से मन लुटेरा है ॥1॥ प्राणी उस घर को भूल गया जिस घर का वास्तव में यह प्राणी था। वास्तव में तो यह निर्बंध था किन्तु संसार में आकर बंध गया और काल की फाँसी में फँद गया ॥2॥ माता, पिता, भाई, कुटुंब, कबीला, कुल, परिवार इनका प्यासा हो गया, (इनको चाहने लगा)। पुत्र, पत्नी सभी स्वार्थ के संगी हैं। इनका मोह रखने से अंत में निश्चय ही चौरासी मिलती है ॥3॥ कोई ही लोक-लज्जा, कुल-मर्यादा को छोड़कर निर्आशी बनकर निर्भय रहता है। यदि कोई गुरुजी से प्रीति की लगन लगाता है तो वह निर्आशी पद प्राप्त करता है ॥4॥ चाहे गंगा स्नान करो, चाहे काशी वास करो, बिना पूर्ण गुरु के निर्आशी-पद प्राप्त करना संभव नहीं। सिर समर्पण करने पर=सर्वात्म-समर्पण करने पर ही साहिब मिलता है। हंसत्व दशा को प्राप्त करना कोई हँसी-खेल नहीं है ॥5॥ जब सद्‌गुरु महाराज की सिर पर छाप लग जाती है तब मन व चित्त विश्राम को प्राप्त होता है। रोहल कहते हैं, तब सहज में ही निर्भय नगर का आनंद प्राप्त होता है ॥6॥23॥

साधौ मेरा अंत किसी ने नहिं पाया।
अपनी अपनी बारी सभ कोई, कथ गए ग्यान सवाया ॥थल॥
एको इ एक सकल सूँ न्यारा, नहीं किसी का जाया।
नहिं कोइ मात पिता है मेरा, जोनी गरभ न आया ॥1॥
दृष्टि न आया कोइ मुष्ठि न पकड़ै, वज्र अभंगी काया।
डोर ऊपर मैं पुतलि रमाऊँ, नट ज्यूँ खेल बनाया ॥2॥
नहिं मेरा ठाम ठिकाणा कोई, नहिं कहण सुणण में आया।

ठाम बाँध सभ पचि पचि मरि गए, ठाम किहिं बिरले पाया ॥3॥
चौदह लोक में सभ खोज करंते, गिनते अलख न माया।
देही छूटी पूंजी टूटी, घर का मूल गँवाया ॥4॥
ठौर ठैराइ बाँध बैठे धारा, बँदूक निसाना बनाया।
बन्दूक न छूटी निसान न पाया, पीछै जनम भुलाया ॥5॥
त्रास दे तन कूँ केइ करोड़ मर गए, दो दिन धूत हलाया।
मेरा चाह्या कोइ मुझमें समावै, कहि इक सा समझ समाया ॥6॥
प्रकट होय इस जग में आया, रोहल नाम धराया।
रूप मेरा तो सब कोइ वेखे, मैं अपना सरूप छिपाया ॥7॥24॥

हे साधुओ! मेरा अंत किसी ने नहीं पाया। अपने-अपने समय में सभी कोई ऊँचे से ऊँचा ज्ञान बखान कर चले गये ॥थल॥ मैं एक का एक हूँ। सभी से न्यारा हूँ। मैं किसी के द्वारा उत्पन्न नहीं किया गया हूँ। मेरे कोई माता-पिता नहीं हैं। मैं गर्भ से योनी-मार्ग से बाहर नहीं आया ॥1॥ दृष्टि से कोई देख नहीं सकता। मुट्ठी में कोई पकड़ नहीं सकता। मेरी काया वज्र के समान अभंग है। जैसे नट डोरी के द्वारा पुतली को खिलाता (चलाता) है, ऐसे ही मैं ने नट के रूप में इस संसार रूपी खेल को खेल के रूप में रचा है ॥2॥ मेरा कोई ठौर-ठिकाना नहीं है। न मेरा वर्णन को सकता है और न मैं सुनने में आता हूँ। ठिकाना बांध-बांधकर सभी मर गये, वास्तविकता में ठिकाना किसी बिरले ने ही पाया है ॥3॥ चौदहों लोकों में सभी माया की खोज करते हैं किन्तु अलख की गिनती तक नहीं करते। देह छूटती है, पूंजी टूटती है, परिणामतः स्वयं का जो मूल धन था, वह भी गँवा दिया ॥4॥ स्थान निश्चित करके धारा (तलवार, धनुष, बाण) बांधकर बैठ गये और बन्दूक से निशाना लगाया। न बन्दूक छूटी, न निशाना लगा। इस प्रकार सारा जन्म बर्बाद कर दिया ॥5॥ कई करोड़ शरीर को त्रास दे-देकर मर गये। दो-चार दिन अवधूत अथवा त्यागी वैरागी बनने का प्रयत्न किया। मेरे को चाहने वाला कोई ही मेरे में समरस होता है। एक जैसा कहकर व समझकर मेरे में ही समा गया ॥6॥ प्रकट होकर मैं जगत में आया और मैंने मेरा नाम रोहल रखवाया। मेरे रूप को सभी देखते हैं किन्तु मैंने मेरा स्वरूप गुप्त रखा है ॥7॥24॥

साधौ मैं अनुभव नगरि बसाई। जाँ सूँ आवै नहिं कोई जाई ॥थाल॥
जोगी जोग जुगति नहिं धारा, नहिं कोइ भजन कमाई।
ग्यान न ध्यान नहिं जाप अजपा, नहिं कोइ वस्तु लखाई ॥1॥
नहिं कोइ सब्द नहीं कोइ साखी, नहिं ओऽहं सोऽहं लिव लाई।
जीव न शीव नहीं ब्रह्म चेतन, खैचाताण मिटाई ॥2॥
धरनि अकास पवन नहिं पावक, नहिं पानी नहिं चांद सुरज सितलाई।

रात दींह नहिं नौ लख तारा, नहिं कोइ धूप न छाई ॥3॥
रज न बीरज पाँचौं इ तत नाहीं, नहिं अरध अणधर राई।
चौदह लोक इकीसा नाहिंन, नाद बूंद थक जाई ॥4॥
करता विष्णु महेस गणेसा, ब्रह्मा रह्या बिललाई।
इन पाँचों का डेरा प्रपंच माहीं, खोजत उमर गँवाई ॥5॥
दस नहिं सात नौ भी नाहीं, अठ्यासी उहाँ फनाई।
कूरम सेस कुँजर भी मरसी, ए तो खोज माहिं खप जाई ॥6॥
सात साइर नौ सौ नदिया भी नाहीं, नहिं अधर खंड उभराई।
बज्र सालिम सिलहा चार भी नाहीं, नहिं जल में जोत दरसाई ॥7॥
नरक स्वर्ग वैकुँठ भी नाहीं, एह तो भरम भुलाई।
तेतिस कोड़ देवासुर नाहीं, सभ टोटकी माया बनाई ॥8॥
जोति स्वरूप निरंजन निराकार, एह तो लोकाँ ले ठहराई।
सहसर नाम नहीं कछु मेरा, दुरमति ना दुविधाई ॥9॥
पर्वत मेरु सुमेरा नाहीं, इकीस ब्रह्मंड उठाई।
चार पुरुष चार वीर भी नाहीं, पूंजी मूँ परताई ॥10॥
नहिं कोइ विराट नहिं मूर्त अमूरत, नहिं तेज वायु कहाई।
इछा स्वरूपी आदि माया भी नाहीं, ना अंडे सृष्टी रचाई ॥11॥
हद बेहद दोनों ही नाहीं, ना कोइ पुरुष लुगाई।
नहिं उतपति नहिं भोग संजोगा, जनमा नहिं मर जाई ॥12॥
आप इधरका उधर नहिं पहुँचै, यह तो मन परचाई।
पहुँचै कोइ गुरु ग्यान समझ सूँ, बिन जिभ्या गुण गाई ॥13॥
दोइ नैनाँ सूँ ऊँचा जोवै, राख सुरति निरति इकठाँई।
अधर सरूपी ज्यूँ झाँई दीसै, ओ दीसत सब मिथ्याई ॥14॥
जागृत सुपन सुखोपति नाहीं, ना चौथा पद उलझाई।
नाहीं सोलह हंस अविनासी भी नाहीं, सोलह मुकाम मुरखाई ॥15॥
मोती मानसरोवर नाहीं, ना हंसा चूण कराई।
अखै मंडल नाहीं महल झरोखा, नाहीं सेत की सेज बिछाई ॥16॥
सात सुनाँ पर सेत सुन कहता, मैं तो उह भी गेड़ गड़काई।
इसके आगे असंख सुन है, वहाँ पर एक सुन ठहराई ॥17॥
रोहल साहब सकल को मालिक, देखत सभै उडाई।
अविचल नगर है देस हमारा, क्या कहुँ कुछ कहत न जाई ॥18॥25॥

मेरा साहिब साहूकार (ईमानदार, धन का स्वामी, सेठ) है, फिर संत-जन क्योंकर चिंता करें। जिसको इच्छा है, वह आकर मिल ले। उसको साहिब प्रातः-काल, सायंकाल दोनों समयों की रोजी देगा ॥थल॥ रोटी और शरीर ढकने को कपड़ा, इतना तो दाता देने वाला है। वह स्वयं ही स्वयं को दिलवाता है क्योंकि (हरि व हरिजन में भेद नहीं) हरिजन हरि को प्रिय हैं ॥1॥ साहिब पक्षी, पखेरु, अजगर, सर्व जीवों को प्रिय है। कितने ही कीट भी उसके देने से पलते हैं, वही सभी को देने वाला है ॥2॥ उस साहिब के साथ नौ निधियाँ व लक्ष्मी रहती हैं। रिद्धि-सिद्धि का भंडार उसके यहाँ भरा रहता है। वह माया को घर-घर में वितरित करता है, फिर भी उसके पास धन अनंत, अपरिमित है ॥3॥ हरिजन श्रीहरि के गुमास्ते (सेवक) हैं जो नाम का व्यापार करते हैं। रोहल कहते हैं- श्रीरघुवीर हृदय में निवास करते हैं; जो उसकी सेवा करने वालों की मनोकामना पूर्ण करता है ॥4॥55॥

निज तत्त का विचार

आओ संतौ मेरा प्यारा। निज तत का करौ विचारा ॥थल॥
अनेक मूँ क्योंकर हुआ एकसारे। सिव सक्ति मिल किया संजोगा ॥
छूटी बूंद कँवल समाया। कँवल मूँ इक अंड पठाया ॥1॥
अंड मूँ घड़िया आकारा। पीछै घड़िया सीस कपारा ॥
जिसके ऊपर जोत ठैराई। सूखम तत की सेज बिछाई ॥2॥
परमधाम सूँ परम तत आया। लहर बहर के माहिं समाया ॥
करम भाग कूँ जोनी लाया। नाभी नाळ सूँ आया ॥3॥
अभय अलख का भेवा। कोइ संताँ खाया मेवा ॥
पीछे सतगुरु सब्द सुनाया। बिछुड़्या हंसा फेर मिलाया ॥4॥
रोहल साहब किया अमरपुर डेरा। गुरु परताप टूर्या जम फेरा ॥5॥56॥

मेरे प्यारे संतों! आओ और निज-तत्त्व का विचार करो ॥थल॥ वह निज तत्त्व अनेक में क्योंकर एक जैसा समाहित है। शिव शक्ति ने मिलकर संयोग किया। बिन्दु स्खलित हुआ और कमल में समाहित हुआ। कमल में एक अंडा हुआ ॥1॥ अंडे में आकार निर्मित हुआ। तत्पश्चात् शीश व कपाल बना। उसमें ज्योति प्रविष्ट कराई। सूक्ष्म तत्त्व (नौ) की शैया बिछाई ॥2॥ परमधाम से परमतत्त्व आया जो लहर (वायु में) में बहकर अंदर समाया। कर्मों के कारण योनी=जन्म धर-कर आया। नाभी की नाड़ी के द्वार से भीतर आया ॥3॥ अभय, अलख के भेद का मेवा किन्हीं संतों ने ही खाया है। उसके बाद सद्‌गुरु ने शब्द का उपदेश दिया, जिससे बिछुड़ा हुआ हंस फिर मिल गया ॥4॥ रोहलसाहब ने अमरपुर में स्थान बनाया। गुरु के प्रताप से यमराज के यहाँ जाने का चक्र मिट गया ॥5॥56॥

हम हूँ सकल सकल सूँ न्यारा ॥थल॥
हमारे देस में धरती नहिं आकासा, नहीं कोई धुँधकारा ॥1॥
हमारे देस में चांद नहिं सूरज, नहिं कोइ नव लख तारा ॥2॥
हमारे देस में ब्रह्मा नहिं विष्णू, नहिं सिव सक्ति आकारा ॥3॥
कहै रोहल सुनौ भाई साधौ, कबीर नाम हमारा ॥4॥57॥

मैं सकल हूँ अर्थात् सभी में हूँ किन्तु सभी से न्यारा भी हूँ ॥थल॥ मेरे देश में भूमि, आकाश नहीं हैं। ना ही कोई धुंधकार=अंधकार है ॥1॥ मेरे देश में चन्द्रमा व सूर्य नहीं हैं, ना ही नौ लाख तारे हैं ॥2॥ मेरे देश में ब्रह्मा व विष्णु नहीं हैं, ना ही शिव-शक्ति का आकार है ॥3॥ रोहल कहता है- साधु भाइयों! सुनो, मेरा नाम कबीर है ॥4॥57॥

डूंगरपुरी, प्रश्न रोहलसाहब कूँ पूछा

कहौ तुम्हारी भक्ति का भेद, पड़ुत्तर साधू पूछै ॥थल॥
कहौ देव कहाँ सूँ आया, कहाँ सम्हाया पंथ।
कौन पुरुष के संग रमिया, क्यूँह धरेड़ा संत ॥1॥
कौनसा कँवल ले हालिया, कौन घोड़े हसवार।
कौन भगति को साखियो, कौन भगति को द्वार ॥2॥
कहाँ तुम्हारा राज है, कौन है चौकीदार।
कौनसी ठौर तुम करौ नौकरी, कौनसा भगती द्वार ॥3॥
कौन सुंन से आइया, कौन सुंन ले जाइ।
कौन सुंन तेरी सहज समावै, कौन सुंन परकास ॥4॥
कौन पूगे उस देस में, कौन पाया निरवाण।
स्वामी डूंगरपुरी बोलिया, कौनसी कला कल्याण ॥5॥58॥

डूंगरपुरीजी ने रोहलसाहब से प्रश्न पूछा। आप अपनी भक्ति का भेद कहो, साधु इसका उत्तर पूछता है ॥थल॥ बताओ, हे देव! कहाँ से आये, कौनसा पंथ धारण किया। किस पुरुष के साथ रमण किया? आपने संत का बाना क्यों धारण किया ॥1॥ कौनसा कमल लेकर चले, कौनसे घोड़े पर सवार हुए, कौनसी भक्ति के साक्षी हो और कौनसी भक्ति के द्वार हो ॥2॥ तुम्हारा राज्य कहाँ है, कौन चौकीदार है? तुम कौनसी जगह नौकरी करते हो। कौनसा भक्ति का द्वार है?॥3॥ तुम कौनसी शून्य से आये और कौनसी शून्य पर अन्यों को ले जाते हो। कौनसी तुम्हारी शून्य सहज में समरस होती है और कौनसी शून्य में प्रकाश होता है ॥4॥ कौन तुम्हारे उस देश में पहुँचा, किसने निर्वाण प्राप्त किया? स्वामी डूंगरपुरी बोले कि कौनसी कला से कल्याण होता है ॥5॥58॥

उत्तर, रोहल-साहब

कहूँ म्हारी भक्ती का भेद, पड़ूत्तर साधू कहै ॥थल॥
अविगत देव अगम सूँ आइया, प्रेम सम्हाया पंथ।
साँचे पुरुष के संग रमिया, बडे धरेड़ा संत ॥1॥
नाभि कँवल सूँ हालिया, पवन घोड़ै असवर।
सत भगती को साखियो, भगती पच्छिम द्वार ॥2॥
गगन हमारा राज है, चेतन चौकीदार।
सुषमण ठौर कराँ नौकरी, सुन में रह्या समाइ ॥3॥
जड़ सुंन सूँ आविया, सुन चेतन ले जाइ।
बेगम सुन मेरी सहज समावै, अपरम सुन्य प्रकास ॥4॥
वचन पूगै इस देस में, हंस पावै निरवाण।
श्याम सरणै रोहल बोल्या, ब्रह्म कला कल्याण ॥5॥59॥

रोहलसाहब का उत्तर : भक्ति का भेद कहता हूँ। साधु उत्तर कहता है ॥थल॥ मैं अविगत अगम-देश से आया हूँ और प्रेम का पंथ धारण किया है। सच्चे पुरुष के संग में रमण किया। बडे संत का रूप धारण किया ॥1॥ नाभि-कमल से मैं चला; पवन के घोड़े पर सवार होकर। सत्य-भक्ति का साक्षी हूँ। पश्चिम-द्वार की भक्ति है। गगन में मेरा राज्य (शासन) है। चेतन चौकीदार है। सुषुम्ना के स्थान में नौकरी करता हूँ और शून्य में समरस रहता हूँ ॥3॥ जड़ शून्य से आया और चेतन शून्य में ले जाता हूँ। मेरी बेगम शून्य सहज में समाहित होती है और अपरम शून्य में प्रकाश होता है ॥4॥ जो मेरे वचनों को पूरा करता है, वह हंस निर्वाण प्राप्त करता है। श्याम की शरण में रोहल बोलता है, ब्रह्म की कला-कल्याण है ॥5॥59॥

ग्रंथ पन्द्रह-तिथि

धमाल

पन्द्रह तिथि को करौ विचार। सनमुख साहब को पाइ दीदार ॥थल॥
पन्द्रह तिथि का विचार करो ताकि साहिब का साक्षात्कार प्रत्यक्ष में प्राप्त हो ॥थल॥
अमावस के घर रहकर देख। न्हाइ प्रेम सागर मेटि करम की रेख ॥

जोति झिलमिल रंग पंगाल। पूरे गुरु की भलमै चाल ॥1॥

अमावस के घर में रहकर देखो। प्रेम-सागर में नहाकर कर्म की रेखाओं को नष्ट करो। वहाँ पीले रंग की ज्योति झिलमिलाती है। पूर्ण गुरु की चाल वहाँ चमकती है ॥1॥

पड़वा परै परदे माँह। सुरति निरति सूँ चूकै नाँह ॥
अनासुरत का तमासा जोइ। जीत आया जम सूँ न्यारा होइ ॥2॥

प्रतिपदा परदे में पड़ी है। (प्रतिपदा के दिन चन्द्रमा नहीं दिखता) किन्तु वह सुरति निरति से बचती नहीं। अनासुरत (निश्चयात्मक परमात्माभिमुखता) का तमासा देख कि यम से बचकर, जीतकर आ गया ॥2॥

बिन बीज कहूँ कैसो विस्तार। सतगुरु साहब सींचणहार ॥
निज वृछ ऊग्यो एक अधर समान। अमरफल वाँको लागो सुबहान ॥3॥

बिना बीज (द्वितीया) के विस्तार कैसे हो सकता है। बीज को सद्‌गुरु व साहिब सींचने वाले हैं। अधर के समान (बिना आश्रय के ही) एक वृक्ष उगा। उसमें सुबहान (परब्रह्म-परमात्मा) नामक अमर-फल लगा है ॥3॥

तीज तिसणी सूँ सूझी पावै। भजते भजते सहज समावै॥
आवागमण सूँ न्यारी धाम। कोइ कोइ हँस लेवै विसराम॥4॥

तृतीया रूपी तीव्र तृष्णा (चाहत) से बोध होता है। भजन करते-करते सहजावस्था किम्वा सहज में ही समाहित हो जाता है। यह सहजावस्था आवागमन से विलक्षण धाम है। कोई-कोई हंस ही इसमें विश्राम पाता है ॥4॥

चौथ बनवा चौदह को चौक। जामें बसिया चारौ लोक ॥
पाँच तीन को सेत मंडाण। अकल कला कल फैले आण ॥5॥

चतुर्थी का तात्पर्य चौदह का चौक बनना है जिसमें चारों लोक बसते हैं। पाँच व तीन की श्वेत रचना है, जहाँ अकल की कला का कल आकर फैलता है। (अकल जो कलता नहीं, वह परमात्मा; कला माया व कल जीव) ॥5॥

पंचम पाँचों का पँच रंग। पाँच जनाँ को एकौ संग॥
एक अंत को लीजे भेद। न्यारौ लखिए कोइ सभ रँग छेद ॥6॥

पंचमी पाँचों तत्त्वों के पाँच रंग हैं। पाँच जनों का एक संग-साथ है। एक के अंत का रहस्य ज्ञात करो, उसको सभी से न्यारा जानिये, समस्त रंगों को छेदकर, पृथक् करके

(परमात्मा, पंचतत्त्व से पृथक् है, यही पंच रंगों को छेदकर एक को जानना है।) ॥6॥

जे तुम छठ्ठम छटवाँ जाण। सत सत मान मेरा फरमान ॥
अंतर खोज निरंतर वास। जिस मूँ हुवा है सब्द प्रकास ॥7॥

यदि तुम षष्ठी को छठवाँ जानते हो तो मेरे फरमान को सत्य-सत्य मानो। अंतर को खोजकर निरंतर उसी में निवास करो जिसमें से शब्द का प्रकाश हुआ है ॥7॥

सातम सूझौ सर्व दुवार। बिन सूझ्याँ किम उतरौ पार ॥
खोज बूझ कर दसवें जोइ। जीवत मुक्त उहाँ है सोइ ॥8॥

सप्तमी रूपी सर्व द्वारों का शोधन करो। बिना शोधन किये कैसे पार उतरोगे? खोजकर व जानकर दशम द्वार को देखो, जानो। जो वहाँ है, वही जीवन्मुक्त है ॥8॥

अठवाँ गुरु साहब को नाम उचार। जिस मूँ दरसै तेज अपार ॥
दहुँ दिस हड़ हड़ हीरालाल। नह नह पद का अजब खयाल ॥9॥

अष्टमी का तात्पर्य, गुरु व साहिब के नाम का स्मरण करो जिससे अपार तेज का दर्शन होता है। वहाँ दशों दिशाओं में हर-हर, हीरालाल की ध्वनि है और नये-नये पद के अजब तमाशे हैं ॥9॥

नौवाँ दिन्याँ नाथ भजौ निरधार। जिसको लीनों नेड़ै ओ तो आधार ॥
आप आप कूँ आपै जाण। सर्व ग्यान की राख पिछाण ॥10॥

नवमी के दिन नाथ (स्वामी) का निराधार भजन करो। जिसका सान्निध्य लिया, वह तेरा आधार है। स्वयं को ही स्वयं जान अर्थात् स्वयं को ही ब्रह्म जान। समस्त ज्ञान की पहचान रख अर्थात् तू ही ब्रह्म है, इस बोध की पहचान को सदा बनाये रख ॥10॥

दसवें चंद र दसवें सूर। दसवें बाजै अनहद तूर ॥
हद घर छोड बेहद घर वास। निर्भय देस में पावे विसराम ॥11॥

दशमी का तात्पर्य दशम-द्वार में चन्द्रमा व सूर्य का सम होना है। दशम-द्वार में ही अनहद तुरही बजती है। ससीम घर को छोड़कर निस्सीम घर में निवास करो। निर्भय देश में विश्राम प्राप्त करो ॥11॥

इग्यारस अंग में एकादसी वार। सील संतोष प्रेम विवेक विचार ॥
उवाँ पाँचाँ का दोइ दोइ बाण। रिप दल मार चढै निरवाण ॥12॥

एकादश अंग में एकादशी तिथि है जिसमें शील, संतोष, प्रेम, विवेक, विचार आदि शामिल हैं। उन पाँचों के दो-दो बाण हैं जो शत्रुदल को मारकर निर्वाण पदारूढ़ होते हैं ॥12॥

बारस अंजण द्वादस बाण। प्रेम हंस ले चढ्यो न्रिवाण ॥
हंस प्रमहंस के बिरछै खेल। डोरा नू अंमर घर मेल ॥13॥

द्वादशी माया के बारह बाण हैं (अनित्यत्व, विनाशित्व, अशुद्धत्व, नानात्व, क्षेत्रत्व, आश्रितत्त्व, विकारित्व, परप्रकाश्यत्व, हेतुमत्त्व, व्याप्तव्य, संगित्व एवं आवृतव्य)। प्रेमरूपी-हंस निर्वाण लेकर चढा (निर्वाण=माया राहित्य)। हंस व परमहंस का खेल विरचित होता है। डोरे को अमर घर में रख ॥13॥

तेरस को रस लेवै कोइ सूर। चढत खुमार सदा भरपूर ॥
निर्मल होइ सभ मैल उतार। कबहु न आवै देह दूजी धार ॥14॥

त्रयोदशी का रस कोई शूरवीर पीता है। सदैव भरपूर नशा चढता है। समस्त मैल उतरने से निर्मल हो जाता है और पुनः देह धारण करके जगत में नहीं आना पड़ता ॥14॥

चौदस की चाँदण में दीसै थाव। माँह निसाणी लागै घाव॥
सुरति निरति को नाहिं प्रवेस। अनासुरत को पायो देस ॥15॥

चतुर्दशी की चांदनी में स्थिरता दिखती है। चोट लगी किन्तु घाव का निशान अंदर है। वहाँ सुरति-निरति का प्रवेश नहीं है। अनासुरत के देश की प्राप्ति हुई ॥15॥

जिस घर ऊग्या तिस घर जाइ। सोलह कला संपूरण थाइ ॥
पूनम पाया कर्म नहीं पाप। रोहल साहब आपो हि आप ॥16॥

जिस घर से उदित हुआ, उसी घर में जाता है, सोलह कला पूर्ण होता है। पूनम=पूर्ण होने पर कर्म व पाप शेष नहीं रहते। रोहलसाहब ही आपो आप है ॥16॥

अथ सी-हरफी ग्रंथ (प्रथम)

दोहा : *सिफत करौ सुबहान की, जो आदि अंत मधि होइ।*
सो एको एक अखंड है, और न दूजा कोइ ॥1॥

सुबहान की महिमा का गायन करो जो आदि, अंत और मध्य में एकरस रहता है। वह एक का एक, अखंडित है। उसके अलावा दूसरा कोई तत्त्व नहीं है ॥1॥

एक हि अक्खर अर्थ ले, नहिं को अखर अनेक।
रे मन भूला मत फिरौ, अंत जगह है एक ॥2॥

एक ही अक्षर का अर्थ ग्रहण करो। अनेक अक्षर कोई है ही नहीं (जो क्षर=नाशवान नहीं है, वह अक्षर है।) रे मन! भूला हुआ मत फिर। अंततः तो जगह एक ही है अर्थात् एक अक्षर परमात्मा ही सत्य है ॥2॥

सो एक एक सभ को कहै, जानत नहीं विवेक।
को एक जोगी जौहरी, उलट समावै एक ॥3॥

उस एक को सभी कहते तो 'एक'-'एक' ही हैं किन्तु उसका विवेक=वास्तविक ज्ञान उनको नहीं है। कोई-एक पारखी योगी उलटकर उस एक में समरस होता है ॥3॥

एको एक जब दरसिया, मिटिया तन का ताप।
रोहल रत्ता एक सूँ, सतगुरु के परताप ॥4॥

जब एक ही एक जानने, अनुभव में आ गया, तब तन के ताप (आध्यात्मिक, आधिदैविक व आधिभौतिक) मिट जाते हैं। सतगुरु के प्रताप से रोहल एक ही से रत है ॥4॥

अलिफ : *अलिफ एक अलख है जोई। सभ घट भीतर देख्या सोई ॥*
जहाँ देख्या तहाँ निरमूल नूर। सर्व निरंतर है भरपूर ॥5॥

अलिफ का तात्पर्य है, परमात्मा एक, अलख है। सभी घटों में उसी एक को देखा गया है। जहाँ भी देखा, वहीं वही निर्मल नूर है। वही सर्वत्र, निरंतर भरपूर है ॥5॥

बे : *बे बादल बिन बरसै धार। बिन बिजली चमकै अंत अपार ॥*
पीवै अंमृत प्रेमी पूर। तहाँ पहुँचै कोइ बिरला सूर ॥6॥

बिना ही मेघों के वर्षा बरसती है। बिना बिजली के ही अनंत-अपार प्रकाश चमकता है। पूरे प्रेमी अमृत का पान करते हैं। वहाँ कोई बिरला शूरवीर ही पहुँचता है ॥6॥

ते : *ते तन खोज चढ्यो निरवाण। तहाँ न पहुँचै जम का वाण ॥*
अमर पियाला हरदम पीवै। काल न व्यापै जुग जुग जीवै ॥7॥

शरीर को खोजकर निर्वाण-पद पर आरूढ हुआ, जहाँ यम की चोट नहीं पहुँचती। वहाँ अमृत का प्याला हरदम पीता है। वहाँ काल का प्रभाव नहीं होता। युगों-युगों तक जीवित रहता है ॥7॥

से : *से साबित कर अन्तर्जामी। आदि अंत का झूना सामी ॥*
अंतर खोल मिलै कोइ पूरा। निरभय नाद बजावै तूरा ॥8॥

से के द्वारा अन्तर्यामी को प्रमाणित या सिद्ध करना हैजो आदि-अंत का सबसे पुराना स्वामी है। (भारतीय-दर्शनानुसार ब्रह्म स्वतः सिद्ध है। उसको प्रमाणों से सिद्ध नहीं किया जा सकता। रोहलसाहब ने 'साबित-कर' लिखकर यही कहा है, अथवा कुछ और कहना चाहते है, समझ में नहीं आया।) अंतर्हदय को खोलकर कोई पूरा साधक अन्तर्यामी से मिलता है और निर्भय होकर तुरही का नाद बजाता है ॥8॥

जीम : *जीम जगत तज झूठा संग। झूठे से आ लागै डंग ॥*
राम नाम की बेड़ी धार। भौ सागर चढ उतरौ पार ॥9॥

जगत को त्याग दो। इसका संग झूठा है। झूठे के संग से ही यह डंग=दोष लगता है। राम नाम रूपी नौका को पकड़ जिसमें चढ़कर भवसागर से पार उतरो ॥9॥

हे : *हे हाँसी मत जानौ कोई। तन मन अरपै सूरा सोई ॥*
पहले मरै पछै फिर जीवै। अंमर प्याला सो सँत पीवै ॥10॥

हे को कोई हँसी मत जानो। वही शूरवीर है, जो तन, मन को अर्पित करता है। पहले मरता है, तत्पश्चात् जीता है। (जीवन्मुक्तावस्था का वर्णन है।) वे संत अमर प्याला पीते हैं ॥10॥

खे : *खे खालिक सूँ जो को लागै। जम सिर नारी अहनिसि दागै ॥*
सुंन सिखर में आसण करै। हर दम जीवै मूल न मरै ॥11॥

मालिक से जो कोई लगता है, वह यमराज के सिर पर रात्रि-दिवस नाल (नारी) = बंदूक दागता है। शून्य-शिखर में जाकर आसन करता है। हर श्वास जीवित रहता है, लेशमात्र भी मरता नहीं ॥11॥

दाल : *दाल दुवारै हरि के लागै। मैं मेरी निद्रा सूँ जागै ॥*
अर्ध सबद मँह रहै समाइ। नहिं तो जनम अक्यारथ जाइ ॥12॥

हरि के द्वार पर लगता है (हरि के शरणागत होता है) तो मैं-मेरी रूपी निद्रा से जाग उठता है। अर्ध शब्द (रकार) में समरस हुआ रहता है; अन्यथा जन्म व्यर्थ ही चला जाता है ॥12॥

जाल : *जाल जरूरत मिलै बिच हीये। गुप्त कथा परगट सूँ लहिये ॥*
गुप्त प्रगट जब एकौ हूवा। सो जन कहिए जीवत मूवा ॥13॥

जाल रूपी जरूरत (आवश्यकता) हृदय में मिल जाती है। जो बात गुप्त थी, अब वह प्रकट की तरह मिल जाती है। गुप्त और प्रकट जब एक हो जाते हैं, उस भक्त को जीवन्मुक्त कहना चाहिए ॥13॥

रे : *रे रुणझुण लाए झंकार। अंतर धुनि की सुनै पुकार ॥*
मनवा मस्त मगन होइ बैठा। आप आप में आपै पैठा ॥14॥

रे रुणझुणकार युक्त झंकार (नाद) लाता है। अंतर्हृदय में इस नाद की पुकार को सुनता है। मन यहाँ आनन्दमग्न होकर बैठता है। स्वयं में स्वयं ही प्रवेश पाता है ॥14॥

जे : *जे जोरा लागै नहिं कोई। भई कृपा तब दरस्या सोई ॥*
पाया सुक्ख भरम सब भागा। उलटा चित चेतन सूँ लागा ॥15॥

जे, अर्थात् कोई भी जोरा (यमराज के दूत) लागू नहीं हो सकते, कुछ भी कर नहीं पाते; जब कृपा हो जाती है और परमात्मा का साक्षात्कार हो जाता है। सुख प्राप्त किया। सारे भ्रम नष्ट हो गये। संसार से उलटकर चित्त चेतन रूप परमात्मा में निमग्न हो गया ॥15॥

सीन : *सीन सँतोष पाया फल लागा। जन्म मरण का साँसा भागा ॥*
मिट गइ ममता सहज समाया। आप आपका दरसन पाया ॥16॥

सीन संतोष प्राप्त किया, फल प्राप्त किया। जन्मने और मरने का संशय मिट गया। ममता मिट गई। सहजावस्था में समा गया। स्वयं ने स्वयं का ही दर्शन पाया ॥16॥

शीन : *शीन शराब प्रेम रस पीया। मनवा मगन भया रस दीया ॥*
उनमुन के घर सुमति समानी। ग्रहा खीर तज्या सब पानी ॥17॥

शीन शराब प्रेम-रस का पान किया। मन मग्न हो गया, रसामृत देने से। उन्मनावस्था के घर में सुरति समाहित हो गई। दूध को ग्रहण करके सारे पानी को त्याग दिया ॥17॥

स्वाद : *स्वाद सबूरि सांत जब आई। भूला भटकण थाई पाई ॥*
जागी सुबुधि भरमना भागी। राम नाम रसना धुन लागी ॥18॥

स्वाद सबूरीसंतोष व शांति जब आई तब भटकना भूलकर स्थिरता प्राप्त की। सुबुद्धि जागृत हो गई। भ्रमना भाग गई। जिह्वा में राम-नाम की ध्वनि लग गई ॥18॥

ज्वाद : *ज्वाद जरा कुछ वाँ बिन नाहीं। सब घट खेलै गाइ बजाई ॥*
अंधा लोक न बूझै कोई। तब जानै जब किरपा होई ॥19॥

उसके बिना कुछ भी ज्वाद-जरा भी नहीं है। सभी घटों में गाकर, बजाकर खेलता है। अंधा लोक कुछ भी समझता नहीं। तब ही जानता है, जब परमात्मा की कृपा होती है ॥19॥

तुए : *तुए तंत जब दरसै नाहीं। मूरख ढूँढै सुनिया जाई ॥*
बिना विचार कोइ नहिं पग्र्या। भइ किरपा तब सूरज उभ्र्या ॥20॥

तुए रूपी तत्त्व जब दरसता नहीं, तब मूर्ख उसको शून्य=सूनी जगह में ढूंढता है। बिना विचार के कोई भी यहाँ तक नहीं पहुँचता। जब कृपा होती है, तब तत्त्व रूपी सूर्य का प्राकट्य होता है ॥20॥

जुए : *जुए जात जब अपनी बूझी। तीन लोक की महिमा सूझी ॥*
जानी जात जब किरपा कीनी। ऐसी बुधी दया कर दीनी ॥21॥

जुए, जब अपना जिन स्वरूप (जात) समझ में आ जाता है, तब तीनों लोकों की महिमा ज्ञात हो जाती है। जब कृपा की तब निज स्वरूप को जान लिया। ऐसी बुद्धि दया करके दी ॥21॥

ऐन : *ऐन इनाइत हरि की जानी। बरसन लागी अमरत बानी ॥*
गई पुराणी जोभन आया। जम सूँ लेखा तुरत चुकाया ॥22॥

जब ऐन रूपी इनायत=कृपा हरि की जानी, तब अमृतवाणी की वर्षा होने लगी। बुढ़ापा चला गया। यौवन आ गया और यम का लेखा-जोखा तुरंत ही चुकता कर दिया ॥22॥

गैन : *गैन गुसा तजि निरमल रहिए। निंदा नीकी सिर पर सहिए ॥*
छाड सयानप बहु चतुराई। सतगुरु सबद मिलै रघुराई ॥23॥

गैन रूपी गुस्से को त्यागकर निर्मल होकर रहो। यदि कोई निंदा करता है तो उसको शिरोधार्य करके सहन करिये। अत्यधिक चतुरता और सयानापन छोड़ दो। सतगुरु के शब्द के अनुसार आचरण करने से ही रघुराई से मिलन होता है ॥23॥

फे : *फे फिकर तजि झूठी आसा। हद घर छोड बेहद घर वासा ॥*
अर्ध उर्ध मिल ममता मारी। जीत्या चेतन मंछा मारी ॥24॥

फे रूपी फिक्र व झूठी आशा की त्याग दो। ससीम घर को छोड़कर निस्सीम घर में

निवास करो। अर्ध और अर्ध (प्राण व अपान) को मिला-कर ममता को मारो। मनसा को मारकर चेतन को जीतो ॥24॥

काफ : *काफ करार मैं तब ही पाया। जब आत्मराम के सरणै आया ॥*
छाड्या जप तप सरनै आया। आप आपका दरसन पाया ॥25॥

काफ रूपी करार = विश्वास को मैंने तब ही प्राप्त किया, जब मैं आत्माराम की शरण में आया। जप-तप छोड़कर शरण में आ गया। स्वयं ने स्वयं का साक्षात्कार प्राप्त किया ॥25॥

गाफ : *गाफ ग्यान दीप घट जाग्या। भया उजवाड़ जब पारस लागा ॥*
कंचन देह भई सब काया। ऐसा रतन अमोलक पाया ॥26॥

गाफ रूपी ज्ञान का दीपक अन्तःकरण में जागा। जब स्वर्ण रूपी शरीर से पारस रूपी ज्ञान का स्पर्श हुआ, तब प्रकाश हो गया। सारा शरीर कंचन सदृश हो गई। ऐसा अमूल्य रत्न पाया ॥26॥

लाम : *लाम लगन हरि सूँ जब लागी। पूरन पद पाया मन पागी ॥*
पाप पुन्य का बन्धन टूटा। भई कृपा तब जम सूँ छूटा ॥27॥

लाम रूपी लग्न, जब श्रीहरि से लग गई तब मन पवित्र होकर पूर्ण पद को प्राप्त हो गया। पाप व पुण्य का बंधन टूट गया। जब कृपा हो गई, तब यमराज के फंदे से भी छूट गया ॥27॥

मीम : *मीम महा रस जब ही दीठा। जब चाख्या तब लागा मीठा ॥*
प्रेम पियाला भर भर पीया। सिर के साँटै साहिब लीया ॥28॥

मीम रूपी महारस जब देखा और जब चखा, तब मीठा लगा। प्रेम का प्याला भर-भर-कर पान किया और सिर के बदले में साहिब को पाया ॥28॥

नून : *नून नाम जब निश्चै आया। जीव सीव में उलट समाया ॥*
छोड्या मोह भया मतवाला। अंतर घट में भया उजवाला ॥29॥

नून रूपी नाम का जब निश्चय हो गया तब जीव उलटकर शिव में समरस हो गया। मोह त्याग दिया, मतवाला हो गया और अन्तर्हदय में प्रकाश फैल गया ॥29॥

वाउ : *वाउ विवेक विचार सब थाके। सो पी पाया प्यासै जाँ के ॥*
चांद सुरज दोउ एक घर आया। चंचल चित निहचल पद पाया ॥30॥

वाउ रूपी विवेक-विचार सब ही तब थक जाते हैं, जब जिस रस को पीने की प्यास होती है, वह पान करके पा लिया हो। चन्द्रमा व सूर्य दोनों एक घर पर आ गये। चंचल चित्त ने निश्चल पद प्राप्त कर लिया। (सूर्य की स्थिति मूलाधार चक्र में है। चन्द्रमा सहस्रार चक्र में है। चंद्रमा के स्रवित अमृत को सूर्य सोख लेता है। जब कुण्डलिनी को उद्‌बुद्ध कर ली जाती है, तब शब्द सुषुम्ना के मार्ग से सहस्रार की ओर चलता है। यही शब्द का उल्टे मार्ग में जाना है और यही सूर्य व चन्द्रमा के एक होने की प्रक्रिया है) ॥30॥

हे : *हे हारी मानी तब जीती। मर कै अमर खुमारी पीती ॥*
दावा छोड़ै तब दाव आया। निरदावा थी निरंजन पाया ॥31॥

हे रूपी जब हार मान ली जाती है, तब ही जीत होती है। मरकर ही अमर वारुणी पीने को मिलती है। संसार का दावा छोड़ने से ही दाव=अवसर मिलता है। निरदावा होने से ही निरंजन की प्राप्ति होती है ॥31॥

लाम : *लाम लगै लिव पूरन पाया। अनेक मूरतैं दृष्टी आया ॥*
क्याह कहूँ कुछ कह्यो न जाई। उन्मन कला सहज घर आई ॥32॥

लाम रूपी लिव (चित्तवृत्ति) जब एक लक्ष्य में संयुक्त हो जाती है तब ही पूर्ण परमात्मा का अपरोक्ष होता है। अनेक सूरतें दृष्टि में आती हैं। क्या कहूँ, कुछ कहते नहीं बनता। उन्मनी-कला सहज घर में अवस्थित हो गई ॥32॥

हमज : *अलिफ अलाह घट भीतर आया। सिद्ध सिद्ध मिल अलख जगाया ॥*
सुन धुन सेती लागा लारा। दरस्या पूरण ब्रह्म अपारा ॥33॥

हमज रूपी अलिफ अल्लाह शरीर के ही भीतर मिल गया। सिद्ध ने सिद्ध से मिलकर अलख जगाया। शून्य की ध्वनि से साथ लग गया जिससे अपार पूर्ण ब्रह्म का साक्षात्कार हुआ ॥33॥

ये : *ये यारी जब कीनी आप। मिटिया दुखिया तन का ताप ॥*
छोड्या तप जप सरने आया। रोहल रतन अमोलक पाया ॥34॥

ये रूपी यारी जब स्थापित की, तब तन के ताप-जन्य दुःख मिट गये। जप-तप छोड़ दिये। शरण में आ गया। रोहल ने अमूल्य रत्न प्राप्त कर लिया ॥34॥

दोहा : *मोल तोल वाँ का नहीं, नहीं रंग नहिं रूप।*
सगल वरन व्यापक सदा, रूप रूप में रूप ॥35॥

उस ब्रह्म का मोल-तोल नहीं है। रूप व रंग नहीं है। उसमें समस्त रंग व्याप्त हैं। रूपों में रूप वही है ॥35॥

रूप रूप मँह देखिया, ओही रूप अरूप।
सतगुरु वचनै समझिया, रोहल रूप अनूप ॥36॥

प्रत्येक रूप, रूप में उस अरूप का ही रूप देखा। रोहल कहते हैं- सतगुरु के उपदेश से उस अनुपम रूप का बोध प्राप्त हुआ ॥36॥

सन्मुख होइ दरसन किया, कीनी दया दयाल।
रोहल राता राम सूँ, मिटिया आल जंजाल ॥37॥

दयालु ने दया की, जिससे उसके सन्मुख होकर, शरणागत होकर उसके दर्शन किये। रोहल रामजी में रत है जिसके समस्त आल-जंजाल मिट गये॥37॥

सी-हरफी ग्रंथ (द्वितीय)

अलिफ : *अलिफ अला कर याद सदा नित, वहदत विच्च गुजारीं।*
जीवन के दिंह चार दिहाड़े, खाम खयाल न धारीं ॥
एह दुनिया धूती सभ जग मोह्या, चेत चलौ मत हारीं।
रोहल राह फकीरी के बिच, गफलत मनहुँ विसारीं ॥1॥

अलिफ रूपी अल्लाह को नित्य व सदैव याद कर। अपना समय वहदत= अद्वैतावस्था में व्यतीत कर। जीवन के चार दिन=कुछ ही समय शेष है, व्यर्थ के खयालों को मन में मत आने दे। यह दुनिया ठग है, सारे जग को इसने मोहित कर रखा है। सावधान होकर भगवन्मार्ग पर चल पड़। मनुष्य जन्म रूपी बाजी को हार मत। रोहल कहते हैं- फकीरी के रास्ते में गफलट=असावधानी को मन से सर्वथा विस्मृत कर दे ॥1॥

बे : *बे बदियाँ थों रक्खीं साँई, फुरसत करीं न काई।*
मैं बिच लल्ल न लक्खण कोई, न को कराँ कमाई ॥
तेरे राज फिराँ अलबेली, वत्ता बाँह लुड़ाई।
रोहल राज खसम दा जहिं ते, जग्ग सुहावण सा ई ॥2॥

बुराईयों से साँई मुझको दूर रख। बुराइयाँ करने के लिये किसी भी प्रकार की मुझको फुर्सत मत दे। मेरे में ऐसी कोई बात व आचरण नहीं, न मैं कोई कमाई=साधना करता हूँ। तेरे राज में मैं बेपरवाह होकर घूमती हूँ तथा वैसे ही हाथों को घुमाती-फिरती हूँ। जगत में वही सौभाग्यवती स्त्री है जिसके ऊपर पति का राज है, पति का साया है ॥2॥

ते : *ते तन घोल घतें दिलवर तू, सीना मूल न तंगै।*
जाम सराब रिन्दा दे हत्थूँ, प्रेम पियाला मंगै ॥
छूटे जिन्द जवाब सवालू, टूटन झेड़े झंगै।
रोहल राह रवानी दे बिच, देदियाँ सिर न संगै ॥3॥

तन को दिलवर के ऊपर वैसे ही न्यौछावर करके भी मन को लेशमात्र भी छोटा मत-कर, जैसे कोई रिन्द-मद्यप हाथ में शराब का जाम लिये हो और फिर भी प्रेम का प्याला मांगता हो। जिन्दगी के जवाब-सवाल छूट जाएँ, झगड़े झंझट समाप्त हो जाएँ। रोहल कहते हैं- रब के रास्ते में सिर देने में भी शंका (संशय) नहीं करनी चाहिए ॥3॥

से : *से साबित कर अन्तर्यामी, जे तू आसिक थीवै।*
सौक सराब रिंदाँ दी मजलिस, पल पल दे बिच पीवै ॥
लहै हौल हिसाब हसर दा, फेर मुवा दिल जीवै।
रोहल रात भरम दी भंजै, नेही नाम सदीवै ॥4॥

यदि तू प्रेमी होना चाहता है तो अन्तर्यामी को हृदय में स्थिर (साबित) कर ले। मद्यपों की मजलिस (गोष्ठी) में चाहत की शराब पल-पल में पी। कयामत के दिन के हिसाब का डर समाप्त हो जायेगा, जिससे मरा हुआ दिल भी जीवित हो उठेगा। रोहल कहते हैं- भ्रम की रात का भंजन हो जायेगा तथा प्रेमी का नाम सदैव जिह्वा पर बस जायेगा ॥4॥

जीम : *जीम जहान दुनिया दा तालिब, छोड़ तिहीं दी यारी।*
हीरस हवा तकब्बर कूँ तक, मारीं कींवड़ कारी ॥
जिन्हाँ इश्क अलह दा चाहा, तिन्हाँ तेंडी तारी।
रोहल थिव कुरवान तिन्हाँ तू, जिन्हाँ ममता मारी ॥5॥

हे दुनिया को चाहने वाले! इस दुनिया की दोस्ती को छोड़ दे। हवा=इंद्रियों के हिरस=भोगों को व अहंकार को तक-कर कींवड कारी=करारे भाले से मार डाल। जिन्होंने भी अल्लाह के प्रेम को चाहा है, उन्होंने ही ममता को मारा है; रोहल कहते हैं- तू उन पर न्यौछावर हो, जिन पर तुझे भरोसा है ॥5॥

हे : *हे हजूर हरदम्म हमेसा, भूलिं परी ढूंढेदी।*
कामिल मुरसद बाझू अन्धे, ऊँचे सद्द करींदे ॥
बिच अंधियारे बिन रोसनाई, नाहक हत्थ मलींदे।
रोहल खसम जिन्हाँ दे झोली, सुक्खी सेइ जलीन्दे ॥6॥

हमेशा हरदम प्रत्यक्ष है प्रियतम फिर भी मैं भूल में पड़कर उसको ढूँढने लगी। ब्रह्मनिष्ठ गुरु के उपलब्ध होने पर भी अंधे=अज्ञानी ऊँची-ऊँची आवाज करते हैं कि प्रियतम रूप परमात्मा मुझको मिलता नहीं। अंधकार में, बिना प्रकाश के व्यर्थ ही हाथ मलते रहते हैं। रोहल कहते हैं, जिनकी झोली में प्रियतम है, वे ही सुखपूर्वक जीते हैं ॥6॥

खे : *खे खालिक दा ख्याल जिन्हाँ कूँ, मिठ्ठी लगै न माया।*
से आसिक वहिदत बिच विरुदे, विसरी सुंदर काया ॥
जीवित नेह निमाणी कीती, राति गई दिन पाया।
रोहल रतन अमोलक मिलिया, भाग परापत आया ॥7॥

जिनको परमात्मा का ख्याल रहता है, उनको माया अच्छी नहीं लगती। वे प्रेमी प्रियतम के अद्वैत-भाव में निमग्न रहते हैं और अपनी सुंदर काया को भी विस्मृत किये रहते हैं। प्रेम ने उनको जीते जी ही मानहीन बना दिया। उनकी अज्ञान अथवा अमिलन रूपी रात्रि चली गई और मिलन रूपी दिन उनको मिल गया। रोहल कहते हैं- उसको अमूल्य रत्न मिल गया। उनको सौभाग्य की प्राप्ति हो गई ॥7॥

दाल : *दाल दमामा दिल दे अंदर, निरभव चोट चलाएँ।*
पँच मेवासी काया दे बिच, मुहकम मार हटाए ॥
होका फेर हकानी वाला, नगरी सुक्ख बसाए।
पीछै रोहल दर दोस्ताँ दे, दरसन भिख्या पाए ॥8॥

दाल रूपी नगाड़ा दिल के भीतर निर्भय होकर चोट करता है। शरीर के मध्य पाँच लुटेरे हैं जिनको मुहकम=कठोर मार-मारकर खदेड़ दिया। होका=ढिंढोरा पीटकर, हकानी=हकवालों को, सत्य के पक्षपातियों को देह नगरी में सुखपूर्वक बसा दिया। तत्पश्चात् दोस्ताँ=परब्रह्म के दर्शन रूपी भिक्षा, दर=दिल रूपी द्वार पर ही प्राप्त हो जाती है ॥8॥

जाल : *जाल जरा कुछ तो बिन नाहीं, झर झँग तेड़्या झोकाँ।*
हिकना दे घर सावे सब्जे, हिकना दे घर सोकाँ ॥

सभ घट दे बिच तू ही बसदा, एही खबर न लोकाँ।
रोहल कूँ तूँ आप पिलाई, प्रेम पियाला मौकाँ ॥9॥

'जाल' तेरे बिना जरा कुछ भी नहीं है। जंगल में बुलाकर निवास-स्थान देने जैसा है। (झरझँग=वन, जंगल, तेड़्या=बुलाकर; झोकाँ=निवास)। एक के घर में सावे-सब्जे=खुशी है जबकि दूसरों के घर में शोक है। समस्त घटों में तू ही रहता है, लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। रोहल को तो आप स्वयं ने ही प्रेम का मुक्तहस्त से प्याला पिलाया है ॥9॥

रे : *रे रांझन दी सिक्क जिन्हाँ कूँ, हरदम रहै हमेसा।*
सूहीं सेज न भावै जिन्हाँ, कीती प्रेम परेसा ॥
से आसिक सादिक निर्भय नेही, हटके रहनि न खेसा।
रोहल दर दिलवर दे भिख्या, पाया खेर दरवेसा ॥10॥

रे रांझन=प्रियतम की, जिनको प्रत्येक श्वास में हमेशा चाहत रहती है, उनको सूनी सेज अच्छी नहीं लगती क्योंकि उनको प्रेम परेशान करके रखता है। वे आशिक सच्चे, निर्भय व प्रेमी होते हैं। उनको फटकारने या रोकने पर भी वे रुकते नहीं हैं। रोहल कहते हैं- दिलवर के द्वार पर ऐसे दरवेश को खैर=कुशलता की भिक्षा प्राप्त होती है ॥10॥

जे : *जे जारी बिच रहै हमेसा, तोड़े मिलै दिलासा।*
ए जग बाजीगर दी बाजी, रक्खे ना भरवासा ॥
दाढे नाल सिराकत के ही, खिन तोला खिन मासा।
रोहल थीव रजा थे राजी, तो पाए सुक्ख निवासा ॥11॥

'जे' यद्यपि दिलासा=सांत्वना मिल जाती है तथापि जो हमेशा विरह=वियोगावस्था में रहती है, वह इस जगत के बाजीगर की बाजी का विश्वास नहीं करती। दाढे=बलवान के साथ रिश्ता कैसा? वह कभी तो प्रसन्न होता है, कभी नाराज़। रोहल कहते हैं, उसकी प्रसन्नता में ही राजी हो ताकि तू सुख में निवास प्राप्त कर सके ॥11॥

सीन : *सीन सजन दा सही सुञाणे, कुप्पेरी बिच पेरा।*
लोंअ लोंअ दे बिच झोक जिन्हीं दे, दिल दे अंदर डेरा ॥
सिर सरवाह करै चा सदकै, क्या लागै हुण मेरा।
रोहल रात भरम दी भाजै, मिटहै सरव अंधेरा ॥12॥

'सीन' सज्जन की सही पहचान कर। उसका पैरा=सहारा, हरेक कुप्पेरी=मुश्किल में प्राप्त है। जिनके रोम-रोम में विश्राम है सजन का, दिल के अन्दर निवास है सजन का, वे सिर को काटकर उस पर न्यौछावर करें तो अब (हुण) ऐसा करने में मेरा लग ही क्या रहा

है, नुकसान ही क्या हो रहा है? रोहल कहते हैं- ऐसा करने से भ्रम रूपी रात्रि नष्ट हो जायेगी और सारा अज्ञानजन्य अंधेरा नष्ट हो जायेगा ॥12॥

शीन : *शीन सिताब विहाणी ऊमर, पीछै क्याह करेसी।*
जोवन दे बिच कंत न पायो, भेले हत्थ भलेसी ॥
नाल सहेल्या आतण दे बिच, केहा मुँह घिन वेसी।
रोहल खसम जिन्हीं दे झोली, सुक्खी साई जलेसी ॥13॥

'शीन' उम्र शीघ्रतापूर्वक व्यतीत हो रही है, बाद में क्या करेगी? जब यौवन था, तब पति को प्राप्त नहीं किया, बाद में तो दोनों हाथों को मिलाकर मलती ही रह जायेगी। जब सहेलियों के साथ वार्तालाप के मध्य बैठेगी, तब उनके पास कौनसा मुँह लेकर जायेगी (घिन)। रोहल कहते हैं- जिनकी झोली=गोदी में प्रियतम है, वही सुखी रहेगी ॥13॥

स्वाद : *स्वाद सबूरी कर दिल खोजै, जित सज्जन दा वासा।*
दे सिर वार विरह चा चाए, मूल न मोड़ै पासा ॥
चन्दन वृख्य खुल्या बिच वेढे, कित कूँ फिरै उदासा।
रोहल रतन अमोलक मिलिया, पाया नेह निवासा ॥14॥

स्वाद संतोष-पूर्वक दिल को खोजो, जहाँ सजन का निवास है। विरह रूपी वार=भार, बोझे को, सिर नीचे देकर चाए=उठाये। उठाते समय पासा=पार्श्व, कंधे को लेशमात्र भी पीछे नहीं करे। अरे! चंदन का वृक्ष तो बेढे=हृदय रूपी आंगन में उगा हुआ है। फिर तू उसको पाने को उदासीन होकर कहाँ घूम रही है। रोहल कहते हैं- स्नेह का खजाना अमूल्य रत्न मिला है ॥14॥

ज्वाद : *ज्वाद जरूरत मिलिया लोड़ै, कूड़ी जाण न जोल्है।*
काया कोठी कुलफ कुफर दा, इश्क कुंजी कर खोल्है ॥
लोंअ लोंअ दे बिच झोक जिन्हीं दी, दे टुबकी घर गोल्है।
रोहल रूह रतन है तेड़ा, ग्यान कंडे घत तोल्है ॥15॥

'ज्वाद' जरूरत=जिसकी आवश्यकता है उसके मिलने पर लोड़ै=उमंगित होता है। कूड़ी=झूठी होने पर उसके पीछे नहीं जाता। काया रूपी मकान कुल्फ=इन्द्रिय-भोग व कुफर=कृतघ्नता का घर है जिसका ताला इश्क रूपी चाबी से खुलता है। जिनके रोम-रोम में प्रेम का झोक=निवास है, वे उसमें डूबकर घर=लक्ष्य को पा लेते हैं। रोहल कहते हैं- आत्मा रूपी रत्न तेरा है जिसको ज्ञान रूपी काँटे=तराजू में घत=रखकर तोल। अर्थात् आत्मसाक्षात्कार ज्ञान के द्वारा ही होगा। ज्ञान=आत्मा-परमात्मा का अद्वैत ॥15॥

तुए : *तुए तालिब मतलूब मिलण दा, कर घिन साझुर साया।*
दिल तेरे बिच दिलवर बसदा, मुरसद राह बताया ॥
जिंह दे दर्द दिवानी कीती, सो शह अलह मिलाया।
रोहल रोज अवल दे लिखिया, चँद झोली बिच पाया ॥16॥

'तुए' यदि तू मतलूब=प्रियतम या वांछित वस्तु को पाने का अभिलाषी है तो साझुर=सवेरा होते ही उसकी साया=शरण ग्रहण करने को उसकी ओर घिन=चलना, कर=प्रारंभ कर दे। तेरे दिल के भीतर तेरा दिलवर बसता है, उसको पाने का रास्ता गुरु ने बताया है। जिसने दर्द देकर दिवानी बनाया है, वह प्रियतम अल्लाह ने मिला दिया। रोहल कहते हैं- वही दिन अव्वल लिखा जाता है, जिस दिन चन्द्रमा रूपी पति झोली में मिलता है ॥16॥

जुए : *जुए जाहिर बातन सभ साँई, वेशक शिर्क न आणीं।*
रक्ख यकीन इरादा सच्चा, जे जाणी सुख माणीं ॥
कूड़े हरगिज जाए न लहसन, सचिया साहिब साणीं।
रोहल राह अलख दा ओखा, ग्यान एनक घत जाणीं ॥17॥

'जुए' साँई प्रत्यक्ष है, बातिन=मन के अंदर है अर्थात् साँई बाहर-भीतर सर्वत्र है। बेशक=बिना शक अर्थात् निसंदेह उस साँई पर संदेह मत कर प्रत्युत् विश्वास रख, संकल्प सच्चा रख। जिसको जान लिया है उसको प्रसन्नतापूर्वक मान। कूड़े=झूठे, कपटी, हरगिज=कदापि जाए=जगह, लक्ष्य को नहीं लहसन=पाते हैं। जो सच्चे हैं, साहिब उनके साथ है। रोहल कहते हैं- अलख साँई को पाने का रास्ता ओखा=कष्टपूर्ण है। वह ज्ञान रूपी चश्में से जाना जाता है ॥17॥

ऐन : *ऐन इनायत कीनी साकी, दित्तस प्रेम पियाला।*
पीवण नाल शराब लहोरा, अंदर थिया उजवाला ॥
लोंअ लोंअ दे बिच थिइ खुसहाली, मिटिया कष्ट कसाला।
रोहल रंग रवानी रत्ता, सदा मगन मतवाला ॥18॥

'ऐन', साकी=शराब पिलाने वाले गुरु ने कृपा की और प्रेम का प्याला बक्षीश किया। शराब पीने के साथ ही लहोरा=पवित्रता छा गई जिससे अन्तर्हदय में प्रकाश हो गया। रोम-रोम में प्रसन्नता छा गई और कष्ट तथा क्लांतता मिट गये। रोहल कहते हैं- रब के आनंद में रत है और सदैव आनंदित व मतवाला है ॥18॥

गैन : *गैन कढीचा गेरौ बिचू ताँ, ओहो अैन सदीवैं।*
काया नुकता सभ जग मोह्या, देख मुतीअ न थीवैं ॥

अंमर प्याला मुरशिद वाला, सिर गहणै रख पीवैं।
रोहल बिच्च रंदाँ दी मजलिस, आसिक नाँव सदीवैं ॥19॥

'गैन' गैरों में से अपने आपको बाहर निकाल और सदैव उस जैसा ही हो। काया आकार ने सभी को मोहित कर रखा है। उसको देखकर उसका दास मत बन। सिर को गिरवी रखकर गुरु वाला अमर प्याला पी। रोहल कहते हैं- मद्यपों की मजलिस के बीच में तेरा नाम सदैव आशिक हो जायेगा ॥19॥

फे : *फे फिकर सभ छोडिए जिन्हाँ, से ई फकर सदीओ।*
हरदम रंग रवानी रत्ते, रूखी मूल न थीयो ॥
नित नेही मयखाने दे बिच, अमर पियाला पीयो।
रोहल रंग तिन्हाँ दा गूढा, जे मू तू थे फिर जीयो ॥20॥

'फे', जिन्होंने सभी चिन्ताओं को छोड़ दीं, वे ही सदैव फकीर हैं। हरदम=हर श्वास वे आत्मानन्द में निमग्न रहते हैं। वे लेशमात्र भी प्रेम-विहीन नहीं होते। प्रेमी प्रतिदिन मद्य-शाला में अमर प्याला पीते हैं। रोहल कहते हैं- उनका आनंद गूढ़ है, जो मेरी, तेरी को निश्शेष करके पुनः जीवित होते हैं अर्थात् मरजीवा, जीवन्मुक्त हैं ॥20॥

काफ : *काफ कयूमा करम कुनंदा, असाँ तेड़ी तारी।*
अक्ल फिकर दी चौपड़ रचिया, तू पासा जग सारी ॥
हुकम रजाए तेड़िअ चल्लन, रय्यत कौन विचारी।
रोहल बाजी तिन्हाँ जीती, जाण समझ जिन्हाँ हारी ॥21॥

'काफ', निश्चय ही कर्मों को नष्ट करता है और हमारे जैसे कैदियों (कर्म के बंधन में बंधे हुओं) को तारता है। ज्ञान, स्मरण की चौपड़ की रचना करके तू पाशा व जगत् गोटी बने हैं। तेरे हुक्म व रजा में सब कुछ संचालित होता है। फिर बेचारी जनता की गिनती कौनसी है? रोहल कहते हैं- बाजी उन्होंने ही जीती है जिन्होंने जान-कर व समझ-कर इसको त्याग दी ॥21॥

गाफ : *गाफ गयान जिन्हाँ दे अन्दर, उभर्या सूरज सारा।*
भिन्नी रात भरम दी तिन्हा, मिटिया सभ अंधेरा ॥
चौदह तबकैं थि ई रोशनाई, खिलिया गुल्ल हजारा।
रोहल ते रब राजी थीया, पाया नेह नजारा ॥22॥

'गाफ', ज्ञान जिनके अन्दर है, उनमें ही प्रकाश प्रकटा है। उन्होंने भ्रम रूपी रात्रि को

नष्ट कर डाला है और उनका समस्त अज्ञानांधकार मिट गया है। चौदह लोकों की रौशनाई=प्रकाश हो गया, जिससे हजारों गुल=पुष्प पुष्पित हो गये अथवा हजारों दीपकों की (बत्ती-गुल) जल उठीं। रोहल कहते हैं- उनसे रब=परमात्मा प्रसन्न हो गया और उनको प्रेम-नजारा मिल गया ॥22॥

लाम : *लाम लगन दिल अंदर लागी, दिठ्ठी सूरत सारी।*
अमर पियाला मुरशद दित्ता, चढी इश्क खुम्मारी ॥
जहिं दी सिक्क सोइ शह पाया, मन दी ममता मारी।
मिलिया दोस्त मिटी दिलीगिरी, रोहल मुल्क तुम्हारी ॥23॥

'लाम', जिनके दिल के अन्दर लगन=प्रियतम को पाने की उत्कट चाह जाग उठी, उन्होंने परमात्मा की सूरत को देखा। गुरु ने उनको अमर प्याला दिया जिसको पीने से उन पर इश्क का नशा चढ़ गया। जिस प्रियतम की चाहत थी, वही मिल गया। मन की ममता को मार डाला। दोस्त=प्रियतम मिल गया, दुःख निश्शेष हो गया। रोहल मुल्क तुम्हारा है ॥23॥

मीम : *मीम महादेव पैदा कीतो, कारण रूप जहूरा।*
जाती रूप तिहीं बिच घतियो, वाणी अनहद तूरा ॥
गगन मँडल बिचि भट्टी चूई, चिकी शराब तहूरा।
रोहल पुर कर पीअ पियाला, मुरशिद मिलिया पूरा ॥24॥

'मीम', महादेव को कारण रूप में जहूरा=सृष्टि को उत्पन्न करने को पैदा किया। जाती रूप=स्वयं का रूप ही उनके अंदर डाला। अनहदवाणी की तुरही बजी। गगन मंडल से भट्टी चूने लगी जिसमें से तहूरा=पवित्र शराब चिकी=स्रवित हुई। रोहल कहते हैं- उस शराब को प्याले में भरकर पिया। पूरे गुरु मिले ॥24॥

नून : *नून निबाहो रंग तिन्हाँ जी, इश्क अलह दे रत्ते।*
कन्नू शौक शराब हकीकी, पी प्याले मघ मत्ते ॥
मिलिया दोस्त मिटी दिलगीरी, घोल अंधारी घत्ते।
रोहल जिंह ते नौशह राजी, सा क्यूँ चरखा कत्ते ॥25॥

'नून', जो अल्लाह के इश्क में निमग्न हैं, उनके आनंद का निर्वाह अल्लाह करता है। हकीकी=सत्यमयी शराब को उत्साहपूर्वक प्याले में पीकर मघ=नशे में मत्त हो जाते हैं। प्रियतम मिल गया। दुःख निश्शेष हो गये। घोर अंधकार को नष्ट कर दिया। रोहल कहते हैं, जिस पर नया शौहर=दूल्हा प्रसन्न है, वह क्यों कर चरखा काते?॥25॥

वाउ : *वाउ विसाल बिछोड़े दा हुण, धोखा मूल न आणी।*
चौदह तबके हिक्को सूरज, सभ घट जोत समाणी ॥
ज्यूँह जल में फिरै अलीली, जित देखै तित पाणी।
रोहल रमज रिंदाँ दी मुसकिल, किहिं हिक बिरले जाणी ॥26॥

'वाउ', अब बिछुड़े हुए का विसाल=एकाकार हो गया, अतः लेशमात्र भी मन में संशय मत लाओ। चौदहों लोकों में एक ही सूर्य है जिसका प्रकाश सभी घटों में समाया हुआ है। ऐसे ही परमात्मा एक है जिसकी व्याप्ति सचराचर में है। जिस प्रकार जल के ऊपर कजी फिर जाती है फिर भी जहाँ देखो, वहाँ जल ही जल होता है। काई (कजी) उपाधि है। उपाधि का बाध होते ही सर्वत्र पूर्ववत् जल ही जल दीखता है। ऐसे ही सर्वत्र एक ही ब्रह्म व्याप्त है, केवल घट-मठादि की उपाधि के कारण द्वैत का आभास होता है, वस्तुतः द्वैत है नहीं। रोहल कहते हैं- रमज के मद्यपों की रहनी को समझना मुश्किल है जिसको किन्हीं बिरलों ने जाना है ॥26॥

हे : *हे हमरान हमेशा दिलवर, प्रेम लधा वञ पेरा।*
इश्क चिराग कीती रौशनाई, मिटिया सभै अंधेरा ॥
लोंअ लोंअ दे बिच थिई खुसहाली, मिलिया महरम मेरा।
रोहल रीझ रह्या रंग तेरे, करै इबादत घेरा ॥27॥

हे, दिलवर हमेशा हमराज (दिल की सभी बातों को कहने-सुनने वाला) है। उसका प्रेम प्राप्त हुआ। इश्क रूपी दीपक ने प्रकाश फैलाया जिससे सारा अंधेरा नष्ट हो गया। रोम-रोम में खुशहाली स्थापित हो गई क्योंकि मेरा मित्र मुझको मिल गया। रोहल तेरे रंग में प्रसन्न है और इबादत=वंदगी करता है ॥27॥

लाम : *लाम लखाउ वेखण दे तालिब, हर दम रहनि हजूरी।*
हिक पल पासे मूल न थीवन, प्रीति जिहाँ दी पूरी ॥
मिटिया दर्द लथी दिलगीरी, पाई सांत सबूरी।
रोहल थिव कुरवान तिन्हाँ तू, जे नूर मिलै बिच नूरी ॥28॥

'लाम', लखाउ=दर्शनों को देखने के इच्छुक हरदम हजूर में (सामने) रहते हैं। जिनकी प्रीति पूरी होती है, वे एक पल के लिए भी सानिध्य को छोड़ते नहीं। दर्द मिट गया। रंज नष्ट हो गया। शांति और संतोष की प्राप्ति हो गई। रोहल तू उन पर कुर्बान हो, जो नूर, नूर में मिल गये ॥28॥

अलिफ : *अलफ अवल आखर भी ओही, जाती जिकर फकीरा।*

दर दिलवर दी आप कुहावण, विन काती तकवीरा ॥
सिर दे सौदे इश्क गिधोनी, ए हो परचा पीरा।
रोहल रूह तिन्हाँ दियाँ दिठिया, तन ताकत मन धीरा ॥29॥

'अलिफ', अब्बल=सर्वप्रथम है, वही आखिर भी है। उसके निजी फकीर उसका स्मरण करते हैं। दिलवर के दरवाजे पर अपने-आपको उसकी कहलाने के लिए बिना काँट-छाँट 'अल्ला हो अकबर' (तक्वीरा) कहती है। सिर के बदले में इश्क खरीदा है कि पीर=प्रियतम का साक्षात्कार हो। रोहल उन्हीं की आत्मा दृढ है जिनका शरीर ताकतवर तथा मन धैर्यवान है ॥29॥

ये : *ये यारी कर इश्क दितोई, कीते एन करामत।*
देखूँ शाह फिरूँ मतवाली, लत्थी मंन मलामत ॥
अंधे कूँ बल दइया अँखियाँ, थिया इमान सलामत।
रोहल कूँ हुण मिट्ठा लग्गा, तेड़ा नाम नियामत ॥30॥

'ये', यारी करके इश्क दिया। खास करामात की। मन में से मलामत=बुराई निकल गई। अतः शाह को देखने को मतवाली हुई घूमती हूँ। अंधे को आँखों का बल दिया जिससे ईमान सलामत हो गया। रोहल को अब तेरी नाम रूपी दौलत मेरे को मीठी लगती है ॥30॥

काफी, गजल, रेखता व बैत

रूप झंझोटी

माहीं बसदा दिल दे नेड़े, घोल घता लख ते तू खेड़े ॥थल॥
साडी प्रीत सहावण जाई, जित्थाँ बसदाँ रांझन साँई।
नित बेखाँ बिच संझ सुबाही, ताने दीन्दी दुखी भेड़ी ॥1॥
सभ घट दे बिच तेड़्या झोकाँ, डरन्दे आख सघाँ न लोकाँ।
इश्क तेड़े दियाँ लगड़िया नोकाँ, तुझ बिन मूल न भांदे वेड़े ॥2॥
सेज उते चढ नौ शह आया, सहज कनूँ चा रंग लगाया।
जहिं दी आह्न सो सहु पाया, लगड़ी महबत कौन नखेड़े ॥3॥
दिलवर दिल दी खिड़की खोली, चौरासी लख समझी बोली।

रोहल चन्द्र पिया बिन झूली, टुट्टी सियालिन दे झूठे छेड़े ॥4॥1॥

माही मेडा मीर थि आया, सन्ध सन्ध मल जीउ लगाया।
देख्या दरस बहुत सुख पाया, देवौ मुवारक रिलमिल सँइया ॥थल॥
अंगण आया प्रीतम प्यारा, बाजै नौबत प्रेम नगारा।
लूउँ लूउँ लग रहिया रणकारा, सुन सुन धुन महीं छक रहियाँ ॥1॥
मैं इयाणी नींद क्या जाणा, नीमाणी कूँ आप बुझाणा।
जहँदा पेटा तहँदा आपै, आपै वडंदा मैं थकि रहियाँ ॥2॥
उग्या चंद चित चलै न मोरा, रोहल रुह मिल भया चकोरा।
लागा इश्क चलै नहिं जोरा, मोहकम पेच कंधी बिच पइयाँ ॥3॥2॥

रूप प्रभाती

अखियाँ इश्क पियाला पीता, का जा सिखियाँ चाली ॥थल॥
जित वैखाँ तिन सुहणी सूरत, माहीं मेडे वाली ॥1॥
तीन लोक में फूल रह्यो है, एक हि फूल हजारे दा ॥2॥
चन्द्र चढ़्या कुल आलम वेखै, मैं मुख वेखाँ यारी दा ॥3॥
हिक दिल ऊही रांझो नेती, क्या डर काल विचारी दा ॥4॥
रोहल रैन गई दिन पाया, ढूंढ लधा घर सारी दा ॥5॥3॥

सुहेलड़ी आशिक थीवाँ मेडे डाना वे, इश्क अलहदा मुश्किल पवँदा ॥थल॥
जोग जगत बिच आहिन जागा, सुरति दी सुई ध्यान दा धागा।
ग्यान दी गूदड़ी सीवाँ सुहेलड़ी आशिक थीवां ॥1॥
इश्क अलहदा औखा अणांगा, नाहे रखदा सिर दा सांगा।
पिंड दा लोहू पीवाँ सुहेलड़ी आशिक थीवाँ ॥2॥
रोहल आखे मस्त मवाली, दरद मंदाँ दी येहा चाली।
जिइन्दे मरकर जीवाँ सुहेलड़ी आशिक थीवाँ ॥3॥4॥

रूप जोग

सजण मूँ पाणूँ लखयो, रहियो अंदर रूह।
रहियो अंदर रूह, जहँ खे पसां संझ सुबुह ॥थल॥
अछो कंजस अन्न जाँ, तारे मथऊँ तूह ॥1॥
मेंजो मन मिठ्ठे पयो, छडे खारा खूह ॥2॥
वण टिण वाई हेकिड़ी, पिर्याँ संदे पापोह ॥3॥

सिंगारीं जस सींगजा, देईं रोगन रूह ॥4॥
रोहल रत्तो रंग में, वेठो करै वरूँह ॥5॥5॥
साँवल तुहिंजी दाढी सिक यार, सारे सहर भंभोर में ॥थल॥
गुझूँ गाल्हियूँ केच जू, लोक कंदो लिक लिक ॥1॥
रातो डीहाँ रोज में, चोले कयो चिक चिक ॥2॥
सिर डेई सुर्की पीती, वट्टीअ में पिक पिक ॥3॥
रोहल रूह अलह सां, वञी थियो हिक हिक ॥4॥6॥

रेखता रूप

ए वंदा वंदगी करो, सुख छोड सभ संसार का।
मगरूर होइ अब मत फिरौ, रख खौफ खुदा सरकार का ॥थल॥
ये सारा तिलिस्मात है, बाजीगर बनाया खेल कूँ।
कएँ तू देखे भूल गएँ, अचरज कतल इसरार का ॥1॥
रोज शब होसियार रह, फरमान मन फरमोदो मैं।
गाफिल न हो तुम गफलती, ऐरादमंद इश्तयार का ॥2॥
अपने साहब के ऐन में, हर वक्त हरदम कर गुजर।
मुख्तियारकारी मौज की, आया रकम अखबार का ॥3॥
चौतरफ चढ़े हसवार हो, दोरो ऊपर इकबाल सूँ।
हाकिम हुकुम की चाल चल, हो चौकसी चौधार का ॥4॥
थाणा थिया निर्भय मुलक, लागरज होई बेगरजी।
तेरी फिर बदले न दूसरी, एक जा बहुकुमीं यार का ॥5॥
रोहल रहत जब बांध ली, दो साल मांह सारी उमर।
पीछै आद अंत परलय नहीं, अमर आगे इसरार का ॥6॥7॥

बेफिकर अब फर्क दे, तुम तरक दो जहाँ सूँ।
सिर दी किफायत पी खमर, चल मर्द खुद मयखान सूँ ॥थल॥
तुम जान्यो मेरा माल धन, मादर पदर बीरादरी।
कुटुब कबीला झूठ है, झगड़ा अगर यक जान सूँ ॥1॥
जग सारा माया सपने का, एक तेरा ना कोई।
छोड सब इसवाब दे, क्या काम तक तुलाँ सूँ ॥2॥
पीर पैगम्बर चल गए, कितने ओलिया हो फना।
एक रोज सर तेरे अजल, लगा पकड़ आए कान सूँ ॥3॥

अब तुम अचेती चेत ले, बीठी गई थोड़ी रही।
तज तक्कब्बर लाग रह, मजरदला मकान सूँ ॥4॥
रोहल रमज खुद खेल में, रस प्रेम पी सुख माण ले।
अपणे साहब कूँ देख ले, चल अरस परस चौगान सूँ ॥4॥8॥

लोक आखे इह रोहल बोलिंदा, कोइ अखै है जात जंगीजा।
है रोहल नहिं जात जंगीजा, एको सिर्र इलाही है ॥थल॥
कुफ्र इस्लाम दुहाँ थियो न्यारा, जींवै जल दे बिच दीसत तारा।
दिल दरियाह बिच खेत असाँडा, जींवै पाणी बिच माही है ॥1॥
केइ कूड़ा केइ सचा सडिंदे रम्ज रिंदा दी नहिं समझींदे।
तू क्या जाणनि हाल असाँडा, जहँ दिल दाग सियाही है ॥2॥
कामिल मुर्सिद राह बताया, रोहल विचउँ रूह अलह पाया।
आखिर जात मिले बिच जातैं, देंदा इश्क गवाही है ॥3॥9॥

रूप विहाग

पोए परू ड़्यम अंधवो जी जाँ जोगीअड़नि जा ॥थल॥
नकी डाहे हलिया, नकी जोड़ियाउँ हंध वो ॥1॥
नकी बजायाउँ मुरलियूँ नकी चोरियाउँ चंग वो ॥2॥
नकी धोतियाउ धोतियूँ, नकी धोतियाउँ लंग वो ॥3॥
नांगा निकिता नंग खूँ, तिन नांगनि कहड़ा नंग वो ॥4॥
लगो लाहो तिंइन जो, रोहल तोखे रंग वो ॥5॥10॥

रूप लोड़ाउ

जब्बल छा कँदो, डूंगर छा कँदो,
जडहं पई आह्यां हबीनन हंजमे ॥थल॥
वेहालीअ जे मकान में, रात कौन रहंदो।
संज्जो अमर अलह जो, वाट बठी हलंदो ॥1॥
जानी हिन जहान में, वत रत रुअंदो।
हीला कयम हजार, वतन कोन वरंदो ॥2॥
रोहल रत छो रोई वत पेर अहंदो।
पुलसलात जी बाट, लहजे में लंघनदो ॥3॥

बैत पंजाबी

दुनिया ढूंढते तालिब कुस्ती, सभनान मिल करताणी।
हड्डी उत्ते होड तहाँ दे, बड़हंदी उम्र बिहाणी ॥
अँधिया इश्क अला दा छोड़्या, पई बिलोड़े पाणी।
रोहल राह रबानी बाझूँ, बी सभ कूड़ कहाणी ॥1॥
काया मस्त प्रीति करि पत्थर, करणी कलस चढाई।
मन महराब सदा रख कीली, जे तूँ साह रिझाई ॥
पंज जमाती पढह नमाजा, हरदम संझ सुबाहीं।
रोहल रूह किती मिल सजदाँ, हज्ज हजूर इथाहीं ॥2॥
हज्ज हजूर तहीं कूँ लिखियाँ, सच्ची सिक्क जहीं दी।
दिल दरियाह महब्बत दे बिच, तांघनि तांघ तहीं दी ॥
रैंदी बेपरवाह हमेसा, क्या परवाह कहीं दी।
रोहल रंग रबानी लागा, पुनी आस महीं दी ॥3॥
चिक्की दिल्ल दरूनी अंदर, बठी होज बशर दी।
पुर कर पीती शौक शराबू बट्टी इश्क अमर दी ॥
जहिं घर कूँ मैं नित ढूंढे दी, घटी लधी तहिं घर दी।
रोहल रात गई दिन पाया, सभ सूरत दिलवर दी ॥4॥
इश्क चिराग थिया जब रोशन, भीनी रैन अंधेरी।
ग्यान अँजन वट पाए आँखिन, दे उलटी खाधी फेरी ॥
जित वेखाँ तित आपा दरसै, सभ घट सूरत मेरी।
रोहल रात गई दिन पाया, ना को बैर न बैरी ॥5॥
पशम आब हयाती दा दिल, अंदर होज हजूरी।
फिर ही सौदे पींदे आशिक, प्रति जहाँ दे पूरी ॥
बेजिनइजिया मौतो थी कर बैठी, पाया सुक्ख सबूरी।
रोहल रंग हिकी जे रत्ती, से नूर भाई वञ नूरी ॥6॥
अणखुदी ताँ खुद कूँ पहुँची, नाल खुदी खुद पाई।
इह दो बिच दीदार सजन दा, ज्यूँ दर्पन बिच छाई ॥
कैफ लतीफ न लभन्दा, सुन ताँ सच आखाई।
रोहल रांझन दिल बिच बसदा, ढूँढ न सुजाण जाई ॥7॥
इह संसार ठगाँ ठग बाजी, अक्खे नाल डिठोसी।
डेख तमासा सजण मिलण दा, ईहो फिकर पियोसी ॥
पशम आब हयाती दा दिल, अंदर गोल लधोसी।

सतुअन साकी थिया इनायत, पर कर जाम पितोसी।
रोहल बिच रंदाँ दे मजिलस, नव शह गोल लधोसी ॥8॥
तू दरियाह सुभर मैं मछली, तो संग सदा सुहेली।
तेडे इश्क बिना जगजीवण, डुक्खी उमर डुहेली ॥
जहिं कूँ नींह लगा नव शहदा, वती राज गहेली।
रोहल राज खसम दा जहिं ते, सा माणी सुक्ख सहेली ॥9॥
को जो कामण कीनर दिलवर, बाँका विरह बचायो।
चुप्प चुपाती सुत्त कूँ घिन, दस्तर पकड़ जगायो ॥
दिल अंदर दीदार कितोसी, बिछड़्या फिजर मिलायो।
रोहल रीझ रहूया रंग तेड़े, अखियाँ एन व खायो ॥10॥
डित्ता साकी शोक सड़ायूँ, पुर कर जाम पियाला।
गर दस्त दूर खल्क दे दा सभ, मिट गया दुक्ख कशाला ॥
इश्क खुमार चढ्या मन मेडे, सदा मगन मतवाला।
रोहल रँग रांझनि दा चोखा, छोड़ खेड़ा मुँहुँ काला ॥11॥
थिया दीदार दरूनी अंदर, पाए डिठी जब झाती।
टूटा तारा कुलफ कुफ्र दा, थिया जिकर घट जाती ॥
उखड़्याँ अक्खिन रंग लगोसी, खिलिया बाग बसाती।
रोहल इश्क पियाला पीता, किनूँ विसाल हयाती ॥12॥
खानजाद बान्ही जहिं दर दी, तहिं सेती किहा माणा।
नाल साँई दे कीहाँ लेगा, जहिं दा पेटा ताणा ॥
इश्क जहींदा अंदर झमिया, लिव लिव बिच्च समाणा।
रोहल आप तहीं कूँ डित्ता, जहिं हथ जीउ बिकाणा ॥13॥
अति सुंदर बहुरंगी मूरति, मन मेडे बिच अटकी।
लग्गा इश्क विसर गइ काया, फूट गई ममता मटकी ॥
जहिं दे सिक सोई शह पाया, लटिक तहीं दी लटिकी।
रोहल प्रीति लगी नहिं छूटै, पाइ पेच चित चटिकी ॥14॥
चुप्प चुपाती वेड़हि दे बिच, भेड़ा नव शह आया।
न मैं सुरमा सींध गंदाई, न मैं चंदन लाया ॥
लिव लिव दे बिच सहज समाणा, तेराजी रँग लाया।
मैं मतहीण निमाणी दा चा, साई भानु वसाया ॥
रोहल राह फकीरी दा कहिं, भाग परापत पाया ॥15॥
ईहो रांझो ईहो भाही, इहो अहीर कहाणी।

ज्यूँ पाणी भिंज थिवै पाला नहिं, पाल ईहो पाणी ॥
सभ घट दे बिच तू ही वसदा, ज्यूँ चाची पत्रियाणी।
बहुरंगी धन नामी खेलै, देख दोइ शह न आणी ॥
रोहल म अलख दा झीणा, ग्यान ऐनक घत जाणी ॥16॥
न नेही ला बहनि जमा अता, नारो साध सडावनि।
दिल दरियाह महब्बत दे बिच, राज डिहाँ तडफावनि ॥
जहिं दा दर्द तहिं दे दर ते, नित उठि आप कुमावनि।
सभ सूरत साहब दे जाणनि, दोई दिल म लावनि ॥
रोहल रंग हिकी जी रती से, सभ कूँ सीस नमावनि ॥17॥
जे नेही बिच नींह सजन दे, राज डिहाँ रँग रत्ती।
किन्नू शोक शराब हकीकी, पी प्याली मद मत्ती।
दोजख वहिश्त डुहऊँ थीं न्यारी, नहिं सीतल नहिं तत्ती।
रोहल रात गई दिन पाया, धोल अंधारी घत्ती ॥18॥
जहिं कूँ नींह लगा घर अंदर, सा क्यों बाहर वत्ती।
जहिं कूँ तार विरह दी लग्गी, चरखी तंदु न घत्ती ॥
जाडे गिल बाँह सुती सह सेती, सा क्यों आतणि कत्ती।
रोहल रंग तिहाँ दा गोड़्हा, जे इश्क रंड़ण रँग रत्ती ॥19॥
जड़ा तो इहु पइ पउ कर मान्या, तड़ाँ तो राह सनीती।
बिच दर बनी झोक रांझन दे, खोल कुल्फ पाइ झाती ॥
दिल अंदर दीदार सजन दा, चशम आब हयाती।
रोहल पर कर पीऊ प्याला, जात मिली वञ जाती ॥20॥
जात मिली वञ जात माहि नाल, तडां सपा बिन आई।
अंग लिख्या कातिब रोज अजल दे, किसकूँ खबर न काई ॥
फाल रांझन दे हक्कु असांडे, तडां त महबत लाई।
रोहल रमज रुबानी लग्गी, भाग परापत पाई ॥21॥
जहाँ रमज रब्बानी लग्गी, से साहब अलबेले।
वहिदत बिच्च विसाल तहाँ कूँ, नाल सजन हर वेले ॥
दोई दाग लथो ही दिल तउँ, नित्त तहाँ दे मेले।
रोहल रात हजर दा हट्टी, मिलिया यार सवेले ॥22॥
सुहिणी सूरत बेखण कारण, इश्क लगा मन मेरे।
सिक्क सजण वे आकर डित्ती, दिल दे अन्दर देरे ॥
पंज मवासी महकम लेती, ग्यान घटी बिच घेरे।

रोहल रात गई दिन पाया, मिट गए सभ अंधेरे ॥23॥
काया कोट दख्सी दरवाजे, दिल दिलवर दा देरा।
लिव लिव दे बिच थइ खुशहाली, कीता नव शह फेरा ॥
कूड़ी साटि छतीस दोजख, थीसी सच्च निबेरा।
रोहल रात गई दिन पाया, मिट गया सभ अंधेरा ॥24॥
बे मँबरी दे नींद बिचूँ आदस्तों, पकड़ के दोस्त जगाया।
बिच अंधारी थइ रोशनाई, दिलवर आके दरस दिखाया ॥
जिक्र फिक्र दे खतरे लथे सेज, उते चढ नव शह आया।
डे गल बाँह प्यारी सेती सुहिञ, कँवल चा अंग लगाया।
हजर विसाल किनूँ जिंद छूटी, रोहल विचु रुह अल्ला पाया ॥25॥

बैत सिंधी

जे तूं सही सिंञाणी पाण, अथई कीमत संदो कतरो।
कोरी कढि कलूब, मूं मंदाई जो माण ॥
परे निहारण पिर खे, संदो जटन जाण।
नित साई तोही साणु, आहे रात डींहा रोहल चवे ॥1॥
सही सिञाणिज सच, मिड़िज म मिलामत खूं।
घड़ी पंहिंजे घट में, परवाने जिएं पच ॥
मारे कढिज मन मूँ, कूड़ाई जो कच।
रंग परियां जे रच, रात डीहां रोहल चवे ॥2॥
जे लगो अथई तां लाए, हिंअड़ो जीबनि सां।
पाए पेच प्रीत जा, सुपिरियां डे साह ॥
वहिदत में तो वाह, रोहल रती रूह जी ॥3॥
जे लगो आहीं तां लग, परियां संदे पेचिरे।
मन मूँ महबूबनि जो, सही सिञाणिज पग ॥
छडे जूठो जग वञी, रोहल रचिज रंग में ॥4॥
परियां भेद कितेब जा, था दीनि दूरांहा डस।
से सच सिंञाणिन कीन की मोहिया पसा मस ॥
रात डीहां रोहल चए, रिथही तंहिखे रंस।
पेर परियां जो पस, नाई कंध कलूब जो ॥5॥
पढहन बरझन पान, में वदो फर्क फेर।
का ड़े मुहु महबूब जो, काडे अखर ईर ॥

साण सहाई सिज जी छा, मुवाफिरु थींदो मेर।
जिन सही सिञातो पेर, रोहल रात न तिन खे ॥6॥
चढी पुर धूजनि, से आकल अकल जा धणी।
से मोतो थी महबत में था पलपल पिरीं पसनि ॥
तिनत मीलोन तमाम कयों महब जंहिंजे मन।
रोहल मथों तिन लथा हरफ हिसाब जा ॥7॥
कातिब काती कान्ह जी, कागज ते मकाह।
अखर ते अदराक जा, तंहिं में लखें लाह ॥
कलम जो कलूब जो, मथे वहिदत वाह।
सुपिरियाँ डे साह, रोहल रती रूह जी ॥8॥
कुफुर ऐं इस्लाम मैं था, भरन उबता भेर।
हिक हिन्दू बिया मुसलमान, विच विधाऊँ वेर ॥
अंधनि उन्दहनि लमीं तिन, खे सच चंवदो केर।
पर रोहल राह पिरीं जो, जां घिड़ी डिठोसूँ घेर।
तरब मिड़नी हिकड़ो, जंहि में फंदन फेर।
साकाड़े कंदी पेर, जा सुती कीता अल्ला में ॥9॥
न मूँ सुध न सार, अची इश्क उथारियमि ओचिती।
रोहल चवे रूह में तिन पिरीं जी पचार ॥
से अंडण आया सुपिरीं याद कंदी ई यार।
ठरिया नैन जार, पसीं मूँ महबूब जो ॥10॥
न मूँ जन न कन अची इश्क अथारियमि ओचिती।
रोहल चवे रूह में महबत महबूबनि ॥
सेई सजण आगडिया तात जंहिं जी तन।
जई जड़ लगी जिन, से साई मेड़िया सुपिरीं ॥11॥
हएन न जातमि जाण, त को वसें वेडही बिच में।
इश्क जी उहाए ते अची पिर पसायो पाण ॥
रोहल रंग पसी करे भगो ममता माण।
साई सदा साण मूँ अणजाणीअ थी उझियो ॥12॥
बुधां जां बीमार तां तूं अगेंईं खां भी ओडड़ो।
रोहल वसीं रूह में विथ न छायां बार ॥
जीअं सो संझ सुबुह जो थो करीं बाग बहार।
बैत न भांइजो माणहूनि ही वहिदत जा वीचार ॥

दिल मे कया दीदार इश्क जिन अखिन सां ॥13॥
जिन खे इश्क अंदर में, तिन खे उञन बुख ॥
वहिदत मींझ विसाल जी था सदा माणिन सुख।
डूर तंहिं तू डुख, जे रोहल रता रूह में ॥14॥
पंहिंजूं अखियूं पाण में जोड़े रखियूं जिन।
से सौ मेरा साइत में था पल पल पिरीं पसनि ॥
तिन तहसीलूं तमाम कयूं महब जंहिं जे मनि।
रोहल मथऊं तिन लथा हरफ हिसाब जा ॥15॥
बणिज विहाइण कान छो बञी बेहट।
तोखे पट पटीहर बाहंजू, बणिज मिड़ेई वट ॥
जंहिं में नशो नींहं जो सा कोथी पट।
रोहल मुहबत मूर म मट, तोखे सिक में थींदो सोझिरो ॥16॥
आशिक ओला में उभा से कजा जीं करीं।
नाए कंध कलूब में था निमाजूं नेतीन ॥
तिन तवाफूं तन में मकोई मञीनि।
रोहल रूह संदिन हरदम आहे हज में ॥17॥
न को हकीर खिलण में नको रूअन में रूस।
न को सुख सुम्हण में नको जाञन में जस।
जिकर सा जबान करण वञ पिन ओरियो डिस।
तू मन जो मर्श पस रोहल पंहिंजे मई में ॥18॥
टुबी हणी पाण में पवनि जां पेही।
त नका खाल्क नको मुल्क नकी रसेई ॥
असीं गोलियूँ जिन खे से पिण असेई।
पी वाई वेई रोहल वुंग परिया वे हिकड़ी ॥19॥
बकनि मिड़ेई बात, तात न कंहिजे तन में।
बुधियूं सुणियूं गाल्हिड़ियूं, था बाखाणी वात।
पर जाहिर थींदनि जात रहणीअ मां रोहल चवे ॥20॥
नव निशानियूँ नूर जू, आशिकनि आहिन।
हिकड़ो विहनि वाटुनि ते, बिचो खाइण ना खाईनि ॥
टियों सिर सभकंहिं अगियऊं था नरतियऊ निवाईनि।
चोथों बुधी कननि सां वरी न वरझाईनि ॥
पंजूं पहु पिरीं सां था पको पचाईनि।

छहो छिननि कीन की था नातो निमाईनि ॥
सतीं सिक सजन जी था लिंव लिंव लखाईनि।
अठीं गाल्ह अजीव जी वातऊँ नावाईनि ॥
नाए निंद्र नेणनि खे था वजूदऊं विञाईनि।
तडंहिं सीबाइनि रोहल दोसाणी दरबार में ॥21॥
जिन वैराग वजूद में रोहल से राणा।
वञी दर दोस्तनि जे, सूफी सामाणा ॥
उहे अघाणा जंहि बात वैराग जी ॥22॥

बैत पूरव

विरह ऐं वैराग जी जिन खे जड़ लगी मंझि बई।
सूझे सच सरीर मूँ तिन प्रेमिन पातो पई ॥
मरण जिअन जो मन मूँ तिन सां मन लथो सीउ।
नाथ निमाणा थी वञी रोहल रता राम सां ॥1॥
जे रंग रची राम जी लाहोती थिया लाल।
सिर डिताऊं सट में काया माया मार ॥
विया तंहिं खूं विसरी खोटा सभ खयाल।
रात डींहां रोहल चवे वाई साण विहां।
से नांगा सदा निहाल, जिन दरसन पातो दोस्त जो ॥2॥
जे नंग छडे नांगा थिया, तिन नांगनि कहिड़ो नंग।
गंगा ए गिरनार जो, तिन सामीं छडियो संग ॥
नकी वाहीं सितड़ियूं, नकी चोरिनी चंग।
रोहल लगो रंग तिन, लाहोतीन लकाउ जो ॥3॥
जे तन में तीरथकनि से गंगा वञनि न गोदड़िया।
तिन सामी संदी सिक ञाथा दूहां दिल दुखनि ॥
पेर सिंञातो पिर जो लोचे लाहोतिन।
लगो रंग रोहल चवे अंदर आदेसनि ॥
खोज खाहोड़िन वञी ऊन्हें में आसण कया ॥4॥
ऊन्हे में आसण करे वञी, माग लधाऊ मूर।
तिन जा अठई पहर अखंड में, था कनि तंवारूं तोर ॥
अते रोहल रात न डींहं को न को सिसु न सूर।

वे नूरी गडिया नूर, लंघे प्याला होत खूं ॥5॥
नाए कंध कमा हकुं जिन निहारियो ना होत।
रात डींहां रोहल चवे माणिक था मलकूत ॥
पेर सिंञाणी पिर जो जूता में।
जोगे जफाऊं करे लंघे प्याला होत ॥
सही आदेसी औधूत, वञी नांगा गडियां नाथ खे ॥6॥
नांगा गडिजी नाथ सां वरी बियो पहु पियोन।
सागणियाउ गाल्हिड़ी जो गुर डस डिनऊनि ॥
ला हिजाब............विचों सभ वियोन।
कुन पोए पियोन वञी पियो नद पेच पिरीं सां ॥7॥
को पहु पियो जोगिन तिन खायों खंथायूं।
जाटा जोग जुहार जी मूर न मञाऊं॥
सा भूं सो झाऊं मुंह में जोग न भोग को ॥8॥
को पहु पियो जोगिन पूरिया तंहिं पार।
जित गंगा न गोमती, न को जोग जमार ॥
न को जिकर फिकर, कोन को सड तंवार।
न का रात न डींह को नका जीत न हार ॥
पेही लधाऊँ पेचिरो ऊन्हो जित उझार।
बगो रंग रोटल चवे, उते आदेसनि अपार ॥
गुरु कह्यो कहूँ काह नैन बिना नींह नाह,
ब्रह्म भयो ब्रह्म माँह साजन समायो है।
गुलाम अली आप जान आप बिना आप मान,
पड़ी यह तब पिछान हरि हीरौ पायो है ॥41॥
काया तो है कचकूड़ देही ऊपर धर्‍यो धूड़,
उसी ताँ मरना है मूर ठाम कैसो ठायो है।
भूल गयो भूल भ्रम मिट गयो काल क्रम,
दूर भयो ध्यान धम एक ब्रह्म मान्यो है ॥
होवनी है सोई होय भूल गयो एक दोय,
साजन देख्यो सागी सोय जान माहिं जान्यो है।
नहीं पुन पाप हू अजपा सो जाप हू गुलाम,
अली आप हू न आप बिच आन्यो है ॥42॥

सवैया

गुरु ग्यान लियो मन मान लियो, सो पिछान लियो जब जान को जानी।
जहाँ जान दियो भ्रम भान दियो दिल, दान दियो ओही गुरु ग्यानी ॥
है ओही अमीर सोइ दिलधीर को, सूरवीर जहाँ बात पिछानी।
गुलाम अली भयो खाक गली साहू, साह वली के दान को दानी ॥43॥
सतगुरु के सब्द को जाप जप्यो तब, जाप युँ जाप अजाप भयो है।
इस देही के माहिं सो देखि लीजे अब, थाप मूँ थाप अथाप भयो है ॥
जहाँ जंम को जोर न लागत है तहाँ पुन्न न पाप सो आप भयो है।
गुलाम अली अब आप उठ्यो तब, आप मूँ आप सो आप भयो है ॥44॥

झूलना

आपै आप सूँ आप सो आप रह्या बिन, आप मूँ आप सो आया है जी।
जब जग्ग के जोग सू जाय रह्या तब, जोग मूँ जोग जगाया है जी ॥
अब ब्रह्म का भेद बताय रह्या, बिन वेद अभेद बताया है जी।
जब गुरु की महिमा हो गाय रह्या, गुलाम अली गुण गाया है जी ॥45॥

सवैया

सतसंग सूँ जब ही संग भया तब, जान के माहिं सो जान लिया।
अँग अंग सूँ जब ही अंग भया, तब मन के माहीं सो मान लिया ॥
नैन निगाह मूँ नैन निसंग भया तब, दिल के माहिं सो दान लिया।
गुलाम अली रँग रंग मूँ बेरंग, आप मँह आप पछान लिया ॥46॥
है नी हजूर नहीं कुछ दूर भर्‍यो, भरपूर सो नेड़ौ भयो है।
भूल्यो है भ्रम्म मिट्‍यो सब भ्रंम न, काट न कर्म सो भेडो भयो है ॥
ओही अवगाह सो बेपरवाह, साहू है साह सो मेरी भयो है।
मिल्यो है राम सर्‍यो सब काम सो, जन गुलाम एही तेरौ भयो है ॥47॥

दोहा

भगवान सारा समँद है, अर लहर उसी के माँह।
गुलाम अली पिछानिया त, लहर समँद बिन नाँह ॥48॥
करौ सेवा राम की जो, जगत को मूल राम।
दासन को ताँ दास है, एही तो जंन गुलाम ॥49॥

॥ इति शास्त्र ब्रह्म-विचार संपूर्ण समाप्तम् ॥

छंद विगत : सवैया 17 ॥ दोहा 14 ॥ चौपई 1 ॥ गलत 1 ॥
कवित्त 6 ॥ झूलणा 6 ॥ थीरक 1 ॥ रेखता 2 ॥ गुझल 1 ॥ सर्व 49 ॥

सबद

भैरव

भूला क्यों फिरौ वनवास।
सबद की करौ सुमरना, जपौ सासौ सास ॥थल॥
कइ कहता धरणि पर है, कइ ढूंढत आकास।

सोध लियो घट भीतर, है तुम्हारे पास ॥1॥
कइ कै हंसा मक्का जावन, कइ न्हावन गंगा पास।
सिर साँटे साँई मिलै, पथर नदी का दास ॥2॥
तेरा साहिब तुझ महीं, तुम तजौ औराँ की आस।
सिंह भूखा जे मरै, फिर ना खावै घास ॥3॥
गुरु तो रोहल हम कूँ मिलिया, काटिया जम फास।
दिन रैण हम कूँ येही है, तेरे चरणों का विश्वास ॥4॥
साहु स्वामी गुरु मेरा होया, दासन को मैं दास।
जन गुलाम अली सरन तेरी, आवागमन निवास ॥5॥1॥

सतगुराँ के सबद मैंनूँ, जादू रो कैसो जगायो ॥थल॥
गणेशजी के देस सूँ कोइ, अटल आसण आयो।
ब्रह्माजी देखौ सृष्टि को, कोइ ऐसो रंग रचायो ॥1॥
विष्णुजी के दास का कोइ, नाभी थाँव बतायो।
देस में महेस देख्या, दिल द्वारै ध्यायो ॥2॥
कंठ में अखंड देख्यो, सरसती को सायो।
गंगा जमना सुषमना, निज नीर तीरथ न्हायो ॥3॥
त्रिवेणी के सीर पर, मैंने अनहद नाद बजायो।
दामिनी ताँ सीस चमकी, दसवें द्वार दरसायो ॥4॥
गुरु तो रोहल हम कूँ, ऐसो ब्रह्म भेद बतायो।
सुन माहीं मेरी धुन लागी, बिन जिभ्या गुन गायो ॥5॥
शाहू शाह गुरु हेत सूँ, मैनूँ प्यालौ प्रेम पिलायो।
गुलामअली प्रेमरस को, पी मद छक छायो ॥9॥2॥

पाया घट में दीदार,
सभ घट होइ रह्या उजवाल, दरसन आपणा ॥थल॥
नाभि कमल ऊपर है, विष्णू को विस्तार।
बंकनाळ उलटी बहै, कोइ पवन को परिवार ॥1॥
दिल्ल द्वारै भीतरा है, भरिया नीर अपार।
हीरा माणिक माहिं निपजै, जाणैं जाणनहार ॥2॥
कंठ चक्कर खेम ढई, सृष्टी को सार।
सबद वाँ सूँ ऊपजै, कोइ वाणी को व्यवहार ॥3॥
गंगा जमना सुखमना, बहै त्रिवेणी पार।
अनहद बाजै गगन गरजै, दामिनी चमकार ॥4॥

ए जगतर भरम भूला, जान्यो नहिं संसार।
कहै गुलामअली गुरु साहू, तेरे चरण कँवल आधार ॥5॥3॥

होरी

फागुन में खेल होरी, साजन के सँग संग।
छूटी है पिचकारी प्रेम, भीज रह्यो अँग अंग ॥थल॥
ज्ञान को उडियो गुलाल, तन मन भयो मेरो लाल।
अनहद की सुन धुन, बाजते है चँग चंग ॥1॥
नैना के नीर में, त्रिगुणा के तीर में।
सुषुमना के सीर में, न्हायो ब्रह्म गँग गंग ॥2॥
अनहद घन घोर घोर, जोत नहीं जोर जोर।
आ मचाया शोर शोर, बाजै मृदँग मृदंग ॥3॥
गुलामअली प्रेम गली, फूल्यो है कँवल कली,
सभ घट इसरार तेरौ, रहत उहाँ सँग संग ॥4॥4॥
गुरु ग्यान दिया हम कूँ, अब राम नाम को।
गुरु बिना ज्ञान कैसा, कैसे जो काम को ॥थल॥
भरम भूल सभा छोड, नंग नाम को।
उहाँ आवागमन नहीं, वासी सत धाम को ॥1॥
रसना मूँ रस लियो, हिरदै हरि नाम को।
बिना भजन मुख में कैसो, टुकड़ो जो चाम को ॥2॥
प्याला जो प्रेम पिया, मस्ती मदाम को।
गुरु रोहल राह बताया, बेगम गाम को ॥3॥
शाहू के शाह दिया, जंग जैसे जाम को
मतलब भयो ले तबही, इस जन गुलाम को ॥4॥5॥

दिल में मेरे आज सजन, याद तू ही आवता।
आवता आवता आंगण वेखौ, भूला फेरड़ा पावता ॥थल॥
हादी दीया हाथ से, मैं प्याला पीया प्रेम का।
असर उसका आँखिया माहीं, लाली का रंग लावता ॥1॥
विरह का बाग माहीं, साँवरे का वेश किया,
वृन्दावन में आज कान, बाँसुरी बजावता ॥2॥
आप कूँ तो आप जान, तुझ बिना को और नहीं।
तू घट की गंगा छोड कै, क्यों और गंगा न्हावता ॥3॥
हम नहीं नहीं नहीं, सोऊँ नहीं नहीं नहीं।

आपे ही में आप वेखौ, आपे ही गुन गावता ॥4॥
इश्क तो इसरार का, खूब हम वेखिया।
हर तरह हर शाम माहिं, मुझे ही समझावता ॥5॥
जिस तू मैंनूँ बख्श किया, इश्क रहै इसरार का।
गुलामअली पीर मेरा, शाहू शाह सदावता ॥6॥6॥

एही बेरा समझौ साधो, फेर यहाँ नहिं आवणा ॥थल॥
है बाजी कल कूड़ पसारा, सौदा समझ बिहावणा।
दिन तेरी अब बैठी जाऊँ, साजन माँह समावणा ॥1॥
एक घड़ी अब बार न करना, महकम हो मन लावणा।
सुलटा सागर उलट समाना, नहिं पाया नहिं पावणा ॥2॥
जल की बूंद मिलै जल माहीं, ना को गया न आवणा।
गुलामअली गुरु शाहू के अब, चरणो सीस लगावणा ॥3॥7 ॥

गौडी

ना को तू मैं नहीं कुछ तेरा,
मनख जनम फिर हाथ न आवै, समझण एही बेरा ॥थल॥
ग्यान के सूर प्रकास कियो घट, मिट गया सगल अँधेरा ॥1॥
आप हि आप में लाट समाना, ना को दूर न नेड़ा ॥2॥
आप हि आप सूँ आप हि खेलै, ना को मैं नहिं मेरा ॥3॥
गुरु रोहल जब किरपा कीनी, चरण कँवल का चेरा ॥4॥
गुलामअली गुरु शाहू मेरा, काट दिया जम फेरा ॥5॥8॥

साधौ दम दम की है होसियारी।
रतन अमोल एहि फिर ना आवै, आवण एही बारी ॥थल॥
बाजीगर एहि बाजी रचाई, खेलै खेल खिलारी ॥1॥
द्वैत मत ना भूल जावै, सुरति करणी सारी ॥2॥
एको एक रह्यो भरपूरण, कहा पुरुष कहा नारी ॥3॥
अंतर बाहर पूर रह्यो है, मैं ताँ बारन बारी ॥4॥
गुरु रोहल के जब सरणै आया, मन की ममता मारी ॥5॥
गुलामअली गुरु शाहू के, चरण कँवल बलिहारी ॥6॥9॥

कल्याण

मेरे मंदिर माहीं साहिब आयो, आयो बहुत सुख पायो ॥थल॥

तन मन सीस मैं बारन जाऊँ, सतगुरु सबद सुणायो ॥1॥
गगन मँडल में दामिनि चमकै, अनहद नाद बजायो ॥2॥
दसवें द्वारे ताली लागी, आगम जोति जगायो ॥3॥
मन की ममता दूर भई है, अविगत अलख लखायो ॥4॥
गुरु रोहल जब किरपा कीनी, बिन जिभ्या गुन गायो ॥5॥
गुलामअली गुरु शाहू के, चरण कँवल चित लायो ॥6॥10॥

होरी, कल्याण

प्रेम नगर के माहिं, श्याम सूँ मैं खेलूँ होरी ॥थल॥
वृन्दावन मूँ बीन बजावै, चश्मा लावत चोरी ॥1॥
लाल गुलाल की बादल बनी, पिचकारिन झरझोरी ॥2॥
अतर अबीर की धूम मची है, केसर भरत कटोरी ॥3॥
गगन मँडल मूँ दामिनी चमकी, अनहद की घनघोरी ॥4॥
आप सूँ आप हिह खैच लियो है, पाय प्रेम की डोरी ॥5॥
शाहू शाह की जब सरणै आया, प्रीति लगी तब मोरी ॥6॥
गुलामअली अब ग्यान गली मँह, मिलिया श्याम किसोरी ॥7॥11॥

जोग

ऐसी सैन समझ मन मेरा, अगम अभय पद वाणी।
तू जाणै मैं कुछ कर लेऊँ, ए सभ मन मुरखाणी ॥थल॥
अक्षय अतुल अती ब्रह्म आतम, रहया समाय जल पाणी।
ब्रह्म बेखरी बाण विरह का, ब्रह्मंड तहँ सुरति लुटाणी ॥1॥
दूर हटाया जग का झगड़ा फूँक दिया फकराई।
समझा संत म्हंत होइ बैठा, लख चेतन बतलाई ॥2॥
बेगम गाम नाम नहिं इनके, एही रस्ता हम धारा।
ना कोई जाग्रत स्वप्न सुखोपति, बेगम अगम अपारा ॥3॥
बेगम गुलामअली गुरु मेरा, खाक चरण लिपटाई।
राम रूप रोहल गुरु शाहू, मेरे प्राण अधारी ॥4॥12॥

मैं कंगाल मैं कंगाल मैं कंगाल तेरा।
तू दयाल तू दयाल, तू दयाल मेरा ॥थल॥
किम संताँ री कृपा धारी, चेतौ येही बेरा।
दिये दीदार होय करार, फिर ना आऊँ फेरा ॥1॥
सुजान चतुर सयानू, वह रंग है तेरा।

हम तो मूढ चेतन रूढ, आलस घनेरा ॥2॥
देवौ ग्यान महरवान, भगत विरद तेरा।
करम दूत भरम भूत, भागिया अँधेरा ॥3॥
नाना रूप हो सरूप, नहीं दूर नेरा।
सतगुरु शाहू गुलामअली, काटौ जम घेरा ॥4॥13॥

राम नाम का नाम लीया, सतगुरु सब्द सूँ प्याला पीया ॥थल॥
बूंद माहीं समद समाया, पाँच पचीस नौ तत की माया।
पाँचौ चीन्ह आत्म तत पाया, सतगुरु सब्द सूँ प्याला पीया ॥1॥
जल में सागर सागर में तरंगा, बाहर भीतर उलटी गंगा।
हउँ तूँ गया आप ही पाया, राम नाम हिरदै मुख गाया ॥2॥
अधर ब्रह्म की वासन नाहीं, है पण माहीं दीसै नाहीं।
नहिं को गया ब्रह्म नहिं आया, सूक्ष्म भेद मैं सकल समाया ॥3॥
जल का कुंभ जल व जल भरिया, जैमूँ दूध मूँ घीया।
उल्टा नीर ब्रह्म का दीया, साइर नीर कुंभ का पीया ॥4॥
अनुभव बोलै आतम तत माहीं, पूरण ब्रह्म रोहल गुरु साही।
अजब तुमारे सरनाई, गुलामअली प्याला सन्मुख पीया ॥5॥14॥

आसा

साधौ मैं सतगुरु पारस पाया, मिथ्या देह कँचन भई काया ॥थल॥
सबद सुनिया तन मन भीनिया, प्याला भर पीलाया।
पीवत प्रेम भया मन मगना, जोति में जोति जगाया ॥1॥
राम रतन धन हाथ जो लागा, यहै मिथ्या मन की माया।
यह झूठे जग में रच रहिया, भटकत फिरत अजाया ॥2॥
ये दिल द्वारका काया कासी, तन में तीरथ न्हाया।
उहाँ उजल आप भयो मन मेरौ, ममता मैल हटाया ॥3॥
घट घट माहीं सगल सृष्टि में, रंगी सो रंग रचाया।
रंग रंग माहीं ओही बेरंग है, लख माहीं अलख लखाया ॥4॥
गुलामअली अब दिल में दर्सन, सतगुरु यूँ समझाया।
आप उठावै ओही पद पावै, आप उठियाँ पहचानिया ॥5॥15॥

आज मोरे घर भई बधाई, सतगुरु आंगन आया है ॥थल॥
चोवा चंदन अगर अमीरस, घिस घिस अंग लगाया है ॥1॥
रोम रोम में सुहणा साँई, साजन इहाँ समाया है ॥2॥

घट में गंगा घट में जमना, घट में तीरथ न्हाया है ॥3॥
काया नगर में जोति जलत है, दरसन दुर्लभ पाया है ॥4॥
रोहलसाहब किरपा कीनी, तब यह भेद बताया है ॥5॥
गुलामअली गुरु शाहू साँई, चरणनि सीस नवाया है ॥6॥16॥
राम नाम लिव लावणा, और दिसा नहिं जावणा ॥थल॥
सतगुरु हम कूँ भेद बताया, तब आपै आप कूँ ध्याया।
सहजे सहज समावणा, राम नाम लिव लावणा ॥1॥
जब आपै आप में ताली लाई, तब एकाएक में रह्यो समाई।
प्रीति उसी कूँ पावणा, राम नाम लिव लावणा ॥2॥
ना को मूआ ना को जीया, ना को गया ना को आया।
मन का मैल मिटावणा, राम नाम लिव लावणा ॥3॥
एकौ एक रह्यो जब होकै, गुलामअली गुरु शाहू के।
चरणनि सीस नवावणा, राम नाम लिव लावणा ॥4॥17॥

साधौ मैं उसी देस का वासी, जहाँ आवागमण न चौरासी ॥थल॥
तन की तीरथ परगट पाया, सिमरौं सास उसासी।
गंग जमन का भरम मिटाया, क्या वृंदावन कासी ॥1॥
यहाँ चन्द्र न सूर नदी पग बाटी, जोति में जोति प्रकासी।
हद बेहद दोनों ही नाहीं, आप में आप उदासी ॥2॥
ये संसारा झूठ पसारा, देख्या सगल सो नासी।
आपै आप कूँ ताळी लागी, नहिं को धरणि अकासी ॥3॥18॥

रेखता

दो दिना का मेला, मेला मेला सोई मेला ॥थल॥
जोई जाया रहण न पाया, चलणा एक अकेला ॥1॥
रैन गई जब उड चलिया है, पीछै करत बसेला ॥2॥
तू जो करता मेरा मेरा, छोड र चल्या सवेला ॥3॥
जान जगत सब झूठी बाजी, बजीगर का खेला ॥4॥
गुलामअली है एकौ एक, सोइ गुरू सोइ चेला ॥5॥19॥

नैनन लागो मेरो आज तुम सूँ, छोडाँ तो अब छूटै नाहिं ॥थल॥
ऐसा खजाना जो हम कूँ मिलिया, खर्चा तो अब खूटै नाहिं ॥1॥
जल नहिं डूबै न अग्नि जलावै, पाधर पड़्यो कोइ लूटै नाहिं ॥2॥
प्रेम बिना बहु जतनाँ करहै, ममता मटकी फूटै नाहिं ॥3॥

शाहू शाह के सरनै आया, चरणौ पड़्या अब छूटै नाहिं ॥4॥
गुलामअली मेरी प्रीति जो लागी, तोड़ाँ तो अब टूटै नाहिं ॥5॥20॥

काफियाँ, रेखते

नाहिं निकट नहिं दूर हूँ, सभ नूर माहीं नूर हूँ।
आशिकाँ के इश्क माहीं, मैं ओही गफूर हूँ ॥थल॥
जिसका जो रंग न रेख ना, तिस कूँ जो कैसा पेखना।
देखना माहीं देखना, उस दीद में दस्तूर है ॥1॥
प्याला जो प्रेम का पीया, हादी जब हाथ सूँ दीया।
जिसने जो वेखौ क्या किया, उस मय में भखभूर हूँ ॥2॥
मो से जो रबअर ने कहाया, लन तराने जवाब आया।
जिसी सूँ आवाज आया, सोई सैना तोर हूँ ॥3॥
गुलाम हउँ तो हउँ अली के, कँवल फूले ज्यों कली के।
शाहू शाहंशाह वली के, चरननि में चकचोर हूँ ॥4॥1॥

मुसाफिर खबर कर दो दिन कागज रहे,
किसी का न घर है, पलक का पहर है ॥थल॥
जल की जा बूंद सा जल माहीं जावे, फोटो जो फूटा सर्व में समावे।
आवै न जावै, विरह का बहर है ॥1॥
कोई न जानै बाजीगर की बाजी, समझ पड़ी तब हरि का साजी।
देखन में जो आवै, ला सभ लहर है ॥2॥
बीचोनो नमूनो देखन में न आवै, आप उठावै सोई पद पावै।
विरही पढहाया, जेरी जबर है ॥3॥
होय रह्या मैं गुलामअली का, शाहू नीशाह की खाक गले की।
अकसीर इन्हा का नैन्हूँ नजर है ॥4॥2॥

नको है नको हो, परतो हुस्न जो पियो ॥थल॥
पंध त इन्हींअ पार दे, वञी कूड़नि मंझा को।
गूढ़ न मलामत खाऊँ, तालिब दिसी तऊ ॥1॥
आशिक असाँ जहिड़ा, हुत सजण अगिया सो।
नालो गधम नींह जो, वञण ताँ थियो ॥2॥
परझी दिसिज पाण में, आहे को न बियो।
तू गोली थो जंहिं खें, तू सागे आहीं सो ॥3॥
हादी अंङ्ण आइयो, हाणे भरम सभ बियो।

शाहू शाह असाँ ते, करम अची कयो ॥4॥
गुलाव अली इश्क में, पुछी पंध न पव।
गाल्ह परिया जो गुझ जी, कंहिं खे की म चव ॥5॥3॥

मैं ताँ चाया मेहणा यार दा, लोक करे रुसवाई ॥थल॥
गैर वालियाँ दा गरदन न कोई, नींह लगा निखारादा ॥1॥
कल त कंहिं कुं भी नाहीं, इश्क दे इसरार दा ॥2॥
सिर बिन सौदा भी को नाहीं, जो मिलंदा विरह बजार दा ॥3॥
शाहू शाह सांवन दिस जो दितड़ा, दिल बीच दीदार दा ॥4॥
गुलाम अली इश्क अल्ला दा, सनुह सचे दरबार दा ॥5॥4॥

है को इश्क अवेड़ा, मायोड़ी मैं समझ न जाता ॥थल॥
खेड़ियाँ दे है मैं हेका ही, रोज अजल कनूं अगे आहे।
पेच तिदाँ मैं पाया ॥1॥
महबत मच बल बलियोसी, गैर गुमान दा जल गयोसी।
सही सजन सिञाता ॥2॥
सालिक रख तू सुरत संभाला, हाल असाँ ते हादी वाला।
चाहूँ ताँ चमचाता ॥3॥
शाहू शाहंशाह मिलियोसी प्याला जंहिं तां पर पलियोसीं।
रमज तंहीं रंग लाता ॥4॥
गुलामअली ते इश्क आया, रोजां रोज है सवाया।
नाल ढोलन नींहं नाता ॥5॥5॥

मालकोश

हादी वाला नक्त हिको, सही करीं तूं सारा ॥थल॥
अंदर बाहर सुहणा साँई, सभो नूर नजारा ॥1॥
जे जाणी तां आप सिञाणीं, बिया सभ कूड़ पसारा ॥2॥
बेदर्दी कल दूर करीं, है बाझूँ इश्क अंधारा ॥3॥
हुस्न असाँ ते हमला कीता, नींहं मरींदा नगारा ॥4॥
कल फक्र कूँ कीतम सजदा, शाहू शाह हमारा ॥5॥
गुलामअली जाहिर बातन, मार तूं नींहं नगारा ॥5॥6॥

जोग

इथाँ रहण किसे नहीं पाया, मैं तूँ आहज जावणा ॥थल॥
है संसार हेली साजी, बाजीगर दी है ये तां बाजी।

समझ की पीरा पावणा ॥1॥
ना कोइ रहिया ना कोइ रहसी, इथां आखिर तूँ भी न बहसी।
बिया तां कूड़ कमावणा ॥2॥
जो कुछ मिल चूंड धराया, ओही सभो ई है पराया।
इथों क्या तू है चावणा ॥3॥
बियाँ कल हैं कूड़ याँ चालै, इथाँ रहसनि बिच के गाल्हिं।
साजन बिच समावणा ॥4॥
इथूँ औड़क तूँ भी मरना, जैसा करना तैसा भरना।
सौदा समझ बिहावणा ॥5॥
उतूँ तेंडी मौत खरोती, उथाँ क्यों तूँ है सुख सोती।
बिन खुशियाँ खूह खावणा ॥6॥
गुलामअली गम थियोसी, ना को हम न तुम रहियोसी।
ना को ज्ञान आवणा ॥7॥7॥

दिन दुनिया बिच है नींचार, जो होवै करै न वेसाह ॥थल॥
फानी है संसार सारा, आतण सांवन इश्क विसारा।
चरखड़ी नाहे चाह ॥1॥
आखिर जासी तूँ कंहि कली, बेठी घतां मैं पूबी छली।
आतण नूँ देवां बाह ॥2॥
दिलबर नाहे असां हूं दूर, ये तां बेड़ी वाला पूर।
साहित दे सागाह ॥3॥
हाल दी गाल्ह मैं आखाँ कंहिं नू, मारो मारीं कएं तूं मैं तूं।
केही दोह गुनाह ॥4॥
तूँ जो करीं मेडा मेडा, ना को तूं है नहीं को तेडा।
सभो है फनाऊ ॥5॥
सुहिणा साँई नित लणींदा, बे निमूँ बे चवनि सुणींदा।
कीता इश्क आगाह ॥6॥
कीहा करीं तूं तां पसारा, अंदर बाहर नूर नजारा।
सभो ही वाह वाह ॥7॥
सजन है सुधीर असाँ दा, गुलामअली पीर असां दा।
है शाहू नी शाह ॥8॥8॥

सिकियो साहू सारे, विहाँ की कएं विसारे। मारून खे (ओसांगनि खे) ॥थल॥
साँई लग सूमरा बेड़हीचनि खे वारी, महबत उन जी भारी ॥1॥
आहिन कम करबम ते बधा मूँ तां वारी, खड़ी दोह दहकारी ॥2॥

द्रोथीड़ा तां देह में डूर मंझा डेखारी, इश्क जी आरी ॥3॥
शाहू शाह अज असां खे, परतऊं पर प्यारी नजर नीहं निहारी ॥4॥
गुलामअली हुन रो गूंदर, मंझ गुजारी हुत घड़ी न घारी ॥5॥9॥

कल्याण

नींहं दा नजारा तेड़े नैणे दा नजारा, तरहें तरहें जो वेखण आया ॥थल॥
सभ सूरत बिच सुहिणा साई, खिलिया गुल हजारा ॥1॥
रोज अवल कनूं अगे आया, उसगा इश्क इशारा ॥2॥
सभ घट दे बिच सैर करिन्दा, नींहंम मरिंदा न्यारा ॥3॥
शाहू शाह यूँ आखिया, सही करीं सर सारा ॥4॥
गुलामअली इश्क दे बिच, मार तूँ नींहं नगारा ॥5॥10॥

मंगल

तूं तां सार सिर सिञाणी, पर आप वचवनि ना आणीं ॥थल॥
समझ वेखे तूं है सिर सारा, अन्दर बाहर नूर नजारा।
रस भो ई है प्रेम पसारा, जान इहो तू जाणीं ॥1॥
दुनिया दे हैं चार दिहाड़ी, तहिं बिच मौत मरिंदे धारी।
पूछ वेख तू ओड़े पाड़े, वेई वेल विहाणी ॥2॥
है संसार जेले हेले साजी, किए हिक गोए मरींदे गाजी।
विरह बनाई तिलिस्म बाजी.............................. ॥3॥
शाहू शाहंशाह मिलियोसी, प्याला तंहिं तां पर पलियोसी।
अखियाँ दे बिच रंग लियोसी, है सदा हुण साणी ॥4॥
गुलाम अली इश्क आयोसी, आप किनूँ तां आप वियोसी।
गैर गुमान दा भूल भूलियोसी, बी तां कूड़ कहाणी ॥5॥11॥

कल्याण

मैं डरी नाहीं खेड़ाँ नाले, मायोड़ी मैं डरी नाहीं ॥थल॥
हीर हीरां होय रही है, रांझे वंझली वाई ॥1॥
माउ पीउ दितड़ा वर लोकां नूं, मैं कूं बखश इलाही ॥2॥
शाहू शाह करम कीता, दितड़ा मनसब शाही।
गुलामअली कूँ असल कीनूँ, दतड़ी इश्क औगाही ॥3॥12॥

जंगला

रांझन असां दे अंड़ण आवंदा, आवंदा आवंदा, वे आवंदा ॥थल॥

विरह असाँ ते गालिब होया, सीने नाहं समावंदा ॥1॥
हर बेले हर बखत हमेशा, दिलयूँ दूर न जावंदा ॥2॥
नशा नीहं दा बख्श असा नू, प्याला प्रेम पिलावंदा ॥3॥
पीर असाँ दा जाहिर होया, शाहू शाह सदावंदा ॥4॥
गुलामअली दे बिच्चो दिलबर, आपै तां गुन गावंदा ॥5॥13॥

दिलबर नाहीं संताँ दूर, रहणा हरदम सूँ हजूर ॥थल॥
वेख हुस्न में हए हए हैरानी, नहिं सुहिणे दा बिया को सानी।
किया जो दूर कसूर ॥1॥
नारा अना अहलक मरींदा, सूली ते चढहै सैर करिन्दा।
मर्द होया मनसूर ॥2॥
सजन दा सिंगार वेखिंदा जेड़े केड़े यार दिखींदा।
भर रहयिा भरपूर ॥3॥
जमीन ते असमान जो नाहा, रोज अबल किनूं अगे आहा।
मोहबत दा मजकूर ॥4॥
सही करीं तूं है सिर सारा, आशिक मरिया नैन नगारा।
मुल्काँ बीच मशहूर ॥5॥
प्रेम नगरी उल्टी चाली, समझेगा को मस्त मवाली।
जाहिर जात जहूर ॥6॥
अखियाँ दे बिच रंग लगाया, शाहू शाहन पूर पिलाया।
पूराँ ते दिल पूर ॥7॥
गुलामअली आप सिंञाणी, आप बिना कुछ और न जाणी।
नूर नजारा नूर ॥8॥14॥
दम दम होया दिल दीदार, रहणा हरदम सैन होशियार ॥थल॥
दिल दरिया दे लखें लहरिया, सवे सहणे दिया नव नव निहारिया।
रहणा खबरदार ॥1॥
राहाँ अल्लादियाँ करोड़िया कैई, जिवैं को जाणैं तीवैं होई।
पर मोहबत है मुख्यतार ॥2॥
एड़े ओड़े मूल न गोले राहां दे बिच रूह न रोलें।
कर आप अति ऐतबार ॥3॥
महबत मस्त किता है मैनूँ, तिस दी गाळ मैं आखाँ के कहिं नूं।
वेख सारा इसरार ॥4॥
शाहू शाहंशाह सुहिणे दा, गुलामअली इश्क उहें दा।
आउ थिया इजहार ॥5॥15॥

आयो आहे कहिं खवाहिश खूं, अवलो करै इंसान में ॥थल॥
सही सैर तूं तां कर सारो सूरत संदी सिलान में।
हादी तां पूर पिलायो कंहिं जोश जे जवलाँन में ॥1॥
आशिक असल आहिन उहै, हिन हुस्न जे हैरान में।
कंहिं शौक खूं हित आइया, सोध जे सामान में ॥2॥
पेट पिड़ पायो अचे महवत संदे मैदान में।
वर्क वारे सभ सही, कयाउ दिल संदे दीवान में ॥3॥
अकरब खूँ वेझो बसै, इएँ पाण चयाउ फरकान में।
हुई रमज रिलाइज रूह साँ, इन कमानी कान में ॥4॥
शाहूंशाह समझाइयो, हर तरह हर शान में।
गुलामअली सिर दीनो, दिलवर मिलियो तहिं दान में ॥5॥16॥

रेखता

मेडा ढोलण नाल नींहड़ा, लगा मेडा ढोलन नाल ॥थल॥
तू रे बाझूँ सुहिणा साँई, जीवन है जंजाल ॥1॥
साह पसाहुँ वेझा वसंदा, विथ नहीं हिक वाल ॥2॥
बिच जहान दे बिया नहिं कोई, महबत जीहा माल ॥3॥
गुलामअली दा सुहिणा साँई, सँधड़ा लहीं तू संभाल ॥4॥17॥

बिलावल

इश्क बोले बोलड़ियाँ, नव नव नाज नैणाँ दे ॥थल॥
इश्क आराम दींदा नाहीं,
विरह विसार्‌या व्याकुल वाहीं, हुस्न खेड़े होलड़िया ॥1॥
पूछी ना तूँ पह कंहिं कूँ,
गुड़े मूर न गाल्ह इहें तूं, बी केही न कर तोलड़ियाँ ॥2॥
सभ सियालिन टोकां लाइन,
घटि न काई सभ सैर सदावन, असाँ झालिया तां झूलड़िया ॥3॥
दर्दमंदाँ दी जे दिल रंजाइन,
एड़ो ओड़ो चोली चाइनि, रुल गयासी रूलड़िया ॥4॥
बेकुल हीनी कूड़ी चालै,
दिलबर लधड़म वाचो चालै, ए सूर घतियान घोलरियाँ ॥5॥
गुलामअली तालिब तेडा,
शाहू शाह पीर महीं दा, भिन घतिया तंहिं भूलड़िया ॥6॥18॥

नैन्हड़ा लगा नाल तेडे, नाल तेडे, नाल तेडे नाल तेडे नाल तेडे ॥थल॥
तगूँ असाँ तार तेडे ते, राती दिहां दिल मेडे ते।
सजन नाल संभाल नी संभाल तेडे ते ॥1॥
प्रेम प्याला पर जो पीता, दिल मेडे नू मसत जो कीता।
जानब ताँ जमाल नी जमाल तेडे ॥2॥
प्रीति जो पाई नाल मेडी बी तरफ दिंह देखाँ केडे।
लेता विरह तां विसाल नीं विसाल तेडे ॥3॥
विरह तेडा वसो असां ते, बख्श कितोई आज असाँ ते।
महबत जे ही माल नी माल तेडे ॥4॥
डीन्दे के ही दस बिन्हानू, पलपल पवन्दी पूर असा नूं।
हरदम हरदम हाल नी हाल तेडे ॥5॥
अकरब किनूँ नेड़े जलीन्दा, सभ सूरत बिच हल हलीन्दा।
बिच नहीं हिकवाल तेडे वाल तेडे ॥6॥
पीर असाँ दा शाहू शाह, गुलाम अली नींह निगाह।
बहू बहू भाल तेडे भाल तेडे ॥7॥19॥
जादू लगा यार तेडा यार तेडा, यार तेडा यार तेडा यार तेडा ॥थल॥
सुहिणा साँई मड़ भाल, अज असाँ नाल जानब जाल।
लगा नींह ताँ निरवार है निरवार तेडा ॥1॥
हर कथां हीं यार जो बसन्दा, रमजा नाद दिल जो खनंदा।
जलवो सारां तां संसार है संसार तेडा ॥2॥
मन मेडे दा मोहिणा तू है, सकल सियालिन बिच सुहिणा तू है।
सभ सजन का सिंगार है सिंगार तेडा ॥3॥
इश्क असां नूं काबू जो कीता, हथों हादी दे पर जो पीता।
सारा इश्क तां इसकरार है इसरार तेडा ॥4॥
शाहू शाह बोलिया बोल समझ वेखें तू अखियन खोल।
दम दम दिल दीदार है दीदार तेडा ॥5॥
फेरा पाइन नकल किनूं, गुलामअली है असल किनूँ।
तालिब तां तकरार है, तकरार तेडा ॥6॥20॥

वेख जो लाया लाया लाया लाया, जा दौड़ा यार सानूँ ॥थल॥
बेखबरे नूँ निन्ड घणेरी, जानब यार जगाया ॥1॥
जे मैं जाणा आपै ही आया, आन्दे होत हिलाया ॥2॥
दिस इहो ई मुरशद वाला, बिया सभ पंध अजाया ॥3॥
गुलामअली दा सुहिणौ साँई, कीअड़ा पंध सजाया ॥4॥21॥

मूँ मारूनी जी संभाल, उमर हिते दींह लगा ॥थल॥
गिलम गलीचा तूल बिहाणा, छाजी है सुखपाल।
उमर सब शींह लगा ॥1॥
विहां हिते कएं वसीले, महबत झेड़ा माल।
उमर हुत मींहं लगा ॥2॥
गुलामअली इश्क में, जोशन में हित जाल।
उमर हुत नींहं लगा ॥3॥22॥

बैत

1. अंदर आग इश्क जी था जोगी जागाइनि।
सामी सदा सिक में था खुदाई खे खाइनि ॥
पाण पंहिंजो पाण में भाइण नको भाइनि।
गुलामअली इश्क में आशिक नी आहीं।
के लाहोती लाहिनी लागा पा हिन लोक जा ॥1॥

2. अंदर आग इश्क जा तिन जोगीन जा गाया।
प्याला पिरिम प्रीत जा तिन पूरविन पाया ॥
गुलामअली इश्क में अवधूती आया।
थिया तिन सामिन सजाया, ओजागा नी अखिन जा ॥2॥

3. अधिया दर अल्ला जे तिन जोगिन जा जागा।
सारे हिन संसार जा लाथा लाहोतिन लागा ॥
गुलामअली इश्क में थिया आगन जा आगा।
उहै सामी सभागा इश्क जे उजारिया ॥3॥

4. पाए मुंहुं महीअ में था औधो थी औरिन।
तनाल जा तालिब जी सा चपाती चोरिन ॥
जो अकरब खूं बेझी बसी था डिसि तांहिं डूरीं।
गुलामअली इश्क में तक न बियो तोरीं।
से मरू समरणियों सूरीं, जे रावत रीधा राम सां ॥4॥

5. मढहीऊ में मन को थियो उथी जोगी जाग।
आहे आशिकनि खे इएं लाहोतिन जो लाग ॥
गुलामअली असूल खाँ अथनि इश्क अझाग।
से डेही डील डुहाग, केही सन्मुख संनासी थिया ॥5॥

6. से सनमुख सफा से थिया, पाण विञाई पाण।
पूरविया परवड़ तू जाण वियाई जाण ॥
गुलामअली इश्क जो आए, अमल उहू अहिञान।
इहै सामीं सदा साणहउ, हणी हिंगलाज विया ॥6॥

7. रोगी रुकाटिन में औरे था अड़जनि।
आशिक इश्क आरोग, में लंघिया लाहोत वञनि ॥
रीधां बिछि रांदि राम साहू वेठा वक्त पूछनि।
गाजी वञी गर्क थिया हू टरिया डे टकरिन ॥
वहन अकरब अली मन उबल अलूरीक इहियो बोझ़ कीन बुधनि।
ला तकन तू थरहो करें था आशिक ऐन डिसनि।
महबत जे मैदान ते भील कएँ पतंग ॥
गुलामअली अनीर जूँ कपियूँ लामूँ लाहोतिन।
हू रोजनि मंझि रूलनि हिन खे हरदम डिस हजूर थियो ॥7॥

खुदाबख्श साहब की वाणी
सी-हरफी

'अलफ' *अलफ अला दी जात असल है, रंग न को बेरंगी।*
खिन फिक्खूँ बिच्चूं जग जोड़िस, बेरंगी था रंगी ॥
किथां इरानी किथां इराकी, किथ रोमी किथ जंगी।
किथ सुन्ना किथ शीया होया, किथ सूफी किथ भंगी।
खुदाबख्श हकाहक किन्नूं, असा महब्बत मंगी ॥1॥

'ब' *बे बयान न तंहिं दार कोई, है बेअंत अपारा।*
ला मकान मकान न कोई, रूप वर्ण थूँ न्यारा ॥
थी महीत सभो बिच आया, पसरै आप पसारा।
जोड़ जहाँ जुदाई दा खुद, बेखै नूर नजारा ॥2॥

'त' *तन बिच तलब दी देवें, मूल न मोड़ै पासा।*
सिर दितिया सिर हाँसिल होये, ये सौदा खुश खासा ॥
छोड़ गाजी ठगबाजी तू, आशिक रहें उदासा।
रक्खै खयाल खुदाई आशिक, तां पाए सुख वासा ॥3॥

'स' *से साबित रख सिक्क सजन दी, जे चाहीं सुख पाईं।*
बिच मैदान महब्बत दी दिल, लाए कदम उठाईं ॥
दे सिर बार विरह दा बारी, नाल खुशी चमचाईं।
राखै ख्याल खुदाई दा हुण, ताए संझ सवाईं ॥4॥

'ज' *जीम जुदा हिकदंम नहीं है, हरदम तेडे नाली।*
ऐड़े ओड़े मूल न गोलीं, जान तेड़ी बिच जाली ॥
कुल शइ महीत न जाणनि, से काफिर दिल दी काली।
इरफत रवी रब अलाया, ख्याल खुदाई वाली ॥5॥

'ह' *है हक नाल हमेशा होवै, सभै वहम विसारीं।*
तुरक करीं तदवीराँ कूँ तू, मन दी मैं वत मारीं ॥

बिना हरफ हकी हक बाझूँ, वर्क सभी वे वारीं।
तालिब बिच्च तलब तन दीवें, नैन बिहाइन नारीं ॥6॥
'ख' *खे खालिक दा ख्याल जहाँ कूँ, थैं फिरन निमाणी।*
जे मोती थी कर मर ज्यूँ, साधू बसै सियाणी ॥
जाहिर जोर जईफ दिसी जन, कामिल वतन कुमाणी।
बिच्च खयाल खुदाई दी खुद, जाणनवाला जाणी ॥7॥
'ज' *जाल जिकर बिच रैंदे आशिक, हरदम मत्त मदामी।*
दुनिया अकबा वाली तालिब, जोड़न तलब तमामी ॥
इशरत ऐश अशाक सरन ओ, हरफत जाण जिहानी।
खुदाबख्श पितों से प्याले, दस्तऊँ शाह शहानी ॥8॥
'ग' *गैन गरूर न थीयूँ आशिक, दीद जहाँ है दम बिच।*
वाली नाल वसाल न ताहाँ, कलब जहाँ दा किम बिच ॥
मस्जिद मेल न करंदे जिन कूँ, यार मिल्या है यम बिच।
खुदाबख्श न मरसैं सो जहिं, जाम पीता है जम बिच ॥9॥
'न' *नी फरदा ते कंम न रखौ, हो दम दम दिलवर नाल मिया।*
जो दम थीवे दम कुदमी, तहिं दी केहीं गाल्ह मियाँ ॥
जिन्हन दिल दर्द नहिं दिलवर दा, सो ना मर्द न जाल मियाँ।
वेखी समझी सुणी अलाय चलन्दा चोखी चाल मियाँ ॥
खुदाबख्श मिलियो से नव शइ, हल वेले हर हाल मियाँ ॥10॥
'क' *काफ कलब मोमिन दा जिन कूँ, आँखिन अर्श इलाही।*
अर्थ सो नहीं फर्श जिथाँ है, बरही दे बदशाही ॥
सच्ची सिक वाली विच मिलन्दी, कुड़ियाँ दी मँह काही।
खुदाबख्श मिलें दम दम दे बिच, है जग खुदा फनाहीं ॥11॥
'क' *काफ कीवें आपहरियाँ जानी, ए जामा जिस्मानी।*
होइ बेमिशल अमूरत मूरत, ला सूरत लासानी ॥
अरबा अनासर दे बिच कीवे, आया सर सुब्हानी।
नैना बीच निगाह करिन्दा, नूर इहो नूरानी ॥
खुदाबख्श लधोसी दिल बिच, नौशइ दिलबर जानी ॥12॥
'ल' *लाम लगा रंग ऐन हुसन को, वेख थिये भखमूर कीवें।*
वेखो नाज विरह दी कीता, करमल नाल किलोर कीवें ॥
परदेसी परवेज करायस, शीरीं ते शाहपुर कीवें।
चश्मा चोरी चौकां देवई, दीदां दा दस्तूर कीवें ॥
खुदाबख्श बिन देवण सिर थींवे, महबत बिच मंजूर कीवें ॥13॥

दूल्हदरियाखान साहब की वाणी

ग्रन्थ ब्रह्मवेद

चौपई : *गुलामअली गुरु दीनदयाल। तुम हो दाता मैं हुँ कँगाल ॥*
जब सतगुरु यह किरपा कीनी। बोल्या आप अज्ञा मुझ दीनी ॥1॥
गुलामअली गुरु पूरा पाया। ब्रह्म वेद का भेद बताया ॥
ब्रह्म वेद मँह डुबकी मारी। आप तिरे औराँ कूँ तारी ॥2॥
ब्रह्म वेद का भेद अपूठा। सो बूझै जिस आपै लूटा ॥
ए उलट वेद सोई नर भाखै। जो सीस काट गुरु चरणै राखै ॥3॥
ब्रह्म वेद जोई नर बूझै। चौरासी ताँ कौं नहिं सूझै ॥
जो ब्रह्म वेद मँह उलट समावै। सोहि बांझ का पूत कहावै ॥4॥

दोहा : *गुलामअली गुरु भेटिया, हउमैं रहै न टेक।*
दरियाखान आप मिट गया, एक एक मँह एक ॥5॥

चौपई : *ज्यूँ ज्यूँ देखूँ देखत भूला। चौरासी मँह फिरता डोला ॥*
करो कृपा गुरु मुझ समझावौ। आवागमन का भरम मिटावौ ॥6॥
हउमैं नींद सुँ तुम ही जागा। ज्यूँ ज्यूँ देखूँ भूत है लागा ॥
ज्ञान खड़क सूँ हउमैं काटी। दुतिया भाव औराँ सूँ न्हाटी ॥7॥

प्रश्न : *कहा भया ब्रह्म कहा भया जीउ। कहा भया छाछ कहा भया घीउ ॥*
ए वर्णाश्रम किस विधि जानूँ। जो तुम कहो गुरु सो हम मानूँ ॥8॥

उत्तर

कवित्त : *मन ही को कह्यो मान भूलौ है अती अजान,*
हउमैं की फाँसी पड़्यो ब्रह्म जीव भयो है।

माया सूँ जगत जोग बांधो है हरष सोग,
हरि सूँ बेमुख फिरै बुधिमान रह्यो है ॥
भजौ नहीं राम नाम कपट के तो करौ काम,
कर्मन के तो बस पड़्यो कुबुधि ठाम ठह्यो है।
कैत जन दरियाखान हरि भजे हरि समान
आगै आगै एक संत बार बार कह्यो है ॥9॥

प्रेम को अंग

चौपई : *प्रेम बिना परतीत न आवै। प्रेम बिना बहुता भटकावै ॥*
प्रेम बिना सभ बंध गयान। प्रेम बिना पावै नहिं मान ॥10॥

दोहा : *प्रेम तो मेरे बस नहीं, प्रेम न मेरे हाथ।*
तुम सतगुरु सावधान हो, कह समझाओ बात ॥11॥

चौपई : *प्रेम की महिमा कही न जावै। प्रेम नहीं को हाट बिकावै ॥*
आगे मरे पीछे फिर जीवै। प्रेम पियाला भरभर पीवै ॥12॥
प्रेम न देखा सुनिया कान। प्रेम खेल हाँसी नहिं जान ॥
प्रेम जिस घट कीया वास। सो जोगी नित रहै उदास ॥13॥

दोहा : *प्रेम पियासी हउँ फिरूँ, लगी प्रेम की प्यास।*
दरिया जिस घट प्रेम है, उहाँ प्रगट ग्यान विग्यान ॥14॥

चौपाई : *प्रेम जिस घट सो बडभागी। प्रेम जिस घट हउमैं त्यागी ॥*
प्रेम बिना समझै नहिं मूढ़। प्रेम बिना पावै सिर धूड़ ॥15॥

सवैया : *प्रेम प्रकास भयो जिनके घट, ताहि समान नहीं ए कोई।*
प्रेम बिना टूटै नहीं बंधन, प्रेम बिना परतीत न होई ॥
प्रेम को सूर उग्यो जिनके घट, तहाँ न दीसत एक र दोई ॥
दरियाखान प्रेमी प्रेम भयो उहाँ, हउमैं नहीं है साखी सोई ॥16॥

चौपई : *प्रेम नहीं को वन वनवासी। प्रेम नहीं को तीरथवासी ॥*
प्रेम भूत जिसके तन लागै। पाँच पचीस उहाँ सभ भागै ॥17॥
प्रेम भूत जिसका घट माहिं। एक निरंजन दूजा नाहिं ॥
प्रेम को सूर भयो परकास। पाँच पचीस उहाँ सभ नास ॥18॥
प्रेम नहीं कोइ हाटै बाटै। प्रेम का सौदा सिर के साटै ॥

जो सीस की भेट रखै गुरु दान। सो जोगसर पावै मान ॥19॥
तुम दाता गुरु मैं भिखियारी। सरन पड़े की लाज तुमारी ॥
तुम सागर मैं जीउ अजान। नाम निरंजन मांगूँ दान ॥20॥
नाम की भिक्षा सिर की साटी। जम तेरे सिर देवत झाटी ॥
चेत चेत रे ए है बेरा। नहिं तो अवसर जावै तेरा ॥21॥

सवैया : *ए सब संग असंग है तेरौ, काया संग है काल को डेरौ।*
जो देखौ सो दीसत नाहीं, देखत जंम कियो अंधेरौ ॥
मैं मेरी में मुक्ति न तेरी, ना कुछ तू नाहीं कुछ तेरौ।
दरियाखान संग असंग सूँ कीजे, जाके संग मिटै जम फेरौ ॥22॥

प्रश्न

चौपई : *एक प्रश्न गुरु पूछूँ तोह। तुम हो पारस हम हूँ लोह ॥*
काम क्रोध क्याह गृह वासा। लोक मोह अहँकार ते फाँसा ॥23॥

उत्तर : *इस प्रश्न का एक हि मूल। मृगतृष्णा जल देख न भूल ॥*
अज्ञान दृष्टि से परगट भासी। ज्ञान दृष्टि ते एही नासी ॥24॥
धृग धृग चेला ए मति तेरी। आपा जान कहै मैं मेरी ॥
ना कुछ तू नहिं कुछ तेरा। सांझ पड़े जम लूटै डेरा ॥25॥

सवैया : *केस फिटे अर दंत घटे यह, कंचन काया देह कुमलानी।*
सुध बुध मति गति भूल गई सभ, तृष्णा त्रास लगी जहाँ प्राणी ॥
रोगी रोग सरीर की संगति, नाम विसार झुगी जब पानी।
दरियाखान आस निरास बराबर, जे देख्या है सो सभ नानी ॥26॥

प्रश्न

चौपई : *तुम गुरु वैद रु हम हूँ रोगी। मैं मेरी में हरषी सोगी ॥*
हउमैं रोग का औषध करिये। भव सागर बूडा किमि तरिये ॥27॥

उत्तर : *हउमैं रोग है ए मति तेरी। भूल गयो हउमैं अर मेरी ॥*
बार हि बार क्याह तुम कहिए। आपा ढाह नहीं तो गिरिये ॥28॥
काया दरसी माया जानी। आतम दरसी आप न मानी ॥
त्यूँ अज्ञानि आप सूँ अंधा। अणहोता सत मानी धंधा ॥29॥

कवित्त

कहाँ तेरी जात पात कहाँ तेरो पिता मात, एको एक ही इहाँ हउमैं को कहत है।
कहाँ तेरौ नंग नाम कहाँ तेरो धाम गाम, सारौ सनबंध तेरौ इहाँ नहीं रहत है ॥
तू जो कहै मेरौ मेरौ नहीं तू कहाँ तेरौ, देखत है जम फेरौ प्राण ले बहत है।
कैत जन दरियाखान आपनी तू आप मान, भले बुरे सभ जान सा सभ सर सहत है ॥30॥

प्रश्न

चौपई : *तुम हो जहान र मैं हूँ कांगा। सर्ण तेरी भवसागर लांघा ॥*
आ पड़िया गुरु तेरे द्वारे। मैं मेरा है तुम सरवारे ॥31॥

उत्तर : *एक जान दूजा नहिं कोई। जिसका भार उठावै सोई ॥*
जिवड़ौ देख सरप कियो वासा। अपनी करनी आपै फाँसा ॥32॥

प्रश्न

दोहा : *एक कहूँ तो दो दिसै, अर दोइ कहूँ तो तीन।*
तुम सतगुरु सावधान हो, मैं हूँ मति आधीन ॥33॥

उत्तर

सवैया : *एक माहीं दो भयो तीन माहीं चार भयो पंजा तो पसारा।*
काम मुँ क्रोध भयो लोभ माहिं मोह भयो मोह ते अहंकारा ॥
अर्भ माहिं गर्भ भयो जीव जन्तु सर्व भयो सर्व सूँ न्यारा।
दरियाखान आप हूँ और नहिं थाप हूँ सतगुरु के सब्द मँह आप तो बसारा ॥34॥

चौपई : *जप तप संजम में बुधिमान। ताते किस विधि धरिए ध्यान ॥*
अणभौ ज्ञान बिना किम पावौ। नहिं तो मिथ्या जनम गँवावौ ॥35॥
ज्ञान गिलोला जिसकूँ लागै। संजम वरत नैम सभ भागै ॥
ध्याता ध्यान ध्येय ते नाहीं। एको एक रम्यो सभ माहीं ॥36॥

प्रश्न : *ज्ञान बिना गुरु कहाँ सु जाऊँ। ज्ञान बिना गुरु कहाँ समाऊँ ॥*
ज्ञान बिना गुरु मिटै न दौर। ज्ञान बिना पाऊँ नहिं ठौर ॥37॥

उत्तर

सवैया : *ज्ञान की गंम पड़ी जिनकूँ उहाँ, दूर निकट्ट नहीं इकसारौ।*
ज्यूँ जल के माहीं चंद दिसत है, पिरथक भान रहत्त सो न्यारौ ॥
त्यूँ आपहि आप रच्यो रचना में, आप सूँ आप भयो निरधारौ।
दरियाखान ज्ञानी समकर जानी, राग न द्वेष न जीत न हारौ ॥38॥

ज्ञान की चोट लगी जिनके घट, हउमैं पोट लुटी अब ताहीं।
एको एक भर्या भरपूरन, नैन र वैन में दूजा नाहीं ॥
मन की दौड़ मिटै गुरु की मत, एक अलक्ख लख्यो दिल माहीं ॥
दरियाखान रोम रोम मँह एक, रमैया समझ देख अर तू है काहीं ॥39॥

दोहा : *मानसरावेर मन बसै, दे डुबकी घट सूझ।*
हरि हीरा की गाँठड़ी हंसा होकर खोज ॥40॥
मानसरोवर मन बसै, आतम सुमरौ नित्त।
अँधिया आगै ओट है, हउमैं संसा भित्त ॥41॥
मानसरोवर मन बसै, जो खोजै सो पाय।
सुमरण येही बार है, नहीं तो अवसर जाय ॥42॥

प्रश्न

चौपई : *करनी करूँ करम गति पाऊँ। उन दोनाँ ते कहाँ समाऊँ॥*
करम छोडि करनी कूँ लागूँ। किसकूँ गहूँ किसी कूँ त्यागूँ ॥43॥

उत्तर : *कर्मकांड में सब जग बांधा। बिन करनी किमि छूटै भांडा ॥*
करणी है करमाँ ते न्यारी। बिन करणी किमि मिलै मुरारी ॥44॥

प्रश्न

दोहा : *करणी का कुछ बल नहीं, रहणी खांधी धार।*
भवसागर की सीर मूँ, किम कर उतरूँ पार ॥45॥

उत्तर

चौपई : *भव सागर क्यों सतकर जानौं। आप बोडौ आपै मानौं ॥*
जो तू कह्यो सुन्यो नहिं कान। हउमैं वास भयो बुधिमान ॥46॥
अपनी करणी आपै पास। हाथ दीप अर खोहै फाँस ॥
जैसे मरकट पकड़ी मूठ। आपै बांधा सकै न छूट ॥47॥

सवैया : *बिन सतसंग न दौड़ मिटै वह, अड़सठ तीरथ न्हाऊ कासी।*
पिरथक आतम राम न जानों, दूजा मान फिरौ वनवासी ॥
हिन्दू तुरक दोनाँ ते नाहीं, कहिं बडभागि मिलै अविनासी ॥
दरियाखान ये पद बिरला बूझै, अटपटि बात नहीं का हासी ॥8॥

प्रश्न

चौपई : *तुम हो सतगुरु दीनानाथ। सरण पड़े पर राखौ हाथ ॥*
जुग जुग भूला चरनै लाओ। जनम जनम के पाप मिटाओ ॥49॥

उत्तर : *मारग देख कहीं मैं भूला। अपनी करणी आपै डोला ॥*
ज्यूँ सिंघ कूप में छाया भासै। आपै बूडै आपै भासै ॥50॥
चेत अचेत दूजा नहिं कोई। दूर निकट है सागी सोई ॥
परथम सूर उलू नहि देखै। जन्म का अंधा क्योंकर पेखै ॥51॥
ज्यूँ काच मंदिर पड़्यो सुवान। आप न चीनै अचरज मान ॥
भिन भिन देख उहाँ बस मरै। अपनी करणी आपै भरै ॥52॥
ज्यूँ गज फाटक सासट वासी। तोड़ै दंत उहाँ सभ नासी ॥
त्यूँ अज्ञानि आप सूँ भोला। दर दर दौड़ै फिरता डोला ॥53॥

दोहा : *आप न चीनै आप मँह, मिरग कथूरी वास।*
दरियाखान अचरज मनहि, भिन भिन सूंघै घास ॥54॥

प्रश्न

चौपई : *तुम दाता गुरु दीन दयाल। अपने आप करौ प्रतिपाल ॥*
जे तुम कहौ करूँ मैं जोग। जनम जनम मिट जावै रोग ॥55॥

जोग का अंग

उत्तर : *अव्वल एही जोग पछान। मूल तखत दृढ़ आसन जान ॥*
धर के पवन चढो आकास। ऊहाँ हरिजन कीया वास ॥56॥
लिंग लहर ब्रह्मा का वास। उलटी बूंद भया परकास ॥
अमर पियाला जो नर पीवै। काल न व्यापै जुग जुग जीवै ॥57॥
नाभि कमल दम धमण धमावै। खाली भरै भर्‌या उलटावै ॥
उचरै वाणी सबद प्रकास। वा घट हंसै कीया वास ॥58॥
दिल दरिया भरिया भरपूर। दे डुबकी निज निरख्या नूर ॥
सोऽहं सबद उहाँ धुन लागी। हउमैं संसा दुरमति भागी ॥59॥
सुन चेला इक मेरी बात। कंठ कंठ सुमरन कर हाथ ॥
अकड़िया करनी करौ कमाई। सोऽहं सबद मिलै रघुराई ॥60॥
निकट खोज पाया घर पूरा। उहाँ निरंजन दीसै नूरा ॥
अधर अमी बरसै नित गगना। पी पी मस्त भया मन मगना ॥61॥

चमकत बीच गगन घनघोर। बाजै अनहद सबद टकोर ॥
बाजै साज सुरै सुर मंडल। पाँच सखी मिल गावै मंगल ॥62॥
ज्ञान को दीप भयो उजवाड़। प्रेम कुँजी हथ खुल्यो किंवाड़ ॥
जय जयकार सरन पद आया। सनमुख दसवें दरसन पाया ॥63॥

दोहा : *दरसन में परसन भया, उडर्‌या भँवर अकास।*
मन पवना पहुँचै नहीं, वाँ घर कीया वास ॥64॥

सवैया

अपरम्पार बेअंत अपार अगम को, बार किन्हीं एक बिरले चायो।
न लख अलख न बख अबख, न पख अपख सोई सर्व समायो ॥
न रूप अरूप न भूप अभूप, न छाया धूप कैसो आ ठाम ठहायो।
दरियाखान मिट्‌यो अभिमान गुराँ के, ग्यान इहाँ सूँ आप उठायो ॥65॥

अकड़िया करनी का अंग

प्रेम बिना वह भेख करै अर, प्रेम बिना वह जोग कमावै।
प्रेम बिना तपसी हो दौड़े, प्रेम बिना वह केस बधावै ॥
प्रेम बिना वह वेद बखानै, प्रेम बिना हरि हाथ न आवै।
दरियाखान जोगी सो सत मानौं, अकड़िया करनी जोग कमावै ॥66॥
सुंन समाधि करै बहु जतनन, मौनी होइ अर ध्यान लगावै।
जोगी जोग अभ्यास करै बहु, पंडित पोथी ते नहीं पावै ॥
आतम तत्त न चीन्ह सकै जब, आप में आप न उलट समावै।
दरियाखान जोगी सो सत मानौं, अकड़िया करनी जोग कमावै ॥67॥
कहाँ पानी कहाँ पाथर पूजै कहाँ, हाजी हज मक्के जावै।
कहाँ नादी कहाँ वेदी होकर, कहाँ हरि मंदिर संख बजावै ॥
कहाँ अज्ञानी भरमै भूला कहाँ, आकास पवंन चढ़ावै।
दरियाखान जोगी सो सत मानौ, अकड़िया करनी जोग कमावै ॥68॥
कहाँ जप तप जोगेश्वर जोगी, कहाँ हिन्दू कहाँ तुरक सदावै।
कहाँ फिरै वनवासी भूला, कहाँ सो मूरख मूंड मुंडावै ॥
कहाँ हिन्दू हथ माला फैरै, कहाँ सो तसबी ताल मिटावै।
दरियाखान जोगी सो सत मानौं, अकड़िया करनी जोग कमावै ॥69॥
आतम दरसी आप न मानै, माया दरसी मूल गँवावै।
आतम दरसी संत सरोवर, माया दरसी मोह समावै ॥

आतम दरसी सर्व वियापक, माया दरसी मान न पावै।
दरियाखान जोगी जो सत मानौं, अकड़िया करनी जोग कमावै ॥70॥
कहाँ वह भेष करै भेष धारी, कहाँ सो पूजा कलस चढावै।
अपना आतम देव न मानैं, दर दर दौड़ उहाँ जस गावै ॥
कहाँ सूरौ जारख कर भूला, कहाँ ग्यारस रस अन्न न खावै।
दरियाखान जोगी सो सत मानौं, अकड़िया करनी जोग कमावै ॥71॥
कहाँ जोगेश्वर झोली झंडा, कहाँ नारायण नाथ कहावै।
कहाँ संन्यासी सेल्ही सींगी, कहाँ वैरागी भस्मी लावै ॥
काहाँ सोधी दूधाधारी होकर, कहाँ सो रमता मूंड मुंडावै।
दरियाखान जोगी सो सत मानौं, अकड़िया करनी जोग कमावै ॥72॥
कहाँ तपेश्वर तपसी होकर, कहाँ सो भूला भुजा सुकावै।
पाँव ऊँचा अर सीस तले कर, लोगाँ आगे लटक दिखावै ॥
आपा घाती महान पापी, ओ जती सुन समाध में जावै।
दरियाखान जोगी सो सत मानौं, अकड़िया करनी जोग कमावै ॥73॥
मन का मरम न जान सकै अर, कूड़ी करनी कनचिसवै।
अपना भेद अभेद न जानैं, ज्ञानी हो अर आप वुदावै ॥
दिल का दौड़ मिटै नहीं कबहूँ, जान गुरू परतीत न आवै।
दरियाखान जोगी सो सत मानौं, अकड़िया करनी जोग कमावै ॥74॥
अपने आप कूँ आप जानौं नहीं, दूसरा मान रे कहा जाऊँ।
पिंड ब्रह्मंड में एक ही रम रह्या, दर दर दौड़ नहिं ठौर पाऊँ ॥
जुगत झोली करो सत सेली बांधो, विरह भभूत ले अंग लाऊ।
कहत यूँ दरियाखान हरि बियो न धरियो, ध्यान आपना आप जस आप गाऊँ ॥75॥

छंद

करनी पहर कंगण रहणी हाथ खाधाँ मारूँ पाँच वैरी पचीसी मनाऊँ।
धीरज बांध ढालाँ रे दुरजन निकालाँ, वह सन्मुख लड़ाई भली जुध बनाऊँ।
चढूँ ग्यान घोड़े चाहूँ जुगत झंडा, मारूँ मन मेवासी सूरा हू उनाऊँ।
दरियाखान गुरु ग्यान सूँ जीत कलम पकड़, चोर पाँच जा दुर्ग सुनाऊँ ॥76॥

सवैया

सब्द की सवारी दिया गगन डेरा, चढ़ै फौज बाँरै मारूँ मन मेवासी।
लगी जंग झेड़ा करूँ येह निवेड़ा, मारूँ चोट कारी लड़ूँ सास सासी ॥

बजी प्रेम ताली खुल्या ग्यान घट का, भरमना बिगाड़े निपट नासी।
दरियाखान गुरु ग्यान की हाथ छड़ी, पकड़ कान आऊँ गले बाँध फाँसी ॥77॥
फिरै गुरु दुहाई दिया लोट डेरा, पड़ी भीड़ भागा कटक कोट माहीं।
नवीं छाप चीरा लिख्या प्रेम पट्टा, लिया देस निर्भय कोई गंम नाहीं ॥
अधर धुंनि लागी बाजै तबल बाजा, अगम जोत जागी सभी सुक्ख ताहीं।
दरियाखान गुरु ग्यान का खेल न्यारा, तेरी तुम जानौं रे हउमैं मूँ काहीं ॥78॥
ब्रह्म के खेल का प्रेम पता दिया, सुंन महँ धुंन झंकार लागी।
अनहद बाजी छतीसी अवाजी, लगे घंन घोरी अगम जोति जागी ॥
ब्रह्म बूँद बरसै उहाँ मंन परसै, करै केल हंसा भरमना त्यागी।
दरियाखान गुरु ज्ञान की उलट फेरी, पायो पद निर्भय भयो मंन माखी ॥79॥
ब्रह्म के भेद को वेद जानैं नहीं, मंन के मान कर भूल भटकै।
लोभ के संग सूँ मोह माया पड़ै, काम के संग पर नारि अटकै ॥
दुष्ट के संग सूँ पार पावै नहीं, साधु के संग अहंकार हटकै।
दरियाखान बिन गुरु नाहीं सांति पावै, माया मेलवी कूड़ करै नाट नटकै ॥80॥

दोहा :

मैं मेरा कुछ बल नहीं, सब कुछ सतगुरु हाथ।
दरिया मीठी मौन है, क्या कहिए बकवाद ॥81॥

सवैया :

अगम के देश में बैठ निर्भय इहाँ, राव अर रंक सभ एक जानौं।
आपणी मौज सूँ आप परगट हुआ, आपने आपको आप मानौं ॥
द्वैत के भाव सूँ बुत रु पत्थर पुजै, देइ सिर दंड और सभै भानौं।
दरियाखान गुरु ज्ञान सूँ पाँच पचीस, एक घर एक अनेक आनौं ॥82॥

दोहा :

गुड़ी गगन पर उड चली, डोर गुराँ के हाथ।
मन पवना पहुँचै नहीं, सबद सनेही साथ ॥83॥
करणी का घर नीच है, अकड़िया का घर दूर।
दसवें द्वारै पाँव धर, को पहुँचै बिरला सूर ॥84॥

ब्रह्म-ज्ञान, सवैया

ज्ञानी सोइ मानू फिरै मदमाता, अकल खेल खेलै रहत सो न्यारा।
न रागी वैरागी न ग्रेही त्यागी, सदा सर्ववासी एकौ एक सारा ॥
न चाही अचाही बनी न बनाई, न हारी न जीती सोइ संत प्यारा।
दरियाखान ज्ञानी की एही निशानी, सर्व एक जानी रहत निरधारा ॥85॥

उलट-वेद

चौपई :

खाय हराम हलाल बताहीं। अध खाधा कर छोडै नाहीं ॥
जो खावै अमरापुर जावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥86॥
इक तरवर देखा बिन पाड़। बिना फूल फल लागा झाड़ ॥
आप उठावै सो फल खावै। दरियाखन एको भेद बतावै ॥87॥
ऊँचा सरवर नीचै बाड़ी। पसरी बेल अर ऊगा भाड़ी ॥
उस भाड़ी को पार न पावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥88॥
एक कुलच्छण देखी नार। फिरै कुँवारी करै सिंगार ॥
छोटी मोटी अंग लगावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥89॥
इस नारी के पंजह वास। चौरासी मँह रहत मवास ॥
को इक सूरा मार मनावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥90॥
एक पंछी देख्या साँस न मास। धरा गगन में रहत उदास ॥
सोऽहं सीस अकास उडावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥91॥
एक पंछी देख्या पाँउ न पंख। धरा गगन में रहै अलग ॥
फूटै पंजर सर्व समावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥92॥
म्हैंदी कह अब लाली लाऊँ। है सो लाल अर लाल लगाऊँ।
दर दर फिरै को लाली लावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥93॥
ज्यूँअ नली में सूआ लटकै। आपै बांधै आपै अटकै ॥
ऐसा बांधा कौन छुड़ावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥94॥
कहाँ पानी कहाँ पाथर पूजै। अपना आतमदेव न सूझै ॥
पूजा नावै देव न ध्यावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥95॥
देह ध्याता उपजै अभिमान। हउमैं संसा छोड गुमान ॥
ए पद कोई बिरला पावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥96॥
जल कहै जा तीरथ न्हाऊँ। बिन तीरथ सो मुक्ति न पाऊँ ॥
उसका मैल कौन मिटवावै। दरियाखान एको भेद बतावै ॥97॥

कवित्त :

सुन मँह समाधी करौ मौनी है अर बात करौ,
मति को अज्ञात करौ देखौ धुन लाइकै।
वेद को विचार करौ पवन को उचार करौ,
साखी सत सार करौ सुंन मँह समाइ कै ॥
जोग को अभ्यास करौ और देहाध्यास करौ,
संसय को नास करौ देखौ गत गाइ कै।

कैत जन दरियाखान आप कूँ न जान सकौ,
किते जग दान करौ करौ पुंन जाइ कै ॥98॥

उपदेस को अंग

चौपई : कोटिन ग्यानी कोटिन ध्यानी। कोटिन पाथर पूजै पानी ॥
कोटिन ब्रह्मा वेद बखानी। हरि का सुमरन यूँ भी नाहीं ॥99॥
कोटिन्ह जप तप संयम सार। कोटिन भव जल बूड़ै गँवार ॥
कोटिन कोएक उतरै पार। कोटिन नैम वरत के माहिं ॥
हरि का सुमरन यूँ भी नाहिं ॥100॥
कोटिन्ह सिद्ध संन्यासी जोगी। कोटिन्ह कर्मकांड मँह रोगी ॥
कोटिन कामी किरिया भोगी। कोटिन्ह रमता मुंड मुंडाहीं ॥
हरि का सुमरन यूँ भी नाहीं ॥101॥
कोटिन्ह देस दिसन्तर त्यागी। कोटिन्ह हरि सुमरै बडभागी ॥
कोटिन्ह मोह माया लिव लागी। कोटिन्ह ढूंढै भटकै जाहीं ॥
हरि का सुमिरन यूँ भी नाहीं ॥102॥
दरियाखान हरि सुमरै सूरा। ओहि संत साहिब का पूरा।
अनहदनाद बजावै तूरा। हउमैं का जब मूल गँवावै ॥
हरि का सुमरण तबही पावै ॥103॥

इति शास्त्र ब्रह्म-वेद संपूर्ण समाप्तम्

सबद

कहोर

बिना लच्छ नहिं पावैगा, उलटा भेष लजावैगा ॥थल॥
जोगी जंगम भेष संन्यासी, तपसी तप में जावैगा।
पाँव ऊँचा सीस तलै कर, लोकाँ लढक दिखावैगा ॥1॥
काजी पंडित वेद कतेबाँ, पढ पढ मुलक भुलावैगा।
औराँ कूँ उपदेस करन वह, मन परबोध न लावैगा ॥2॥
कहा वैरागी भसमी लावै, अंग भभूत रमावैगा।
पत्थर पूजै कलश चढावै, आगै सीस नमावैगा ॥3॥

कहा सु मूरख मूँड मुंडावै, कहा सु जटा बढावैगा।
गुरु पूरै बिन पार न पावै, सिर पर बोझ उठावैगा ॥4॥
कथनी बकनी मान बढाई, नव नव ज्ञान सुनावैगा।
दरियाखान यह पद सोइ पावै, मरजीवा हो जावैगा ॥5॥1॥

होरी

खेलौ होरी श्याम किशोरी, मेरे मंदिर मोहन लाल ॥थल॥
ज्ञान घटा कर घट में गावै, नाम की नौबत निर्भय बाजै।
अनहद घोरी प्रेम टकोरी, सतगुरु सबद किया पैमाल ॥1॥
हउमैं कुबुधि भूलकै भागी, भव सागर की लहर न लागी।
तरुड़ तोरी प्रेम कटोरी, पीवत जीवत रहत अकाल ॥2॥
सतगुरु सब्द की मैं बलिहारी, जहिं सँग साहिब मिल्यो मुरारी।
प्रीति जो जोरी लागी मोरी, नाम के नैम सुँ कियो निहाल ॥3॥
मैं मतिहीन अधीन अपारा, दरियाखान गुरु संत सितारा ॥
ज्ञान की होरी लागै जोरी, तन मन धन तुम भी सम ताल ॥4॥2॥

श्याम सुंदर आयो री सखी मेरे कान ॥थल॥
वृन्दावन में खेलै होरी, सन्मुख साहिब श्याम किशोरी, राधा सूँ छिक छायो ॥1॥
पाँच सखी मिल मंगल गावै, चंग मृदंग की चोट चलावै, रंग रस ताल बजायो ॥2॥
ज्ञान गुलाल दहों दिसि बरसै, एक बसै घट दोइ न दरसै, अतर अबीर उडायो ॥3॥
आपहि आप मूँ ताली लागी, हउमैं मटकी प्रेम की भागी, आप मूँ आप समायो ॥4॥
दरियाखान ये पद तब ही पाया, सतगुरु सब्द में सहज समाया, आप आपै गुन गायो ॥5॥3॥

विरह

कहा रे गंगा जावौ जमुना, भाई वन वन के वनवासी,
मूंड मुंड़ावौ क्या तीरथ न्हावौ न्हावौ ॥थल॥
जब तुम अपना आप न जानौं, तब तुम पार न पावौ।
दे डुबकी घर सोध निहारौ, फिर जनम नहीं जावौ ॥
भाई ज्ञान की सुध बुध खासी, प्रेम प्यासी अनहद वासी ॥1॥
कहा पाणी कहा पत्थर पूजै, कहा सो ठाकुरद्वारा।
अपना आतम राम न जानैं, रूप वरण सूँ न्यारा ॥
जिसकी गति मति ऐसी, पार न पासी बहुत भटकासी ॥2॥

कहा काजी कहा बनकर हाजी, मक्के माँग सधावौ।
आपा जान अभिमान सूँ साधौ, भव ताँ बडा सदावौ ॥
दिल हैरान कुरान बगल में, दर दर जासी दिन गँवासी ॥3॥
दरियाखान ये पद ओही पावै, जिस घट अलख निशानी।
जिस कूँ सूझै सो नर बूझै, और झुगी जल पानी।
भाई प्रेम नहीं को हासी, जाओ कासी फिरौ उदासी ॥4॥4॥

वसंत

मानख जनम अमोलक तेरौ, फेर यहाँ नहिं आवैगा।
नाम को नेम जिस घट नाहीं, अंति चोरासी जावैगा ॥थल॥
जननी जनै त साधू जनमें, या जनमें कोइ सूरा।
बिन साधू जो जन्म ले आवै, मात गर्भ मर जावैगा ॥1॥
मात पिता भाई सुत बन्धव, एक नहीं को तेरा।
प्राण छुटाँ बहुता पछतावै, काल पकड़ झप खावैगा ॥2॥
को इक बिरला उहाँ सूँ छूटा, गुरू कृपा सूँ ज्ञानी।
सिर साँटै को साहिब पावै, ओ जगदीस समावैगा ॥3॥
कहा पानी कहा पत्थर पूजै, कहा सु जमना जावैगा।
दरिया आप मूँ आप न जानैं, ओ बहुता भटकावैगा ॥4॥5॥
राम नाम धन सतगुरु दीया, सतगुरु दिया ओ जुगाँ जुग जीया ॥टेक॥
धुन धुन ओ धुन वंसी नाहीं, समझ विचार देखा मन माहीं।
अटल अडोल गरहै हाथ कीया, राम नाम धन सतगुरु दीया ॥1॥
सतगुरु सब्द अमर सुख पाया, कुबुधि करम का भरम मिटाया।
अखँड अभेद का भेद बताया, राम नाम धन सतगुरु दीया ॥2॥
सुरत सुराही और प्रेम पियाला, पीवत जीवत रहत सुखाला।
सुभर भरिया प्याला प्रेम का पीया, राम नाम धन सतगुरु दीया ॥3॥
गुलामअली गुरु भेद बताया, घट ही में गंगा वह तीरथ न्हाया।
आप में आप हि सहज समाया, राम नाम धन सतगुरु दीया ॥4॥
दरियाखान ज्ञान ध्यान धुन लागी, भयो चित चेतन कुबुधी भागी।
पाई डोरी अपना कर लीया, राम नाम धन सतगुरु दीया ॥5॥6॥
सतगुरु सबद अमर घट ऊगा, बिन फूलाँ फल लागा।
वाँकी अमीरस ओ नर चाखी, हउमैं नींद सूँ जागा ॥थल॥
तीन लोक में फूल रह्यो है, ज्यूँ सूरज परकासा।

मन भँवरा ऊहाँ जाय चिपटा, वाँकी अंमृत वासा ॥1॥
चित चेतन जब परगट हूआ, ज्ञान ध्यान धुन लागी।
हउमैं कुबुधी भस्म भई जब, जोति अलख की जागी ॥2॥
सूरा सो जो सिर साँटे आवै, पाए धरनि नहिं पावै।
ज्ञानी सो जो गुरु गम छूटा, ओ जगदीस समावै ॥3॥
मैं मतिहीन अधीन अपारा, गुरु दाता अधिकारी।
दरियाखान दान दिया सिर साँटी, आतम राम मुरारी ॥4॥7॥

ढोलियो

हिक पंछी मेरे पिंजरे समाया, जहिं आवागमन मिटाया ॥थल॥
बिना चोंच चुण चुगत है मोती, बिन सिर सीस उडाया।
ओ जल हंस बह आया टोली, बगुला उहाँ छुपाया ॥1॥
मानसरोवर अवसर माहीं, हंसला हंस समाया।
हरि हीरों की चूण चुगत है, छीलर पार न पाया ॥2॥
सतगुरु सब्द अमर सुख पाया, वाँ में काल न खाया।
जन्म मरण की वहाँ गम नाहीं, उपजै खपै सो माया ॥3॥
गुरु गुलामअली कर किरपा, मुझे ये भेद बताया।
अधीनता सूँ आप हि पाया, बिन नैनन दरसाया ॥4॥
कहा गंगा कहा जमुना जावै, कहा सूँ तीरथ न्हाया।
दरियाखान आप में आप न जानैं, भटकत फिरत अजाया ॥5॥8॥

देशी

काया नगर में गुरुमत मिलिया, अवघट ऊधौ जोगी।
रोम रोम में रमता बोलै, ना हरखी ना सोगी ॥थल॥
ना ओ ब्रह्मा वेद कतेबा, ना ओ पंडित पोथी।
ना ओ जंगम संन्यासी जती, ना ओ उजागर जोती ॥
दुख सुख माहीं एक सरीगा, ना ओ वेद न रोगी ॥1॥
ना ओ पत्थर ना ओ पूजा, ना ओ गंगा कासी।
ना ओ चन्दर ना ओ सूरा, ना ओ धरण अकासी ॥
ना ऊँकारी ना अवतारी, नारी पुरुष ना भोगी ॥2॥
दरियाखान दिल दर्पन में देख्या, उलटी समझ अपूठी।

गुरु गुलामअली कर किरपा, हउमैं कुबुधी लूटी ॥
जिस मत में गुरु की गम नाहीं, सा मत ओणी ऊगी ॥3॥9॥

ए जग जाँ सपना देखिया, तज मन मूरख अणहोता।
मैं मेरी में भटकत भूला, हई हई हार जन्म खोता ॥थल॥
ए सभ कल्पवृच्छ की छाया, कहि इक वाँसूँ रहण न पाया।
ए अवसर तेरा दो दिन भाई, गफलत नींद में क्यों सोता ॥1॥
नाभि कँवल में उलट समावौ, त्रिवेणी तीर मँह तीरथ न्हावौ।
हउमैं मिल सब्द सतगुरु सूँ, सुषमण सीर मँह सभ धोता ॥2॥
अपरम अपार अगम धुन लागी, उलट्या पवन पदारथ सागी।
अनहदवाणी प्रेम पिछाणी, सोहऊँ सबद ले ऊहाँ पहरा ॥3॥
कहा सूँ गंगा जावै कासी, कहा सु वन के वनवासी।
दरियाखान आदि पुरुष अविनासी, आप में आप नहीं जोता ॥4॥10॥
मत भूलो मन मत भूलौ, हरि नाम सुमरि मन मत भूलौ ॥थल॥
सतगुरु सब्द मँह उलट समावौ, काया कासी तीरथ न्हावौ।
मन के पंच मेवास मनावौ, ज्ञान हिंडोले में झूलौ ॥1॥
दे डुबकी घर सूझ निहारौ, वाँ में बाग वसंत झारौ।
सुन धुन भँवर को भुणकारौ, फूल वरण कैसो फूल्यो ॥2॥
कहा वनवासी फिरौ उदासी, कहा सु पत्थर पूजौ नासी।
दरियाखान आप सुमरि अविनासी, और दिसा मँह मत डोलौ ॥3॥11॥

गूजरी

हरि भजि धन क्या मांगो भाई, हरि के भजन बिन मुक्ति न काई ॥थल॥
धन धन करता सभ जग भूला, अंत समय गल काल के फाही ॥1॥
फालाँ फूलाँ तेरे पल में वंसी, वंस जावै तेरी मान बदाई ॥2॥
जब तेरे सिर काल है आवै, बिन सतगुरु तेरौ कौन समावै ॥3॥
दरियाखान हरि भजन बिन तेरौ, जनम अकारथ सबही जाई ॥4॥12॥

सूरा होवै जे को सनमुख झूझै, पीछै पाँव कछू नहिं पावै।
रण जुध देख न मुड़ै मुनीजन, कायर थाग कछू नहिं लावै ॥थल॥
काम क्रोध लोभ मोह अहंकारा, पाँच पचीस एक एक बेरी।
गुरु प्रताप लड़ै जा सनमुख, खार घेर करौ इक सेरी ॥2॥

ज्ञानी सो जो गुरुमत चालै, पाँच पचीस एक घर आनै ॥
उलट सुलट फिर सबद समावै, और बात नाहीं कुछ मानै ॥3॥
एक न भूला दोय न भूला, सभ भूला सपने माहीं।
मात पिता भाई सुत बन्धव, जो जो देखौ तेरा इक नाहीं ॥4॥
हंसा सो जो हंस गति चालै, छीलर पाँव कछू नही मेलै।
दरियाखान बगुला नहिं पहुँचै, उहाँ घर जहाँ हंसला हँस हँस खेलै ॥4॥13॥

सब ही माया मँह अटके, कोइ इक हरिजन हटके ॥थल॥
सुणी सामळी बात बतावै, घाट घड़ी सभ घट की।
निगुरा ज्ञान कथै सभ कूड़ा, सभ कूँ झेड़े झटकै ॥1॥
पाँच पचीस बडा मठधारी, चोर गई सभ लटकै।
को छूटा को अणबिध बांधा, ज्युँअ नाली सुवा लटकै ॥2॥
घर की नारि करै चतुराई, ले आवै कुछ खटकै।
मन बहरंगी बाहर त्यागै, नाट करै सभ नटकै ॥3॥
घर की माया मूल गँवाया, भोंदू दर दर भटकै।
दरियाखान मोह माया की फासी, कौन छुडावै कटकै ॥4॥14॥

गुरु बिन कौन सुधारै, राम गुरु बिन कौन सुधारै।
डूबत डूबत भव सागर में, भुजा पकड़ कढ तारै ॥थल॥
बालापण हँस खेल गँवाया, हय हय कर कछु हाथ न आया।
जोवन कूड़े लारे ॥1॥
काम क्रोध लोभ मोह अंहकारा, पाँच पचीस मिल किया है पसारा।
एक एक लड़ते न्यारे ॥2॥
तू जो करता मेरी मेरी, ना कुछ तू है ना कुछ तेरी।
हउँ हउँ कर कर हारे ॥3॥
दरियाखान बिन गुरु किसी ने न पाया, सतगुरु मिलिया काल मिटाया।
बहु वेद कुरान विचारे ॥4॥15॥
मन कामना तुम छोड रे, दिल हरि सुमरण सूँ जोड़ रे ॥थल॥
मंन मतै सूँ सभ को चालै, संत मतै कोइ सूरा।
मुख हरि बेमुख सूँ मोड़ रे, मन कामना तुम छोड रे ॥1॥
आया था हरि नाम भजन को, पड़ गयो माया फासी।
रे मनमति मूरख छोड रे, मन कामना तुम छोड रे ॥2॥

गुलामअली गुरु किरपा कीनी, तन माहीं तीरथ न्हाया।
मिट गई मन की दौड़ रे, मन कामना तुम छोड रे ॥3॥
दरियाखान संत का सरणा लीजे, ज्ञान गरीबी पाय रे।
ताँ तुम पहुँचो तोड़ रे, मन कामना तुम छोड रे ॥4॥16॥

होरी

आज आनंद घर होरी होरी, धन धन भाग मेरे सैंया ॥थल॥
सतगुरु सबद ऐसी धनु लागी, अनहद के धन धोरी धोरी ॥1॥
लाल गुलाल के बादल बनिये, पिचकारिन झकझोरी झोरी ॥2॥
अतर अबीर को भयो बरसालो, बूंद पड़त है थोरी थोरी ॥3॥
दरियाखान सतगुरु गुलाम अली सूँ, प्रीति जो लागी मोरी मोरी ॥4॥17॥
मेरे मन में ऐसी बात आई, को काहू को किसको नाँई ॥थल॥
हरि सुमरण की ऐही बेरा, नहीं तो अवसर जावे तेरा।
जो दीखै सो थिर न रहाई, मेरे मन में ऐसी बात आई ॥1॥
जवानी जोवन दो दिन लटका, कूड़ा रंग खुहिंबे का चटका।
छोड़ हुस्न की होय हवाई, मेरे मन में ऐसी बात आई ॥2॥
धन जोवन किस काम न आवै, जा गुजरै सभ बीती जावै।
बिन सतगुरु तेरौ कौन सहाई, मेरे मन में ऐसी बात आई ॥3॥
दरियाखान गँवण करै सभ कोई, हरि के भजन बिन मुक्ति न होई।
ए जग सपना क्या ठहराई, मेरे मन में ऐसी बात आई ॥4॥18॥

धानाश्री

जम का जोर न लागै साधौ, मरजीवै वाँ का क्या मरै।
जो जन हउमैं नींद सूँ जागै, भव सागर महिं तार तरै ॥थल॥
काम क्रोध लोभ मोह अहंकारा, पाँच पचीसा त्यागै।
साधौ प्रेम कला सूँ पार परै ॥1॥
त्रिभुवना के रंग महल मूँ, उल्टा अंकुस लागै।
साधौ वाँ घट हंसा केल करै ॥2॥
अघट तखत पर खेल संताँ का, कोई बिरला जोगी जागै।
साधौ सून्य महल में ध्यान धरै ॥3॥
दरियाखान सतगुरु किरपा कीनी, करम भरम सब भागी।
साधौ चौरासी फिर कौन भरै ॥4॥19॥

विरह

रहत फकीरी को कठिन काम है, काहे को कहो दरवेश, भँवरा मन ॥थल॥
अपना आप परबोधै नाहीं, औरौं करै उपदेस, भँवरा मन ॥1॥
नाना रूप बन्यो लट धारी, काहे मुंडावौ केस, भँवरा मन ॥2॥
दह सिर रावण काल अकाली, पार न पायो सीस, भँवरा मन ॥3॥
दरियाखान बिना गुरु कोइ न सुधरिया, बिन खँड ढूढै देस, भँवरा मन ॥4॥20॥

पहाड़ी

तेरे चरण कमल पर वारी, मैं दासी तू साहब मेरा ॥थल॥
कभी शोर कभी मुसकावौ जी, कभी हजूरो हाल बतावौ जी।
मैं तो बारूँ बार बलिहारी ॥1॥
कभी घूंघट में वन आवो जी, कभी थुमक थुमक पाँव पावौ जी।
कभी जलवो हुस्न हजारी ॥2॥
ए ता बोध उलट इंसानी जी, कर जोड़ आया जिस्मानी जी।
तेरी अकल कला कल न्यारी ॥3॥
गुलामअली गुरु यूँ समझाया, दरियाखान ए पद तब ही पाया।
ऐ ता दम दम की होशियारी ॥4॥21॥

आसा

सोऽहं सुमिरन कर ले वंदा, भव सागर मूँ तरना है।
ऐसा सुमिरन कर ले वंदा, हरि भज पार उतारना है ॥थल॥
दिल दरियाह पवन का कूहा, लिव लेजूँ दिल धरना है।
सबद गुराँ का उर ला हथ कर, बेड़ी पार उतरना है ॥1॥
अजपाजाप जपौ मन माहीं, सासो सास सुमरना है।
पाँचै मार पचीस मनावौ, लीजो साहब सरना है ॥2॥
अड़सठ तीरथ मन में न्हाओ, गंगा काशी जमुना है।
सोऽहं सबद गुराँ का मानौं, हरि हरि सुमरौ हरना है ॥3॥
ज्ञान ध्यान की सुरति लगावौ, आपा को जो करना है।
दरियाखान दुतिया भस्म भई जब, इश्क आग में जरना है ॥4॥22॥

कल्याण

दम दम नाल सच्चे साहब, डरिये राम नाम कहिये ॥थल॥

तेरा नाम ऐसा जैसा, धोबी धोवै मलमल खासा।
आसा मेरी येही आसा, चरणै सीस धरिये ॥1॥
भावै नाम तेरा भावै, तो बिन कुछ और न भावै।
गावै इश्क ये ही गावै, हरि मुख ही हरिये ॥2॥
जो कुछ देख्या देखन आया, सो सभो तिलिस्म की माया।
राया इश्क येही राया, परखै प्रेम पढिये ॥3॥
दरियाखान सतगुरु मैं बलिहारी, वारी जावाँ बारौं बारी।
प्यारी प्रीति सतगुरु प्यारी, जिसके सरने तरिए ॥4॥23॥

अकल कला खेल खेलै खिलारा, खंड ब्रह्मंड मिल्या सोइ न्यारा ॥थल॥
जोगी न जोग पवन नहीं पाणी, बिन जिभ्या के उलटी वाणी।
चन्द्र नहिं सूर गगन नहीं तारा ॥1॥
